# दैनिक जागरण

नई दिल्ली, गुरुवार
11 जुलाई, 2024
राजधानी
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 18+4=22
www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित
विश्व जनसंख्या दिवस



शाहबानो 2.0 : तलाकशुदा मुस्लिम महिलाएं भी गुजारा भत्ता की हकदार 1

उत्तराखंड में अक्टूबर तक लागू कर दी जाएगी समान नागरिक संहिता : धामी 13







**SHOWROOMS: DELHI-NCR: SOUTH DELHI:** RENAULT **BHIKAJI CAMA** Ph: 7428190236, RENAULT **MATHURA ROAD** Ph: 7428201764. **WEST DELHI:** RENAULT **MAYAPURI** Ph: 7290039361. **NORTH DELHI:** RENAULT **DELHI NORTH (AZADPUR)** Ph: 9289631442. RENAULT **GHAZIABAD CITY** Ph: 9319994356. **GURUGRAM:** RENAULT **SECTOR 61** Ph: 9311700637, RENAULT **SOHNA ROAD** Ph: 7428190234. RENAULT **FARIDABAD** Ph: 8860681876. **NOIDA:** RENAULT **(SECTOR 2)** Ph: 7290041479, **(SECTOR 63)** Ph: 7603976213. RENAULT **REWARI** Ph: 9643335838. RENAULT **ROHTAK CITY** Ph: 9311700651. RENAULT **SONIPAT** Ph: 9289631444. RENAULT **HAPUR** Ph: 8448890314. RENAULT **BULANDSHAHR** Ph: 8448890316.


*********



Kajal Srivastava (ECE) Founder & CEO Nadipulse Prognostic Pvt. Ltd.at the UP Global Summit-2023 Showcasing her Project to Honorable Prime Minister of India

**SHRI NARENDRA MODI JI**



Chairman Dr. Ram Kishore Agarwal and Vice Chairman Mr. Pankaj Agarwal honoring Chief Minister of UP

**SHRI YOGI ADITYANATH JI**

# GL BAJAJ
Institute of Technology & Management

**FIND YOUR SPARK**

Approved by AICTE & Affiliated to AKTU

## NAAC A+
IN 1st CYCLE

## 1st PRIVATE ENGINEERING COLLEGE in Uttar Pradesh
Accredited with NAAC A+ in 1st CYCLE



Vice Chairman Mr. Pankaj Agarwal and CEO Mr. Kartikay Agarwal Appreciated by **SHRI RAJNATH SINGH JI** for Promoting Academic Excellence in Education



Vice Chairman Mr. Pankaj Agarwal Awarded by **SHRI NITIN GADKARI JI** for his contribution in E-Vehicles



Vice Chairman Mr. Pankaj Agarwal and Managing Trustee Smt. Anshu Agarwal praised by **MR. BILL GATES** for Promoting Entrepreneurship



Vice Chairman Mr. Pankaj Agarwal and Managing Trustee Smt. Anshu Agarwal honoring **SADHGURU** at the Mental Health Conclave at GL Bajaj

**OUR STUDENTS CREATE AND SUSTAIN CHANGE** **WE UNLEASH THEIR POTENTIAL...**

BATCH 2024

**AVERAGE PACKAGE**

**Rs. 7.35 LPA**

**150+ STUDENTS**

PLACED AT A PACKAGE OF

**Rs. 10 LPA**

AND ABOVE

| | |
|---|---|
| Rs. 58 LAC<br>paloalto<br>Ankan Chanda<br>B.Tech.(CSE) | Rs. 47 LAC<br>Microsoft<br>Neeru Kapoor<br>B.Tech.(CSE) |
| Rs. 43 LAC<br>servicenow<br>Akash Rai<br>B.Tech.(CSE) | Rs. 43 LAC<br>servicenow<br>Stuti Rastogi<br>B.Tech.(AIML) |

**GL BAJAJ OUTSHINES IN PLACEMENTS - BATCH 2023-24**

GL Bajaj Centre for Research and Incubation becomes a PRAYAS Centre

**RS. 3 CRORE GRANT**

Approved by DST under Nidhi Prayas scheme

**63 STARTUPS INCUBATED**

(The highest in Private Colleges under the Department of IT & Electronics, Govt. of UP)



**ALUMNI CHAPTERS**

Launched Globally in 2024

**Middle East Chapter @ Dubai**

**Europe Chapter @ London**



**ELECTRIC VEHICLE CENTER OF EXCELLENCE**

Inaugurated at GL Bajaj Campus by **GEN V. K. SINGH**

Minister of State for Road Transport and Highways

Help Line: 8010-000-234
www.glbitm.org

NBA | nirf | QS I-GAUGE | ARIIA | IIC

Plot No. 2 Knowledge Park-III, Greater Noida 201306 | /glbitm | /glbajajitm | B.Tech | M.Tech | MBA | MCA | BBA | BCA | PGDM


********

नई दिल्ली, गुरुवार
11 जुलाई, 2024
राजधानी
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 18+4=22

# दैनिक जागरण

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित





रेलवे की वेबसाइट और एप से भी खरीद सकेंगे मेट्रो टिकट 3

नड्डा ने दिए निर्देश, डेंगू से निपटने के लिए जारी होगा विशेष हेल्पलाइन नंबर 10







## संपादकीय

**चीन के साथ अमेरिका से भी सतर्क रहे भारत:** यदि चीन प्रत्यक्ष रूप में हमलावर है तो अमेरिका भी विश्वास करने लायक मित्र नहीं दिखता। **दिव्य कुमार सोती** का आकलन।



**राहुल की नजर में अयोध्या आंदोलन:** अयोध्या आंदोलन को हराने का वक्तव्य हिंदू समाज को फिर से हीन ग्रंथि का शिकार बनाने की कोशिश ही है। **अवधेश कुमार** का आलेख। ● पेज 8

## बजट 2024-25 बिगुल

जागरण अभियान की तीसरी किस्त में आज पढ़िए देश के टेक्सटाइल सेक्टर से जुड़े छोटे, मझोले व बड़े उद्योगों की आम बजट को लेकर आशाओं और उम्मीदों पर खास रिपोर्ट... ● पेज 10

## जागरण विशेष
### विश्व जनसंख्या दिवस
### युवा आबादी को मिल रही स्वावलंबन की उड़ान



**भागलपुर:** भारत में रोजगार सृजन के कई प्रयास हो रहे हैं। विश्व जनसंख्या दिवस-11 जुलाई पर युवाओं के स्वावलंबन की पहल पर पढ़िए प्रेरक कहानी। ● पेज 10

# शाहबानो 2.0 : तलाकशुदा मुस्लिम महिलाएं भी गुजारा भत्ता की हकदार

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा, भरण-पोषण के प्रविधान सभी विवाहित महिलाओं पर लागू

माला दीक्षित ● जागरण



- 1985 में शाहबानो मामले में सुप्रीम कोर्ट ने दिया था ऐसा ही ऐतिहासिक फैसला
- शीर्ष अदालत ने कहा-गुजारा भत्ता खैरात नहीं, बल्कि महिलाओं का अधिकार है
- 1986 में बने कानून से सीआरपीसी की धारा 125 में दिए अधिकार समाप्त नहीं होते

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को अपने ऐतिहासिक फैसले में भारतीय राजनीति को गहरे से प्रभावित करने वाले शाहबानो मामले की याद दिलाते हुए एक बार फिर रेखांकित किया कि मुस्लिम महिलाएं भी गुजारे भत्ते की हकदार हैं। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और आगस्टीन जार्ज मसीह की पीठ ने दूरगामी असर वाले फैसले में व्यवस्था दी है कि तलाकशुदा मुस्लिम महिलाएं दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 125 के तहत पति से गुजारा भत्ता मांग सकती हैं। सीआरपीसी की धारा 125 (गुजारा भत्ता प्राप्त करने का प्रविधान) सभी विवाहित महिलाओं पर लागू होती है, जिनमें विवाहित मुस्लिम महिलाएं भी शामिल हैं। यह धारा गैर मुस्लिम तलाकशुदा महिलाओं पर भी लागू होती है। कोर्ट ने परित्यक्ता, बेसहारा और अपना भरण-पोषण करने में असमर्थ महिलाओं की आर्थिक व आवासीय सुरक्षा सुनिश्चित करने और उन्हें सशक्त बनाने पर जोर दिया है। फैसले में एक साथ तीन तलाक रोकने के लिए लाए गए कानून मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम 2019 के तहत दिए गए गैरकानूनी तलाक की पीड़िता के गुजारा भत्ते के बारे में भी व्यवस्था दी गई है। शीर्ष अदालत ने कहा है कि गुजारा भत्ता खैरात नहीं है, बल्कि महिलाओं का अधिकार है।

सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला व्यापक असर डालने वाला है। इस फैसले में शाहबानो केस के बाद लाए गए कानून मुस्लिम महिला (तलाक पर अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम 1986 और सीआरपीसी की धारा 125 दोनों पर विचार किया गया है। कोर्ट ने माना है कि 1986 के कानून से धारा 125 में दिए गए अधिकार समाप्त नहीं होते। पर्सनल ला के मुताबिक शादी करने वाली मुस्लिम महिला के पास दोनों कानूनों में गुजारा भत्ता प्राप्त करने का विकल्प और अधिकार है। मुस्लिम विवाहित महिला विशेषकर तलाकशुदा मुस्लिम महिला के गुजारा भत्ता प्राप्त करने के कानूनी अधिकार पर इस फैसले से स्थिति स्पष्ट हो गई है।

वैसे तो कोर्ट पहले भी फैसले दे चुका है, जिसमें मुस्लिम महिला के सीआरपीसी की धारा 125 में गुजारा भत्ता प्राप्त करने के अधिकार पर मुहर लगाई गई थी, लेकिन इस ताजा फैसले में धारा 125 के तहत गुजारा भत्ता प्राप्त करने और शाहबानो फैसले के बाद आए 1986 के कानून पर तुलनात्मक विचार किया गया है। इससे गुजारा भत्ता प्राप्त करने को लेकर मौजूद कानूनी भ्रम खत्म हो गया है। शाहबानो के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 1985 में दिए फैसले में कहा था कि सीआरपीसी की धारा 125 में मुस्लिम महिला भी पति से भरण-पोषण पाने की अधिकारी है। इस फैसले का मुस्लिम समुदाय ने कड़ा विरोध किया था। इसके बाद 1986 में तत्कालीन राजीव गांधी सरकार ने मुस्लिम तलाकशुदा महिला के भरण-पोषण लिए नया कानून लाकर सुप्रीम कोर्ट का फैसला पलट दिया था और पति से गुजारा भत्ता पाने की अवधि इद्दत अवधि तक सीमित कर दी गई थी। न्यायमूर्ति नागरत्ना और जार्ज मसीह की पीठ ने बुधवार को दिए फैसले में तलाकशुदा मुस्लिम महिला को सीआरपीसी की धारा 125 के तहत गुजारा भत्ता देने के 13 दिसंबर, 2023 के तेलंगाना हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली अपील खारिज कर दी है। दोनों न्यायाधीशों ने अलग-अलग और सहमति का फैसला दिया है। शीर्ष अदालत ने मोहम्मद अब्दुल समद की याचिका खारिज करते हुए फैसले में कहा है कि सीआरपीसी की धारा 125 समान रूप से सभी विवाहित महिलाओं पर लागू होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि तलाकशुदा मुस्लिम महिला, जिसने विशेष विवाह अधिनियम के तहत शादी की है और इसी अधिनियम में तलाक लिया है, उस महिला को विशेष विवाह अधिनियम में प्राप्त उपचारों के अलावा सीआरपीसी की धारा 125 में भी गुजारा भत्ता प्राप्त करने का अधिकार है।


**मुस्लिम पसर्नल ला के मुताबिक तलाक तो भी मिलेगा गुजारा भत्ता** » पेज 11
विशेष आयोजन » पेज 11 व संपादकीय


# टैंकर से टकराई बस, 18 की मौत

## उन्नाव में शराब के नशे में 120 किमी की गति से बस चला रहा था चालक, 19 घायल

- बिहार से दिल्ली आ रही थी यह बस, सवार थे 55 यात्री
- लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर गलत ओवरटेक करने में हुई दुर्घटना

**जागरण संवाददाता, उन्नाव:** बिहार से दिल्ली जा रही बस बुधवार सुबह 5:15 बजे लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर उन्नाव क्षेत्र में बाईं ओर से ओवरटेक करते समय दूध के टैंकर से जा भिड़ी। इसमें एक मासूम समेत 18 लोगों की मौत हो गई, जबकि 19 अन्य घायल हुए हैं। घायलों में छह की हालत नाजुक है। टैंकर चालक के अलावा मरने वाले सभी बस यात्री बिहार के रहने वाले थे। मृतकों में पूर्वी चंपारण के एक ही परिवार के छह लोग शामिल हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से मृतकों के स्वजन को दो-दो लाख व घायलों को 50-50 हजार रुपये और बिहार के सीएम नीतीश कुमार की ओर से मृतकों के आश्रितों को दो-दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की गई है। उधर, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, लोस में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और बसपा अध्यक्ष मायावती ने हादसे पर दुख जताया है।

बिहार में पूर्वी चंपारण का अखलाक मंगलवार को जिले के ढाका कस्बे से 55 यात्रियों को लेकर दिल्ली के लिए चला था। यात्रियों के मुताबिक, रात 12 बजे गोरखपुर व बस्ती के बीच उसने एक ढाबे पर सहचालक के साथ शराब पी। उसके बाद करीब 120 किमी की रफ्तार से बस चला रहा था। लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर बस टैंकर से टकरा गई। हादसे के वक्त अधिकतर यात्री नींद में थे। किसी का हाथ कटकर अलग हो गया तो किसी का पैर बीच से फट गया। पुलिस ने बस में फंसे 37 यात्रियों को बाहर निकालकर बांगरमऊ सीएचसी पहुंचाया। शुरुआती जांच में सामने आया है कि टैंकर की कुछ सेकंड के लिए रफ्तार थमी, उसी समय बस उससे जा भिड़ी। इससे बस का दायां हिस्सा पूरी तरह उड़ गया और टैंकर पलट गया। उधर, पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने एक्सप्रेस-वे की खामी को लेकर शासन से सात सवालों पर जवाब मांगा है। परिवहन विभाग की जांच में बस के कोई कागजात नहीं मिले। बस का परमिट, फिटनेस व बीमा नहीं था। पुलिस ने वाहन मालिक के पार्टनर सोहन, बस का संचालन करने वाले चंदन जायसवाल व अज्ञात चालक के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है।



उन्नाव जिले में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर दुर्घटना में बस के परखचे उड़ गए ● एपी



उन्नाव में हुई सड़क दुर्घटना पीड़ादायक है। इसमें जिन लोगों ने अपनों को खोया है, उनके प्रति मेरी संवेदनाएं। मैं घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं।
-**नरेन्द्र मोदी**, प्रधानमंत्री



यह घटना दुखद है। मैं दिवंगत लोगों के परिवार के सदस्यों के प्रति शोक संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। घायलों के समुचित उपचार के लिए जिला प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं।
- **योगी आदित्यनाथ**, सीएम, उप्र

संबंधित» पेज 9

# शंभू बार्डर को पूरी तरह खोले हरियाणा सरकार : हाई कोर्ट



- कहा-छह माह हो गए, बार्डर को अब और बंद नहीं रखा जा सकता
- राज्य सरकारों को कानून व्यवस्था बनाए रखने के आदेश

**राज्य ब्यूरो, जागरण, चंडीगढ़:** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने हरियाणा सरकार को एक सप्ताह के भीतर सभी बैरिकेड हटाकर शंभू बार्डर पूरी तरह खोलने के आदेश दिए हैं। जस्टिस गुरमीत सिंह संधावालिया व जस्टिस विकास बहल की पीठ ने कहा कि शंभू बार्डर पर हाईवे पिछले छह महीने से बंद है और इसे ज्यादा समय तक बंद नहीं रखा जा सकता। अब वहां महज 500 प्रदर्शनकारी हैं, इसलिए हाईवे खोला जा सकता है। शंभू बार्डर पर धरने पर बैठे किसानों ने हाई कोर्ट के फैसले को स्वागत करते हुए कहा कि वे 16 जुलाई को बैठक कर अगला फैसला लेंगे। दूसरी तरफ, हरियाणा सरकार का कहना है कि वह हाई कोर्ट के आदेश का अध्ययन कराएगी। इसके बाद पंजाब सरकार से समन्वय स्थापित किया जाएगा। देर शाम शंभू बार्डर पर हलचल तेज हो गई और किसान इकट्ठा होने लगे।

पंचकूला के अधिवक्ता उदय प्रताप सिंह ने इस संबंध में हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी। इस पर सुनवाई करते हुए पीठ ने हरियाणा व पंजाब की सरकारों को वहां कानून व्यवस्था बनाए रखने को कहा है। किसानों को नसीहत दी कि कानून व्यवस्था का ध्यान रखें। जानकार बताते हैं कि दोनों राज्यों की सरकारें चाहती हैं कि शंभू बार्डर को खोल दिया जाए। ऐसे में आदेश का अनुपालन करने में ज्यादा परेशानी नहीं आने वाली है। किसानों ने एमएसपी व दूसरी मांगों को लेकर बीते 13 फरवरी से दिल्ली कूच का एलान किया था, लेकिन हरियाणा सरकार ने उन्हें पंजाब सीमा पर ही रोक दिया। हरियाणा की तरफ से 12 फरवरी को शंभू बार्डर पर बैरिकेडिंग कराई गई थी। तभी से किसान सीमा पर धरना लगाकर बैठे हुए हैं।

# आम आदमी पार्टी ने 45 करोड़ रुपये के खर्च को बहीखाते से बाहर रखा : ईडी

### आबकारी नीति घोटाला



अरविंद केजरीवाल ● फाइल फोटो

- जांच एजेंसी ने 208 पन्नों का आरोप पत्र दाखिल किया
- कहा- अपराध की आय को सरकारी फंड के साथ मिलाया
- केजरीवाल को 37वां और पार्टी को 38वां आरोपित बनाया

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में ईडी ने मंगलवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा की अदालत में 208 पन्नों का आरोपपत्र दाखिल कर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कई गंभीर आरोप लगाए हैं। ईडी ने अपने सातवें पूरक आरोपपत्र में केजरीवाल को घोटाले का सरगना बताया है। ईडी ने कहा कि आप ने गोवा चुनाव में रिश्वत के पैसे का इस्तेमाल किया। आरोप पत्र में दक्षिण समूह और केजरीवाल का नाम है।

ईडी ने कहा कि केजरीवाल को घोटाले की पूरी जानकारी थी और आप संयोजक के तौर पर केजरीवाल पूरी तरह जिम्मेदार हैं। ईडी ने आरोप लगाया कि केजरीवाल ने 100 करोड़ रुपये की रिश्वत की धनराशि का एक हिस्सा सीधे निजी तौर पर इस्तेमाल किया। इसके लिए उन्होंने सह-आरोपित चनप्रीत सिंह को गोवा के ग्रैंड हयात होटल में उनके ठहरने और कार्यक्रम के लिए भुगतान करने को कहा था। आरोपपत्र में केजरीवाल का नाम आरोपित संख्या 37 और आम आदमी पार्टी का नाम आरोपित संख्या 38 पर है।

ईडी ने आरोप लगाया गया कि राजनेताओं और शराब कारोबारियों के दक्षिण समूह ने वर्ष 2021-22 के लिए आबकारी नीति में अनुकूल स्थिति हासिल करने के लिए 100 करोड़ रुपये की रिश्वत दी और इन फंडों में से 45 करोड़ रुपये 2022 के विस चुनाव के दौरान गोवा में आप के अभियान के लिए भेजे गए। आप ने अपराध की आय से किए गए 45 करोड़ के खर्च को बहीखाते से बाहर रखा और चुनाव आयोग को इसके बारे में नहीं बताया। संबंधित» पेज 6

### ईडी का दावा, ढोंग था दिल्ली सरकार का मंत्रिसमूह

ईडी ने ये भी दावा किया कि आबकारी नीति को लेकर दिल्ली सरकार द्वारा गठित मंत्रिसमूह (जीओएम) एक ढोंग था। उत्पाद शुल्क अधिकारियों के बयानों से पता चला है कि किसी भी बड़े नीतिगत निर्णय पर जीओएम से कभी सलाह नहीं ली गई थी। ईडी ने कहा कि परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने अपना बयान दर्ज करते हुए कहा कि वह केवल नीतिगत बदलावों से सहमत थे, क्योंकि पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया एक वरिष्ठ नेता थे और उन्होंने बताया था कि लाभ मार्जिन में वृद्धि होगी।


**पूछताछ के दौरान केजरीवाल ने दिए गोलमोल जवाब : ईडी** » पेज 7


# सीबीआइ जांच पर सवाल उठाने वाली बंगाल की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट करेगा सुनवाई



- शीर्ष अदालत ने बंगाल के मुकदमे पर केंद्र सरकार की आपत्तियां कीं खारिज
- अदालत ने कहा-कानून के अनुसार केंद्र सरकार के नियंत्रण में काम करती है सीबीआइ

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली:** सीबीआइ जांच पर सवाल उठाने वाले बंगाल के मुकदमे पर अब सुप्रीम कोर्ट सुनवाई करेगा। कोर्ट ने केंद्र सरकार की प्रारंभिक आपत्तियां खारिज कर दी हैं और मुकदमे को सुनवाई योग्य माना है। शीर्ष अदालत ने कहा कि कानून के अनुसार सीबीआइ केंद्र सरकार के नियंत्रण में काम करती है। हमारे विचार में सीबीआइ एक ऐसी संस्था है, जो दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम (डीएसपीई एक्ट) की वैधानिक योजना के तहत भारत सरकार द्वारा स्थापित और उसके पर्यवेक्षण के अधीन है।

न्यायमूर्ति बीआर गवई और संदीप मेहता की पीठ ने बुधवार को कहा कि मूल वाद यानी बंगाल सरकार के केंद्र के खिलाफ दाखिल मुकदमे में कानूनी मुद्दा उठाया गया है कि क्या डीएसपीई एक्ट की धारा छह के तहत राज्य सरकार द्वारा जांच की सहमति वापस लिए जाने के बावजूद सीबीआइ राज्य में जांच जारी रख सकती है? क्या यह कानून की धारा छह का उल्लंघन नहीं है? कोर्ट ने कहा कि इस मुकदमे पर सुनवाई के खिलाफ केंद्र सरकार द्वारा उठाई गई प्रारंभिक आपत्तियां स्वीकार किए जाने लायक नहीं हैं। बंगाल का मुकदमा सुनवाई योग्य है। कोर्ट ने बंगाल के मूल वाद को विचारणीय प्रश्न तय करने के लिए 13 अगस्त को सुनवाई पर लगाने का आदेश दिया है।

बंगाल सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 131 के तहत सुप्रीम कोर्ट में केंद्र के खिलाफ मूल वाद दाखिल किया है। इस अनुच्छेद के तहत एक राज्य दूसरे राज्य के खिलाफ या कोई राज्य केंद्र के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में मूल वाद (ओरिजनल सूट) दाखिल करता है। बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से मांग की है कि वह घोषित करे कि राज्य द्वारा डीएसपीई एक्ट की धारा छह के तहत सीबीआइ जांच की सहमति वापस लेने के बाद एजेंसी का राज्य में केस दर्ज करना और जांच करना असंवैधानिक है। साथ ही सीबीआइ को बंगाल में केस दर्ज करने और जांच करने से रोका जाए। राज्य द्वारा जांच की सहमति वापस लिए जाने के बाद जितने भी केस सीबीआइ ने दर्ज किए हैं, वे सब रद किए जाएं। बंगाल सरकार ने 16 नवंबर, 2018 को सीबीआइ को राज्य में जांच करने या छापेमारी करने की अनुमति देने वाली सामान्य सहमति वापस ले ली थी।

### 'राज्य सरकार ने तथ्यों को छिपाया, हाई कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुए मामले'

केंद्र सरकार ने बंगाल सरकार के मूल मुकदमे की सुनवाई पर प्रारंभिक आपत्तियां उठाई थीं। केंद्र का कहना था कि अनुच्छेद 131 के तहत राज्य केंद्र के खिलाफ मूल वाद दाखिल कर सकता है, लेकिन इस मामले में केंद्र के खिलाफ मुकदमा दाखिल करने का कोई आधार ही नहीं बनता, क्योंकि सीबीआइ स्वायत्त जांच एजेंसी है और वह केंद्र के तहत नहीं आती। यह भी कहा था कि राज्य सरकार यही मुद्दा पहले हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिकाओं में उठा चुकी है। बाद में याचिका वापस ले ली गई थी। केंद्र का कहना था कि राज्य सरकार ने दाखिल मुकदमे में तथ्यों को छिपाया है। उसने यह नहीं बताया कि जिन एफआइआर का मुकदमे में जिक्र किया गया है, उनमें बहुत सी हाई कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुई हैं।

## अंदर पढ़ें

### नीट-यूजी में बड़े पैमाने पर धांधली नहीं हुई: केंद्र

**नई दिल्ली:** केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल कर कहा कि नीट-यूजी मामले में बड़े पैमाने पर कोई धांधली नहीं हुई है, ऐसे में दोबारा परीक्षा कराए जाने की कोई जरूरत नहीं है। उसने प्रसारित टेलीग्राम वीडियो को फर्जी बताया है। ● पेज 10

### बीएमडब्ल्यू हिट एंड रन मामले में बार पर चला बुलडोजर

**मुंबई:** बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने जुहू में स्थित एक बार में अनधिकृत निर्माण को ध्वस्त कर दिया। बीएमडब्ल्यू हिट एंड रन मामले के मुख्य आरोपित ने इसी बार में अपने दोस्तों के साथ शराब पी थी। ● पेज 11

### चीन से तस्करी कर लाया गया 108 किलो सोना जब्त

**जम्मू:** पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर तनाव बढ़ा रहे चीन का नया षड्यंत्र सामने आया है। आइटीबीपी ने बुधवार को पूर्वी लद्दाख में एलएसी के पार से तस्करी कर लाया गया 108 किलोग्राम सोना बरामद किया। ● पेज 13

### jagran.com वेबसाइट पर पढ़ें

**मोदी का आस्ट्रिया दौरा**
41 साल बाद भारतीय पीएम का आस्ट्रिया दौरा कितना अहम, कैसे नेहरू-इंदिरा की बराबरी पर पहुंचे मोदी

### दैनिक जागरण सप्तरंग
तकनीक की दुनिया का


ब्राउजर का प्रयोग हो सही और सुरक्षित

लैपटाप खरीद रहे हैं तो जान लें जरूरी बातें

● जागरण सिटी

फिल्म शिल्प देखें » जागरण सिटी

# यह युद्ध का समय नहीं, मासूमों की मौत स्वीकार नहीं : मोदी



वियना में बुधवार को आस्ट्रियाई चांसलर कार्ल नेहमर के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ● प्रेट्र

- वियना के ऐतिहासिक हाल से प्रधानमंत्री मोदी ने फिर दिया रूसी राष्ट्रपति पुतिन को संदेश
- कहा, भारत-आस्ट्रिया का शांति और स्थिरता की बहाली के लिए वार्ता एवं कूटनीति पर बल

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली:** रूस यात्रा के बाद आस्ट्रिया पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक बार फिर यूक्रेन और रूस के बीच चल रहे युद्ध की भयावहता को खत्म करने की बात उठाई। मोदी ने दोहराया कि यह युद्ध का समय नहीं है। साथ ही हाल में कीव स्थित बच्चों के अस्पताल पर रूस के हमले में मारे गए यूक्रेनी बच्चों की मौत का मुद्दा भी लगातार दूसरे दिन उठाया। आस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहमर के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में मोदी ने कहा कि मासूमों की जान की हानि स्वीकार्य नहीं है। पिछले तीन दिनों में भारतीय प्रधानमंत्री तीन बार बच्चों की मौत का मामला उठा चुके हैं। प्रधानमंत्री मोदी गुरुवार सुबह भारत लौटेंगे।

वियना के जिस हाल से प्रधानमंत्री मोदी ने शांति का संदेश रूस को भेजा है, वह बहुत ही ऐतिहासिक है। मोदी ने कहा, '19वीं सदी में यहां ऐतिहासिक वियना कांग्रेस का आयोजन हुआ था। उस कांग्रेस ने यूरोप में शांति और स्थिरता को दिशा प्रदान की थी। मैंने और चांसलर नेहमर ने विश्व में चल रहे विवादों, चाहे यूक्रेन में संघर्ष हो या पश्चिम एशिया की स्थिति, सभी पर विस्तार में बात की है। मैंने पहले भी कहा है कि यह युद्ध का समय नहीं है। समस्याओं का समाधान रणभूमि में नहीं हो सकता।

### ये भी बोले प्रधानमंत्री

- दोनों देशों ने संबंधों को रणनीतिक दिशा देने का निर्णय लिया है। आपसी सहयोग को मजबूत करने के लिए संभावनाएं तलाशीं और आगामी दशक के लिए खाका तैयार किया।
- दोनों देश आतंकवाद की कड़ी निंदा करते हैं और इस बात पर सहमत हैं कि यह किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। इसे किसी भी तरह उचित नहीं ठहराया जा सकता।
- खुशी है कि प्रधानमंत्री के रूप में तीसरे कार्यकाल की शुरुआत में आस्ट्रिया की यात्रा करने का मौका मिला। यह यात्रा ऐतिहासिक और विशेष है। यह भी संयोग है कि यह द्विपक्षीय संबंधों के 75 वर्ष पूरे होने पर हुई है।
- दोनों देश संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में सुधार करने पर सहमत हुए हैं ताकि उन्हें समसामयिक और प्रभावकारी बनाया जा सके।


**शांति व स्थिरता के लिए भारत-आस्ट्रिया हरसंभव सहयोग को तैयार** » पेज 13
वियना में मोदी » पेज 13


********

हरियाणा सरकार

"स्वामित्व योजना, सिर्फ कानूनी दस्तावेज़ देने की योजनाभर नहीं है, बल्कि ये आधुनिक टेक्नॉलॉजी से देश के गांव-शहर में विकास और विश्वास का नया मंत्र भी है।"


**- नरेन्द्र मोदी**



# लाल डोरा से मुक्ति
# अपनी संपत्ति की शक्ति

## मुख्यमंत्री शहरी स्वामित्व योजना
## के तहत रजिस्ट्री वितरण
## एवं
## शहरी लाल डोरा संपत्ति प्रमाण-पत्र वितरण

## राज्य स्तरीय समारोह





मुख्य अतिथि

**श्री नायब सिंह**

मुख्यमंत्री, हरियाणा

गरिमामयी उपस्थिति

**श्री सुभाष सुधा**

राज्य मंत्री, शहरी स्थानीय निकाय (स्व. प्र.), हरियाणा



**दिनांक - 11 जुलाई, 2024**

**समय - प्रातः 11 बजे**

**स्थान - डी.सी.पी. कार्यालय के सामने, आई.एम.टी. चौक, मानेसर, गुरुग्राम**



कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @dipharyana

********

## आज का मौसम

बृहस्पतिवार को सामान्यतया बादल छाए रहेंगे। बहुत हल्की से हल्की वर्षा होने के आसार हैं। अधिकतम तापमान 36 डिग्री रहने के आसार हैं।

| पूर्वानुमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| **दिल्ली** | | |
| 11 जुलाई | 36.0 | 26.0 |
| 12 जुलाई | 33.0 | 27.0 |
| **नोएडा** | | |
| 11 जुलाई | 35.0 | 26.0 |
| 12 जुलाई | 38.0 | 28.0 |
| **गुरुग्राम** | | |
| 11 जुलाई | 38.0 | 29.0 |
| 12 जुलाई | 39.0 | 28.0 |

डिग्री सेल्सियस में




# भूखा-प्यासा रखकर नवजात जुड़वा बेटियों की ली थी जान

## तीन दिन की बच्चियों को पांच घंटे एसी में रखा, गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, बाहरी दिल्ली:** सुल्तानपुरी थाना क्षेत्र के पूठकलां गांव में दो जून को नवजात जुड़वा बेटियों की हत्या कर श्मशान भूमि में दफनाने के मामले में फरार आरोपित नीरज सोलंकी को क्राइम ब्रांच की टीम ने हरियाणा के रोहतक जिले के सांपला से गिरफ्तार कर लिया। वारदात के बाद से ही आरोपित फरार था। आरोपित के खिलाफ 21 जून को सुल्तानपुरी थाना में आइपीसी की कई संगीन धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। इस मामले में सुल्तानपुरी पुलिस पहले ही आरोपित के पिता को गिरफ्तार कर चुकी है।

क्राइम ब्रांच नई दिल्ली परिक्षेत्र के पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि तीन जून को सुल्तानपुरी थाने को एक युवक ने पीसीआर काल कर जानकारी दी कि उसके बहनोई नीरज सोलंकी ने अपनी तीन दिन की नवजात जुड़वा बच्चियों को मार कर श्मशान भूमि में दफना दिया है। पांच जून को श्मशान भूमि से दोनों बच्चियों के शव निकाले गए। छह जून को शवों के पोस्टमार्टम के बाद बच्चियों के मामा को सौंप दिया गया। इसके बाद बच्चियों की मां की शिकायत पर सुल्तानपुरी पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया।

**2 जून को हत्या कर शव को दफना दिया था, पुलिस ने आरोपित को रोहतक से दबोचा**



क्राइम ब्रांच की गिरफ्त में आरोपित नीरज सोलंकी ● सौः क्राइम ब्रांच

**आरोपित को पकड़ने के लिए क्राइम ब्रांच को मिली जिम्मेदारी:** आरोपित पिता को पकड़ने के लिए नई दिल्ली परिक्षेत्र क्राइम ब्रांच की टीम ने स्थानीय स्तर पर जानकारी जुटाने के साथ ही तकनीकी जानकारी भी जुटाई। इंस्पेक्टर योगेश और विनोद यादव ने अपनी टीम के साथ फरार आरोपितों के ठिकानों के बारे में जानकारी जुटाई। इसके बाद टीम में शामिल एसआइ दीपेंद्र, देवी दयाल, इमरान व हेड कांस्टेबल परमानंद ने फरार आरोपित नीरज सोलंकी के बारे में आगे की तकनीकी जानकारी जुटाई। फिर हेड कांस्टेबल राजबीर ने कई तकनीकी आंकड़ों का विश्लेषण किया।

आरोपित नीरज सोलंकी दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक है। वह कोई कामकाज नहीं करता है। अपनी किराये की संपत्तियों से गुजारा करता है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपित चाहता था कि बेटा हो। बेटियों के जन्म के बाद काफी तनाव में रहने लगा था।

### रोहतक से कार में लेकर भागा था बच्चियों को

पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपित ने बताया कि जब वह रोहतक स्थित इस्माइला में अपनी ससुराल से दोनों नवजात को लेकर भागा तो कार का एसी चालू था। इस्माइला से दिल्ली के पूठकलां में अपने घर पहुंचने में पांच घंटे लगे। तीन दिन की दोनों नवजात एसी में ही रहीं। इस दौरान उन्हें दूध भी नहीं पिलाया। फिर आरोपित ने बच्चियों को कार से निकालकर अपने कमरे में सुला दिया। एसी में भूखी-प्यासी बच्चियों को रखने से उनकी मौत हो गई।

# रेलवे की वेबसाइट व एप से भी खरीद सकेंगे मेट्रो टिकट



- जल्द उपलब्ध होगी रेलवे आरक्षण की तरह एडवांस मेट्रो टिकट खरीदने की सुविधा
- सेवा उपलब्ध कराने को आइआरसीटीसी, डीएमआरसी और क्रिस ने किया समझौता

**राज्य ब्यूरो, जागरण ● नई दिल्ली:** मेट्रो यात्री भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम लिमिटेड (आइआरसीटीसी) की वेबसाइट और मोबाइल एप से टिकट बुक कर सकेंगे। इससे रेलवे यात्रियों को मेट्रो में सफर करने में आसानी होगी। इसके लिए आइआरसीटीसी, दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) और रेलवे सूचना प्रणाली केंद्र (क्रिस) ने समझौता किया है। अधिकारियों का कहना है कि इस कदम से भारत सरकार की 'एक भारत- एक टिकट' पहल को बढ़ावा मिलेगा।

दिल्ली मेट्रो रेल क्यूआर कोड आधारित टिकट का "बीटा संस्करण" जारी किया गया है। बता दें कि बीटा वर्जन किसी एप या साफ्टवेयर के विकास का चरण होता है। किसी एप को बनाया जाता है तो पहले उसका बीटा संस्करण जारी होता है। उसके बाद नियमित संस्करण आता है। आइआरसीटीसी के सीएमडी संजय कुमार जैन और डीएमआरसी के एमडी डा. विकास कुमार ने कहा, इस संस्करण की सफलता के बाद आइआरसीटीस -डीएमआरसी क्यूआर कोड टिकट का जल्द नियमित संस्करण शुरू किया जाएगा।

इस समय दिल्ली मेट्रो की एकल यात्रा टिकट केवल यात्रा के दिन ही बुक किया जा सकता है। डीएमआरसी-आइआरसीटीसी क्यूआर कोड-आधारित टिकट की सुविधा शुरू होने पर यात्री आरक्षित रेलवे टिकट की तरह से 120 दिन पहले तक मेट्रो टिकट भी बुक कर सकेंगे। यात्री बुकिंग हिस्ट्री पेज के माध्यम से भी दिल्ली मेट्रो टिकट बुक कर सकते हैं। टिकट रद्दीकरण की सुविधा भी सुनिश्चित होगी।

यदि यात्री वेबसाइट व एप से टिकट लेगा तो आइआरसीटीसी की इलेक्ट्रानिक आरक्षण पर्ची में प्रत्येक यात्री के लिए एक डीएमआरसी क्यूआर कोड मुद्रित मिलेगा। इस कदम से डीएमआरसी स्टेशनों पर रेल यात्रियों का बहुमूल्य समय बचेगा, क्योंकि उन्हें मेट्रो टिकट खरीदने के लिए लंबी लाइन में नहीं लगना पड़ेगा।




## मुद्दा

**पढ़ें जागरण सिटी**

किडनी ट्रांसप्लांट सर्जन के चार सहयोगी हो सकते हैं गिरफ्तार »6

दिल्ली में पेड़ों की अवैध कटाई पर दिल्ली पुलिस को किया तलब »6

**आगे पढ़ें**

टेक्सटाइल सेक्टर की दशा सुधारेगा इंसेंटिव और सस्ता कच्चा माल »10

427 अंक टूट रिकार्ड स्तर से फिसला सेंसेक्स »10

'विकसित भारत' का खाका पेश करेगा बजट: मार्गन स्टेनली »10

टाटा मोटर्स और महिंद्रा एंड महिंद्रा ने घटाए एसयूवी माडल के दाम »10




# केंद्रीय गृह मंत्री का निजी सचिव बन ठगी करने वाला गिरफ्तार




**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का निजी सचिव बताकर लोगों से ठगी करने वाले एक आरोपित को दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल की काउंटर इंटेलीजेंस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित खुद को बिहार-काडर का आइएएस अधिकारी बताकर ठगी कर रहा था। पुलिस ने अभी आरोपित के नाम की जानकारी देने से इन्कार किया है।

एक साल में यह इस तरह का दूसरा मामला है। कुछ माह पूर्व ईडी ने एमएचए अधिकारी के रूप में लोगों को धोखा देने के आरोप में धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रविधानों के तहत एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था। आरोपी की पहचान ओमवीर सिंह के रूप में हुई थी। उसने खुद को गृह मंत्रालय में वित्तीय सलाहकार और लेखा परीक्षक बता सूरत में ऊर्जा क्षेत्र की एक कंपनी से दो करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी की थी।










| Sr. No. | Plot No. | Area in Sq.Mtr. | Reserved Price (Rs.) | Registration Amount (Rs.) (10%) | Sr. No. | Plot No. | Area in Sq.Mtr. | Reserved Price (Rs.) | Registration Amount (Rs.) (10%) | Sr. No. | Plot No. | Area in Sq.Mtr. | Reserved Price (Rs.) | Registration Amount (Rs.) (10%) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | C-21 | 1000 | 2,50,00,000.00 | 25,00,000.00 | 16 | C-36 | 1000 | 2,50,00,000.00 | 25,00,000.00 | 31 | C-51 | 1000 | 2,50,00,000.00 | 25,00,000.00 |
| 2 | C-22 | 1000 | 2,50,00,000.00 | 25,00,000.00 | 17 | C-37 | 1000 | 2,50,00,000.00 | 25,00,000.00 | 32 | C-52 | 1000 | 2,50,00,000.00 | 25,00,000.00 |
| 3 | C-23 | 1000 | 2,50,00,000.00 | 25,00,000.00 | 18 | C-38 | 1000 | 2,50,00,000.00 | 25,00,000.00 | 33 | C-53 | 1000 | 2,50,00,000.00 | 25,00,000.00 |
| 4 | C-24 | 1000 | 2,50,00,000.00 | 25,00,000.00 | 19 | C-39 | 1000 | 2,50,00,000.00 | 25,00,000.00 | 34 | C-54 | 1000 | 2,50,00,000.00 | 25,00,000.00 |
| 5 | C-25 | 1000 | 2,50,00,000.00 | 25,00,000.00 | 20 | C-40 | 1000 | 2,50,00,000.00 | 25,00,000.00 | 35 | C-59 | 1000 | 2,50,00,000.00 | 25,00,000.00 |
| 6 | C-26 | 1000 | 2,50,00,000.00 | 25,00,000.00 | 21 | C-41 | 1000 | 2,50,00,000.00 | 25,00,000.00 | 36 | C-60 | 1000 | 2,50,00,000.00 | 25,00,000.00 |
| 7 | C-27 | 1000 | 2,50,00,000.00 | 25,00,000.00 | 22 | C-42 | 1000 | 2,50,00,000.00 | 25,00,000.00 | 37 | C-61 | 1000 | 2,50,00,000.00 | 25,00,000.00 |
| 8 | C-28 | 1000 | 2,50,00,000.00 | 25,00,000.00 | 23 | C-43 | 1000 | 2,50,00,000.00 | 25,00,000.00 | 38 | C-62 | 1000 | 2,50,00,000.00 | 25,00,000.00 |
| 9 | C-29 | 1000 | 2,50,00,000.00 | 25,00,000.00 | 24 | C-44 | 1000 | 2,50,00,000.00 | 25,00,000.00 | 39 | C-63 | 1000 | 2,50,00,000.00 | 25,00,000.00 |
| 10 | C-30 | 1000 | 2,50,00,000.00 | 25,00,000.00 | 25 | C-45 | 1000 | 2,50,00,000.00 | 25,00,000.00 | 40 | C-64 | 1000 | 2,50,00,000.00 | 25,00,000.00 |
| 11 | C-31 | 1000 | 2,50,00,000.00 | 25,00,000.00 | 26 | C-46 | 1000 | 2,50,00,000.00 | 25,00,000.00 | 41 | C-65 | 1000 | 2,50,00,000.00 | 25,00,000.00 |
| 12 | C-32 | 1000 | 2,50,00,000.00 | 25,00,000.00 | 27 | C-47 | 1000 | 2,50,00,000.00 | 25,00,000.00 | 42 | C-66 | 1000 | 2,50,00,000.00 | 25,00,000.00 |
| 13 | C-33 | 1000 | 2,50,00,000.00 | 25,00,000.00 | 28 | C-48 | 1000 | 2,50,00,000.00 | 25,00,000.00 | 43 | C-67 | 1000 | 2,50,00,000.00 | 25,00,000.00 |
| 14 | C-34 | 1000 | 2,50,00,000.00 | 25,00,000.00 | 29 | C-49 | 1000 | 2,50,00,000.00 | 25,00,000.00 | 44 | C-68 | 1000 | 2,50,00,000.00 | 25,00,000.00 |
| 15 | C-35 | 1000 | 2,50,00,000.00 | 25,00,000.00 | 30 | C-50 | 1000 | 2,50,00,000.00 | 25,00,000.00 | 45 | C-69 | 1000 | 2,50,00,000.00 | 25,00,000.00 |






********


एक पेड़ माँ के नाम
महावृक्षारोपण अभियान
11 जुलाई 2024
चलव बनाबो हरियर छत्तीसगढ़
प्रदेश में रोपे जाएँगे करीब 4 करोड़ पौधे
आइये जननी और जन्मभूमि के रिश्ते को नई पहचान दें, पौधा लगाकर उसे संरक्षित करें।
- श्री विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से जुड़ने के लिए QR CODE स्कैन करें।
हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

# चाकू से ताबड़तोड़ वार कर युवक की हत्या

## युवक को घर से बुला 12 बार चाकू से गोदा

**जागरण संवाददाता, पश्चिमी दिल्ली :** ख्याला थाना क्षेत्र के रघुबीर नगर में एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। आरोपित जब लक्ष्य को निशाना बने रहे थे तब उसने जान बचाने के लिए भागने की कोशिश की, लेकिन बदमाशों ने उसका पीछा कर चाकू से वार करना शुरू कर दिया। उस पर 12 बार वार किया गया। लक्ष्य को उसके स्वजन गुरु गोविंद सिंह अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और हत्या की धारा में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मौके से क्राइम टीम के अलावा एफएसएल ने साक्ष्य जुटाए हैं।

हत्या की यह घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि जब बदमाश लक्ष्य पर चाकू से वार कर रहे थे तब आसपास कई लोग मौजूद थे, लेकिन सभी तमाशबीन बने रहे। किसी ने उसे बचाने का प्रयास नहीं किया। लक्ष्य परिवार के साथ रघुबीर नगर की पुनर्वासित कालोनी में रहता था। परिवार में पिता संजय उर्फ सोनू के अलावा मां और बहन है। लक्ष्य पार्लर एकेडमी में काम करता था।

मंगलवार रात को लक्ष्य अपने घर पर था। इसी बीच एक युवक आया और उसे बुलाकर गली में ले गया। वहां पहले से मौजूद चार युवकों ने अचानक उस पर हमला कर दिया। लक्ष्य अपनी जान बचाने के लिए भागा, लेकिन बदमाश उसके पीछे दौड़ते रहे और उसे चाकू मारते रहे। बाद में सभी बदमाश मौके से फरार हो गए। स्वजन को खबर मिली तो वे लक्ष्य को लेकर गुरु गोविंद सिंह अस्पताल पहुंचे, लेकिन वहां पहुंचने पर उसकी मौत हो चुकी थी।

### इस 16 जुलाई को था लक्ष्य का जन्मदिन

लक्ष्य के पिता का कहना है कि 16 जुलाई को बेटे का जन्मदिन आने वाला था। वह उसे स्कूटी देने वाले थे। बेटे की किसी से कोई लड़ाई भी नहीं थी। पता नहीं उसे क्यों मारा गया। उधर, पुलिस सीसीटीवी से जांच कर आरोपितों को पकड़ने का प्रयास कर रही है।

## बहन के दोस्त की बेसबाल बैट से पीटकर हत्या

- मंगोलपुरी थाना पुलिस ने बीएनएस के तहत केस दर्ज किया
- पुलिस टीम ने हत्या आरोपित को छह घंटे में किया गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, बाहरी दिल्ली:** मंगोलपुरी थाना क्षेत्र के पीतमपुरा इलाके में मोबाइल दुकान संचालक के सिर पर बेसबाल बैट से ताबड़तोड़ हमला कर हत्या करने का मामला सामने आया है। हमले में घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसने दम तोड़ दिया। मंगोलपुरी थाना पुलिस ने बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर आरोपित प्रिंस को दिल्ली कैंट रेलवे स्टेशन के पास फ्लाईओवर से छह घंटे में गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को पता चला कि मृतक नीरज की आरोपित प्रिंस की बहन से दोस्ती थी। इसको लेकर दोनों के बीच पूर्व में विवाद भी हुआ था। इसी विवाद में उसकी हत्या कर दी गई।



मृतक नीरज

जानकारी के अनुसार नीरज परिवार के साथ पीतमपुरा के डेरा गाजी खान, मद्रासी झुग्गी में रहता था। परिवार में दादी, माता, चार भाई व दो बहनें हैं। पिता की मौत हो चुकी है। बड़े भाई सूरज ने बताया कि नीरज घर के पास ही लैपटाप व मोबाइल रिपेयरिंग सेंटर के साथ आनलाइन फार्म भरने व आधार अपडेट का काम करता था। सोमवार रात नौ बजे नीरज अपनी दुकान में किसी का आधार अपडेट कर रहा था। तभी कुछ युवक को के साथ प्रिंस भी उनके साथ आया। प्रिंस ने वहां पहुंचते ही नीरज के सिर पर बेसबाल बैट से हमला कर दिया और अधमरा कर सभी लोग फरार हो गये। घायल नीरज दुकान में ही गिर गया। वह खुद भाई को लेकर महावीर अस्पताल ले गए, जहां डाक्टर ने अन्य अस्पताल को रेफर कर दिया। कई अस्पताल घूमने के बाद अग्रसेन अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान नीरज ने दम तोड़ दिया।

**आरोपित को पकड़ने के लिए बनाई गई थी टीमें :** बाहरी जिले के डीसीपी जिमी चिराम ने बताया कि मंगलोपुरी के एसएचओ वीरेंद्र कुमार की देखरेख में कई टीमें बनाई गईं। टीम ने सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल नंबर के आधार पर आरोपित की लोकेशन ट्रेस की, जो दिल्ली कैंट के पास मिली। वह अपने पैतृक गांव दौसा (राजस्थान) भागने की फिराक में था। आरोपित ने बताया कि नीरज ने उसकी बहन के साथ बदसलूकी की थी, जिसका बदला लेने के लिए उसने नीरज की हत्या कर दी।

### समय पर इलाज मिलता तो बच जाती जान

भाई सूरज ने बताया कि नीरज को समय पर इलाज नहीं मिल पाया। महावीर अस्पताल से रेफर के बाद भाई को जयपुर गोल्डन अस्पताल लेगए, जहां आइसीयू में बेड नहीं मिला। फिर आरएमएल, सरगंगा राम, एम्स व सफदरजंग लेकर गए पर यहां भी बेडखाली नहीं था। उन्होंने नीरज को पंजाबी बाग स्थित महाराजा अग्रसेन अस्पताल में भर्ती कराया, जहां मंगलवार दोपहर एक बजे उसने दम तोड़ दिया।

# गालीगलौज का विरोध करने पर पिता-पुत्र ने भाइयों को मारा चाकू, एक भाई की मौत

- हत्या आरोपित संपत्ति विवाद में माता-पिता को दे रहा था गाली
- मकान की पहली मंजिल पर रहने वाले भाइयों ने किया था विरोध

**जागरण संवाददाता, पूर्वी दिल्ली :** गाजीपुर इलाके में मंगलवार रात संपत्ति विवाद में एक युवक अपने माता-पिता को गाली देने लगा। पड़ोसी दो भाइयों ने जब विरोध किया तो युवक और उसके पिता ने मिलकर उन पर चाकू से वार कर दिए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल विक्की सोनी व इसके भाई रिक्की सोनी को एलबीएस अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने विक्की को मृत घोषित कर दिया। जबकि रिक्की का इलाज चल रहा है। गाजीपुर थाना ने हत्या, हत्या के प्रयास की धारा में प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने आरोपित प्रदीप व इसके बेटे सारांश को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से चाकू बरामद हुआ है।



विक्की सोनी

विक्की सोनी अपने परिवार के साथ जीडी कालोनी में पहली मंजिल पर किराये पर रहते थे। परिवार में पत्नी मोनिका, तीन छोटे बच्चे, छोटा भाई रिक्की व उसकी पत्नी रिंकी है। मोनिका व रिंकी दोनों सगी बहनें हैं। विक्की साप्ताहिक बाजार में मोबाइल के कवर बेचता था। विक्की के साले सत्यम ने बताया कि वह एक सप्ताह पहले घूमने के लिए अपनी दीदी के घर आया था। मकान की दूसरी मंजिल पर सारांश अपने पिता प्रदीप व मां बाबी के साथ रहता है। मंगलवार रात 11:30 बजे परिवार घर में खाना खा रहा था। तभी सारांश जोर-जोर से गालियां देने लगा। उसके बड़े जीजा खाना छोड़कर दूसरी मंजिल पर गये और उसका विरोध किया। उन्होंने कहा कि घर में महिलाएं हैं गाली नहीं दो। आरोप है कि इतना सुनते ही युवक व उसका पिता भड़क गया। दोनों ने कहा कि हमारे घर का मामला है, फिर दोनों मिलकर विक्की को पीटने लगे। शोर होने पर रिक्की भी ऊपर चले गये, भाई को पीटने से बचाने लगे। इस दौरान सारांश ने चाकू निकालकर विक्की के सीने में घोंप दिया। उसके छोटे भाई ने बचाने की कोशिश की तो उसके हाथों व सीने पर हमला कर दिया। गिरफ्तार आरोपित प्रदीप एक कंपनी में सुरक्षाकर्मी है और उसका बेटा सारांश बेरोजगार है।



गाजीपुर थाने में शोकाकुल परिवार की महिलाएं • जागरण

# कई महिलाओं को दिलाया न्याय आज मैं ही मांग रही न्याय : स्वाति

- स्वाति ने सीएम केजरीवाल पर निजी सचिव विभव कुमार को बचाने का लगाया आरोप
- विभव कुमार की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित, 12 जुलाई को कोर्ट सुनाएगी निर्णय

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** दिल्ली हाईकोर्ट ने सांसद स्वाति मालीवाल से मारपीट मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सहायक विभव कुमार की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। अदालत 12 जुलाई को फैसला सुनाएगी। सुनवाई में स्वाति मालीवाल भी अदालत में मौजूद थीं। उन्होंने सीएम अरविंद केजरीवाल पर विभव को बचाने का आरोप लगाया। मालीवाल ने अदालत को बताया कि घटना के बाद से उन्हें धमकियां मिल रही हैं। उन्हें ट्रोल किया जा रहा है। न केवल उनके साथ क्रूरता से मारपीट की गई, बल्कि उनके पूरे जीवन का काम छीन लिया गया। स्वाति ने अपने व परिवार की जान को खतरा बताते हुए अदालत से न्याय की गुहार लगाई। स्वाति ने कहा कि जब वो अपने रिश्तेदार की कार में मेडिकल जांच कराने के लिए गई थीं, तब भी कार का विवरण सार्वजनिक किया गया था। उन्होंने कहा कि वो दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष रही हैं, कई महिलाओं को न्याय दिलाया है और आज अपने लिए न्याय मांग रही हैं।

सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस की ओर से पेश अधिवक्ता ने जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा कि जांच चल रही है और 16 जुलाई को या उससे पहले आरोपपत्र दाखिल किया जाएगा। अधिवक्ता ने कहा कि विभव कुमार एक बेहद प्रभावशाली व्यक्ति हैं और अपने पद से बर्खास्त होने के बाद भी संयुक्त सचिव के बराबर वेतन लेते थे। अधिवक्ता ने कहा कि विभव को जमानत मिली तो वो मुख्यमंत्री कार्यालय और आवास में गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं।

वहीं, विभव कुमार के अधिवक्ता ने दलील दी कि जांच पूरी हो जाने के कारण अब उनकी हिरासत की आवश्यकता नहीं है। अधिवक्ता ने कहा कि यह प्री-ट्रायल सजा के बराबर है। उन्होंने कहा कि यह बहुत अकल्पनीय है कि बिना किसी कारण के विभव कुमार स्वाति मालीवाल को पीटेंगे। अधिवक्ता ने कहा कि प्राथमिकी के पीछे का कारण केवल अहंकार है।

# लोगों को जोड़ने मंदिर, मस्जिद और गुरुद्वारा जाएं : देवेंद्र यादव

**राब्यू, जागरण • नई दिल्ली:** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा है कि चुनाव में कांग्रेस आप से गठबंधन नहीं करेगी। संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत किया जाएगा। इसके लिए ब्लाक अध्यक्ष अपनी टीम के साथ हर बूथ पर 10- 10 लोगों को जोड़ेंगे। हर ब्लाक में स्थानीय मुद्दे जैसे पानी, बिजली, गली, नालियां, जल भराव, डेंगू, प्रदूषण, महंगाई, बेरोजगारी को लेकर भाजपा और प्रदेश सरकार व नगर निगम को कठघरे में खड़ा करें। आरडब्ल्यूए, मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, मार्केट एसोसिएशन, सामाजिक संगठनों विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में संपर्क कर उनके लोगों को संगठन से जोड़ें। बुधवार को प्रदेश कार्यालय में सभी 14 जिला अध्यक्षों और 42 नवनियुक्त जिला पर्यवेक्षकों की छह घंटे बैठक हुई।


## भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड
## Securities and Exchange Board of India
### सुनवाई सूचना

यह सूचित किया जाता है कि कॉन्टिनेंटल सीड्स एंड केमिकल्स लिमिटेड (Continental seeds & Chemicals Limited) के मामले में 28 फरवरी, 2024 को कारण बताओ सूचना जारी की गई थी । उपरोक्त कारण बताओ सूचना (शो कॉज नोटिस) और सुनवाई की सूचनाओं की तामील रिकॉर्ड में उपलब्ध नोटिसियों के अंतिम ज्ञात पतों पर नहीं हो पाई । उपरोक्त कारण बताओ सूचना और सुनवाई के ब्यौरे नीचे सारणी में दिए गए हैं :

| क्र.सं. | नोटिसी का नाम | नोटिसी का पता | सुनवाई की तारीख एवं समय | कारण बताओ सूचना |
|---|---|---|---|---|
| 1 | विजय प्रकाश गुप्ता | विश्व नाथ गुप्ता, 204, नसरुल्लापुर, केदारनगर, अम्बेडकर नगर, उत्तर प्रदेश - 224130 | 25 जुलाई, 2024 को सुबह 10:30 बजे | तारीख 28 फरवरी, 2024 की SEBI/HO/IVD/ID5/P/OW/2024/ |
| | | गोदाम नंबर 5, रामराज रोड, बाजपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखंड - 262401 | | |
| 2 | विजय पुजारा | 72/861, कर्णावती अपार्टमेंट, भाग 1, सोला रोड, नारणपुरा, अहमदाबाद, गुजरात - 380063 | 25 जुलाई, 2024 को दोपहर 03:30 बजे | |
| | | ई - 204, अर्जुन होम्स, के. के. नगर, घाटलोडिया, अहमदाबाद- 380061 | | |
| | | 401, ओरम कलश, 10 रूपक सोसाइटी, ऑप. देवकीनंदन डेरा, सेंट जेवियर्स स्कूल रोड, पी.ओ नवजी, नारणपुरा, अहमदाबाद, गुजरात- 380014 | | |

नोटिसियों को यह सूचित किया जाता है कि वे उपरोक्त कारण बताओ सूचना भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के अन्वेषण विभाग 5 से प्राप्त कर लें, जिसका पता इस प्रकार है : सेबी भवन - II, प्लॉट सं. सी -7, "जी" ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई - 400051 । उपरोक्त कारण बताओ सूचना की प्रति भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के आधिकारिक वेबसाइट (www.sebi.gov.in) पर भी इस शीर्षक के अंतर्गत उपलब्ध है : प्रवर्तन (इन्फोर्समेंट) -> समन / सूचनाएँ (नोटिस)-जिनकी तामील नहीं हो सकी [ENFORCEMENT-> Unserved Summons/Notices] । नोटिसी उसे डाउनलोड कर सकते हैं या फिर gauravd@sebi.gov.in / gaganw@sebi.gov.in पर ईमेल भेजकर उपरोक्त कारण बताओ सूचना की प्रति प्राप्त कर सकते हैं ।


इसके अलावा, उपरोक्त नोटिसियों को ऊपर सारणी में निर्धारित तारीख एवं समय के अनुसार सुनवाई का अवसर प्रदान किया जा रहा है । यदि नोटिसी सेबी के कार्यालय में उपस्थित होकर सुनवाई के अवसर का लाभ उठाना चाहते हैं, तो वे निर्धारित समय एवं तारीख पर निम्नलिखित पते पर उपस्थित हो सकते हैं :

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी)
सेबी भवन - II, दूसरी मंजिल, प्लॉट सं. सी-7, "जी" ब्लॉक,
बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई - 400051

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की जाने वाली सुनवाई के संबंध में, वेबएक्स का लिंक नोटिसियों द्वारा बताई गई ई-मेल आईडी पर भेजा जाएगा, ताकि वे निर्धारित तारीख एवं समय पर सुनवाई में उपस्थित हो सकें।

यदि नोटिसी की ओर से ऊपर दिए गए पते/ ई-मेल पर कोई भी जवाब आदि प्राप्त नहीं होता है, अथवा नोटिसी या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि निर्धारित सुनवाई में उपस्थित नहीं होते हैं, तो इस मामले के संबंध में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा रिकॉर्ड में उपलब्ध सामग्री के आधार पर आगे कार्यवाही कर ली जाएगी ।

तारीख : 05.07.2024
स्थान : मुंबई
गगन वाधवा (उप महाप्रबंधक)
CBC 15204/11/0058/2425



**ALL INDIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES DEOGHAR**
(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय महत्व का संस्थान)
(An Institution of National Importance under Ministry of Health & Family Welfare)
भारत सरकार/Government of India
Website-www.aiimsdeoghar.edu.in

No.-AIIMS/DEO/RECT.CELL/2024-25/1774, Date- 04.07.2024

**Advertisement for Contractual Faculty Posts**
**Advt. No.:- AIIMS/DEO/RECT.CELL/2023-24/1773**

Online applications are invited for the medical faculty posts on contractual basis in various departments at All India Institute of Medical Sciences, Deoghar Jharkhand, cut-off date for receiving application is 20.07.2024.

For further information candidates are requested to visit the website of institute- www.aiimsdeoghar.edu.in on regular basis.

Recruitment Cell , AIIMS Deoghar



**कृषि योग्य 10 से 20 एकड़ भूमि चाहिये**

दिल्ली के इंडिया गेट से 25–30 किलोमीटर की दूरी के अंदर, किसी भी हाईवे से अधिकतम 2 से 5 किलोमीटर अंदर, पक्की सड़क से जुड़ा हुआ, बिजली पानी की सुविधा के साथ कृषि योग्य उपजाऊ भूमि चाहिये। पूरा पेमेंट चेक से होगा।

इच्छुक व्यक्ति landncr190@gmail.com पर पूरा डिटेल, मूल्य और गूगल लोकेशन मैप मेल करें अथवा 9013181285 पर सम्पर्क करें ।





*********



## एयर क्वालिटी इंडेक्स

| | | |
|---|---|---|
| **बुलंदशहर** | | |
| आज का अनुमान | 95 | संतोषजनक |
| बुधवार | 80 | संतोषजनक |
| **शादीपुर** | | |
| आज का अनुमान | 128 | मध्यम |
| बुधवार | 119 | मध्यम |
| **आइटीओ** | | |
| आज का अनुमान | 105 | मध्यम |
| बुधवार | 96 | संतोषजनक |
| **नरेला** | | |
| आज का अनुमान | 165 | मध्यम |
| बुधवार | 156 | मध्यम |
| **बवाना** | | |
| आज का अनुमान | 185 | मध्यम |
| बुधवार | 177 | मध्यम |
| **गुरुग्राम** | | |
| आज का अनुमान | 148 | मध्यम |
| बुधवार | 139 | मध्यम |
| **गाजियाबाद** | | |
| आज का अनुमान | 171 | मध्यम |
| बुधवार | 162 | मध्यम |
| **ग्रेटर नोएडा** | | |
| आज का अनुमान | 195 | मध्यम |
| बुधवार | 186 | मध्यम |
| **फरीदाबाद** | | |
| आज का अनुमान | 183 | मध्यम |
| बुधवार | 174 | मध्यम |
| **नोएडा** | | |
| आज का अनुमान | 126 | मध्यम |
| बुधवार | 117 | मध्यम |

| | | |
|---|---|---|
| 0 | 50 | अच्छा |
| 51 | 100 | संतोषजनक |
| 101 | 200 | मध्यम |
| 201 | 300 | खराब |
| 301 | 400 | बहुत खराब |
| 401 | 500 | गंभीर |
| 501 से आगे | | आपातकालीन |

### खास खबरें

136 उड़ानों के प्रस्थान में हुआ विलंब, परेशान हो रहे यात्री

गर्मी वर्षा और जलभराव से निपटने के लिए डीडीए ने कसी कमर, शुरू की तैयारी

ग्राम विकास बोर्ड ने 411 करोड़ की 480 विकास परियोजनाओं को दी मंजूरी : गोपाल राय

जागरण सिटी पर पढ़ें

# किडनी ट्रांसप्लांट सर्जन के चार सहयोगी हो सकते हैं गिरफ्तार

## प्रत्यारोपण करने टीम को ग्रेटर नोएडा ले जाती थीं सर्जन

**किडनी रैकेट का मकड़जाल**

राकेश कुमार सिंह • जागरण

- डा. डी. विजया राजकुमारी छह लोगों की टीम के साथ करती थीं किडनी प्रत्यारोपण
- दो सहयोगियों को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच पहले ही कर चुकी है गिरफ्तार

**नई दिल्ली:** बांग्लादेशी नागरिकों के अवैध किडनी प्रत्यारोपण में इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल की किडनी ट्रांसप्लांट सर्जन डा. डी विजया राजकुमारी अपने साथ दिल्ली से छह सदस्यों की टीम लेकर प्रत्यारोपण करने के लिए ग्रेटर नोएडा जाती थीं। किडनी रैकेट के इस मामले में गिरफ्तार सात आरोपितों से दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की पूछताछ में यह सामने आया है। अब तक पुलिस डा. डी विजया को छह सदस्यीय टीम के दो सदस्यों मोहम्मद शारिक और विक्रम सिंह को गिरफ्तार कर चुकी है। टीम में शामिल चार अन्य सदस्यों से पूछताछ की जा रही है। इनकी संलिप्तता सिद्ध होने पर उन्हें भी गिरफ्तार किया जाएगा।

डीसीपी क्राइम ब्रांच अमित गोयल ने बताया कि किडनी ट्रांसप्लांट सर्जन डा. डी विजया किसी भी अस्पताल से स्थायी तौर पर जुड़कर काम नहीं करना चाहती थीं। वह कई अस्पतालों में विजिटिंग कंसल्टेंट के तौर पर काम करती थीं। किडनी रैकेट में शामिल होने की बात सामने आने के बाद अपोलो प्रबंधन ने डा. डी विजया को अस्पताल से हटा दिया है।

सूत्रों के अनुसार पुलिस अपनी जांच का दायरा बढ़ा रही है, यह भी जांच कर रही है कि डा. डी विजया और किन अस्पतालों में किडनी प्रत्यारोपण करती थी।

### 20 प्रत्यारोपण कराने की बात मानी, पुलिस को पांच के दस्तावेज ही मिले

पुलिस ने बताया कि किडनी रैकेट का सरगना रसेल और बिचौलिये मोहम्मद शारिक ने डा. डी विजया से करीब 20 मरीजों का किडनी ट्रांसप्लांट कराने की बात मानी है। अभी पुलिस को पांच मरीजों के दस्तावेज ही मिले हैं, जिनका किडनी प्रत्यारोपण हाल ही में करवाया गया था। 15 अन्य किडनी डोनर और मरीजों का पता लगाया जा रहा है। सभी बांग्लादेशी हैं।

### आरोपित लैब तकनीशियन अपोलो में करता था नौकरी

डा. डी विजया राजकुमारी के साथ काम करने वाला आरोपित मोहम्मद शारिक मेडिकल लैब तकनीशियन है। वह प्रत्यारोपण के लिए रोगियों व किडनी डोनर की फाइल तैयार करता था। जांच में सामने आया है कि वह अपोलो अस्पताल का पूर्व कर्मचारी है, अन्य अस्पतालों में काम कर चुका है। अपोलो में नौकरी के दौरान वह डा. डी विजया के संपर्क में आया था। जिन अस्पतालों में मोहम्मद शारिक पूर्व में काम कर चुका है, पुलिस उनकी भी जांच कर सकती है।

### गड़बड़ी का पता लगाना हो सकता है मुश्किल

पुलिस अधिकारी का कहना है कि हर अस्पताल में अंग प्रत्यारोपण कमेटी होती है, कमेटी के पास केवल किडनी डोनर और इसे प्राप्त करने वाले लोगों से प्रत्यारोपण के लिए उनकी सहमति, मरीज और डोनर के रिश्ते के बारे में पता करने और उनके दस्तावेजों को देखकर प्रत्यारोपण के लिए सहमति देने का अधिकार होता है। मरीज और डोनर की सहमति है और दस्तावेज पूरे हैं, तो गड़बड़ी का पता लगाना मुश्किल हो जाता है।

# केजरीवाल ईडी की जासूसी का शिकार हुए : सिंघवी

**आबकारी घोटाला**
**मनी लांड्रिंग मामला**

- केजरीवाल की जमानत के खिलाफ ईडी की याचिका पर 15 को होगी सुनवाई
- ईडी के अधिवक्ता ने जवाब दाखिल करने के लिए कुछ समय की मांग की थी



अरविंद केजरीवाल

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** दिल्ली हाईकोर्ट ने आबकारी घोटाले से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत रद करने की याचिका पर सुनवाई टल गई। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने मामले में दोनों पक्षों को सुनने के बाद 15 जुलाई के लिए सुनवाई टाल दी। बुधवार को सुनवाई के दौरान ईडी के अधिवक्ता ने अदालत से जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा। अधिवक्ता ने कहा कि केजरीवाल का जवाब मंगलवार देर रात ही मिला है, ऐसे में जवाब दाखिल करने के लिए कुछ समय चाहिए। वहीं, केजरीवाल के अधिवक्ता ने कहा कि मामले के जांच अधिकारी (आइओ) को यह प्रति दोपहर एक बजे सौंप दी गई थी।

केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि सुनवाई के लिए एक विशिष्ट समय निर्धारित किया जाना चाहिए, क्योंकि मामले में अत्यधिक तात्कालिकता है। केजरीवाल के अधिवक्ता ने आरोप लगाया कि ईडी मामले को लंबा खींचना चाहती है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि उनके मुवक्किल ईडी की जासूसी के शिकार हैं और मनी लांड्रिंग मामले में उनकी जमानत रद करना न्याय की विफलता के समान होगा।

अधिवक्ता ने ईडी की याचिका का विरोध करते हुए कहा कि ईडी मामले में अन्य सह-आरोपितों पर दबाव डालने और उन्हें जमानत दिए जाने पर अभियोजन पक्ष द्वारा अनापत्ति के बदले में आपत्तिजनक बयान देने के लिए प्रेरित करने के अवैध उपायों का उपयोग करती है। अधिवक्ता ने कहा कि निचली अदालत का जमानत आदेश तर्कसंगत था। यह न केवल तर्कपूर्ण था, बल्कि यह दर्शाता है कि दोनों पक्षों की दलीलों पर विवेक के आधार पर फैसला सुनाया गया था। तर्कों से निपटने में उचित विवेक का प्रयोग किया गया है। इसके विरोध में ईडी द्वारा दी गई सभी दलीलें न केवल कानून की नजर में अपुष्ट हैं, बल्कि अदालतों के प्रति उनकी उदासीनता, असंवेदनशीलता और दबंगई भरे रवैये को भी दर्शाती हैं। अधिवक्ता ने कहा कि ईडी की ओर से की गई टिप्पणियां और आक्षेप न केवल न्याय के लिए हानिकारक होंगे बल्कि जिला न्यायपालिका को भी हतोत्साहित करेंगे।

अधिवक्ता ने तर्क दिया कि गिरफ्तारी एक राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी को परेशान और अपमानित करने के लिए अवैध रूप से की गई थी और ईडी के पास ऐसा कोई सबूत नहीं है जिसके आधार पर उन्हें और अधिक कारावास में रखने को उचित ठहराया जा सके। अधिवक्ता ने कहा कि ईडी ने केजरीवाल को झूठी और मनगढ़ंत कहानी में फंसाया है। उनके खिलाफ कोई मामला नहीं बनता है और इस मामले में गिरफ्तारी पूरी तरह से अवैध है। ईडी की दलील के मामले पर बहस करने के लिए ट्रायल कोर्ट द्वारा पर्याप्त अवसर नहीं दिया गया, केजरीवाल के अधिवक्ता ने इस पर कहा कि केवल इसलिए कि अदालत ने ईडी के अधिवक्ता को संक्षेप में बात रखने को कहा था, इसे किसी भी तरह से अवसर को कम करने के रूप में नहीं माना जा सकता है।

### यह है मामला

सीएम केजरीवाल को राउज एवेन्यू कोर्ट की अवकाश न्यायाधीश न्याय बिंदु ने 20 जून को एक लाख रुपये के निजी मुचलके पर जमानत दे दी थी। ट्रायल कोर्ट ने केजरीवाल के जमानत आदेश में कहा था कि पीएमएलए की धारा 3 के तहत केजरीवाल के खिलाफ कोई अपराध नहीं बनता है। ईडी ने आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती देते हुए दलील दी थी कि ट्रायल कोर्ट का आदेश विकृत और एकतरफा था व निष्कर्ष अप्रासंगिक तथ्यों पर आधारित थे। साथ ही आरोप लगाया था कि निचली अदालत ने उन्हें दलीलें रखने का उचित अवसर नहीं दिया। ईडी की चुनौती पर दिल्ली हाई कोर्ट ने 25 जून को ट्रायल कोर्ट के विवादित आदेश पर रोक लगा दी थी।

# दिल्ली में पेड़ों की अवैध कटाई पर दिल्ली पुलिस को किया तलब

- रिज वनों की कटाई पर डीडीए के खिलाफ अवमानना याचिका
- याचिकाकर्ता ने दिल्ली प्रशासन पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता के उत्पीड़न के आरोपों पर दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा है। रिज वन में "अवैध" पेड़ों की कटाई को लेकर दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के खिलाफ अवमानना की याचिका दायर करने वाले ने आरोप लगाया कि प्रशासन प्रताड़ित कर रहा है। इस मुद्दे पर जस्टिस अभय एस. ओक और जस्टिस आगस्टीन जार्ज मसीह की पीठ ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है। बुधवार को याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने अदालत को सूचित किया कि शहर के पुलिस अधिकारी अन्य याचिकाकर्ता न्यू दिल्ली नेचर सोसाइटी के बारे में भी पूछताछ कर रहे हैं। पुलिस ने उनके बैंक से भी संपर्क किया है और उनके खातों के बारे में विस्तृत जानकारी मांगी है। पीठ ने शंकरनारायणन की दलील पर ध्यान दिया और मामले में नोटिस जारी किया।

बिंदु कपूरिया ने अपनी अवमानना याचिका में आरोप लगाया है कि चार मार्च को कोर्ट के आदेश के बावजूद डीडीए को पेड़ों की कटाई की अनुमति नहीं दी गई और पेड़ों की कटाई के बारे में कोर्ट से तथ्य छिपाए गए।

सुप्रीम कोर्ट ने सड़क चौड़ीकरण परियोजना के लिए रिज वन में 1,100 पेड़ों की कथित कटाई को लेकर डीडीए के उपाध्यक्ष के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेते हुए अवमानना कार्यवाही शुरू की है।

बता दें दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय के निर्देश पर इस मामले की जांच के लिए गठित फैक्ट फाइंडिंग कमेटी में शामिल दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज, आतिशी ने मंगलवार को मौके पर जाकर जायजा लिया।


उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0 ई-निविदा आमंत्रण सूचना, निविदा विशिष्टी सं0-ईएसडी-8/211 के अन्तर्गत "02 नग 400/220 के0वी0 315 एम0वी0 क्षतिग्रस्त परिवर्तक के मरम्मत" हेतु ई-निविदा आमंत्रित की गई है जिसे https://etender.up.nic.in पर दिनांक 10.07.2024 को प्रकाशित किया गया है। कार्य की अनुमानित लागत रू0 16.62 करोड़ एवं निविदा की धरोहर धन राशि रू0 16.62 लाख होगी तथा निविदा प्रपत्रों का मूल्य रू0 2,950.00 का भुगतान RTGS /NEFT के माध्यम से किया जाएगा। ऑनलाइन निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनांक 12.08.2024 (12:00 बजे तक) तथा प्रथम-भाग खुलने की तिथि 13.08.2024(16:00 बजे) है। कुल मात्रा, निविदा विशिष्टकरण, निविदा मूल्य एवं धरोहर धनराशि के भुगतान की विधि व अन्य नियम एवं शर्तें ई-निविदा पोर्टल पर उपलब्ध है। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार होगा। निर्धारित तिथि के विस्तार तथा शुद्धि पत्र से सम्बन्धित सूचना यदि कोई होगी तो केवल उक्त वेबसाइट पर डाली जायेगी। अतः स्वयं को अपडेट रखने के लिए उपरोक्त वेबसाइट को नियमित देखते रहना चाहिए। अधीक्षण अभियन्ता वि0785/400 के0वी0 उ0परि0मं0 11वाँ तल शक्ति भवन विस्तार लखनऊ।
R-341 Date 10-7-2024



**SANJAY GANDHI POSTGRADUATE INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES**
Raebareli Road, Lucknow-226014 (U.P.), India
Phone No.: 91 (0522): 2494042, 2494040, E-mail: irfreport@sgpgi.ac.in
Investigation Revolving Fund (IRF)

**e-Tender Notice**

Online e- bids are invited in two-bid system (1) Technical bid & (2) Price bid from reputed & genuine manufacturers/authorized primary importers for following items for entering into Rate Contract.

PGI/IRF/OT/372/2020-21/Vol-III Reagents, Chemicals. Radioisotopes. Cold Kits and other consumables for Nuclear Medicine Department - Can be downloaded from 13.07.2024

The detailed terms & conditions of the e-Tender Notice can be downloaded from e-Tender website: https:etender.up.nic.in from 13.07.2024. The last date of submission of offer / bid is 12.08.2024 at 16.00 hrs through online mode only.

Tender fee & EMD are to be submitted online as per terms & conditions mentioned in tender document. The Director reserves the sole right to accept or reject any bid partially or fully without assigning any reasons.

Advt. No. I/08/IRF/2024-25 DIRECTOR



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 (2) (ii) CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नामः अमित कुमार, पुत्रः विजय पाल शर्मा, निवासीः A-20, श्याम कॉलोनी, बुध विहार फेज-11, दिल्ली ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) FIR No.41/2018, U/s 379/411/34 IPC के तहत एक मामला थाना कीर्ति नगर, दिल्ली में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि उक्त अमित कुमार नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी अमित कुमार फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है), इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि अभियुक्त अमित कुमार से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 10.09.2024 को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्रीमती सोनम गुप्ता
सीएमएम पश्चिम जिला,
कमरा नंबर-146, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/8771/WD/2024



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त राजू पुत्र श्री राजेश कुमार निवासी मकान नं. आर.जैड.सी.-5, मेन रोड, दुर्गा पार्क पश्चिम, सागरपुर, नई दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 112/2022 धारा 160 भा.द.स., थाना सागरपुर, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त राजू मिल नहीं रही है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त राजू फरार हो गई है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रही है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 112/2022 धारा 160 भा.द.स., थाना सागरपुर, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त राजू से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए 13.08.2024 को हाजिर हो।

आदेशानुसारः सुश्री ईशा सिंह,
महानगर दण्डाधिकारी-03,
कमरा नं. 18, मुख्य भवन,
पटियाला हाउस कोर्ट, दिल्ली
DP/8828/SW/2024



## पश्चिम रेलवे - अहमदाबाद डिवीजन

**आपूर्ति, स्थापना, फिटमेंट, परीक्षण और कमीशनिंग**

E-TENDER NOTICE No: DRM (M) ADI/19/2024-25 दिनांक - 05.07.2024 योग्य ठेकेदारो से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। टेंडर संख्या : Re-M442-Mod-WaterFilling-LHB कार्य का नाम : अहमदाबाद मंडल में अनुमोदित रेलवे ड्राइंग के अनुसार एलएचबी कोचों में अतिरिक्त जल भरने की व्यवस्था की आपूर्ति, स्थापना, फिटमेंट, परीक्षण और कमीशनिंग के लिए अनुबंध कार्य। कार्य का अनुमानित लागत : ₹2,73,98,420/-दो करोड़ तिहत्तर लाख अट्ठानवे हजार चार सौ बीस रुपए मात्र (सभी शामिल) बिड सिक्योरिटी (बयाना जमा राशि) : ₹ 2,87,000 /-(रुपये दो लाख सत्तासी हजार मात्र) निविदा के बंद एवं खुलने का दिन एवं समय : बंद होने का समय दिनांक 26/07/2024 को 15:00 बजे तक, खुलने का समय दिनांक : 26/07/2024 को 15.30 बजे। वेबसाइट विवरण नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा का पूरा विवरण देखा जा सकता है और निविदा आमंत्रित प्राधिकारी के कार्यालय का पता : http://www.ireps.gov.in मंडल रेल प्रबंधक (मैकेनिकल), (पश्चिम रेलवे) द्वितीय तल, मैकेनिकल शाखा, चामुंडा ब्रिज के पास, नरोडा रोड, पी.ओ. सैजपुरबोघा, अहमदाबाद -382345 106

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly



## पूर्वोत्तर रेलवे

**खुली ई-निविदा सूचना संख्याः NER-BSB0SnT-GS-OT-12-2024**

मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग एवं दूरसंचार/पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा सूचना सं एवं कार्य का नामः NER-BSB0SnT-GS-OT-12-2024, कार्य का नामः- वाराणसी मंडल, पूर्वोत्तर रेलवे के अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत वाराणसी सिटी, भटनी से देवरिया सदर रेलवे स्टेशन में फुट ओवर ब्रिज (12 मीटर चौड़ा) के कार्य में दूरसंचार कार्य का प्रावधान। अनुमानित लागत (₹): ₹ 87,97,068.09, बयाना की राशि (₹):₹ 1,75,900.00, निविदा प्रपत्र की कीमत-₹ 00.00, कार्य पूर्ण करने की अवधिः 180 DAYs, निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समयः 02.08.2024 को 15.00 बजे, नोटः 1. ई-निविदा दिनांक 02.08.2024 को 15.00 बजे तक आन लाईन जमा किया जा सकेगा। 2. पूर्ण विवरण की जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट i.e. www.ireps.gov.in देखें।

मंडल रेल प्रबन्धक /सिग एवं दूरसंचार
मुजाधि/सिगनल-21 वाराणसी

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"



## हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

सी-11, सेक्टर-6, पंचकूला
Ph- 0172-2577870-73, Website : hspcb.gov.in
E-mail: hspcbhazardouswaste@gmail. com

### सार्वजनिक जानकारी

**ई-वेस्ट ( मैनेजमेंट ) नियम 2022 को लागू करने के सबन्ध में**

पर्यावरण, जंगलात और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने अधिसूचना न जीएसआर 801 (ई) दिनांक 02.11.2022 को ई-वेस्ट (मैनेजमेंट) नियम 2022 को अधिसूचित किया है और यह 01 अप्रैल, 2023 से प्रभावी है । इस नियम की प्रति हरियाणा राज्य प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड की वेबसाइट के निम्नलिखित लिंक पर डाउनलोड की जा सकती है : https://www.hspcb.org.in/content/rules/ewaste/e-waste_rules_2022.pdf

ये नियम अनुसूची में सूचीबद्ध ई-वेस्ट या इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और उस से सम्बंधित हिस्से, उपभोग, पुर्जे और स्पेयर इस निर्माण, बिक्री, ट्रांसफर, खरीद, नवीनीकरण, डिस्मैंटलिंग, रीसाइक्लिंग और प्रोसेसिंग में शामिल प्रत्येक (i) निर्माता (ii) उत्पादक (iii) नवीनीकरण करने वाले (iv) रीसाइक्लिंग पर लागु होते हैं। इन नियमों के तहत इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण की 106 आइटमेंय जिस में उनके हिस्से, उपभोग, पुर्जो और स्पेयर शामिल है की सूचि उपरोक्त लिंक पर उपलब्ध है।

ई-वेस्ट के (i) निर्माता (ii) उत्पादक (iii) नवीनीकरण करने वाले (iv) रीसाइक्लिंग और कोई भी स्क्रैपडीलर ठोस वेस्ट डिस्पोजल अथॉरिटी, यदि ई-वेस्ट के भण्डारण और प्रसंस्करण के सम्बन्ध में कोई गैर कानूनी गतिविधियों में शामिल पाए जाते हैं तो उल्लंघनकर्ताओं पर उपरोक्त नियमों के तहत कार्यवाही की जाएगी, जिसमे पर्यावरणीय मुआवजे भी शामिल हैं।

यह आम जनता की जानकारी के लिए है की यदि कोई ब्यक्ति, स्क्रैप डीलर, सॉलिड वेस्ट डिस्पोजल अथॉरिटी, हरियाणा राज्य में अनिधिकृत तरीके से ई- कचरे को गैर कानूनी भण्डारण, प्रोसेसिंग और बिक्री में शामिल है, तो इसकी सूचना hspcbhazardouswaste@gmail.com और hspcbms@gmail.com पर की जाये, ताकि पर्यावरण को नुकसान पहुँचाने वाले गैर कानूनी गतिविधि को तुरंत रोका जा सके ।

सदस्य सचिव
एच एस पी सी बी
PRDH-1209/11/143/2025/27679/C/67/7



**CENTER FOR DISTANCE & ONLINE EDUCATION**
KURUKSHETRA UNIVERSITY, KURUKSHETRA
(Established by the State Legislature Act XII of 1956)
('A+' Grade, NAAC Accredited)

**ADMISSION NOTICE (JULY 2024)**

Applications are invited for admissions to Open & Distance Learning(ODL) & Online Programmes of CDOE, KUK for July, 2024 session.

For details visit :
www.ddekuk.ac.in for ODL Programmes
www.kukonline.in for Online Programmes

DIRECTOR(CDOE)
PRDH-1238/11/67/2025/27667/C/67/7



## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, कुरूक्षेत्र।

मुकद्दमा नं. 161 दिनांक 29.06.2024 धारा 346 भा.द.सं. थाना बाबैन।

### गुमशुदा की तलाश

नाम - नेहा देवी
लिंग - महिला
आयु - लगभग 23 वर्ष

नेहा देवी पत्नी सन्नी वासी गांव सुनारिया थाना बाबैन जिला कुरूक्षेत्र की रहने वाली है। जो दिनांक 20.06.2024 को अपने घर से बिना बताए कहीं चली गई है। जिसने लाल रंग का कमीज व सलवार डाल रखा है। जिसके बारे में अभी तक कुछ पता नहीं चला है। जिस भी व्यक्ति को नेहा देवी पत्नी सन्नी के बारे में कोई भी सूचना मिले तो नीचे लिखे नंबरों पर सूचित करें।



प्रबन्धक थाना बाबैन : 7056700116
कंट्रोल रूम कुरूक्षेत्र : 01744-222100, 233924

अपराध अभिलेख अधिकारी
कृते पुलिस अधीक्षक, कुरूक्षेत्र।
PRDH-1084/11/2512/2025/27662/67/7



**Sanjay Gandhi Post Graduate Institute of Medical Sciences**
Raebareli Road, Lucknow - 226014 (U.P.) India
Tele : 0522-2494042, 2494040, e-mail : irfreport@sgpgi.ac.in
Investigation Revolving Fund (IRF)

**e-Tender Notice**

Online e-bids are invited in two-bid system (1) Technical bid & (2) Price bid from reputed & genuine manufacturers / authorized primary importers for following items for entering into Rate Contract.

(A). e-tender Notice

PGI/Endo/607/2023-24/(IRF) Vol-1st- Installation of maintenance free equipments at no cost basis against the purchase of reagents & consumables namely (1) Fully Automated Glycosylated (Hemoglobin A1c) Analyzer, (2) Fully Automated Integrated Immuno & Clinical Chemistry Analyzer, (3) Fully Automated Hematology Analyzer & (4) Fully Automated Urine Analyzer, for Advance Diabetic Centre.

(B). 4th time Retender Notice (e-tender)

PGI/IRF/OT/369/2020-21/(Vol-31st)- Installation of maintenance free equipments at no cost basis against the purchase of reagents & consumables namely (1) 3 Part Hematology Cell Counter for department of Nephrology & (2) Fully Automated Chemiluminescence / Electro-chemiluminescence Immunoassay Analyzer for department of Endocrinology.

The offer/bids submitted earlier by the bidders against advertisement no. I/47/IRF/2021-22, I/31/IRF/2022-23, I/46/IRF/2022-23, I/67/IRF/2022-23, I/06/IRF/2023-24 & advertisement no. I/15/IRF/2023-24 will be treated as cancelled. Therefore those who have already submitted their offer/bid against advertisement no. I/47/IRF/2021-22, I/31/IRF/2022-23, I/46/IRF/2022-23, I/67/IRF/2022-23, I/06/IRF/2023-24 & advertisement no. I/15/IRF/2023-24 are also requested to submit again their offer /bid with earlier proof of deposit of EMD as they are not required to deposit EMD again but they are required to deposit tender fee again.

New bidders are required to deposit online tender fee & EMD and enclose its proof in technical bid as per tender terms & conditions alongwith their complete offer.

The detailed terms & conditions of the e-Tender Notice can be downloaded from e-Tender website: https://etender.up.nic.in from 13.07.2024. The last date of submission of offer / bid is 12.08.2024 at 16.00 hrs. through online mode only. Tender fee & EMD are to be submitted online transaction as per terms & conditions mentioned in tender document. The Director reserves the sole right to accept or reject any bid partially or fully without assigning any reasons.

Advt. No. I/06/IRF/2024-25 DIRECTOR



## उत्तर रेलवे

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र.सं. | निविदा सं0 | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 77249005RGC | स्ट्रेक्चर बार विथ टर्न्ड/ब्लैक बोल्ट एंड लंग कॉर बी आर एस 1 इन 8.8/80 किलोग्राम | 838 सेट | 29-07-24 |
| 02 | 12241168 | सिंगल कोर एल स्टोमैरिक केबल साइज 160 एस क्यू एम एम 1800 वोल्ट | 6039 मीटर | 05-08-24 |
| 03 | 09262117 | योक | 6840 नग | 06-08-24 |
| 04 | 11241548 | हेक्स. हेड बोल्ट, स्टील, एम 20 x 75 | 30774 किलोग्राम | 06-08-24 |
| 05 | 81241832 | कम्पोजिट स्टे आर्म इंसुलेटर | 2214 नग | 05-08-24 |
| 06 | 18242423 | कम्पलीट स्प्रिंग होल्डर | 778 सेट | 05-08-24 |
| 07 | 03241503B | किट एयर क्लीनर | 745 सेट | 05-08-24 |
| 08 | 18249007B | सप्लाई, इंस्टालेशन एंड कमीशनिंग ऑफ आई जी बी टी बेस्ड कम्पोजिट कनवर्टर | 24 सेट | 12-08-24 |
| 09 | 18240808 | एन्ड फ्रेम दी असेंबली (मशीनड) विथ एयर आउटलेट नेट | 112 नग | 12-08-24 |
| 10 | 18241087 | पैंटो फूट इंसुलेटर | 800 नग | 19-08-24 |
| 11 | 87243033 | सेट ऑफ टी पी यू रिंग कंसीस्टिंग ऑफ 04 आइटम्स | 80 सेट | 22-08-24 |
| 12 | 87243034 | सेट ऑफ टी पी यू रिंग कंसीस्टिंग ऑफ 02 आइटम्स | 190 सेट | 29-08-24 |
| 13 | 09243202 | डोर स्प्रिंग फुट | 13808 नग | 01-11-24 |

निविदा शर्तें -1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

टेंडर नोटिस स. 31/2024-2025 दिनांक 10.07.2024 2103/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## Horticulture Department, Haryana

Integrated Horticulture Development Centre
NH-2, Hodal, Palwal-121106
E-mail : ihdcshodal@gmail.com, Ph.: 01275-237052

### सब्जियों की पौध उत्पादन बारे सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एकीकृत बागवानी विकास केंद्र, होडल पर उद्यान विभाग हरियाणा के दिशा-निर्देश अनुसार हरियाणा के किसानों हेतु सब्जियों की पौध तैयार की जा रही है। अतः इच्छुक किसान अपना सब्जियों का बिज कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस (सोमवार से शुक्रवार सुबह 09:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक) में देकर हाई टेक ग्रीन हाउस होडल से उच्च गुणवत्ता की पौध तैयार करवा सकते है। सब्जियों की पौध तैयार करवाने के आवेदन हेतु निम्न दस्तावेजों की आवश्यकता है :-

1. प्रार्थी हरियाणा का निवासी होना आवश्यक है।
2. फसल का पंजीकरण मेरी फसल मेरा ब्यौरा पर होना आवश्यक है।
3. परिवार पहचान पत्र होना आवश्यक है।
4. संपूर्ण बुकिंग फीस Online payment के माध्यम से बुकिंग के समय जमा करवाई जाएगी। बुकिंग फीस बेल वाली सब्जियों हेतु 1.20 रूपये प्रति पौधा तथा बिना बेल वाली सब्जियों हेतु 1.40 रूपये प्रति पौधा है।
5. आधार कार्ड होना आवश्यक है।
6. पैन कार्ड होना आवश्यक है।
7. Original Copy of Seed Bill
8. Bank Copy with Latest IFSC Code/Cancel Cheque
9. प्रार्थी एक साल में अधिकतम 30000 सब्जियों की पौध की बुकिंग करवा सकता है। विभाग की गाईडलाईन अनुसार सभी आवश्यक दस्तावेज अनुदान हेतु जमा करवाना सुनिश्चित करने होंगे।

उपरोक्त दस्तावेज विभागीय गाईडलाईन अनुसार न होने पर विभाग अनुदान राशि देने के लिए बाध्य नहीं होगा।

इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए डॉ. दिनेश तेवतिया (Mob. No. 9671001096) पर संपर्क कर सकते है।

विषय वस्तु विशेषज्ञ (सीनियर)
एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र
होडल पलवल।
PRDH-1149/11/631/2025/27684/67/7



## पुलिस विभाग जिला यमुनानगर

### आम सूचना

थाना रादौर में एमबी एक्ट में 20 एम्पाउंड शुदा मोटर साइकिल खड़ी है। जिनके असल मालिकों बारे कुछ पता नहीं लगा। निम्न मोटर साइकिल बहुत कंडम व खस्ता हालात में थाना में खड़ी है। इन मोटर साइकिल को नीलामी के माध्यम से डिस्पोज किया जाएगा। अतः किसी भी व्यक्ति का यदि कोई मोटर साइकिल हो तो वह थाना रादौर से सुपरदारी पर अपना वाहन ले जा सकता है।

| SR NO. | M/CNO. | CH. NO. | EN. NO. | MARKA |
|---|---|---|---|---|
| 1 | HR40F-8108 | MO625FF19H3D04740 | FF1DH1525336 | TVS STAR |
| 2 | PB11AU-2809 | MD62SMF54A3C26669 | CF5BA1407957 | TVS |
| 3 | HR02AL-0932 | MBLHA19BWGHG6S625 | HA10EWGHG00856 | SPLENDOR PLUS |
| 4 | - | MBUAO6AXG9J00151 | JA006EPG9J00180 | T SMART |
| S | HR02N3983 | 0SK16C43189 | 0SK15M4317S | SPLENDOR |
| 6 | UP23F-5541 | MBLHA0EJ9HK45435 | HA10EA9HK9S406 | SPLENDER PLUS |
| 7 | - | MD625PF58H1D19847 | NF5DH1X19181 | TVS VICTOR |
| 8 | - | MBLHAW09XKHM78383 | HA10AGKHMC0627 | SPLENDOR PLUS |
| 9 | - | MBLHADEZA9G01815 | H10EFA9G07055 | SPLENDOR PLUS |
| 10 | HR54E-5439 | MBLHAR083JHF05739 | HA10AGJHF10499 | SPLENDER PLUS |
| 11 | HR02MS406 | 05016F02394 | 05C1SE02484 | SPLENDER PLUS |
| 12 | | 04L16F1701 | 04L15E15643 | HERO HONDA |
| 13 | HR7SB7658 | | OE40G2952971 | APACHE |
| 14 | HP99TP6991 | MBLHA10CGGHJ39248 | HA8OERGHJS06S1 | HERO SPLENDOR |
| IS | | MD2A18AZHFPJ38908 | O0ZPFJ44822 | CT100 BAJAJ |
| 16 | HR75A2159 | MBLHA10A3D9M098 | HA10EL09M10677 | SPLENDDOR |
| 17 | HR05V9814 | MBLHA10EE89C67073 | HA10EA897C8541 | SPLENDOR |
| 18 | HR07P4086 | 08002F176018 | — | MAX 100 SUZUKI |
| 19 | HR02AK678S | - | CR5AG1217090 | TVS SPORT |
| 20 | HR07AB4320 | MBLHAWD91KHJ66601 | - | HERO SPLENDOR |

( चमकौर सिंह पीआरओ )
कृते, पुलिस अधीक्षक,
यमुनानगर
PRDH -1084/11/2511/2025/27657/67/7


********

## आतिशी, भारद्वाज व पाठक की भूमिका की जांच हो : भाजपा

**राब्यू, जागरण ● नई दिल्ली:** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि भारत के इतिहास यह पहली बार हुआ है जब किसी राजनीतिक पार्टी को मनी लांड्रिंग केस में आरोपित बनाया गया है। आम आदमी पार्टी कम समय में सबसे अधिक भ्रष्टाचार करने वाली पार्टी बन गई है। ईडी द्वारा पूरक आरोप पत्र दायर करने के बाद आप भी आरोपित हो गई है। प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा, जांच एजेंसी द्वारा दाखिल आरोपपत्र में अरविंद केजरीवाल द्वारा बार-बार अपने बयान से मुकरने का भी जिक्र किया गया है। विजय नायर के बारे में केजरीवाल ने जांच एजेंसी को बताया है कि उसकी नियुक्ति उन्होंने नहीं की थी। वह आतिशी और सौरभ भारद्वाज को रिपोर्ट करता था। लेकिन, मंत्री के आवास में वह किस तरह से रहते थे इस मामले में उन्होंने कुछ नहीं बताया।

नई दिल्ली की सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा, आबकारी घोटाले में आप नेताओं ने शुरू से जनता और मीडिया को गुमराह किया है। कोई साक्ष्य नहीं होने का झूठे दावे करते थे। अब सच्चाई सामने आ गई है। 100 करोड़ के रिश्वत में से 45 करोड़ रुपये गोवा चुनाव में खर्च किए गए हैं। आरोपपत्र में इसकी पूरी जानकारी है। दिल्ली भाजपा मांग करती है कि मंत्री आतिशी, सौरभ भारद्वाज और विधायक दुर्गेश पाठक की भी भागीदारी की जांच होनी चाहिए।

# बिजली बिल पर लिए जा रहे पीपीएसी को लेकर भाजपा और आप में तकरार

### भाजपा ने कहा, आप सरकार की मिलीभगत से बिजली कंपनियां बढ़ा रहीं पीपीएसी

**राज्य ब्यूरो, जागरण ● नई दिल्ली:** पानी व जलभराव के बाद अब दिल्ली में बिजली बिल पर वसूले जा रहे बिजली खरीद समायोजन लागत (पीपीएसी) पर राजनीति शुरू हो गई है। दिल्ली में पिछले दो वर्षों से बिजली की नई दरें घोषित नहीं हुई हैं, परंतु पीपीएसी बढ़ाकर उपभोक्ताओं पर बोझ बढ़ाया जा रहा है। पिछले वर्ष जून के बाद इस वर्ष फरवरी में भी इसमें वृद्धि हुई थी। आगे भी इसे जारी रखने की तैयारी है, जिससे उपभोक्ताओं को किसी तरह की राहत नहीं मिलेगी। भाजपा ने आरोप लगाया है कि दिल्ली सरकार के इशारे पर बिजली वितरण कंपनियां (डिस्काम) पीपीएसी के नाम पर उपभोक्ताओं से मोटी रकम वसूल रही हैं।

फरवरी में बीएसईएस यमुना पावर (बीवाईपीएल) ने 6.15 प्रतिशत, बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड (बीआरपीएल), टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रिब्यूशन लिमिटेड (टीपीडीडीएल) और नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) में 8.75 प्रतिशत पीपीएसी की वृद्धि की गई थी। तीन माह के लिए हुई इस वृद्धि को बिजली कंपनियां आगे बढ़ा रही हैं। इससे प्रतिमाह दो सौ यूनिट तक बिजली खर्च करने वाले उपभोक्ताओं पर कोई असर नहीं पड़ेगा। सबसे अधिक बोझ एनडीएमसी क्षेत्र में रहने वालों पर पड़ेगा। एनडीएमसी क्षेत्र में उपभोक्ताओं से प्रति माह कुल 38.75 प्रतिशत पीपीएसी वसूला जाता है। इसके बाद टीपीडीडीएल 37.88 प्रतिशत, बीआरपीएल 35.83 प्रतिशत और बीवाईपीएल 37.75 प्रतिशत पीपीएसी वसूला जाता है।

पारदर्शिता जरूरी >> संपादकीय

#### क्या होता है पीपीएसी

ईंधन के दाम बढ़ने से डिस्काम को बिजली उत्पादन करने वाली कंपनियों से बढ़े हुए मूल्य पर बिजली खरीदनी पड़ती है। उपभोक्ताओं को मिलने वाली बिजली की दरें इस अनुपात में नहीं बढ़ती हैं। इस घाटे की भरपाई के लिए डिस्काम को उपभोक्ताओं से पीपीएसी वसूलने की अनुमति है। डिस्काम का कहना है कि नौ नवंबर 2021 को जारी बिजली मंत्रालय के निर्देशानुसार सभी राज्यों के विद्युत विनियामक आयोग को यह व्यवस्था बनानी है, जिससे कि दाम बढ़ने पर डिस्काम को बिना आवेदन के पीपीएसी लेने की अनुमति मिल जाए। दिल्ली में 2012 से यह लागू है।

#### मांग का आकलन करके बिजली खरीद की व्यवस्था नहीं हुई


वीरेंद्र सचदेवा

दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि समर एक्शन प्लान नहीं बनाया गया। मांग का आकलन करके बिजली खरीदने के लिए पूर्व व्यवस्था नहीं की गई। मांग बढ़ने पर दिल्ली सरकार व बिजली कंपनियों की नींद टूटी है। उन्होंने दावा किया कि बीआरपीएल ने डीईआरसी की अनुमति के बिना पीपीएसी में 8.75 प्रतिशत की और वृद्धि कर रही है। पूर्व मंत्री अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि सीएम के जेल में होने से डीईआरसी में सदस्यों की नियुक्ति नहीं हुई जिससे डिस्काम मनमानी कर रही है। पेंशन अधिभार भी उपभोक्ताओं से वसूला जाता है।

#### कांग्रेस ने कहा, जनविरोधी फैसले ले रही है आप सरकार

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दिल्ली सरकार पर जनविरोधी फैसले लेने का आरोप लगाया। कांग्रेस नेता व नार्थ दिल्ली रेजिडेंट वेलफेयर फेडरेशन के अध्यक्ष अशोक भसीन ने कहा कि बिजली कंपनियां चोरी छिपे पीपीएसी बढ़ाती हैं। फरवरी से की गई बढ़ोतरी वापस ली जानी चाहिए।

#### दिल्ली सरकार और बिजली कंपनियों ने भाजपा के दावे को गलत बताया


मंत्री आतिशी

ऊर्जा मंत्री आतिशी ने भाजपा पर झूठ फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, डीईआरसी के आदेशानुसार पीपीएसी में बदलाव नहीं होगा। संसद में 2003 से पारित अधिनियम के अनुसार डिस्काम बिजली की बढ़ी मांग को पूरा करने को 10 प्रतिशत तक पीपीएसी बढ़ा सकता है। भाजपा शासित राज्यों में महंगी बिजली मिलती है। नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम, फरीदाबाद में आठ-आठ घंटे के कट लग रहे हैं। दिल्ली में निश्शुल्क व निर्बाध बिजली मिलती है। बीएसईएस ने कहा कि पीपीएसी में कोई नई वृद्धि नहीं की जा रही है।

# पूर्व मंत्री राजकुमार आनंद व विधायक करतार सिंह तंवर भाजपा में शामिल

**राज्य ब्यूरो, जागरण ● नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री राजकुमार आनंद, छतरपुर से आम आदमी पार्टी के विधायक करतार सिंह तंवर, पटेल नगर से पूर्व विधायक वीणा आनंद, छतरपुर के पार्षद उमेश सिंह फोगाट, हिमाचल प्रदेश के आप के पूर्व प्रभारी रत्नेश गुप्ता और सह प्रभारी सचिन राय भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह और दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने उनका पार्टी में स्वागत किया।

लोकसभा चुनाव से पूर्व दिल्ली सरकार पर अनुसूचित जाति विरोधी होने का आरोप लगाते हुए आनंद ने मंत्री पद के साथ ही आम आदमी पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। बसपा के टिकट पर उन्होंने नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ा, परंतु पराजय का सामना करना पड़ा। बुधवार को वह बसपा छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने दिल्ली सरकार पर अनुसूचित जाति के विकास के लिए आवंटित फंड के दुरुपयोग और इस वर्ग के युवाओं को नौकरी नहीं मिलने का आरोप लगाया। वर्ष 2014 में भाजपा छोड़कर आप में शामिल होने वाले करतार सिंह तंवर छतरपुर विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उन्होंने कहा दिल्ली सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त है। काम करने की जगह आरोप की राजनीति करने में व्यस्त है, जिससे दिल्ली बदहाल हो गई है। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने कहा, आप शराब माफिया को समर्थन करने वाली पार्टी है। इस कारण दिल्ली में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी दोनों को दिल्ली की जनता ने नकार दिया। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास के अंदर ही एक महिला सांसद के साथ अभद्रता की जाती है। दिल्ली की सड़कें टूटी हुई हैं, पानी की किल्लत है और घोटाले हो रहे हैं।


पूर्व मंत्री राजकुमार आनंद ( दाएं) के भाजपा में शामिल होने पर स्वागत करते भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ( मध्य) और प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ● ध्रुव कुमार

#### विपक्ष को खत्म करने की साजिश रच रही भाजपा : आप

**राब्यू, जागरण ● नई दिल्ली:** राज कुमार आनंद और करतार सिंह तंवर के भाजपा में शामिल होने पर आप ने कहा कि सबको पता है कि राज कुमार आनंद जांच के घेरे में थे। हमने पहले भी कहा था कि केंद्रीय जांच एजेंसियों की ओर से उन पर दबाव बनाया जा रहा है और वह जल्द ही भाजपा में शामिल हो जाएंगे। अगर वह आप से सीधे भाजपा में जाते, तो वह केजरीवाल को गाली नहीं दे पाते और बसपा से चुनाव लड़कर वोट नहीं काट पाते। आप ने कहा कि करतार सिंह तंवर भी केंद्रीय जांच एजेंसियों की जांच के दबाव में थे। वर्ष 2016 में आयकर विभाग ने उनके घर पर छापा मारा था और उनसे 130 करोड़ रुपये की बेहिसाब नकदी बरामद करने का दावा किया था। भाजपा देश से विपक्ष को खत्म करने की साजिश कर रही है ताकि कोई भी आम लोगों की आवाज न उठा सके।

# पूछताछ के दौरान केजरीवाल ने दिए गोलमोल जवाब : ईडी

प्रथम पृष्ठ से आगे

सह-आरोपित विनोद चौहान अरविंद केजरीवाल के माध्यम से दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) में अधिकारियों की पोस्टिंग का प्रबंधन कर रहा था। विनोद चौहान ही चुनाव प्रचार के लिए दी गई 45 करोड़ रुपये की रिश्वत में से 25.5 करोड़ रुपये दिल्ली से गोवा स्थानांतरित करने के लिए जिम्मेदार था।

जांच एजेंसी ने इस साल 21 मार्च को सीएम केजरीवाल को उनके सरकारी बंगले से गिरफ्तार करने के बाद से 11 बार उनका बयान दर्ज किया। आरोपपत्र में ईडी ने आरोप लगाया कि हिरासत में पूछताछ के दौरान केजरीवाल ने गोलमोल जवाब दिए और जानकारी छिपाई। ईडी ने कहा कि केजरीवाल के कई डिजिटल उपकरण जब्त किए है, लेकिन उन्होंने इन उपकरणों का पासवर्ड बताने से इन्कार कर दिया है। उनके उपकरणों को खोलने से इन्कार करने को लिखित रूप में दर्ज किया गया और पूछताछ की वीडियो रिकार्डिंग की गई है। ईडी ने कहा कि केजरीवाल ने पूछताछ में कहा कि उनके अधिवक्ताओं ने सलाह दी है कि उपकरणों के पासवर्ड साझा करने की आवश्यकता नहीं है।

**आम आदमी पार्टी को भी घेरा:** एजेंसी ने कहा कि केजरीवाल पीएमएलए की धारा 4 के तहत मनी लांड्रिंग के अपराध में अपनी भूमिका के लिए उत्तरदायी थे और आप के मामलों का संचालन करने के लिए परोक्ष रूप से जिम्मेदार हैं। केजरीवाल आप के राष्ट्रीय संयोजक और राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य हैं और आंतरिक रूप से नीति निर्माण, रिश्वत की योजना और इससे उत्पन्न अपराध की आय के अंतिम उपयोग और उसकी साजिश में शामिल थे। आप के नेताओं द्वारा अपने और कुछ निजी व्यक्तियों के लिए अवैध धन लगातार पैदा करने और उसे प्रसारित करने की साजिश के परिणामस्वरूप उत्पाद शुल्क नीति लाई गई थी। आरोपपत्र में यह भी कहा गया कि विजय नायर केजरीवाल का करीबी सहयोगी था। उसने बिचौलिये के रूप में काम किया और केजरीवाल ने साउथ ग्रुप से रिश्वत की मांग की। जब कुछ एल-वन थोक विक्रेताओं ने दिल्ली में आप को रिश्वत देने से इन्कार कर दिया, तो राज्य के अधिकारियों के माध्यम से पंजाब में उनके व्यवसायों को निशाना बनाया गया।

**हवाला के नोट के नंबरों के स्क्रीन शाट पेश किए:** ईडी ने कहा कि बीआरएस नेता के. कविता ने दक्षिण समूह के सदस्यों और आप नेताओं की ओर से विजय नायर के माध्यम से 100 करोड़ रुपये की रिश्वत देने और अनुचित लाभ प्राप्त करने के लिए साजिश रची। विजय नायर की बातचीत और रिपोर्टिंग की सीमा के बारे में पूछे जाने पर केजरीवाल ने कहा कि वह उन्हें नहीं बल्कि आतिशी और सौरभ भारद्वाज को रिपोर्ट करते थे। ईडी ने कहा कि केजरीवाल ने आप के अन्य सदस्यों के बारे में भी झूठे और विपरीत सुबूत दिए, जो उपलब्ध तथ्यों और रिकार्ड के विपरीत हैं। जब उनका अपनी ही पार्टी के नेताओं द्वारा दिए गए बयानों का सामना कराया गया तो उन्होंने उन्हें भ्रमित बताया। ईडी ने आरोपपत्र में आरोपितों के फोन की कुछ स्क्रीनशाट की फोटो भी लगाई है, जिसमें हवाला के नोट के नंबरों के फोटो शामिल हैं।

# हल्की वर्षा ने बढ़ाई उमस, आज भी ऐसा ही मौसम


**राब्यू, जागरण ● नई दिल्ली:** मौसम में उतार चढ़ाव के बीच बुधवार को राजधानी में कहीं-कहीं हल्की वर्षा हुई। उमस बढ़ने के साथ तापमान में भी बढ़ोतरी हुई। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि बृहस्पतिवार को भी कमोबेश ऐसा ही मौसम रहेगा। शुक्रवार को मध्यम स्तर की वर्षा होने की संभावना है।

बुधवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक 36.4 और न्यूनतम तापमान सामान्य स्तर पर 27.5 डिग्री सेल्सियस रहा। हवा में नमी का स्तर अधिकतम 98 और न्यूनतम 61 प्रतिशत रहा। शाम साढ़े पांच बजे तक 10.1 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई। पालम में 25.4 मिमी, रिज क्षेत्र में 3.9 मिमी और लोधी रोड पर 5.0 मिमी हुई। बृहस्पतिवार को भी बादलों की आवाजाही लगी रहेगी। हल्की वर्षा की संभावना है। ग्रीन अलर्ट जारी किया गया है।

#### 'मध्यम' श्रेणी में पहुंची हवा

लगातार छह दिनों से 'संतोषजनक' श्रेणी में चल रही दिल्ली की हवा बुधवार को फिर से 'मध्यम' श्रेणी में पहुंच गई। एक्यूआइ 138 दर्ज किया गया। एक दिन पहले यह 84 था। यानी 24 घंटे में इसमें 54 अंकों की वृद्धि हो गई। वहीं बीते छह दिनों से एक्यूआइ लगातार 100 से नीचे यानी 'संतोषजनक' श्रेणी में चल रहा था। अगले दो दिनों में वायु गुणवत्ता का स्तर 'मध्यम' ही बना रहेगा।

#### सप्ताह भर का दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक






संपादकीय जागरण

गुरुवार, 11 जुलाई, 2024 : आषाढ़ शुक्ल – 5 वि. 2081

सुख में संयम और दुख में धैर्य धारण करना ही श्रेयस्कर है

# सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

**सुप्रीम कोर्ट** का यह आदेश व्यापक प्रभाव वाला है कि तलाकशुदा मुस्लिम महिलाएं भी पति से भरण-पोषण यानी गुजारा भत्ता पाने की अधिकारी हैं। यह इसलिए एक बड़ा और बेहद महत्वपूर्ण निर्णय है, क्योंकि इसके माध्यम से सुप्रीम कोर्ट ने राजीव गांधी सरकार की ओर से उठाए गए एक गलत कदम का प्रतिकार करने के साथ ही मुस्लिम महिलाओं को न्याय देने का काम किया है। एक तरह से इस निर्णय के जरिये सुप्रीम कोर्ट ने यही रेखांकित किया कि बहुचर्चित शाहबानो मामले में उसकी ओर से दिया गया फैसला सर्वथा उचित एवं संविधानसम्मत था और राजीव गांधी सरकार ने उसे पलट कर सही नहीं किया था। ज्ञात हो कि शाहबानो पर सुप्रीम कोर्ट का 1985 का फैसला भी गुजारा भत्ता से संबंधित था, लेकिन मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति के चलते राजीव गांधी सरकार ने इस फैसले को पलट दिया था और 1986 में कट्टरपंथी मुस्लिम संगठनों के दबाव में आकर उनके मन मुताबिक और शरिया के अनुकूल मुस्लिम महिला अधिनियम बनाया था। इस अधिनियम का एकमात्र उद्देश्य मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों का हनन करना था। अब सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यह अधिनियम किसी पंथनिरपेक्ष कानून पर हावी नहीं होगा और तलाकशुदा मुस्लिम महिलाएं गुजारा भत्ता के लिए दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत याचिका दायर कर सकती हैं।

तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं के भरण-पोषण पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला केवल यही नहीं कह रहा कि अलग-अलग समुदाय की महिलाओं को भिन्न-भिन्न कानूनों से संचालित नहीं किया जा सकता, बल्कि समान नागरिक संहिता की आवश्यकता भी जता रहा है। इसी के साथ यह भी संदेश दे रहा है कि देश के लोग संविधान से चलेंगे, न कि अपने पर्सनल कानूनों से, वे चाहे जिस पंथ-मजहब के हों। यह अपेक्षा अनुचित नहीं कि विपक्षी दलों के वे नेता सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले की प्रशंसा करने के लिए आगे आएं, जो पिछले कुछ समय से संसद के भीतर-बाहर संविधान की प्रतियां लहराकर यह दावा करने में लगे हुए हैं कि उन्होंने उसकी रक्षा की है और वे उसे बचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यदि संविधान के प्रति उनकी प्रतिबद्धता सच्ची है तो उन्हें इस फैसले का स्वागत करना ही चाहिए। इसकी भरी-पूरी आशंका है कि इस फैसले से कुछ मुस्लिम संगठन असहमति जताने के साथ उसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती भी दें। पता नहीं वे क्या करेंगे, लेकिन राहत की बात यह है कि इस समय केंद्र में मोदी सरकार है, न कि तथाकथित सेक्युलरिज्म की दुहाई देने वाली कोई सरकार। यह सही समय है कि मोदी सरकार समान नागरिक संहिता लागू करने के अपने वादे को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़े। इसका कोई औचित्य नहीं कि देश में अलग-अलग समुदायों के लिए तलाक, गुजारा भत्ता, उत्तराधिकार, गोद लेने आदि के नियम-कानून इस आधार पर हों कि उनका पंथ-मजहब क्या है?

# पारदर्शिता जरूरी

**दिल्ली में** बिजली बिलों पर वसूले जाने वाले बिजली खरीद समायोजन लागत (पीपीएसी) को लेकर सत्तारूढ़ आप और प्रमुख विपक्षी दल भाजपा में आरोप-प्रत्यारोप अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। इस मामले में पारदर्शिता न होने के कारण ही दोनों राजनीतिक दल दिल्लीवासियों के समक्ष अपने आरोपों को सही साबित करने में लगे हैं। भाजपा जहां दिल्ली की आप सरकार पर आरोप लगा रही है कि उसकी मिलीभगत से बिजली वितरण कंपनियों ने पीपीएसी 8.75 प्रतिशत तक बढ़ा दिया है। उपभोक्ताओं को बढ़ा हुआ बिजली बिल मिल रहा है। दूसरी ओर आप सरकार की ऊर्जा मंत्री का कहना है कि भाजपा इसे लेकर अफवाह फैला रही है। उनका कहना है कि दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग (डीईआरसी) का आदेश है कि वर्तमान पीपीएसी में कोई बदलाव नहीं होगा। उपभोक्ताओं को स्पष्ट जानकारी मिलनी चाहिए कि उन्हें भेजे जाने वाले बिल में बढ़ोतरी हो रही है या नहीं।

> किसी तरह का अधिभार या अन्य शुल्क लगाया जाए, तो इसकी पूर्व जानकारी उपभोक्ताओं को देनी चाहिए, यह उनका अधिकार है

फरवरी में भी उपभोक्ताओं को बिना जानकारी दिए पीपीएसी बढ़ा दिया गया था। अब भी उपभोक्ता इसे लेकर असमंजस में हैं। दिल्ली में पिछले दो वर्षों से बिजली की नई दरें घोषित नहीं हुई हैं। पिछले दरवाजे से बिजली महंगी की जा रही है। राज्य सरकार व डीईआरसी को बिजली की नई दरें घोषित करने को लेकर गंभीरता जरूरी। किसी तरह का अधिभार या शुल्क लगाया जाता है तो उपभोक्ताओं को पूर्व जानकारी अवश्य मिलनी चाहिए। यह उनका अधिकार है।

## कह के रहेंगे


माधव जोशी




## जागरण जनमत

कल का परिणाम

**क्या पाकिस्तान के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक जैसी कार्रवाई आवश्यक है?**




**आज का सवाल**
क्या गौतम गंभीर को भारतीय टीम का कोच बनाने का फैसला सही है?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है। सभी आंकड़े प्रतिशत में।

# चीन के साथ अमेरिका से भी सतर्क रहे भारत



दिव्य कुमार सोती

**यदि चीन प्रत्यक्ष रूप में हमलावर है तो अमेरिका भी विश्वास करने लायक मित्र नहीं दिखता**

यह दिख रहा है कि भारतीय प्रधानमंत्री की रूस यात्रा पश्चिमी देशों को रास नहीं आई, लेकिन भारत के लिए पश्चिम और खासकर अमेरिका और उसके सहयोगी देशों पर आंख मूंदकर भरोसा न करने के पर्याप्त कारण हैं। अमेरिका अपने हितों की खातिर चीन के खिलाफ भारत का इस्तेमाल तो करना चाहता है, लेकिन भारत के हितों की रक्षा करने के लिए तैयार नहीं दिखता। इसका एक संकेत तब मिला था, जब पिछले दिनों अमेरिकी सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल ने भारत यात्रा के दौरान तिब्बती बौद्धों के सर्वोच्च धर्मगुरु और नेता दलाई लामा से धर्मशाला में मुलाकात की थी। बाद में यह समूह प्रधानमंत्री मोदी से भी मिला। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व तिब्बत से जुड़े मामलों पर मुखर रहीं वरिष्ठ अमेरिकी सांसद नैंसी पैलोसी कर रही थीं। पैलोसी ने अपने भाषण में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के विरोध में भारत की धरती से बहुत सख्त शब्दों का प्रयोग किया, लेकिन उन्होंने भारत के प्रति चीन के आक्रामक रवैये पर कुछ खास नहीं कहा। चूंकि अमेरिका इस समय चीन के साथ प्रभुत्व के संघर्ष में उलझा हुआ है तो पैलोसी की बातें हैरान करने वाली नहीं हैं। यहां भारत का बदला हुआ रुख उल्लेखनीय है।

वर्ष 1993 के सीमा शांति समझौते और फिर 2013 तक चीन के साथ मधुर व्यापारिक संबंधों के दौर में नई दिल्ली में बैठी सरकारों ने चीन को नाराज न करने के उद्देश्य से दलाई लामा से दूरी बनाने की नीति अपना रखी थी। भारत में सरकारों के शिथिल रवैये का लाभ उठाकर चीन हमारे तमाम हिस्सों पर अपना दावा करने का दुस्साहस दिखाने लगा। 2020 में जब गलवन घाटी में पानी सिर से ऊपर गुजरने लगा तब भारत ने चीन को उसकी भाषा में ही जवाब देना शुरू किया। उसके बाद से दोनों देशों के बीच सैन्य तनाव रह-रहकर सिर उठाता रहा है। चीन अपनी हरकतों से बाज आने को तैयार नहीं दिखता। अब वह पाकिस्तान से 1963 में अवैध रूप से हासिल की गई शक्सगाम घाटी में एक नई सड़क बना रहा है। यह पाकिस्तान के साथ मिलकर सियाचिन और काराकोरम क्षेत्र में भारत को तीन ओर से घेरने का प्रयास हो सकता है, लेकिन इसे सिर्फ भारत चीन संबंधों के सीमित संदर्भ में नहीं देखा जा सकता। चीन की ओर से ताइवान पर भी हमले का खतरा निरंतर मंडरा रहा है।

वैश्विक भूराजनीतिक परिस्थितियों को देखें तो अमेरिकी लिबरल खेमे की शह पर यूक्रेन जिस प्रकार रूस के विरुद्ध डटा हुआ है, उससे एशिया को लेकर अमेरिकी समीकरण बिगड़ गए हैं। इस युद्ध के चलते पश्चिमी प्रतिबंधों के कारण रूस चीन पर अत्यधिक निर्भर होता जा रहा है। बीते दिनों पुतिन ने उत्तर कोरिया का दौरा भी किया। ईरान भी अब रूस-चीन के खेमे में ही है। एक ओर इजरायल और दूसरी ओर यूक्रेन के सामरिक मोर्चे पर फंसे अमेरिका को अब ताइवान की सुरक्षा को लेकर भी दबाव महसूस हो रहा है। इराक और अफगानिस्तान के लंबे खिंचे युद्धों में भारी नुकसान उठा चुका अमेरिका संभवतः ताइवान की सुरक्षा के लिए अपने सैनिकों का खून नहीं बहाना चाहता। चिंता की बात यह भी है कि ताइवान स्ट्रेट तथा दक्षिण चीन सागर में चीनी नौसेना की शक्ति निरंतर बढ़ रही है। अगर ताइवान को लेकर चीनी और अमेरिकी नौसेना में सीधी झड़प होती है तो भरी-पूरी आशंका है कि अमेरिकी नौसेना को भारी क्षति उठानी पड़ सकती है।



अवधेश राजपूत

जब गलवन में भारत ने चीन को करारा जवाब दिया तो पश्चिमी मीडिया ने उसकी भूरि-भूरि प्रशंसा की थी। उसने कहा था कि पूरे एशिया में भारत ही एकमात्र ऐसा देश दिखाई पड़ता है, जो चीन का रास्ता रोक सकता है। ऐसे में चीन के साथ शक्ति संतुलन और सीधी सैन्य झड़प की स्थिति में अमेरिका के लिए भारत का महत्व बहुत अधिक है। इसके बावजूद अमेरिकी नीतिकार विशेषकर उसका लिबरल खेमा दुविधा में दिखता है। एक ओर जहां वह भारत के बल पर चीन की शक्ति को संतुलित करना चाहता है, वहीं दूसरी ओर आवश्यकता पड़ने पर भारत के कंधे पर रखकर बंदूक भी चलाना चाहता है। रूस के साथ भारत के संबंध उसे खटकते हैं। वह अपनी समस्या को भारत की समस्या बनाना चाहता है। आखिर नाटो के यूक्रेन तक विस्तार से भारत को क्या लेना-देना? असल में, चीन को रोकने के मुख्य लक्ष्य पर ध्यान देने की जगह शीत युद्ध वाली मानसिकता के साथ अमेरिकी नीतिकार रूस से परोक्ष युद्ध में उलझे हैं और इस पूरी स्थिति का लाभ चीन उठा रहा है।

पीएम मोदी की हालिया रूस यात्रा से पहले अमेरिकी राजदूत यह कहते सुनाई पड़े कि प्रतिबंधों के बावजूद रूस के साथ व्यापार कर रही भारतीय कंपनियों पर अमेरिकी कार्रवाई की गाज गिर सकती है। अमेरिका भारत की सुरक्षा चिंताओं को भी अनदेखा कर रहा है। अमेरिका और उसके मित्र देश खालिस्तानी आतंकवादियों को खुलकर संरक्षण दे रहे हैं। यही काम कनाडा और भी अधिक खुलकर कर रहा है। आए दिन भारत को धमकाने वाले गुरपतवंत सिंह पन्नू जैसे आतंकियों की अमेरिकी एजेंसियां ढाल बनी हुई हैं। इस मामले में भारत को दबाव में लेने के लिए निखिल गुप्ता नाम के एक भारतीय को बलि का बकरा बनाया जा रहा है। जबकि निखिल गुप्ता पर लगाए गए आरोपों का एकमात्र गवाह अमेरिकी खुफिया एजेंसी डीईए का ही एक अधिकारी है। यह वही एजेंसी है, जिसके लिए 26/11 मुंबई हमलों का मुख्य साजिशकर्ता डेविड हेडली काम करता था। हेडली को अमेरिका ने आज तक भारत को नहीं सौंपा।

मणिपुर से लेकर म्यांमार तक फैली अस्थिरता में अमेरिकी एजेंसियों की संदिग्ध भूमिका अब जाहिर हो चुकी है। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना तो यहां तक कह चुकी हैं कि अमेरिका इस क्षेत्र में एक ईसाई राष्ट्र बनाना चाहता है ताकि चीन के विरुद्ध उसका अपना एक बेस तैयार हो सके। ऐसे में, अमेरिका को यह निर्णय करना होगा कि यदि उसे चीन के विरुद्ध भारत की मदद चाहिए तो वह भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करना बंद करे। हालांकि डेमोक्रेटिक पार्टी के शासनकाल में यह कठिन लगता है। वास्तव में यदि चीन प्रत्यक्ष रूप में हमलावर है तो अमेरिका भी विश्वास करने लायक मित्र नहीं दिखता। इसलिए यह भारतीय विदेश नीति की कठिन परीक्षा का समय है। भारत को चीन के साथ अमेरिका से भी सतर्क रहना होगा।

(लेखक काउंसिल आफ स्ट्रैटेजिक अफेयर्स से संबद्ध सामरिक विश्लेषक हैं)

response@jagran.com

# राहुल की नजर में अयोध्या आंदोलन



अवधेश कुमार

**अयोध्या आंदोलन को हराने का वक्तव्य हिंदू समाज को फिर से हीन ग्रंथि का शिकार बनाने की कोशिश ही है**

राहुल गांधी द्वारा हाल में लोकसभा के अंदर और बाहर दिए जा रहे कुछ वक्तव्यों के गहराई से विश्लेषण करने की आवश्यकता है। लोकसभा में उन्होंने भाजपा पर हमला करते हुए हिंदू शब्द की अपने अनुसार व्याख्या की तो गुजरात के राजकोट में कहा कि आडवाणी जी ने जो अयोध्या आंदोलन आरंभ किया, उसे हमने यानी विपक्षी मोर्चे आइएनडीआइए ने हरा दिया। लोकसभा में उन्होंने कहा कि जो लोग खुद को हिंदू कहते हैं, वे 24 घंटे हिंसा-हिंसा, नफरत-नफरत.... हैं। टोके जाने पर उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी पूरा हिंदू समाज नहीं है, भाजपा पूरा हिंदू समाज नहीं है, संघ पूरा हिंदू समाज नहीं है। राजकोट और लोकसभा के दोनों बयान अलग-अलग दिखाई दे सकते हैं, पर हैं दोनों एक-दूसरे से जुड़े हुए और कई मायनों में खतरनाक।

शायद राहुल गांधी के रणनीतिकार और सलाहकार उन्हें समझा रहे हैं कि संघ, भाजपा और मोदी के प्रति हमलावर वक्तव्यों से कांग्रेस को चुनाव में लाभ मिला है, इसलिए आगे और हमलावर बनना है। राजनीति में विरोधियों की विचारधारा को नकारकर अपनी विचारधारा स्थापित करने की कोशिश असामान्य नहीं है, किंतु यह विषय केवल सामान्य राजनीतिक विचारधारा का नहीं है। हिंदू, हिंदुत्व और राम जन्मभूमि आंदोलन न दलीय राजनीति का विषय है और न केवल भाजपा का। क्या फैजाबाद संसदीय क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार की पराजय अयोध्या आंदोलन की पराजय है?

यह ठीक है कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अगर भाजपा का उम्मीदवार फैजाबाद से पराजित हुआ तो निश्चित रूप से अनेक प्रश्न पैदा होंगे, लेकिन राहुल गांधी के रणनीतिकारों को या तो अयोध्या आंदोलन और उसके महत्व का ज्ञान और अहसास नहीं है या फिर वे राजनीतिक लाभ के लिए इसे अत्यंत छोटा और भाजपा तक सीमित करने की रणनीति अपना रहे हैं। न अयोध्या आंदोलन लालकृष्ण आडवाणी ने आरंभ किया और न ही उनके बैठ जाने से यह समाप्त हुआ। उच्चतम न्यायालय के फैसले से भी यह स्पष्ट है कि यह आंदोलन अंग्रेजों के समय और उसके पहले भी था तथा आजादी के बाद न्यायिक सहित कई स्तरों पर जारी रहा। भाजपा ने केवल यह तय किया था कि इस आंदोलन को धार देने के लिए हमें प्रमुख कार्यक्रमों में इसे शामिल करना चाहिए और इसी कारण सोमनाथ से अयोध्या तक आडवाणी की रथ यात्रा निश्चित हुई। आडवाणी ने 6 दिसंबर, 1992 को अयोध्या ढांचे के विध्वंस के बाद एक लेख में इसे जीवन का सबसे दुखद दिन कहा था। उसके बाद वह आंदोलन में सक्रिय नहीं दिखे। क्या इससे मंदिर निर्माण आंदोलन खत्म हो गया था?



अभी खत्म नहीं हुआ अयोध्या आंदोलन ● फाइल

इस समय विपक्ष की रणनीति अयोध्या पर भाजपा के विचार और व्यवहार को परास्त सिद्ध करने की है। फैजाबाद से सपा सांसद अवधेश प्रसाद को लोकसभा में आगे बैठाकर विपक्ष भाजपा के अंदर सतत पराजय का भाव स्थापित करने के साथ आम लोगों के जेहन में भी इसे बनाए रखने की रणनीति अपना रहा है। भारतीय लोकतंत्र की समस्या यह है कि दलीय और वोट की राजनीति की दृष्टि से राजनीतिक दल कई बार इतने नीचे स्तर तक उतरते हैं कि हम उसकी कल्पना नहीं कर सकते। अयोध्या आंदोलन केवल एक मंदिर निर्माण का आंदोलन नहीं था। यह भारत सहित संपूर्ण हिंदू समाज को सांस्कृतिक रूप से फिर से जाग्रत करने, प्रखर करने और उसके मानसिक निर्माण का आंदोलन था। इसका असर भी हुआ। यह प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हुई है। बावजूद इसके हम यह देख सकते हैं कि पिछले कुछ वर्षों में संपूर्ण विश्व का हिंदू अपने धर्म, सभ्यता-संस्कृति, आचार-विचार को लेकर पहले से ज्यादा मुखर और आवश्यकता पड़ने पर आक्रामक हुआ है। इसका असर भारत के साथ उन सारे देशों में है, जहां-जहां हिंदुओं की ठीक-ठाक संख्या है। संकीर्ण राजनीतिक कारणों से विरोधियों की कोशिश है कि हिंदुओं के अंदर किसी तरह हीन ग्रंथि पैदा की जाए। अंग्रेजों ने इतिहास, समाजशास्त्र तथा सभ्यता की व्याख्याओं से हिंदू समाज के अंदर यही हीन ग्रंथि पैदा की, जो अभी तक पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। इस समय भारत अंतरराष्ट्रीय फलक पर भी अपना स्वाभाविक चरित्र थोड़ा-थोड़ा दिखाने लगा है तो इससे दुनिया की अनेक शक्तियों को परेशानी हुई है। दूसरी ओर कांग्रेस सहित अनेक दलों को चुनावी राजनीति में वैसे हाशिये पर जाना पड़ा, जिसकी उन्होंने कल्पना नहीं की थी। इसलिए संसद में कही गई राहुल गांधी की बात या अयोध्या आंदोलन को हराने का वक्तव्य पूरे समाज को फिर से हीन ग्रंथि का शिकार बनाने की कोशिश है। आगे ऐसे और भी बयान आएंगे, क्योंकि राहुल और उनके रणनीतिकारों की समझ अयोध्या आंदोलन के बारे में अत्यंत ही सतही है।

यदि विपक्ष यह सोच रहा है कि एक विशेष निर्वाचन क्षेत्र में विजय प्राप्त कर उसने पूरे अयोध्या आंदोलन को परास्त कर दिया तो यह उसका दंभ ही है। क्या फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र में भाजपा के उम्मीदवार की करीब 55 हजार मतों से पराजय को पूरे आंदोलन की पराजय मान लिया जाए? यह भी ध्यान रहे तो बेहतर कि मंदिर निर्माण आंदोलन अयोध्या तक सीमित आंदोलन नहीं था। यह संपूर्ण भारत और विश्व भर के हिंदुओं का आंदोलन था।

यह सच है कि हिंदुओं का समर्थन भाजपा को अयोध्या के कारण बढ़ना आरंभ हुआ, मगर 6 दिसंबर 1992 के बाद लंबे समय तक भाजपा द्वारा इसके पक्ष में बड़ा आंदोलन नहीं किया गया। तथ्य यह भी है कि पूर्व में भी फैजाबाद से भाजपा प्रत्याशी पराजित होते रहे हैं। क्या यह कहा जा सकता है कि तब भी अयोध्या आंदोलन परास्त हो गया था? चुनाव में कई कारकों से जीत और हार होती है। उसका किसी आंदोलन के समर्थन या विरोध के रूप में मूल्यांकन अपने आप में दोषपूर्ण है।

(लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं)

response@jagran.com

## ऊर्जा

### लक्ष्य प्राप्ति

इस दुर्लभ मानव जीवन को सार्थक बनाने के लिए किसी लक्ष्य का होना अत्यंत आवश्यक है। लक्ष्य ऐसा हो जो व्यापक मानवीय हितों की पूर्ति पर केंद्रित हो। ऐसा लक्ष्य हमें हर दिन प्रयास करने और सफलता की ओर एक-एक कदम बढ़ाने की प्रेरणा देता है। जब हम अपने निर्धारित लक्ष्य के प्रति उत्साहित होते हैं तब हमारी ऊर्जा और दृढ़संकल्प हमें सफलता की ओर ले जाते हैं। कई बार सफलता नहीं भी मिलती। इससे विचलित होने की आवश्यकता नहीं। अमेरिकी लेखक टोनी राबिंस ने कहा है, 'लोग स्वाभाविक रूप से आलसी नहीं होते हैं, बल्कि उनके पास ऐसे लक्ष्य होते हैं जो उन्हें प्रेरित नहीं करते। यदि लोग अपने जीवन में प्रेरणादायक और अर्थपूर्ण लक्ष्य तय करें तो वे अधिक सक्रिय और प्रतिबद्ध हो सकते हैं।'

जरूरी है कि हम सकारात्मक सोच के साथ लक्ष्य का चयन करें। अपनी क्षमता पहचानें और उसे पूर्ण करने के लिए बार-बार स्वयं को प्रेरित करें। लक्ष्य प्राप्ति से पहले तक सफलता दिखाई नहीं देती। इसलिए सफल व्यक्तियों के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके समक्ष आने वाली कठिनाइयों से सीख लेना अत्यंत महत्वपूर्ण है। सफलता का मार्ग सीधा और सरल नहीं होता। हर सफल व्यक्ति ने अपने जीवन में कई कठिनाइयों और असफलताओं का सामना किया है, लेकिन उनके सफल होने का कारण है कि उन्होंने कभी हार नहीं मानी।

निरंतर प्रयास करते रहना एवं पूर्ण समर्पण ही लक्ष्य प्राप्ति की प्रमुख कुंजी है। हमें यह समझना चाहिए कि असफलता केवल एक पड़ाव है न कि अंत। असफलता हमें हमारी कमियों और गलतियों से अवगत कराती है और हमें सुधार का अवसर देती है। इसलिए असफलता से न डरें। यह भी स्मरण रहे कि सफलता का वास्तविक अर्थ यह है कि हम अपने सपनों को साकार करें और जीवन में संतुष्टि प्राप्त करें। लक्ष्य निर्धारण और उसकी प्राप्ति के लिए लगातार प्रयास करते रहें। तब एक दिन आप अपने सपनों को साकार होते हुए देखेंगे।

सोमा सुर

## पाठकनामा

pathaknama@nda.jagran.com

### बुनियादी ढांचे की बेहतर हो गुणवत्ता

'कमीशनखोरी की कीमत चुकाता देश' शीर्षक से प्रकाशित आलेख में राजीव सचान ने देश की एक गंभीर समस्या को रेखांकित किया है। इसमें कोई संदेह नहीं कि बीते कुछ वर्षों के दौरान देश में बुनियादी ढांचे के निर्माण में खासी तेजी आई है। केंद्र सरकार ने अपने पूंजीगत व्यय में भी अच्छी-खासी बढ़ोतरी कर यह संकेत दिया है कि बुनियादी ढांचे का निर्माण उसकी प्राथमिकताओं में शामिल है। यह निश्चित रूप से एक अच्छी पहल है कि बुनियादी ढांचे को उन्नत किए जाने के लिए प्रयासों में तेजी आई है, लेकिन इसके साथ ही जिस ढांचे का निर्माण हो रहा है उसकी गुणवत्ता सुनिश्चित करना भी उतना ही आवश्यक है। यदि ढांचे का निर्माण होता रहेगा और कुछ समय बाद वह धराशायी होने लगे तब फिर यह 'नौ दिन चले अढ़ाई कोस' वाली कहावत को ही चरितार्थ करेगा। चूंकि बुनियादी ढांचा न केवल जीवन को सुगम बनाने की एक अहम कड़ी होती है, बल्कि यह कई अन्य उद्योगों एवं औद्योगिक गतिविधियों के लिए भी आधारभूत ढांचे की भूमिका निभाता है। इसलिए इस दिशा में कोई सख्त नियामकीय व्यवस्था बनाकर सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि बुनियादी ढांचे के निर्माण में किसी प्रकार की कोई कोताही न बरती जाए। अगर हिमालय की चोटियों पर अटल टनल जैसे निर्माण से भारत को वैश्विक प्रतिष्ठा मिलती है तो राजधानी दिल्ली के व्यस्त हवाईअड्डे के एक हिस्से की छत गिरने से देश की जगहंसाई भी होती है। उसमें जान-माल का नुकसान दुश्वारियां बढ़ाने के साथ ही पीड़ा भी पहुंचाता है।

प्रिया पांडेय, नोएडा

### कमीशनखोरी हो बंद

राजीव सचान के आलेख ''कमीशनखोरी की कीमत चुकाता देश'' में नेता, नौकरशाह और सरकार की तिकड़ी को दोयम दर्जे के निर्माण में उत्तरदायी बताया है। कमीशनखोरी के तीन यार नेता, नौकरशाह और सरकार। चाहे निर्माण कार्य पुल, एयरपोर्ट, हाईवे, सड़क निर्माण, आवास योजना आदि किसी भी प्रकार का हो उसकी आधारशिला इन तीनों के बिना संभव नहीं। मानसून की पहली वर्षा ने निर्माण कार्य की पोल खोली दी है। आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला चलेगा और फिर जांच आयोग और निलंबन। हर साल यही सिलसिला चलता है और चलता रहेगा। लोकसभा चुनाव में भाजपा के अप्रत्याशित परिणामों में उसकी झलक देखने को मिली। जब तक नेता, नौकरशाह और सरकार की मिलीभगत दूर नहीं होगी, तब तक कमीशन, दलाली और भ्रष्टाचार का यह खेल अनवरत चलता रहेगा। अभी भी देश में ब्रिटिश शासन काल में बने अनेकों पुल और भवन सही सलामत हैं और केवल 10-20 साल पुराने ध्वस्त हो रहे हैं। विडंबना भी है कि कई निर्माण ऐसे भी हैं, जो उद्घाटन के पहले ही ध्वस्त हो गए। फिर नया टेंडर और फिर वही कमीशन, दलाली और राजस्व की बदहाली। जब निर्माण कार्यों की आधारशिला ही दलाली और भ्रष्टाचार से बनी होगी तो यही होना है। न खाऊंगा, न खाने दूंगा केवल जुमला मात्र बनकर न रह जाए। इस पर पूरी तरह अमल होने की जरूरत है। इसके लिए हर स्तर पर प्रयास करने होंगे। इसके लिए जिम्मेदारी तय करने के साथ ही दंड भी तय होगा।

कैलाश मेहरा, गुरुग्राम

### विपक्षी दलों को क्या हुआ है

अखिरकार हमारे देश के विपक्षी दलों की राजनीति को क्या हो गया है? देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रूस की राजकीय यात्रा पर हैं, जहां से कच्चा पेट्रोल, डीजल, गैस, अत्याधुनिक मिसाइल, डिफेंस सिस्टम एस-400, टैंक, अन्य वस्तुओं के आयात निर्यात और वैश्विक राजनीतिक घटनाक्रम पर अहम चर्चा हुई। एक बार फिर से रूस ने भी भारत की स्वतंत्र विदेश नीति का लोहा माना। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 'यूक्रेन-रूस युद्ध में मासूमों की दर्दनाक मौत और बम से शांति नहीं' जैसे बड़े बयान देने पर अमेरिका ने भी बड़े ही सधे शब्दों में भारत का भरपूर समर्थन किया है। निस्संदेह पूरे विश्व की निगाहें प्रधानमंत्री मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच गंभीर वार्तालाप पर टिकी हुई थी। यहीं नहीं देश के प्रधानमंत्री मोदी को रूस के सर्वोच्च सम्मान आर्डर आफ सेंट एंड्रयू द अपोसल से सम्मानित किया गया है, जोकि 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है। कितना हास्यास्पद और अपरिपक्व राजनीति की पराकाष्ठा है कि देश के प्रमुख विपक्षी दलों के वरिष्ठ नेतागण मणिपुर यात्रा न करने पर प्रधानमंत्री मोदी पर तंज कस रहे थे। कांग्रेस पार्टी को आइएनडीआइए के घटक दल डीएमके से तामिलनाडु में जहरीली शराब पीने से 65 दलित लोगों की मौतों पर विवेचना करनी चाहिए। सत्ता में आने पर 8,500 रुपये प्रति महीना देने वाली कांग्रेस ने पार्टी शासित राज्य कर्नाटक में लोस चुनाव के बाद पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी क्यों की? एक प्रश्न तो बनता है।


दीपक गौतम, सोनीपत

## पोस्ट

उत्तर प्रदेश के प्राइमरी स्कूलों के अध्यापकों ने आनलाइन उपस्थिति की पहल के विरोध में व्यापक अभियान चलाया, ताकि समय से स्कूल न पहुंचना पड़े। हम ऐसे लोगों से आशा कर रहे हैं कि वे नई पीढ़ी को अनुशासन की शिक्षा देंगे। चंद्र प्रकाश@CPism

योगी सरकार ने सिर्फ इतना चाहा था कि सरकारी स्कूलों में शिक्षक समय पर आएं। कुछ शिक्षकों ने विद्रोह कर दिया और राजनेता गिद्ध बनकर मंडराने लगे। इस मामले में सरकार नहीं, बल्कि जनता हार गई। शिक्षा सिर्फ किताबों में नहीं है। समय पालन और अनुशासन भी शिक्षा का हिस्सा है। अगर शिक्षक समय पर स्कूल नहीं आ रहे हैं तो बच्चों को वे कैसी शिक्षा दे रहे हैं।

दिलीप मंडल@Profdilipmandal



मुंबई में हिट एंड रन केस के साथ जिस बार का नाम सामने आया, उस पर बीएमसी ने बुलडोजर चला दिया। आश्चर्य की बात है कि कोई अपराध होने के बाद ही पता चलता है कि कुछ अवैध निर्माण हुआ है। उससे पहले आंखों पर पट्टी बंधी रहती है। हर अपराध के बाद कोई न कोई अवैध ढांचा मिल ही जाता है तोड़ने के लिए। तब क्या मान लें कि सभी ढांचे ही अवैध हैं?

निष्ठा अनुश्री@nishthaanushree

## जनपथ

जानें सूर्यप्रताप जी ना गरीब का हाल,
वह तो समझें बिक रही टका सेर में दाल।
टका सेर में दाल टका में बिकती भाजी,
ले लो मंडी जाय बिक रही ताजी-ताजी!
हो गरीब मोहताज भले ही दाने-दाने,
मंत्री जी का पेट भरा वो कैसे जानें!!

– ओमप्रकाश तिवारी

संस्थापक- स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त, पूर्व प्रधान संपादक- स्व. नरेन्द्र मोहन, नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन- महेन्द्र मोहन गुप्त, प्रधान संपादक- संजय गुप्त, नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा जागरण प्रकाशन लि. के लिए डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा से मुद्रित एवं 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित, संपादक (दिल्ली एनसीआर)- विष्णु प्रकाश त्रिपाठी, स्थानीय संपादक- प्रदीप कुमार शुक्ल * दूरभाष : नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No 50755/90 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई शुल्क अतिरिक्त। वर्ष 34 अंक 358

********

# बिहार में अब मंत्री के गांव जाने वाली सड़क की पुलिया गिरी

## सड़क पर करोड़ों हुए खर्च, लेकिन नहीं दिया गया ध्यान, भोजपुर में पुलिया क्षतिग्रस्त, एक माह में एक दर्जन से अधिक पुल-पुलिया गिरे


ध्वस्त पुलिया का जायजा लेते सीओ और मौजूद ग्रामीण ● जागरण

**जासं, सहरसा :** बिहार में पुल-पुलिया गिरने का क्रम जारी है। बुधवार को प्रदेश के मद्य निषेध व निबंधन मंत्री रत्नेश सादा के गांव बलिया सिमर को जोड़ने वाली सड़क पर बनी पुलिया अचानक गिर गई। पिछले एक महीने में बिहार में एक दर्जन से भी ज्यादा पुल-पुलिया ध्वस्त हो चुके हैं। इस पुलिया के गिरने से 10 हजार लोगों की आवाजाही प्रभावित हुई है। ग्रामीण कार्य विभाग के अधीक्षण अभियंता राजीव रंजन ने कहा कि 2005 में बनी पुलिया बाढ़ के पानी के दबाव से गिरी है। पुलिया को जोड़ती सड़क का निर्माण एक करोड़ 20 लाख में कराने के बाद 2016 में एक करोड़ 40 लाख से पुनर्निर्माण हुआ, लेकिन पुलिया पर ध्यान नहीं दिया गया। इसी बीच भोजपुर जिले के बेरथ गांव में बनी पुलिया भी भारी वर्षा के बीच क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिया की मरम्मत के लिए पंचायत की ओर से कई बार आग्रह किया गया था।

**पुल-पुलियों के निर्माण पर रोक :** बिहार में लगातार पुल-पुलियों के गिरने की घटनाओं के बाद तत्काल प्रभाव से सभी तरह के निर्माण कार्य पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं। ग्रामीण कार्य विभाग ने यह निर्देश इंजीनियरों को दिए हैं।

## उत्तर प्रदेश में 748 पुलों की जांच पूरी, कानपुर में सर्वाधिक 10 हैं असुरक्षित

- अब तक की जांच में जर्जर अवस्था में मिले 83 पुल
- प्रदेश के 50 वर्ष पुराने पुलों की हो रही है जांच

**राज्य ब्यूरो, जागरण ● लखनऊ :** लोक निर्माण विभाग ने प्रदेश में 50 वर्ष की आयु पूरी कर चुके 748 पुलों की जांच की है। 83 पुलों को यातायात के लिए असुरक्षित पाया गया है। सर्वाधिक असुरक्षित 10 पुल कानपुर में पाए गए हैं। अभी भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत बने मार्गों पर पुलों की जांच बाकी है।

बिहार में लगातार पुलों के गिरने की घटना के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ ने बीते दिनों प्रदेश में 50 वर्ष की आयु पूरी कर चुके सभी पुलों की जांच के निर्देश दिए थे। लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष जेके बांगा ने बताया कि अभी और पुलों की जांच की जा रही है। असुरक्षित पुलों पर यातायात बंद करके इनकी मरम्मत की जाएगी।

# निर्माण कार्य में सुस्ती से नाराज नीतीश ने इंजीनियर से कहा- हम आपके पैर छू लेते हैं


नीतीश कुमार ● फाइल फोटो

- एक लोकार्पण कार्यक्रम में कुर्सी से उठ सीएम इंजीनियर की ओर चल पड़े
- इसके पहले राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के कार्यक्रम में भी ऐसा कह चुके सीएम

**राज्य ब्यूरो, जागरण, पटना :** सरकारी अधिकारियों की सुस्ती और निर्माण एजेंसियों के काम करने के तरीके से नाराज बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक कार्यक्रम के दौरान मंच से निर्माण एजेंसी के इंजीनियर से कहा - कहिए, तो हम आपके पैर छू लेते हैं। ऐसा कहते हुए वह कुर्सी से उठे और इंजीनियर की ओर बढ़ चले, लेकिन अधिकारियों ने हाथ जोड़कर उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया। घटना बुधवार को जेपी गंगा पथ के कंगनघाट के लोकार्पण कार्यक्रम की है। मुख्यमंत्री के गुस्से को देख पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत हाथ जोड़कर बीच में आ गए। इंजीनियर ने भरोसा दिया कि पथ के अगले हिस्से का निर्माण जल्द हो जाएगा।

मुख्यमंत्री इन दिनों निर्माण या अन्य सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन में देरी से चिंतित नजर आ रहे हैं। पिछले दिनों राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के एक कार्यक्रम में भी उन्होंने काम में तेजी लाने के लिए विभागीय सचिव की ओर हाथ जोड़कर कह दिया था-कहिए तो हम आपके पैर पकड़ लेते हैं। उस समय मुख्यमंत्री की नाराजगी अब तक भूमि सर्वेक्षण पूरा न होने पर थी।


पटना में जेपी गंगा पथ के गायघाट से कंगनघाट खंड का उद्घाटन किया गया ● प्रेट्र

### मुख्यमंत्री बेबस, लाचार और अशक्त : तेजस्वी

**राज्य ब्यूरो, पटना :** बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा है कि पूरे विश्व में इतना असहाय, बेबस और लाचार मुख्यमंत्री दूसरा शायद ही कोई होगा, जो बीडीओ, एसडीओ, थानेदार से लेकर वरीय अधिकारियों और यहां तक कि ठेकेदार के निजी कर्मचारी के सामने बात-बात पर हाथ जोड़ने और पैर पड़ने की बात करता हो। उन्होंने कहा कि बढ़ते अपराध, भ्रष्टाचार, पलायन एवं प्रशासनिक अराजकता का कारण यह है कि एक कर्मचारी तक मुख्यमंत्री की नहीं सुनता। क्यों नहीं आदेशों का पालन करता, यह विचारणीय विषय है?

# बिना फिटनेस जांच के दौड़ रही थी बस, 81 बार हुआ चालान

**जागरण संवाददाता, लखनऊ :** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर उन्नाव में बुधवार सुबह चालक की लापरवाही से दुर्घटना करने वाली स्लीपर बस अधिकारियों की अनदेखी के कारण ही दौड़ रही थी। उत्तर प्रदेश में इन दिनों वाहनों की जांच का अभियान चल रहा है, लेकिन दूध टैंकर को पीछे से टक्कर मारने वाली बस दो वर्ष से बिना फिटनेस जांच के दौड़ रही थी। बस का 81 बार चालान भी हुआ है।

परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह ने बताया कि जांच में सामने आया है कि बस का मालिक राजस्थान का रहने वाला है और उसने करीब 57-58 बसों का गलत पते से महोबा जिले में पंजीकरण कराया है। वहां के एआरटीओ एमपी सिंह उसे लगातार नोटिस भेजते रहे, लेकिन किसी ने उसे रिसीव ही नहीं किया। इन बसों का नंबर सभी आरटीओ व एआरटीओ को भेजा गया है और निर्देश दिया गया है कि ये बसें जहां मिलें उन्हें तत्काल सीज कर दें।

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बिहार से दिल्ली जा रही बस के मार्ग वाले जिलों कुशीनगर, गोरखपुर, देवरिया, संतकबीर नगर, बस्ती, अयोध्या, लखनऊ व उन्नाव के अधिकारियों से पूछा है कि उनके क्षेत्र से बस बिना जांच के कैसे निकल गई। परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह ने जांच के लिए उप आयुक्त लखनऊ सुरेंद्र कुमार, आरटीओ प्रशासन लखनऊ संजय कुमार तिवारी व उन्नाव के आरआइ की तीन सदस्यीय टीम बनाई है।


हादसे में घायल यह यात्री मोबाइल फोन से स्वजन को व्यथा सुनाते हुए रो पड़ा ● प्रेट्र

### तो सामने आई चौंकाने वाली जानकारी

जोधपुर के एमएस कैसी जैन ट्रैवल्स के मालिक करम चंद जैन ने महोबा निवासी अपने कर्मचारी पुष्पेंद्र सिंह के नाम से बस पंजीकृत करा रखी है। जैन ने अपनी कंपनी की बसों को ठेके पर दे रखा था। कोरोना काल में करम चंद्र की मौत के बाद जिन लोगों ने बसों को ठेके पर ले रखा था, उन्होंने नहीं लौटाया। करम चंद्र के पार्टनर सोहन को समय-समय पर कुछ रकम थमा दी जाती थी।

# इसरो जासूसी मामले के पीछे थी गहरी साजिश

**महिला की अवैध हिरासत को उचित ठहराने के लिए बनाया था झूठा केस, सीबीआइ ने दायर आरोप पत्र में यह आरोप लगाया है**

**तिरुअनंतपुरम, प्रेट्र :** विज्ञानी नंबी नारायणन को झूठे मामले में फंसाने वाला इसरो जासूसी मामला एक गहरी साजिश थी। सीबीआइ के अनुसार, कथित तौर पर केरल पुलिस के एक तत्कालीन विशेष शाखा अधिकारी द्वारा मालदीव की महिला की भारत में अवैध हिरासत को उचित ठहराने के लिए यह साजिश रची गई थी, क्योंकि उसने अधिकारी से संबंध बनाने के इन्कार कर दिया था। सीबीआइ ने जासूसी मामले में नारायणन व मालदीव की दो महिलाओं सहित पांच अन्य को फंसाने के लिए पांच पूर्व पुलिस अधिकारियों के खिलाफ दायर आरोप पत्र में यह आरोप लगाया है।

आरोप पत्र जून के आखिरी सप्ताह में दायर किया गया था, जिसे बुधवार को सार्वजनिक किया गया। सीबीआइ ने कहा है कि तत्कालीन विशेष शाखा अधिकारी एस विजयन ने मालदीव की नागरिक मरियम रशीदा के यात्रा दस्तावेज और हवाई टिकट ले लिए थे। विजयन को पता चला कि वह इसरो विज्ञानी डी शशिकुमारन के संपर्क में थी और उसके आधार पर रशीदा और उसकी दोस्त फौजिया हसन पर निगरानी रखी गई। रशीदा को वैध वीजा के बिना देश में अधिक समय तक रहने के लिए गिरफ्तार कर लिया गया। जब हिरासत समाप्त होने वाली थी, तो झूठी रिपोर्ट के आधार पर उसे और हसन को एक मामले में फंसाया गया और उनकी हिरासत एसआइटी को सौंप दी गई। एसआइटी ने नारायणन सहित चार विज्ञानियों को गिरफ्तार कर लिया था।

इस पर नारायणन ने कहा कि उन्हें इसकी चिंता नहीं है कि आरोपपत्र में शामिल पूर्व पुलिस और आइबी अधिकारियों को सजा दी गई या नहीं, क्योंकि मामले में उनकी भूमिका खत्म हो चुकी है।

## भाजपा ने सिद्दरमैया की पत्नी को आवंटित भूखंड पर उठाए सवाल

**मैसुरु, प्रेट्र:** भाजपा ने कर्नाटक के सीएम सिद्दरमैया की पत्नी पर मुआवजे के रूप में गलत ढंग से भूखंड प्राप्त करने का आरोप लगाते हुए मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) द्वारा आवंटित किए गए भूखंडों में हुए फर्जीवाड़े की जांच सीबीआइ से कराने की मांग की है।

भाजपा की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने कहा कि एमयूडीए द्वारा जिन किसानों की भूमि का अधिग्रहण किया गया है, उन्हें भूखंड आवंटित करने में फर्जीवाड़ा करने के खिलाफ 12 जुलाई को मैसुरु में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। आरोप लगाया कि सिद्दरमैया की पत्नी को मैसुरु के एक पाश इलाके में मुआवजे के तौर पर ऐसा भूखंड आवंटित किया गया, जिसका मूल्य उनकी उस जमीन की तुलना में अधिक है। वहीं, भाजपा की इस मांग को मुख्यमंत्री ने खारिज किया है। उन्होंने भाजपा पर राजनीति करने का आरोप लगाया है।

## लिंग परिवर्तन करा पहली महिला आइआरएस बनी पुरुष, मिली मंजूरी

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** भारतीय सिविल सेवा में लिंग परिवर्तन का पहला मामला सामने आया है। पहली बार केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने भारतीय राजस्व सेवा (आइआरएस) एक वरिष्ठ महिला अफसर को उनके आधिकारिक रिकार्डों में अपना नाम और लिंग बदलने की अनुमति दी है। दरअसल 35 वर्षीय महिला आइआरएस अफसर ने अपना लिंग परिवर्तन करा लिया है और अब उन्हें सरकारी दस्तावेजों में भी अपनी पहचान बदलने की औपचारिक स्वीकृति मिल गई है।

2013 बैच की आइआरएस एम. अनुसुइया ने विभागीय दस्तावेजों में अपना नाम बदलकर एम. अनुकातिर सूर्या और लिंग स्त्री से पुरुष करने की अपील की थी। गत नौ जुलाई, 2024 के सेंट्रल बोर्ड आफ इनडायरेक्ट टैक्स एंड कस्टम्स ने कहा कि अथारिटी ने उनके नाम अनुकातिर सूर्या को आधिकारिक रिकार्ड में मान्यता दे दी है।

# बिना अनुमति व जेनेटिक प्रोफाइल के पालतू हाथियों का स्थानांतरण नहीं

- वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने स्थानांतरण पर जारी की नीति, देश में तीन हजार पालतू हाथी
- मालिक के भरण-पोषण नहीं कर पाने पर स्थानांतरण, ले जाने वाली जगह की भी होगी जांच

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** पालतू हाथियों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में जुटे वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने अब उनके स्थानांतरण और परिवहन को लेकर एक नई नीति तैयार की है। इसमें बगैर अनुमति और जेनेटिक प्रोफाइल के उनका एक जगह से दूसरी जगह स्थानांतरण नहीं हो सकेगा। उन्हें यह अनुमति राज्य के मुख्य वन्यजीव वार्डन से अनिवार्य रूप से लेनी होगी। इस दौरान सिर्फ उन्हीं पालतू हाथियों को स्थानांतरित करने की अनुमति दी जाएगी, जिनके स्वामित्व को लेकर वैध प्रमाण पत्र मौजूद होगा। यह भी स्पष्ट करना होगा कि किन कारणों से उसे स्थानांतरित किया जा रहा है।

पालतू हाथियों के एक जगह से दूसरी जगह पर स्थानांतरण को लेकर अक्सर विवाद खड़े होते रहते हैं। मंत्रालय के मुताबिक, वैसे तो देश में मौजूदा समय में करीब तीन हजार पालतू हाथी हैं। इनमें से ज्यादातर की हालत ठीक नहीं है। उन्हें बेहतर परिवेश नहीं मिल रहा। हालांकि, पिछले कुछ सालों में वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की सख्ती और प्रयासों से इस स्थिति में सुधार हुआ है। मंत्रालय ने पालतू हाथियों की जेनेटिक प्रोफाइलिंग का काम भी शुरू किया है। फिलहाल, पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड और पंजाब सहित सात राज्यों में शुरू किया गया है। इन राज्यों में पाए जाने वाले करीब तीन सौ पालतू हाथियों की जेनेटिक प्रोफाइलिंग कर ली गई है। मंत्रालय ने राज्यों को इस पर सख्ती से अमल के भी निर्देश दिए हैं।

मंत्रालय की ओर से तैयार की गई नई नीति के तहत इनके स्थानांतरण के दौरान यह भी जांचा जाएगा कि जहां उन्हें स्थानांतरित किया जा रहा है, वहां उनके रखने की क्या व्यवस्था है। वहां का परिवेश उनके अनुकूल है या नहीं। पशु चिकित्सक से उनके स्वस्थ होने का प्रमाण पत्र भी लेना होगा। परिवहन के दौरान हाथी के साथ एक महावत और एक सहायक का होना जरूरी होगा। रास्ते में खाना-पानी का पर्याप्त बंदोबस्त करना होगा। स्थानांतरण की अनुमति मिलने के तीन महीने के अंदर उसको स्थानांतरित करना होगा। उस राज्य के मुख्य वन्यजीव वार्डन की भी सहमति लेनी जरूरी होगी।


**नोटिस**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत धवाना, खण्ड कंडीना जिला–रेवाड़ी (हरि) में सफाई कर्मचारी का पद रिक्त है। सफाई कर्मचारी पद के लिए इच्छुक व्यक्ति अपना आवेदन पूर्ण दस्तावेजे के साथ ग्राम पंचायत धवाना में दिनांक 28/7/2024 सायं 5 बजे तक जमा करा दे तथा साक्षात्कार अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्धारित तिथी पर लिया जायेगा।

सरपंच ग्राम पंचायत धवाना
खण्ड विकास एवम पंचायत अधिकारी खहीना

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत दखोरा–खहीना जिला रेवाड़ी (हरियाणा) में सफाई कर्मचारी का पद रिक्त है। सफाई कर्मचारी पद के लिए इच्छुक प्रार्थी अपना आवेदन पूर्ण दस्तावेजों के साथ ग्राम पंचायत दखोरा में दिनांक 28/07/2024 सायं 5 बजे तक जमा करा दे तथा साक्षात्कार अधोहस्ताक्षरी निर्धारित तिथि पर लिया जायेगा।

सरपंच ग्राम पंचायत दखोरा
खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी खहीना

**सार्वजनिक सूचना (नीलामी नोटिस)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि लो0 नि0 वि0 (भवन व मार्ग) नूंह के मेन स्टोर नूंह मे पुराना सामान जैसे कि स्टील स्क्रेप, पुराना पेंट, आर सी सी कॉलर इत्यादि सामान रखा है। जिसकी नीलामी दिनांक 29.07.2024 को समय सुबह 11:00 बजे होनी है। नीलामी कि सभी नियम व शर्ते उपमण्डल अभियन्ता लो0 नि0 वि0 (भवन व मार्ग) नूंह के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते है।

कार्यकारी अभियंता
प्रान्तीय मंडल लो0 नि0 विभाग
भवन एवं मार्ग शाखा, नूंह



# वल्लभभाई पटेल चेस्ट इंस्टिट्यूट

दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली–110007
टेली : 011–27402400, 27667102, फैक्स नं. 011–27666549

प्रोफेसर अनुराधा चौधरी, मेडिकल माइकोलॉजी इकाई, माइक्रोबायोलॉजी विभाग, वी.पी. चेस्ट इंस्टीट्यूट, दिल्ली विश्वविद्यालय के अधीन आईसीएमआर अनुसंधान परियोजना जिसका शीर्षक है "कैंडिडा ऑरिस में विविधता, जनसंख्या संरचना, संचरण गतिशीलता और बहुऔषधि प्रतिरोध का जीनोमिक विश्लेषण, सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए एक जरूरी उपाय" में एक वर्ष की अवधि (आवश्यकता और संतोषजनक प्रदर्शन के आधार पर 2½ वर्ष या परियोजना की सह-अवधि तक विस्तार योग्य) के लिए अनुबंध के आधार पर निम्नलिखित अस्थायी पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं :

| क्रम | पद | पदों की संख्या | मासिक पारिश्रमिक | आयु सीमा | आवश्यक योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परियोजना तकनीकी सहायता–III | 01 | रु.28,000/- +27% एचआरए | 35 वर्ष | जीवन विज्ञान / सूक्ष्म जीव विज्ञान / जैव प्रौद्योगिकी / जैव चिकित्सा विज्ञान / जैव सूचना विज्ञान में तीन वर्षीय स्नातक + प्रासंगिक विषय / क्षेत्र में तीन वर्ष का अनुभव या पीजी। |
| 2 | परियोजना तकनीकी सहायता–II | 01 | रु.20,000/- +27% एचआरए | 30 वर्ष | विज्ञान में 12वीं + डिप्लोमा (एमएलटी/डीएमएलटी/ इंजीनियरिंग) + प्रासंगिक 30 वर्ष विषय / क्षेत्र में पांच वर्ष का अनुभव |

परियोजना की अवधि : 2½ वर्ष

योग्य और इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन, योग्यता और अनुभव के समर्थन में सभी प्रमाणपत्रों / दस्तावेजों की स्व-सत्यापित फोटोकॉपी के साथ हाल ही में प्राप्त बायो- डेटा के साथ प्रोफेसर अनुराधा चौधरी, मेडिकल माइकोलॉजी यूनिट, माइक्रोबायोलॉजी विभाग, वल्लभभाई पटेल चेस्ट इंस्टीट्यूट, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली- 110007 को विज्ञापन की तिथि से 2 सप्ताह के भीतर ई-मेल : projectapplication54@gmail.com पर जमा कर सकते है।
विवरण के लिए, कृपया संस्थान की वेबसाइट : www.vpci.org.in पर जाएँ। कोई भी अतिरिक्त परिशिष्ट / शुद्धिपत्र केवल संस्थान की वेबसाइट पर ही अपलोड किया जाएगा।

प्रोफेसर अनुराधा चौधरी
प्रमुख अन्वेषक

CBC 17169/12/0018/2425



**कर्मचारी राज्य बीमा निगम**
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)

चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल
एनएच 3, एन.आई.टी. फरीदाबाद–121001 (हरियाणा)
फोन नं.: 0129-2970111
ईमेल: dean-faridabad@esic.nic.in
वेबसाइट: www.esic.nic.in

**विज्ञापन सं. 05/2024**
**प्रवेश साक्षात्कार : 15 जुलाई 2024**

**आइटम सं. 1** — **अनुबंध आधार पर अध्यापन संकाय**

अभ्यर्थियों की पात्रता / उपलब्धता की शर्त पर विज्ञापित कनिष्ठ पद के सापेक्ष प्रोफे. / एसो. प्रोफे. के समेकित वेतन एवं पद पर विचार किया जा सकता है

**पारिश्रमिक**

| | | |
|---|---|---|
| प्रोफेसर | : | ₹ 2,39,607 प्र.मा |
| एसोसिएट प्रोफेसर | : | ₹ 1,59,334 प्र.मा |
| असिस्टेण्ट प्रोफेसर | : | ₹ 1,36,889 प्र.मा |

**आइटम सं. 2**
**अंशकालिक विशेषज्ञ/सुपर स्पेशलिस्ट एवं सहायक संकाय की सूचीबद्धता (संविदात्मक)**
(अध्यापन अनुभव अनिवार्य नहीं है।)

| आवश्यकता | पारिश्रमिक |
|---|---|
| एनेस्थीसिया /इंटेंसिव (क्रिटिकल केयर मेडिसिन /इमरजेंसी मेडिसिन) में केस–टू–केस आधार पर अंशकालिक विशेषज्ञ /सुपर स्पेशलिस्ट | सीजीएचएस दरों का प्रतिशत (%) |
| सुपर स्पेशलिस्ट पूर्णकालिक | प्रवेश स्तर ₹ 2,00,000 प्र. मा. परामर्शदाता स्तर ₹ 2,40,000 प्र. मा. |
| सुपर स्पेशलिस्ट अंशकालिक | प्रवेश स्तर ₹ 1,00,000 + 20,000* परामर्शदाता स्तर ₹ 1,20,000 + 20,000* *विजिटिंग चार्जेस एक सप्ताह मे चार दिनों हेतु 4 घंटे प्रतिदिन हेतु इमरजेंसी कॉल की स्थिति मे एवं नियमानुसार अन्य भत्ते। |
| मॉडर्न मेडिसिन में पीजी डिग्री के पश्चात 8 वर्षों से अधिक के कार्य अनुभव धारक सहायक संकाय | ₹ 4000 प्रति सत्र |
| मॉडर्न मेडिसिन में पीजी डिग्री के पश्चात 10 वर्षों से अधिक के कार्य अनुभव धारक सहायक संकाय | ₹ 6000 प्रति सत्र |

**आइटम सं. 3**

| सीनियर रेजिडेंट | जूनियर रेजिडेंट |
|---|---|
| वेतन ₹ 1,36,889 | वेतन ₹ 1,13,434 |

और अधिक विवरण हेतु वेबसाइट www.esic.gov.in देखें।
टिप्पणी : आरक्षण रोस्टर के अनुसार। उपयुक्त श्रेणी से अभ्यर्थियो की अनुपलब्धता की स्थिति मे, पद 44 दिनों की अवधि पर यूआर अभ्यर्थियों से भरे जा सकते है।

हस्ता/–(डीन)



**केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद्**
(स्वायत्त निकाय, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार)
जवाहरलाल नेहरू भारतीय चिकित्सा एवं होम्योपैथी अनुसंधान भवन
61–65 संस्थागत क्षेत्र, डी–ब्लॉक के सामने, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058

विज्ञापन सं. 111/2024-25 दिनांक: 10.07.2024

**अनुबंध आधार पर रिसर्च फैलो की नियुक्ति**

सी.सी.आर.एच., नई दिल्ली के अंतर्गत डीडीपीआर केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान, नोएडा निम्नलिखित अनुसंधान अध्येताओं की पूरी तरह से अनुबंध के आधार पर टेबल/वाक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से नीचे उल्लिखित तिथियों पर नियुक्त करना चाहता है:

| क्रमांक | पद का नाम | पदों की संख्या | साक्षात्कार की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | अनुसंधान सहयोगी (पशु चिकित्सा) | 01 | 30.07.2024 |
| 2. | वरिष्ठ अनुसंधान फैलो (होमियो) | 06 | 09.08.2024 |

नियुक्ति का स्थान, अनिवार्य योग्यता, अनुभव, पारिश्रमिक आदि के बारे में विस्तृत विवरण परिषद् की वेबसाइट www.ccrhindia.nic.in पर उपलब्ध है।

सहायक निदेशक (प्रशा.)



**GURUGRAM UNIVERSITY, GURUGRAM**
(A State Govt. University established under Haryana Act 17 of 2017)
Sector-51, Gurugram (Haryana)-122003 Ph: 0124-2789001-05, Fax: 0124-2789010
website: www.gurugramuniversity.ac.in; e-mail: registrar@gurugramuniversity.ac.in

**RECRUITMENT NOTICE**

Advt. No. T/38-48/2024

Online applications are invited for the posts of Assistant Professors on regular basis in various subjects/disciplines. Detailed instructions including number of posts, eligibility conditions, Selection Criteria etc. along with the link for submission of online application will be available on the University website www.gurugramuniversity.ac.in w.e.f. 12.07.2024. Interested and eligible candidates may submit apply online up to 09.08.2024. Print out of the system generated application form along with self-attested annexures must be sent to Deputy Registrar (Estt), Gurugram University Gurugram, Mayfield Garden, Sector-51, Gurugram, Haryana- 122003, so as to reach latest by 17.08.2024. Any addendum/ corrigendum/amendments/notice/updation etc. related to this advertisement shall be uploaded only on the University Website.

Dated: 11.07.2024 Sd/- Registrar



**भारतीय गुणवत्ता परिषद्**

भारतीय गुणवत्ता परिषद् (क्यूसीआई) भारत सरकार, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग के अंतर्गत स्थापित एक स्वायत्त निकाय है। परिषद्, आईटी सेवाएं अर्थात् वेब एवं मोबाइल एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर और वेबसाइट की डिजाइन, विकास, कार्यान्वयन एवं रखरखाव सेवाएं प्रदान करने के प्रयोजन से आईटी फर्मों का पैनल बनाने हेतु अनुरोध (आरएफई) के लिए सक्षम एजेंसियों से प्रस्ताव आमंत्रित करती है। विस्तृत अपेक्षाएं निम्नलिखित संख्यांकित बोलियों के अंतर्गत जीईएम पोर्टल पर उपलब्ध हैं:

- टीयर ए – जीईएम बोली: GEM/2024/B/5125322
- टीयर बी – जीईएम बोली: GEM/2024/B/5125556
- टीयर सी – जीईएम बोली: GEM/2024/B/5125861
- टीयर डी – जीईएम बोली: GEM/2024/B/5126055
- टीयर ई – जीईएम बोली: GEM/2024/B/5126222

इच्छुक पक्षकारों को चाहिए कि वे अपनी तकनीकी और वित्तीय बोलियाँ 25 जुलाई, 2024 को अपराह्न 3 बजे तक जीईएम पोर्टल पर प्रस्तुत कर दें। विस्तृत आरएफई, भारतीय गुणवत्ता परिषद् की वेबसाइट पर निविदा खंड (https://qcin.org/work-with-us/#tenders) के अंतर्गत उपलब्ध है।

QCI'S BOARDS AND DIVISIONS
Quality Council of India, Institution of Engineers Building, 2nd Floor, 2 - Bahadur Shah Zafar Marg, New Delhi - 110002, India.



# भारतीय रिज़र्व बैंक
# RESERVE BANK OF INDIA

पर्यवेक्षण विभाग
www.rbi.org.in

**सार्वजनिक सूचना – गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियाँ**

भारतीय रिज़र्व बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45-IA की उप-धारा के तहत निम्नलिखित गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को जारी किए गए पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द कर दिए हैं और इसलिए ये कंपनियाँ, जैसा कि आरबीआई अधिनियम की धारा 45-I के खंड (ए) में परिभाषित किया गया है, उनके पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द होने के बाद, गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थान का व्यवसाय चलाने के लिए अधिकृत नहीं हैं।

i) गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थान कारोबार से बाहर होने के कारण

| क्र. | कंपनी का नाम | कार्यालयीन पता | पंजीकरण प्रमाणपत्र सं. | प्रमाणपत्र जारी करने का दिनांक | प्रमाणपत्र निरस्त करने का दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मैसर्स अंशु लीजिंग प्राइवेट लिमिटेड | 240, चौधरी फार्म्स, बोनापुर, मेहरौली, नई दिल्ली 110030 | बी-14.02797 | 31 दिसंबर 2002 | 30 अप्रैल 2024 |
| 2. | मैसर्स कुवेल स्ट्रीप्स प्राइवेट लिमिटेड | 102, आकाशदीप बिल्डिंग 264, बाराखम्बा रोड, सेंट्रल दिल्ली, नई दिल्ली 110001 | बी-14.03296 | 08 जनवरी 2014 | 30 अप्रैल 2024 |
| 3. | मैसर्स रिवॉल्विंग इन्वेस्टमेन्ट्स लिमिटेड | फ्लैट संख्या 19 एवं 20, आठवीं मंजिल, गोपाल दास भवन, 28, बाराखम्बा रोड, नई दिल्ली 110001 | 14.00823 | 20 मई 1998 | 30 अप्रैल 2024 |
| 4. | मेसर्स ए.बी.बी. फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड | चौथी मंजिल, पंजाबी भवन, राउस एवेन्यू, नई दिल्ली - 110002 | बी-14.01341 | 25 मार्च, 2008 | 30 अप्रैल 2024 |

ii) समामेलन/विलय/विघटन/स्ट्राइक आफ आदि के कारण एनबीएफसी के कानूनी रूप से एन बी एफ सी न रहने के कारण:

| क्र. | कंपनी का नाम | कार्यालयीन पता | पंजीकरण प्रमाणपत्र सं. | प्रमाणपत्र जारी करने का दिनांक | प्रमाणपत्र निरस्त करने का दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ऊर्जा कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड | एफ-3/8-ए, कृष्णा नगर, नई दिल्ली-110051 | एन-14.03344 | 06 अक्टूबर 2016 | 18 अप्रैल 2024 |
| 2. | यूएसबी फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड | ओमेक्स स्क्वायर, बेसमेंट-2, जसोला जिला केंद्र, जसोला, नई दिल्ली- 110025 | बी-14.03347 | 16 नवंबर 2016 | 18 अप्रैल 2024 |
| 3. | नन्दला डीलर्स प्राइवेट लिमिटेड | ओमेक्स स्क्वायर, बेसमेंट-2, जसोला जिला केंद्र, जसोला, नई दिल्ली- 110025 | बी-14.03345 | 25 अक्टूबर 2016 | 18 अप्रैल 2024 |
| 4 | मौली ट्रेडिंग कंपनी प्राइवेट लिमिटेड | 207 कुसल बाजार 32-33, नेहरू प्लेस नई दिल्ली 110019 | बी-14.03139 | 31 मार्च 2008 | 27 जून 2024 |
| 5 | श्री राकेश फाइनेंशियल एंड मैनेजमेंट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड | दूसरी मंजिल, बी/33 ब्लू, ई. ए. करोल बाग, नई दिल्ली - 110005 | 14.00294 | 06 मार्च 1998 | 27 जून 2024 |
| 6. | एमएसजी फाइनेंस (इंडिया) प्रा. लिमिटेड | प्लॉट नंबर 6 फ्लैट नंबर डी-2 जी/एफ एंड एफ/एफ, ऑरबिंदो मार्ग नई दिल्ली 110017 | बी-14.03459 | 29 जनवरी 2019 | 27 जून 2024 |
| 7. | श्री कृष्णा फिनविज प्रा. लिमिटेड | आई-44 एवं 45, प्रथम तल आर्य समाज रोड, उत्तम नगर नई दिल्ली 110059 | बी-14.02718 | 19 दिसंबर 2011 | 27 जून 2024 |

नई दिल्ली
महा प्रबन्धक
मुकेश कुमार



नई दिल्ली, दिल्ली के उच्च न्यायालय में
(मूल कंपनी क्षेत्राधिकार)
सी. पी. नं. 355/2001
कम्पनी अधिनियम, 1956 के मामले मे तथा
सेंचुरी होम्स फाइनेंस लि. (परि. में) के मामले में
**कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 529–ए तथा 530 के अंतर्गत अपने दावों को साबित करने हेतु समस्त श्रमिकों, सुरक्षित तथा असुरक्षित लेनदारो हेतु सूचना का विज्ञापन**

माननीय उच्च न्यायालय के 12.09.2022 आदेश के अनुसार, एतद्द्वारा उपरोक्त नामित कंपनी (परि. मे) के श्रमिकों / सुरक्षित लेनदारो / असुरक्षित लेनदारो को सूचित किया जाता हैं कि उन्हे दिल्ली में कंपनीज् (न्यायालय) नियम, 1959 के प्रपत्र क्रमांक 66 तथा 67 मे बिना न्यायायिक स्टाम्प पत्र में उनके मूल दस्तावेजों की फोटोकॉपी के साथ साथ उनके निवेश / दावों तथा कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 529 ए तथा 530 के अधिन प्राथमिकता के किसी अधिकार के साथ एवं अपने निवेश / दावों को साबित करने वाला एक शपथ पत्र को आधिकारिक परिसमापक के कार्यालय में प्रदायगी द्वारा नामित कंपनी के विरुद्ध अपने तत्सम्बन्धित निवेश / दावों के प्रमाण माननीय उच्च न्यायालय के आधिकारिक परिसमापक को 12.08.2024 को या उससे पूर्व प्रस्तुत करने होंगे या स्पीड पोस्ट द्वारा भेजने होंगे जो उनके पास कथित तिथि से पहले पहुंच जाए। कोई भी श्रमिक / सुरक्षित लेनदार / असुरक्षित लेनदार जो उपरोक्त अनुसार सीमित समय के अंदर प्रमाण का अपना शपथपत्र प्रस्तुत नहीं करता हैं तो उसे ऐसे वितरण की विषयवस्तु से उनका ऋण साबित होने से पहले या जैसा भी मामला होगा, लाभांश के सभी वितरण के लाभ से बाहर कर दिया जाएगा।

कोई भी श्रमिक / सुरक्षित लेनदार / असुरक्षित लेनदार जो अपना प्रमाण भेजते हैं, यदि वे आधिकारिक परिसमापक से लिखित में सुचना द्वारा ऐसा चाहते हैं तो, या तो स्थल या अपने अधिवक्ता द्वारा ऐसे ऋण या दावें की जाच में ऐसे समय एवं स्थान पर जैसा कि ऐसी सूचना में निर्दिष्ट हैं, भाग ले सकते हैं और अपने ऋण या दावें जैसा अपेक्षित हो का ऐसा आगे साक्ष्य प्रस्तुत कर सकते हैं।

कंपनीज (न्यायालय) नियम, 1959 के प्रपत्र क्रमांक 66 प्राप्ति हेतु वेबसाइट www.mca.gov.in तथा www.delhiol.com देखें।

हस्ता/–
(एस. मीनाक्षी)
दिनांक : 8 जुलाई, 2024
आधिकारिक परिसमापक
दिल्ली उच्च न्यायालय से संलग्न
8वां तल, लोक नायक भवन, खान मार्केट,
नई दिल्ली – 110003. फोन : 011–24693393, 24693394.


*********

सेंसेक्स 79,924.77 ↓ 391.26 | सराफा दिल्ली के भाव | सोना ₹ 75,050 10 ग्राम ↑ ₹ 400 | चांदी ₹ 94,400 1 किलो बदलाव नहीं | डालर ($) ₹ 83.51 ↑ ₹ 0.02

## एक नजर में

### बैंकों ने सरकार को 6,481 करोड़ का लाभांश दिया

**नई दिल्ली:** सार्वजनिक क्षेत्र के चार बैंकों ने बुधवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 6,481 करोड़ के लाभांश चेक सौंपे। बैंक आफ बड़ौदा ने 2,514.22 करोड़, केनरा बैंक ने 1,838.15 करोड़ रुपये का चेक सौंपा। इंडियन बैंक ने 1,193.45 करोड़ और बैंक आफ इंडिया ने 935.44 करोड़ का लाभांश दिया। एक्जिम बैंक ने भी 252 करोड़ रुपये का लाभांश चेक दिया। (प्रेट्र)

### जेएलआर इंडिया की खुदरा बिक्री 31 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली:** जगुआर लैंड रोवर इंडिया की पहली तिमाही में खुदरा बिक्री 31 प्रतिशत बढ़कर 1,371 इकाई हो गई। गत वित्त वर्ष 2023-24 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में खुदरा बिक्री 1,048 इकाई रही थी। डिफेंडर तथा रेंज रोवर इवोक दोनों की बिक्री में 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई। इसमें डिफेंडर खंड में सबसे अधिक बिकने वाला माडल रहा। (प्रेट्र)

### उड़द की थोक कीमतों में नरमी आनी शुरू: सरकार

**नई दिल्ली:** सरकार ने बुधवार को कहा कि आपूर्ति बढ़ाने के प्रयासों और चालू खरीफ सत्र में बोआई का रकबा बढ़ने से दिल्ली और इंदौर के थोक बाजारों में उड़द के दाम में नरमी आनी शुरू हो गई है। चालू खरीफ सत्र में पांच जुलाई तक उड़द की बोआई का रकबा बढ़कर 5.37 लाख हेक्टेयर तक पहुंच गया है, जबकि पिछले साल यह 3.67 लाख हेक्टेयर था। (प्रेट्र)

### ओएनडीसी पर लेनदेन चार करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद

**नई दिल्ली:** सरकारी ई-कामर्स प्लेटफार्म ओएनडीसी के सीईओ टी कोशी ने कहा कि मार्च, 2025 तक प्लेटफार्म के जरिये होने वाले मासिक लेनदेन की संख्या तीन से चार करोड़ पहुंचने की उम्मीद है। जून में एक करोड़ लेनदेन हुए जबकि मार्च में यह संख्या 70 लाख थी। अभी प्लेटफार्म से छह लाख कारोबारी जुड़े हैं और आने वाले महीनों में इसमें वृद्धि होने की उम्मीद है। (प्रेट्र)

# टेक्सटाइल सेक्टर की दशा सुधारेगा इंसेंटिव और सस्ता कच्चा माल

## कृषि के बाद सबसे अधिक रोजगार देने वाला टेक्सटाइल क्षेत्र घरेलू और निर्यात दोनों स्तरों पर चुनौतियों से जूझ रहा

बजट 2024-25 बिगुल 3

**जागरण टीम, नई दिल्ली :** कृषि के बाद देश में सबसे अधिक लोगों को प्रत्यक्ष तौर पर रोजगार देने वाले टेक्सटाइल सेक्टर में पिछले कुछ सालों से घरेलू और निर्यात दोनों ही स्तर पर चुनौतियां बनी हुई हैं।

सरकार वर्ष 2030 तक घरेलू और निर्यात मिलाकर टेक्सटाइल उद्योग के कारोबार को 350 अरब डालर तक ले जाना चाहती है और इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए टेक्सटाइल उद्यमी कच्चे माल की सस्ती उपलब्धता, उत्पादन बढ़ाने के लिए इंसेंटिव, भुगतान के नियम में बदलाव, फ्रेट दरों में सब्सिडी, बांग्लादेश से होने वाले आयात पर नियंत्रण चाहते हैं। उद्यमियों का कहना है कि इन मांगों को पूरा करने पर ही जीडीपी में टेक्सटाइल सेक्टर के दो प्रतिशत के योगदान को वर्ष 2030 तक दोगुना किया जा सकता है। वर्ष 2018-22 के बीच वैश्विक टेक्सटाइल निर्यात में जहां 3.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई वहीं बाद के वर्षों में कोरोना और भू-राजनीतिक कारणों से टेक्सटाइल निर्यात में सिर्फ एक प्रतिशत का इजाफा हुआ। 2023-24 में सभी प्रकार के गारमेंट के निर्यात में पूर्व के वित्त वर्ष के मुकाबले 10.25 तो मैनमेड यार्न और फैब्रिक में 5.46 प्रतिशत की गिरावट रही। सिर्फ काटन यार्न और फैब्रिक के निर्यात में 6.71 प्रतिशत की बढ़ोतरी रही। बांग्लादेश और वियतनाम जैसे देशों की लागत भारत से कम होने के कारण उनके निर्यात में बढ़ोतरी हुई। बांग्लादेश अति पिछड़े देश की श्रेणी में शामिल है, इसलिए वैश्विक बाजार में उसके आइटम पर कोई शुल्क नहीं लगता है तो वियतनाम का कई देशों संग समझौता होने से उन देशों में उसके उत्पाद पर शुल्क नहीं लगता है।

(इनपुट: नोएडा व लुधियाना से)

**170** अरब डालर का टेक्सटाइल कारोबार है देश में अभी

**4.5** करोड़ लोगों को प्रत्यक्ष तौर पर रोजगार मिला है



**3.4** प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई टेक्सटाइल निर्यात में वर्ष 2018-22 के दौरान

### प्रमुख मांगें

- मैन्यूफैक्चरिंग के लिए सभी प्रकार के नए निवेश को पीएलआइ का लाभ दिया जाए, क्योंकि इस योजना का लाभ लेने के लिए उन्हें 100 करोड़ से अधिक निवेश की जरूरत होती है और इस सेक्टर में अधिकतर उद्यमी माइक्रो व स्माल है।
- टेक्सटाइल की पूरी वैल्यू चेन पर समान जीएसटी दर लगाई जाए है। अभी काटन से बनने वाले फाइबर, यार्न व फैब्रिक पर पांच प्रतिशत जीएसटी है तो मैन मेड फाइबर व यार्न पर क्रमश: 18, 12 व पांच प्रतिशत जीएसटी है।
- टेक्सटाइल सेक्टर ने सरकार से ग्रीन फंड बनाने की मांग की है ताकि इस फंड से वे मैन्यूफैक्चरिंग में ग्रीन एनर्जी के इस्तेमाल के लिए कम दर पर लोन ले सकें। भविष्य में विकसित देशों में ग्रीन एनर्जी से बनने वाले उत्पाद की अधिक मांग होगी।

### उद्यमी चाहते हैं 45 दिनों के भुगतान नियम में बदलाव

टेक्सटाइल सेक्टर में काटन से लेकर यार्न, फैब्रिक और गारमेंट सभी सेगमेंट शामिल होते हैं। उद्यमी इस बार के बजट में 45 दिनों के भीतर खरीदारी के भुगतान के नियम में बदलाव चाहते हैं। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में सरकार ने आयकर कानून के सेक्शन 43बी (एच) को लागू कर दिया, जिसके तहत माइक्रो व स्माल एंटरप्राइजेज से खरीदारी पर अगर 45 दिनों के भीतर उन्हें भुगतान नहीं दिया जाता है तो वह राशि खरीदार की आय में जुड़ जाएगी और वह राशि कर योग्य मानी जाएगी। अब टेक्सटाइल सेक्टर से जुड़े माइक्रो व स्माल उद्यमी भुगतान की अवधि को 45 दिनों की जगह 90 दिन कराना चाहते हैं। करवाना चाहते हैं। उद्यमी एक-दूसरे से कच्चे माल से लेकर कई अन्य खरीदारी करते हैं, इसलिए यह नियम उन पर भी लागू होता है। गारमेंट व होजरी निर्यातक सरकार से फ्रेट सब्सिडी देने की मांग कर रहे हैं ताकि बंदरगाह से दूर लुधियाना जैसे टेक्सटाइल हब वाले शहरों से निर्यात की लागत कम हो सके।

### बांग्लादेश के जरिये चीन का माल आ रहा भारत

बांग्लादेश को मिलने वाली छूट का फायदा चीन उठा रहा है। वहां के रास्ते चीनी कंपनियों का माल यहां आ रहा है। अब सरकार इस बात पर गौर कर रही है कि बांग्लादेश में भारतीय फैब्रिक से बनने वाले गारमेंट को ही बिना शुल्क के भारत में लाया जा सके।

### सभी प्रकार के काटन पर हटाया जाए आयात शुल्क

कनफेडरेशन आफ टेक्सटाइल इंडस्ट्री (सिटी) ने वित्त मंत्री से सभी प्रकार के काटन के आयात पर लगने वाले पांच प्रतिशत के शुल्क को हटाने की मांग की है। आयात शुल्क से उन्हें घरेलू बाजार में काटन 15-20 प्रतिशत महंगा मिलता है। काटन से ही यार्न बनता है और फिर उससे फैब्रिक और गारमेंट। सिटी के चेयरमैन राकेश मेहरा के मुताबिक काटन के सस्ता होने पर उसकी लागत कम हो जाएगी और वे वैश्विक बाजार में आसानी से प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे। उन्होंने सरकार से हैंडलूम में इस्तेमाल होने वाले काटन वेस्ट के आयात पर लगने वाले 10 प्रतिशत के शुल्क को भी समाप्त करने को कहा। हालांकि काटन पर आयात शुल्क कम या खत्म करने पर बड़े पैमाने पर इसका आयात शुरू हो जाएगा और इससे काटन किसान प्रभावित हो सकते हैं।

# 427 अंक टूट रिकार्ड स्तर से फिसला सेंसेक्स

**मुंबई, प्रेट्र:** स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को भारी बिकवाली के चलते बीएसई सेंसेक्स 426 अंक से अधिक टूटकर रिकार्ड स्तर से नीचे फिसल गया। हाल की तेजी के बाद बाजार में मुनाफावसूली देखने को मिली, जिससे धातु, वाहन और सूचना प्रौद्योगिकी (आइटी) कंपनियों के शेयर नुकसान में रहे। कारोबारियों के अनुसार, अमेरिका में नीतिगत दर में कटौती को लेकर अनिश्चितता से भी घरेलू बाजार प्रभावित हुआ।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 426.87 अंक के साथ 79,924.77 अंक पर बंद हुआ। शुरुआती कारोबार में यह 129.72 अंक की बढ़त के साथ अपने अब तक के उच्चतम स्तर 80,481.36 अंक पर पहुंच गया था। वहीं बाद में यह 915.88 अंक का गोता लगाकर 79,435.76 अंक पर आ गया था। एनएसई का निफ्टी भी 108.75 अंक यानी 0.45 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,324.45 अंक पर बंद हुआ।



- एनएसई का निफ्टी भी 108 अंक गिरकर 24,324.45 पर बंद हुआ
- धातु, वाहन और सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के शेयर नुकसान में रहे

### महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर में छह प्रतिशत की गिरावट

महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर छह प्रतिशत नीचे आ गया। कंपनी ने मांग को गति देने के लिए एसयूवी एक्सयूवी700 मॉडल के कुछ संस्करणों के दाम घटाए हैं। टाटा स्टील, टीसीएस, एचसीएल, एसबीआइ, जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा मोटर्स और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर भी नुकसान में रहे।

### बंसल वायर का शेयर 37% चढ़ा

स्टील के तार बनाने वाली कंपनी बंसल वायर इंडस्ट्रीज का शेयर बुधवार को सूचीबद्ध होने के बाद निर्गम मूल्य 256 रुपये से 36.83 प्रतिशत की बढ़त के साथ 350.30 रुपये पर बंद हुआ।

### एमक्योर फार्मा भी 35% बढ़ा

एमक्योर फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड का शेयर सूचीबद्ध होने के बाद निर्गम मूल्य 1,008 रुपये से 34.80 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,358.85 रुपये पर बंद हुआ।

### मसालों की निर्यात खेप की समस्या मामूली: गोयल

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि भारतीय निर्यातक गुणवत्ता मानकों के प्रति सजग हैं और कुछ मसालों की निर्यात खेप की समस्या को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने की जरूरत नहीं है।

उन्होंने कहा कि जिन खेप में कुछ समस्या थी, वे भारत के 56 अरब डालर के खाद्य एवं संबंधित उत्पाद निर्यात की तुलना में नगण्य हैं। गोयल ने कहा कि मंत्रियों का समूह मांग-आपूर्ति और कीमत की स्थिति पर विचार करने के बाद गैर-बासमती चावल की कुछ किस्मों पर प्रतिबंध हटाने का फैसला करेगा। केंद्र ने घरेलू आपूर्ति को बढ़ावा देने के लिए 20 जुलाई, 2023 से गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है। कृषि मंत्रालय के अनुसार, भारत का चावल उत्पादन 2023-24 में 136.7 मिलियन टन होने का अनुमान है, जबकि पिछले वर्ष यह 135.75 मिलियन टन था।

# 'विकसित भारत' का खाका पेश करेगा बजट : मार्गन स्टेनली

- वैश्विक ब्रोकरेज कंपनी ने कहा- राजस्व व्यय के मुकाबले पूंजीगत खर्च पर रहेगा जोर
- आरबीआइ से अपेक्षा से अधिक लाभांश मिलने से राजकोषीय मोर्चे पर गुंजाइश बेहतर हुई

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इस महीने पेश किए जाने वाले बजट में 2047 तक 'विकसित भारत' के लिए खाका और राजकोषीय मजबूती के लिए मध्यम अवधि की योजना पेश कर सकती हैं। वैश्विक ब्रोकरेज कंपनी मार्गन स्टेनली ने बुधवार को एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया है। सीतारमण 23 जुलाई को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पूर्ण बजट पेश करेंगी।

रिपोर्ट में कहा गया, 'राजकोषीय सूझ-बूझ वाले रुख के साथ हमारा अनुमान है कि राजस्व व्यय के मुकाबले पूंजीगत खर्च पर जोर बना रहेगा। साथ ही भौतिक, सामाजिक और डिजिटल बुनियादी ढांचे तक पहुंच में सुधार के साथ लक्षित सामाजिक क्षेत्र पर ध्यान दिया जाएगा।' ब्रोकरेज कंपनी ने अनुमान जताया है कि चालू वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटे का लक्ष्य जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) के 5.1 प्रतिशत पर बना रहेगा। यह अंतरिम बजट में तय लक्ष्य के अनुरूप है। साथ ही सरकार अगले वित्त वर्ष तक इसे 4.5 प्रतिशत पर लाने के लक्ष्य पर कायम रहेगी। वित्त वर्ष 2023-24 में राजकोषीय घाटा जीडीपी का 5.6 प्रतिशत था। रिपोर्ट के अनुसार, 'आरबीआइ से अपेक्षा से अधिक लाभांश मिलने के साथ राजकोष के मोर्चे पर गुंजाइश बेहतर हुई है। इससे पूंजीगत व्यय की गति बनाए रखने और लक्षित कल्याणकारी उपायों पर खर्च बढ़ाने में मदद मिलेगी।'

### टाटा मोटर्स और महिंद्रा एंड महिंद्रा ने घटाए एसयूवी माडल के दाम

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** टाटा मोटर्स और महिंद्रा एंड महिंद्रा ने अपने स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहनों (एसयूवी) की कीमतों में कटौती की है। एसयूवी की बिक्री बढ़ाने के प्रयास के तहत इन कंपनियों ने यह कदम उठाया है।

टाटा मोटर्स ने हैरियर (14.99 लाख रुपये) और सफारी (15.49 लाख रुपये) की शुरुआती कीमतों में बदलाव किया है। अन्य लोकप्रिय एसयूवी माडल पर 1.4 लाख रुपये तक की कटौती की गई है। नेक्सन.ईवी पर 1.3 लाख रुपये तक की कटौती ने इसे सबसे सुलभ बना दिया है।' पंच.ईवी के दाम में भी 30 हजार तक की कटौती की गई है। महिंद्रा एंड महिंद्रा के अनुसार, उसकी एक्सयूवी700 सभी सुविधाओं से लैस एएक्स7 की शुरुआती कीमत अब 19.49 लाख होगी। इसमें दो लाख रुपये से अधिक की कटौती गई है।



# इस बार डेंगू के खतरे से निपटने के लिए बनाई जाएगी विशेष हेल्पलाइन

- नड्डा का रोग निरोधक तैयारियों की समीक्षा में हेल्पलाइन नंबर जारी करने का निर्देश
- एम्स समेत केंद्रीय अस्पतालों में डेंगू के लिए विशेष वार्ड तैयार करने को भी कहा



जेपी नड्डा ● फाइल फोटो

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** मानसून के दौरान डेंगू के खतरे से निपटने और आम जनता के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए एक केंद्रीय हेल्पलाइन नंबर बनेगा। स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने डेंगू से निपटने की तैयारियों की समीक्षा के दौरान इसके निर्देश दिए। नड्डा ने सभी राज्यों से जल्द-से-जल्द इस हेल्पलाइन नंबर को चालू करने पर जोर दिया। नड्डा ने पिछले दो दशक के दौरान डेंगू से निपटने में मिली सफलता का उल्लेख करते हुए कहा कि विभिन्न विभागों और स्थानीय निकायों के बीच समन्वय से इससे बेहतर तरीके से निपटा जा सकता है। ध्यान देने की बात है कि 1996 में डेंगू के मामले में मौत की दर 3.3 प्रतिशत थी, जो 2024 में 0.1 प्रतिशत पहुंच गई।

समीक्षा बैठक के दौरान जेपी नड्डा ने पिछले सालों के डेंगू के मरीजों के आंकड़ों को देखते हुए सबसे अधिक प्रभावित इलाकों में ज्यादा ध्यान केंद्रित करने को कहा। इसके साथ ही उन्होंने एम्स समेत सभी केंद्रीय अस्पतालों में डेंगू के मरीजों के लिए विशेष वार्ड बनाने और उसमें प्रशिक्षित डाक्टर, कर्मचारी, जरूरी उपकरण व दवाएं उपलब्ध कराने को भी कहा।

नड्डा ने कहा कि कहीं भी एकत्र हुए स्वच्छ पानी में पैदा होने वाले एडिस मच्छर के दिन में काटने से डेंगू होता है। शिक्षा विभाग और स्थानी निकायों को इसके लिए सभी स्कूली बच्चों को जागरूक करना चाहिए, ताकि वे पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें। साथ ही कहीं भी पानी जमा नहीं होने दें। इस दौरान अधिकारियों ने डेंगू के प्रति राज्यों को आगाह करने के लिए भेजी एडवाइजरी और समन्वय बैठकों की जानकारी दी।

### नड्डा ने की नेशनल वन हेल्थ मिशन की पहली कार्यकारी समिति की बैठक की अध्यक्षता

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने बुधवार को नेशनल वन हेल्थ मिशन की कार्यकारी समिति की पहली बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि यह मिशन 'वन हेल्थ' की पहल को संस्थागत रूप प्रदान कर देश को एकीकृत रोग नियंत्रण और महामारी के लिए तैयार रहने में मदद देगा। जारी बयान के अनुसार, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने मनुष्य, पशुओं, वनस्पतियों और पर्यावरण के स्वास्थ्य पर समग्र रूप से ध्यान देने पर बल दिया। उन्होंने विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों के वर्तमान या योजनाबद्ध कार्यक्रमों का लाभ उठाने में भी मिशन की भूमिका को रेखांकित किया।

### संसद परिसर की सुरक्षा सीआइएसएफ ने संभाली

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ) ने संसद परिसर की सुरक्षा औपचारिक रूप से संभाल ली है। परिसर में इसके 3,300 से अधिक जवानों की टुकड़ी का नेतृत्व 29 अधिकारी कर रहे हैं। संसद पर 13 दिसंबर, 2001 को हुए आतंकी हमले की बरसी पर पिछले साल संसद की सुरक्षा में चूक की घटना सामने आई थी। इसके बाद से ही संसद की सुरक्षा का जिम्मा सीआइएसएफ को सौंप दिया गया था।

सूत्रों ने बुधवार को बताया कि संसद परिसर में 29 अधिकारी 3,317 पुरुष और महिला जवानों वाली इस टुकड़ी का नेतृत्व करेंगे। इसमें एक डीआइजी, एक वरिष्ठ कमांडेंट, दो कमांडेंट, सात डिप्टी कमांडेंट और 18 सहायक कमांडेंट होंगे। सूत्रों ने बताया कि इनमें से दो अधिकारी अग्निशमन शाखा के हैं, क्योंकि बल ने यहां अपनी अग्निशमन इकाई भी तैनात की है।

परिसर की सुरक्षा के लिए सीआइएसएफ की तरफ से खास इंतजाम किए गए हैं। गौरतलब है कि मई में सीआरपीएफ और दिल्ली पुलिस से यह कार्यभार संभालने के बाद से सीआइएसएफ स्वतंत्र रूप से संसद की सुरक्षा कर रही है।

# नीट में बड़े पैमाने पर धांधली नहीं : केंद्र

- सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किया हलफनामा, कहा-दोबारा परीक्षा कराने की जरूरत नहीं
- आइआइटी मद्रास के डाटा एनालिटिक्स का दिया हवाला, कहा- अनियमितता नहीं

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** केंद्र सरकार ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल करकहा कि नीट-यूजी मामले में बड़े पैमाने पर कोई धांधली नहीं हुई है, ऐसे में दोबारा परीक्षा कराए जाने की कोई जरूरत नहीं है। उसने प्रसारित टेलीग्राम वीडियो को भी फर्जी बताया है। साथ ही कहा कि 2024-25 के लिए स्नातक सीटों के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया जुलाई के तीसरे सप्ताह से शुरू होगी और यह चार दौर में आयोजित की जाएगी। हलफनामे के अनुसार सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि दोषी किसी भी अभ्यर्थी को कोई लाभ न मिले।

हलफनामे में कहा गया है कि आइआइटी मद्रास का डाटा एनालिटिक्स कोई बड़ी अनियमितता या बड़े पैमाने पर गड़बड़ी नहीं दिखाता है। इसमें पिछले दो वर्षों के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया है। रिपोर्ट में बड़े पैमाने पर कदाचार या स्थानीय पक्षपात के कोई सुबूत नहीं मिले हैं। इसमें कहा गया है कि अंकों का वितरण सामान्य बेल कर्व का पालन करता है और यह किसी अनियमतिता को इंगित नहीं करता है। शीर्ष 1.40 लाख रैंकों का विश्लेषण करने पर कदाचार या विशिष्ट केंद्रों या शहरों को अनुचित लाभ देने का भी कोई संकेत नहीं मिला।

हलफनामे में कहा गया है कि कुछ परीक्षा केंद्रों से ही टापर होने का आरोप निराधार है। इसके मुताबिक नीट यूजी मामले में टाप 100 कैंडिडेट 56 शहरों के 95 सेंटरों से हैं। ऐसे में कुछ ही परीक्षा केंद्रों से टापर होने का तथ्य सही नहीं है। हलफनामे में नीट पेपर लीक मामले पर कथित टेलीग्राम वीडियो को फर्जी करार देते हुए कहा गया है कि वह वीडियो चार मई का दिखाने के लिए एडिट किया गया था। टेलीग्राम चैनल के सभी सदस्य भी फर्जी थे। इसमें में प्रश्नपत्रों की गोपनीय छपाई, उसके परिवहन और वितरण को सुनिश्चित करने के लिए मौजूद प्रणाली के बारे में भी जानकारी दी गई है। केंद्र ने कहा कि परीक्षा प्रक्रिया को और अधिक मजबूत बनाने तथा किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोकने के लिए भविष्य में उठाए जाने वाले कदमों के संबंध में उसने एनटीए द्वारा पारदर्शी, सुचारू और निष्पक्ष परीक्षा आयोजित करने के लिए प्रभावी उपायों की सिफारिश करने हेतु विशेषज्ञों की एक उच्च स्तरीय समिति गठित की है। हलफनामे में कहा गया है कि पेपर की आवाजाही की बकायदा निगरानी होती है। भविष्य में कंप्यूटर आधारित परीक्षा कराने पर विचार हो रहा है।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ गुरुवार को विवादों से घिरी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2024 से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई करेगी, जिसमें परीक्षा में अनियमितताओं और कदाचार का आरोप लगाने वाली याचिकाएं भी शामिल हैं और इसे नए सिरे से आयोजित करने का निर्देश देने की मांग की गई है।

बता दें कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने सरकारी व निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए पांच मई को नीट-यूजी परीक्षा आयोजित की थी। परीक्षा देश के कुल 571 शहरों के 4,750 केंद्र पर हुई थी। इसमें करीब 23.33 लाख अभ्यर्थी शामिल हुए थे। परीक्षा में अनियमितता को लेकर कई जगह छात्रों ने प्रदर्शन हुए थे और अभ्यर्थी सुप्रीम कोर्ट भी पहुंचे थे। इसके बाद केंद्र ने मामले की जांच सीबीआइ को सौंप दी थी।

### बाल विवाह का मुद्दा अभियोजन नहीं सुलझाएगा: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** सुप्रीम कोर्ट ने देश में बाल विवाह बढ़ने के आरोप वाली जनहित याचिका पर फैसला सुरक्षित रखते हुए कहा कि बाल विवाह में शामिल अभियोजन पक्ष के लोग इसका समाधान नहीं कर सकते हैं।

कोर्ट केंद्र के हलफनामे से अप्रभावित रहा, जिसमें कहा गया था कि राज्यों में अलग जागरूकता अभियान चल रहे हैं। कोर्ट ने कहा कि इन कार्यक्रमों, भाषणों से जमीनी हालात नहीं बदलते हैं। बता दें कि गैर सरकारी संगठन 'सोसाइटी फार एनलाइटमेंट एंड वालेंट्री एक्शन' ने 2017 में याचिका दायर कर कहा था कि बाल विवाह निरोधक कानून मूल भावना के साथ लागू नहीं किया जा रहा है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पार्डीवाला और मनोज मिश्रा ने फैसला सुरक्षित करने से पहले केंद्र की ओर से पेश एडीशनल सालिसिटर ऐश्वर्या भाटी और एनजीओ के वकील का पक्ष सुना। खंडपीठ ने दोनों पक्षों को इस संबंध में सुझाव देने को कहा है। सीजेआइ ने कहा, वह यहां किसी की आलोचना करने के लिए नहीं हैं। यह सामाजिक मुद्दा है और सरकार इस दिशा में जो कर रही है, विधि अफसरों को उस पर राय देनी होगी।

### नीरी के पूर्व निदेशक व चार अन्य पर भ्रष्टाचार का मामला दर्ज

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** सीबीआइ ने सीएसआइआर-नीरी के पूर्व निदेशक राकेश कुमार व संस्थान के चार विज्ञानियों पर कथित भ्रष्टाचार और एयर प्यूरीफायर वेयू सहित विभिन्न परियोजनाओं को आवंटित करने में निजी कंपनियों को लाभ पहुंचाने के आरोप में मामला दर्ज किया है। सीबीआइ ने महाराष्ट्र, हरियाणा, बिहार और दिल्ली में 17 स्थानों पर तलाशी ली। इस दौरान कई दस्तावेज और आभूषण जब्त किए गए।

राष्ट्रीय पर्यावरण इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान (नीरी) के विज्ञानियों के खिलाफ सीएसआइआर के मुख्य सतर्कता अधिकारी से प्राप्त शिकायत में आपराधिक साजिश व भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद सीबीआइ ने कदम उठाया है। इनमें पूर्व निदेशक राकेश कुमार, मुख्य विज्ञानी अत्या कपले, संजीव गोयल, प्रधान विज्ञानी रितेश विजय व जोनल सेंटर दिल्ली में तैनात वरिष्ठ विज्ञानी सुनील गुलिया शामिल हैं।

जागरण विशेष
विश्व जनसंख्या दिवस

# युवा आबादी को मिल रही स्वावलंबन की उड़ान

## बिहार कृषि विश्वविद्यालय, इफको और युवा उद्यमी की पहल से कृषि में ड्रोन सेवा का आठ प्रदेशों में विस्तार

ललन तिवारी ● जागरण

**भागलपुर:** भारत सबसे अधिक आबादी वाला देश है। इसमें बड़ी संख्या में युवा हैं, जिन्हें कुशल बनाकर रोजगार के नए अवसर पैदा किए जा सकते हैं। इसके लिए सरकार के साथ निजी स्तर पर भी प्रयास हो रहे हैं ताकि जनसंख्या नियोजन को गति मिल सके। इसी क्रम में बिहार कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) सबौर और बेगूसराय की रश्मि कुमारी के साथ देश की प्रमुख उर्वरक निर्माता कंपनी इफको की संयुक्त पहल अहम भूमिका निभा रही है। सरकारी नौकरी के प्रति आकर्षण रखने वाले युवा वर्ग को इस पहल के तहत ड्रोन संचालन सिखाकर कृषि क्षेत्र में रोजगार दिलाया जा रहा है। शुरुआती परिणाम सकारात्मक रहे हैं, जिसके बाद इसे बढ़ाया जा रहा है।

**नया अवसर लपका:** देश में कृषि क्षेत्र में ड्रोन का प्रयोग बीते कुछ समय से बढ़ रहा है। दो वर्ष पहले जब यह बिल्कुल नया प्रयोग था तो रश्मि कुमारी ने छोटे स्तर पर ड्रोन स्प्रे स्टार्टअप टेक्नो ग्राउंड शुरू किया। खेती में लागत कम करने के लिए तरल उर्वरकों, कीटनाशकों व दवाओं का खेतों में छिड़काव इसका लक्ष्य है। रश्मि तीन राज्यों में अपनी सेवा दे रही हैं। 20 हजार से अधिक किसान इनके ड्रोन से लाभान्वित हुए हैं। इस काम से उन्होंने अब तक 50 से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित कर रोजगार दिया है।

**इनक्यूबेशन सेंटर से मिली राह:** किसानों व युवाओं के लिए कुछ करने के सोच के साथ रश्मि बीएयू के सब एग्रीस इनक्यूबेशन सेंटर से जुड़ीं। उन्हें खेती में ड्रोन के उपयोग में रुचि थी। रश्मि के आइडिया को देखकर उनका चयन कर लिया गया। ड्रोन स्प्रे सर्विस से तरल खाद व कीटनाशक के छिड़काव पर एक एकड़ में तीन हजार रुपये खर्च आता है, जबकि पहले इसी कार्य पर कम से कम 15 हजार रुपये लगते थे। ड्रोन से छिड़काव में उर्वरक व जल का भी कम प्रयोग होता है। इस कारण धीरे-धीरे मांग बढ़ने लगी। तब रश्मि ने बिहार के बाद इस सेवा का विस्तार बंगाल और उत्तर प्रदेश में भी किया और लगभग 20 हजार किसानों को लाभ पहुंचाया।

**और युवाओं को मिलेगा मौका:** इस पहल की किसानों व युवाओं के बीच लोकप्रियता व रोजगार सृजन की क्षमता देखते हुए उर्वरक निर्माता कंपनी इफको ने विस्तार की योजना बनाई और रश्मि की कंपनी को आठ राज्यों की 20 लाख एकड़ जमीन में तरल उर्वरक के छिड़काव का कांट्रैक्ट दिया है। इन राज्यों में बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बंगाल, ओडिशा, गुजरात व राजस्थान शामिल हैं। इस कार्य के लिए और युवाओं की आवश्यकता है। बिहार सरकार के श्रम मंत्रालय से सहयोग लेकर रश्मि ड्रोन संचालन के लिए ग्रामीण व शहरी युवाओं का चयन कर रही हैं।



अपनी टीम के युवाओं के साथ ड्रोन उड़ाती रश्मि ● स्वयं

"सब एग्रीस इनक्यूबेशन सेंटर स्टार्टअप को तराशकर निखारता है। ज्ञान के साथ आर्थिक सहयोग भी मिलता है। इससे स्वरोजगार और रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। रश्मि स्टार्टअप करने वाले युवाओं के लिए रोल माडल हैं।



**डा. दुनियाराम सिंह**, कुलपति, बीएयू, सबौर, भागलपुर

बीएयू के इनक्यूबेशन सेंटर ने मुझे तराशा है। केंद्र सरकार द्वारा उद्यम करने के लिए 25 लाख के अनुदान की स्वीकृति मिल गई है। अब मैं ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग का उद्योग लगाऊंगी, जिससे अनेक युवाओं को अवसर मिलेगा।



**रश्मि कुमारी**, संस्थापक, टेक्नो ग्राउंड स्टार्टअप

रश्मि को विभिन्न तरह के गुर सिखाने के साथ ही बाहर से पुर्जे मंगाकर ड्रोन असेंबल करने की भी सीख दी गई है। इससे वह न केवल आत्मनिर्भर बनी हैं, बल्कि अनेक युवाओं को भी जोड़ रही हैं।

**डा. एके सिंह**, बीएयू इनक्यूबेशन सेंटर के अनुसंधान निदेशक

आज रश्मि टेक्नो ग्राउंड स्टार्टअप की स्वामिनी हैं। कृषि क्षेत्र में तकनीक के बढ़ते प्रयोग के बीच उन्होंने अनेक युवाओं को रोजगार दिया है।"

**अशोक जायसवाल**, बीएयू इनक्यूबेशन सेंटर के प्रबंधक

अतिरिक्त सामग्री पढ़ने के लिए स्कैन करें।

### बीएमएस का ईपीएफओ के लिए वेतन सीमा दोगुना करने का अनुरोध

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** श्रमिक संगठन भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) ने बुधवार को सरकार से कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) व कर्मचारी राज्य बीमा निगम की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लिए वेतन-सीमा को दोगुना करने का आग्रह किया। श्रमिक संगठन ने कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस-1995) के तहत महंगाई भत्ते (वीडीए) के साथ न्यूनतम पेंशन 1,000 रुपये से बढ़ाकर 5,000 रुपये मासिक करने और इसे आयुष्मान भारत योजना से जोड़ने का भी अनुरोध किया। फिलहाल ईपीएफओ की कर्मचारी पेंशन योजना-1995 के लिए मासिक वेतन सीमा 15,000 रुपये है, जबकि कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआइसी) के मामले में यह 21,000 रुपये है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संबद्ध भारतीय मजदूर संघ ने कहा है कि सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लिए मौजूदा वेतन सीमा बहुत कम है।

********

# शाहबानो 2.0

**125** धारा के तहत तलाकशुदा महिलाएं अपने पति से भरण-पोषण की कर सकती हैं मांग

**45** पेज के अपने फैसले में जस्टिस नागरत्ना ने कहा, एक स्थिर परिवार समाज को स्थिरता देता है

## 'महिलाओं को आर्थिक सुरक्षा मिलनी चाहिए'


जस्टिस बीवी नागरत्ना ● फाइल फोटो

- जस्टिस नागरत्ना ने महिलाओं के वास्तविक सशक्तीकरण के लिए इसे जरूरी बताया
- तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं के भरण-पोषण मामले में सुनाया अलग फैसला

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश जस्टिस बीवी नागरत्ना ने कहा कि भारतीय महिलाओं के वास्तविक सशक्तीकरण के लिए उनकी आर्थिक सुरक्षा के साथ-साथ उनके निवास की सुरक्षा को भी संरक्षित किया जाना चाहिए। जस्टिस नागरत्ना व आगस्टीन जार्ज मसीह की पीठ ने अपने फैसले में कहा, तलाकशुदा मुस्लिम महिलाएं सीआरपीसी की धारा 125 के तहत अपने पति से भरण-पोषण की मांग कर सकती हैं।


जस्टिस नागरत्ना ने अलग से दिए फैसले में महिलाओं विशेष कर गृहिणियों की आर्थिक और आवासीय सुरक्षा सुनिश्चित करने व उन्हें सशक्त बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा, भारतीय महिलाओं की आर्थिक व आवासीय सुरक्षा बढ़नी और संरक्षित होनी चाहिए। यह वास्तव में उन महिलाओं को सशक्त करेगा, जिन्हें गृहिणी कहा जाता है और जो भारतीय परिवार की रीढ़ हैं और परिवार भारतीय समाज की मूल इकाई है। उन्होंने महिलाओं की आर्थिक व आवासीय सुरक्षा के संबंध में भारतीय पुरुषों को सचेत रहने को कहा। अपने 45 पेज के फैसले में जस्टिस नागरत्ना ने कहा, यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि एक स्थिर परिवार, जो भावनात्मक रूप से जुड़ा हुआ और सुरक्षित है, समाज को स्थिरता देता है। परिवार के भीतर ही जीवन के अनमोल मूल्य सीखे और बनाए जाते हैं। ये नैतिक मूल्य आने वाली पीढ़ी को विरासत में मिलते हैं, जो एक मजबूत भारतीय समाज के निर्माण में लंबा रास्ता तय करेंगे। एक मजबूत परिवार और समाज अंततः मजबूत राष्ट्र का नेतृत्व करेगा। इसके लिए परिवार में महिलाओं का सम्मान और सशक्तीकरण होना चाहिए।

उन्होंने कहा, जिन महिलाओं के पास आय का स्वतंत्र स्रोत है, वह आर्थिक रूप से संपन्न हो सकती है और पति व उसके परिवार पर निर्भर नहीं हो सकती है। लेकिन, उस विवाहित महिला की स्थिति क्या होगी जिसे अक्सर ''गृहिणी'' कहा जाता है और जिसके पास आय का कोई स्वतंत्र स्रोत नहीं है।

## राजीव गांधी सरकार ने पलट दिया था शाहबानो पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला



बात 1985 की है। शाहबानो इंदौर की एक तलाकशुदा महिला थीं। उन्होंने गुजारा भत्ता हासिल करने के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। सुप्रीम कोर्ट ने शाहबानो के पक्ष में फैसला सुनाते हुए उनके पति मोहम्मद अहमद खान को सीआरपीसी की धारा 125 के तहत गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया। मुस्लिम समुदाय में इस फैसले का विरोध शुरू हो गया। राजीव गांधी सरकार मुस्लिम कट्टरपंथियों के विरोध के आगे झुक गई और सुप्रीम कोर्ट के फैसले को निष्प्रभावी बनाने के लिए मुस्लिम महिला (तलाक पर अधिकारों का संरक्षण) कानून, 1986 लेकर आई और तुष्टिकरण के लिए कोर्ट के फैसले को पलट दिया। आइये जानते हैं, अन्य अहम फैसलों के बारे में जिन्होंने मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों को मजबूती दी।



### 1963 गुलबाई बनाम नवरोसजी

गुलबाई मामला मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों से जुड़ा था। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम ला के तहत शादी की वैधता के लिए दिशानिर्देश तय किए थे। इस दिशा निर्देश में वैध निकाह समझौते के लिए जरूरी चीजों पर जोर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में फैसला सुनाते हुए वैध शादी के लिए जरूरी चीजों को स्पष्ट किया था, जिससे अवैध या बल पूर्वक शादी करके मुस्लिम महिलाओं का शोषण न किया जा सके।

### 1997 नूर सबा खातून मामला

सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि मुस्लिम महिला मुस्लिम पर्सनल ला शरिया एप्लीकेशन एक्ट, 1937 के तहत पैतृक संपत्ति में हिस्से के लिए दावा कर सकती है। इस फैसले में मुस्लिम महिलाओं के संपत्ति के अधिकार को स्वीकार किया गया और इससे उनको आर्थिक तौर पर मजबूती मिली।

### 2001 डेनियल लतीफी बनाम भारत संघ

राजीव सरकार द्वारा लाए गए मुस्लिम महिला (तलाक पर अधिकारों का संरक्षण) कानून, 1986 की संवैधानिक वैधता को 2001 में डेनियल लतीफी बनाम भारत संघ मामले में सुप्रीम कोर्ट के समक्ष चुनौती दी गई थी। डेनियल लतीफी वकील थे। उन्होंने कोर्ट में शाहबानो का प्रतिनिधित्व किया था। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि महिलाओं के अधिकार इद्दत की अवधि के आगे भी रहते हैं।

### 2017 शायरा बानो मामला

ऐतिहासिक फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने तीन तलाक को असंवैधानिक और अवैध करार दिया था। कोर्ट ने कहा कि तीन तलाक मुस्लिम महिलाओं के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है।

### 2009 मौलाना अब्दुल कादिर मदनी मामला

सुप्रीम कोर्ट ने 2009 में कहा था कि धर्म का पालन करने के अधिकार में दूसरों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करने का अधिकार शामिल नहीं है। यह बात लैंगिक समानता के परिप्रेक्ष्य में कही गई थी।

### 2014 शमीम बानो बनाम असरफ खान

2014 में सुप्रीम कोर्ट ने शमीम बानो बनाम असरफ खान मामले में कहा था, मुस्लिम महिला तलाक के बाद भी पति से गुजारा भत्ता पाने की हकदार है। इस बात पर जोर दिया गया था कि मुस्लिम पति की जिम्मेदारी है कि वह तलाकशुदा पत्नी के भविष्य के लिए गुजारा भत्ता सहित उचित व्यवस्था करे। यह बात इद्दत की अवधि से आगे के लिए भी लागू होती है।

## मुस्लिम पसर्नल ला के मुताबिक तलाक तो भी मिलेगा गुजारा भत्ता

प्रथम पृष्ठ से आगे

यदि मुस्लिम महिला की मुस्लिम पसर्नल ला के मुताबिक शादी और तलाक हुआ है, तो उस पर सीआरपीसी की धारा 125 और मुस्लिम महिला (तलाक पर अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम 1986, दोनों के प्रविधान लागू होंगे। ऐसी मुस्लिम महिला के पास विकल्प होगा कि वह दोनों कानूनों में राहत मांगती है या दोनों में से किसी एक कानून में राहत लेती है।

शीर्ष अदालत ने दोनों कानूनों के लागू होने के बारे में स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि ऐसा इसलिए है, क्योंकि 1986 का कानून सीआरपीसी की धारा 125 के प्रविधानों को कम नहीं करता, बल्कि धारा 125 के अतिरिक्त है। फैसले में कहा गया है कि अगर कोई मुस्लिम महिला धारा 125 के अलावा 1986 के कानून में अर्जी देती है, तो कोई भी आदेश देते समय सीआरपीसी की धारा 127(3)(बी) के प्रविधानों पर भी विचार किया जाएगा। मुस्लिम महिला अगर 1986 के कानून के तहत अर्जी देती है, तो उस अर्जी को उसी कानून के मुताबिक निपटाया जाएगा। गैर कानूनी तीन तलाक पीड़िता मुस्लिम महिला के बारे में गुजारा भत्ता की व्यवस्था देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि ऐसी महिला को मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम 2019 की धारा पांच के तहत गुजारा भत्ता पाने का अधिकार है।

## कांग्रेस ने शरिया के लिए रौंदा था संविधान, अब हुई रक्षा : भाजपा

### कहा, कोर्ट के निर्णय ने संविधान पर आए संकटों में से एक का उत्तर दिया

**तलाकशुदा महिलाओं के लिए सुप्रीम कोर्ट के निर्णय पर भाजपा ने संविधान की चर्चा संग याद दिलाया शाह बानो केस**


सुधांशु त्रिवेदी ● फाइल फोटो

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को भी गुजारे भत्ते का अधिकार दिए जाने के सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को बड़ी राहत और मानवीय संवेदनाओं वाला बताते हुए भाजपा ने कांग्रेस को भी आड़े हाथों लिया है।

भाजपा सांसद एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता डा. सुधांशु त्रिवेदी ने शाह बानो केस की याद दिलाते हुए कहा कि 39 वर्ष पहले राजीव गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने शरिया के लिए संविधान को रौंदा था। आज सुप्रीम कोर्ट के निर्णय ने संविधान की रक्षा की है।

भाजपा प्रवक्ता ने बुधवार को पार्टी मुख्यालय में कहा कि हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव और शपथ ग्रहण में जो लोग संविधान लेकर आए थे, उन्हें सुप्रीम कोर्ट के निर्णय ने भारत के संविधान पर आए सबसे बड़े संकटों में से एक का उत्तर दिया है। उन्होंने कहा कि 1985 में संविधान पर बहुत बड़ा खतरा आया था, जब शाह बानो केस में सुप्रीम कोर्ट का निर्णय एक गरीब मुस्लिम महिला को भत्ता देने के लिए आया था। तब उसे शरिया के विरुद्ध मानकर राजीव गांधी के नेतृत्व में चल रही तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को रौंदकर संविधान के ऊपर शरिया को कर दिया था, तब संविधान खतरे में था। यह हमें फिर याद दिलाता है कि जब-जब यह सत्ता में आए, अनेक बार संविधान को खतरे में डाला। आज सुप्रीम कोर्ट ने 39 वर्ष पहले संविधान पर स्थापित किए गए खतरे को समाप्त किया है। मुस्लिम महिलाओं के लिए, बड़ी राहत और मानवीय संवेदनाओं का मार्ग प्रशस्त किया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को रूस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान मिलने पर भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि आज 140 करोड़ देशवासियों के लिए गर्व और संतुष्टि की अनुभूति का अवसर है। वह भारत के इकलौते प्रधानमंत्री हैं, जिन्हें अनेक देशों जैसे फ्रांस, मिस्र, यूएई, सऊदी अरब, फलस्तीन सहित 12-13 देशों ने सम्मान दिया है। प्रधानमंत्री मोदी एकमात्र राष्ट्राध्यक्ष हैं, जिन्हें दो बार अमेरिकी संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करने का अवसर मिला। इसके साथ ही रूस ने अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिया। विश्व का कोई अन्य राष्ट्राध्यक्ष इस परिस्थिति में नहीं है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे 140 करोड़ देशवासियों का सम्मान बताया है। कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों की टिप्पणियों को लेकर कहा कि विदेश नीति के संदर्भ में क्षुद्र स्वार्थ के आधार पर राजनीति करना उचित नहीं है।

### महिला आयोग की प्रमुख ने किया फैसले का स्वागत

मुस्लिम महिलाओं के अधिकार पर कोर्ट के फैसले का राष्ट्रीय महिला आयोग की प्रमुख रेखा शर्मा ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा, 'यह फैसला लैंगिक समानता एवं सभी महिलाओं के लिए न्याय सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, भले ही उनका धर्म कोई भी हो।' यह इस सिद्धांत को पुष्ट करता है कि कानून के तहत कोई भी महिला सहायता एवं सुरक्षा से वंचित न रहे।

## मुस्लिम महिलाओं ने कोर्ट के फैसले को सराहा


- शबनम हाशमी ने कहा-हर महिला का संवैधानिक अधिकार है गुजारा भत्ता
- तीन तलाक मामले में सुप्रीम कोर्ट पहुंचीं शायरा बानो बोलीं- अब वाजिब अधिकार मिलेगा


**जागरण टीम, नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने तीन तलाक के बाद गुजारा भत्ता के अधिकार पर एक बार फिर मुहर लगने के बाद मुस्लिम महिलाओं की खुशी का ठिकाना नहीं है। वर्तमान सरकार पर उनका विश्वास इतना गहरा है कि उन्होंने अब समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू किए जाने की मांग भी रख दी है। बदलते भारत में मुस्लिम महिलाएं संवैधानिक अधिकारों पर मजबूती से बात कर रही हैं। कुछ मुस्लिम धर्मगुरु भी इस फैसले को ऐतिहासिक बताते हुए सराहना कर रहे हैं।

सामाजिक कार्यकर्ता शबनम हाशमी कहती हैं कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला बहुत अच्छा है। हर औरत को गुजारा भत्ता मिलना ही चाहिए। यह उसका संवैधानिक अधिकार है। तीन तलाक के विरुद्ध सबसे पहले सुप्रीम कोर्ट जाने वाली और उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष शायरा बानो ने बुधवार को कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले से देश की मुस्लिम महिलाओं को उनका वाजिब अधिकार मिल सकेगा। शायरा ने कहा कि अपने तीन तलाक को लेकर 2016 में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। एक साल बाद सुप्रीम कोर्ट ने पक्ष में फैसला सुनाया। इसके बाद 2018 में तीन तलाक को लेकर कानून बना।

**फैसला सराहनीय:** आल इंडिया मुस्लिम महिला पर्सनल ला बोर्ड की अध्यक्ष शाइस्ता अंबर ने कहा कि महिलाओं को गुजारा भत्ता देने का आदेश सराहनीय है। ऐसा फैसला सभी धर्मों की महिलाओं और बच्चों के हित में तुरंत लागू हो, ताकि हर पीड़ित महिला जिसका मामला अदालत में है, उसे राहत मिल सके। न्यायालय के इस आदेश से परिवार के टूटने की आशंका कम होगी। मैंने 2023 में तलाकशुदा महिलाओं व बच्चों के गुजारे भत्ते के लिए उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की थी। उसी के क्रम में यह फैसला आया है। लोकसभा में 1996 में यह पास भी हो चुका था कि वक्फ बोर्ड तलाकशुदा विधवाओं, अनाथों के भरण-पोषण के लिए, शिक्षा के लिए, के लिए हर माह पेंशन दे, जिसे अमल में नहीं लाया गया। पर्सनल ला बोर्ड और सभी अपने स्तर से प्रयास करें और सरकार से इस व्यवस्था के लिए सहयोग लें।

### धर्म के आधार पर न हो गुजारा भत्ता: अंबर जैदी


अंबर जैदी


जितेंद्रानंद सरस्वती

सामाजिक कार्यकर्ता अंबर जैदी ने कहा कि जब-जब शरिया के नाम पर कट्टरपंथियों ने मुस्लिम महिलाओं को दबाने और कुचलने की कोशिश की, तब सुप्रीम कोर्ट आगे आया। तीन तलाक पर सुप्रीम कोर्ट का निर्णय ऐतिहासिक था। इस फैसले से उनके लिए सम्मानजनक जिंदगी का रास्ता निकला है। गुजारा भत्ता का अधिकार धर्म के आधार पर नहीं बांटा जाना चाहिए था, लेकिन राजीव सरकार ने कट्टर मौलवियों के सामने घुटने टेक दिए थे। आग्रह है कि मोदी सरकार अब यूसीसी की तरफ बढ़े, जिससे हर किसी को बराबरी का अधिकार सुनिश्चित हो। अखिल भारतीय संत समिति के महामंत्री स्वामी जीतेंद्रानंद सरस्वती ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय स्वागत योग्य है। अगर देश संप्रदायनिरपेक्ष है तो मुस्लिमों के लिए अलग और हिंदुओं के लिए अलग कानून नहीं होना चाहिए था।

### कोर्ट के आदेश को अमली जामा पहनाए सरकार : हसन


शालिनी अली

सामाजिक कार्यकर्ता नाइश हसन ने कहा कि यह फैसला उन मर्दों पर लगाम लगाएगा, जो महिलाओं की इज्जत नहीं करते, उन्हें घर से मनमानी तरीके से बेदखल कर देते हैं। जरूरत है कि सरकार कोर्ट के इस आदेश को अमली जामा पहनाने का इंतजाम करे। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच की महिला विंग की अध्यक्ष शालिनी अली का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला नया नहीं है। शाहबानो प्रकरण में कोर्ट ने यही कहा था। गुजारा भत्ता भीख नहीं अधिकार है। तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को सड़कों पर भीख मांगते देखा है। आज की सरकार महिलाओं के हित में बड़े फैसले लेती है। हम उम्मीद करते हैं कि सरकार यूसीसी लागू कर मुस्लिम महिलाओं को कट्टर मौलानाओं के चंगुल से निकालेगी।

### पर्सनल ला बोर्ड विरोध में, जमीयत को जानकारी नहीं

मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड ने शरिया का हवाला देते हुए सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का विरोध किया है। कहा, गुजारा भत्ता देने से तलाक के मामले कम होंगे। वैवाहिक संबंध खराब होने पर भी दोनों पक्ष घुट-घुट कर जीएंगे, लेकिन तलाक नहीं देंगे। मामले को समझने के लिए बोर्ड ने वर्किंग कमेटी की बैठक बुलाई है। बोर्ड की कानूनी समिति में भी इस फैसले की समीक्षा कर चुनौती देने का रास्ता अख्तियार किया जा सकता है। बोर्ड के प्रवक्ता कासिम रसूल इलियास ने कहा, इस रविवार को दिल्ली में वर्किंग कमेटी की बैठक हो सकती है। वहीं, जमीयत उलेमा-ए-हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि अभी उनको इस फैसले की जानकारी नहीं है।

## एक नजर में

### ममता के खिलाफ मानहानि मामले में 15 को सुनवाई

**कोलकाता:** कलकत्ता हाई कोर्ट ने बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस की ओर से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस के कुछ नेताओं के खिलाफ दायर किए गए मानहानि के मुकदमे में अंतरिम आदेश की खातिर दाखिल राज्यपाल के आवेदन पर 15 जुलाई को सुनवाई करेगा। राज्यपाल ने बनर्जी के खिलाफ 28 जून को मानहानि का मामला दायर किया था। इससे एक दिन पहले बनर्जी ने दावा किया था कि महिलाओं ने उनसे राजभवन जाने में डर लगने की शिकायत की थी। (राब्यू)

### जस्टिस खन्ना ने सुनवाई से खुद को किया अलग

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठतम न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना ने समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से इन्कार करने के शीर्ष कोर्ट के फैसले की समीक्षा का अनुरोध करने वाली याचिकाओं की सुनवाई से बुधवार को खुद को अलग कर लिया। सूत्रों के अनुसार जस्टिस खन्ना ने खुद को इससे अलग करने के लिए व्यक्तिगत कारणों का हवाला दिया। जस्टिस खन्ना के खुद को अलग करने के बाद पुनर्विचार याचिकाओं पर विचार करने के लिए अब चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली संविधान पीठ के पुनर्गठन की आवश्यकता होगी। (प्रेट्र)

### विदेशी छात्रों को स्टाइपेंड पर एनएमसी से मांगा जवाब

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान के दो मेडिकल कालेजों और राम मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट के विदेशी छात्रों की ओर से दायर उन याचिकाओं पर नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) से जवाब मांगा, जिसमें अन्य इंडियन मेडिकल ग्रेजुएट की तरह इंटर्नशिप के दौरान उन्हें स्टाइपेंड देने की मांग की गई है। कोर्ट ने जसवंत सिंह व अन्य द्वारा दायर याचिका पर एनएमसी को नोटिस जारी किया। (प्रेट्र)

## 25 और शहरों के लिए नदी प्रबंधन योजना तैयार करेगा एनएमसीजी

- इनमें उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, बंगाल के पांच-पांच शहर शामिल
- इससे टाउन प्लानिंग में नदियों की चिंता को भी शामिल करने में मदद मिली है

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** गंगा की सफाई में निरंतरता के लिए केंद्र सरकार 25 और शहरी स्थानीय निकायों के लिए नदी प्रबंधन योजना तैयार करने में मदद करेगी। इसका उद्देश्य नदी तट पर बसे शहरों को प्लानिंग के लिहाज से इस ढंग से तैयार करना है कि वे नदियों के प्रबंधन के लिए भी प्रयत्नशील रहें।

राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) के महानिदेशक राजीव मित्तल के अनुसार, जिन 25 और शहरों को अर्बन रिवर मैनेजमेंट प्लान के लिए चुना गया है, उनमें उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और बंगाल के पांच-पांच शहर शामिल हैं। इनकी सहायता से गंगा और उसकी सहायक नदियों की साफ-सफाई के लिए स्थायी और टिकाऊ ढांचा बनाने में मदद मिलेगी। उत्तर प्रदेश में बिजनौर, गोरखपुर, मीरजापुर, मथुरा-वृंदावन और शाहजहांपुर में स्थानीय निकायों को शहरी नदी प्रबंधन योजना बनाने में मदद दी जाएगी। उत्तराखंड में गंगोत्री, ऋषिकेश और हरिद्वार तथा बिहार में भागलपुर, गया आदि में यही काम किया जाएगा।

झारखंड के स्थानीय निकायों में रांची, धनबाद आदि शामिल हैं, जबकि बंगाल में हावड़ा और सिलीगुड़ी आदि में नदी प्रबंधन योजना तैयार की जाएगी। मित्तल ने कहा कि इसके पहले कानपुर, अयोध्या और संभाजी नगर में इस तरह की प्रबंधन योजना लागू की गई है। इससे टाउन प्लानिंग में नदियों की चिंता को भी शामिल करने में मदद मिली है।

## शिंदे गुट के विरुद्ध उद्धव गुट की याचिका पर विचार करेगा कोर्ट

- उद्धव गुट ने कहा, अब विस का कार्यकाल भी खत्म होने वाला है
- सीजेआइ बोले- वह देखेंगे, इस संबंध में ई-मेल भेजने को कहा

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** सुप्रीम कोर्ट बुधवार को महाराष्ट्र विस अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के उस आदेश को चुनौती देने वाली उद्धव गुट की याचिका को सूचीबद्ध करने पर विचार करने के लिए सहमत हो गया, जिसमें सीएम शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट को जून, 2022 में विभाजन के बाद असली राजनीतिक दल घोषित करने का आदेश दिया गया था। विस अध्यक्ष ने सीएम शिंदे व उनके समर्थक विधायकों के विरुद्ध ठाकरे गुट की अयोग्यता याचिकाओं को भी खारिज कर दिया था। सीजेआइ चंद्रचूड़ की पीठ के समक्ष शिवसेना (यूबीटी) नेता सुनील प्रभु की ओर से पेश अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने आग्रह किया, याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाना आवश्यक है। विस का कार्यकाल समाप्त होने वाला है। सीजेआइ ने कहा, 'मैं देखूंगा' और वरिष्ठ अधिवक्ता से इस संबंध में एक ई-मेल भेजने को कहा। कोर्ट ने 22 जनवरी को उद्धव गुट के नेता सुनील प्रभु की याचिका पर सीएम व उनके गुट के अन्य विधायकों को नोटिस जारी किया था। उद्धव गुट ने आरोप लगाया है कि शिंदे ने असंवैधानिक रूप से सत्ता हड़पी है।

## बीएमडब्ल्यू हिट एंड रन मामले में बार के अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

**राज्य ब्यूरो, जागरण ● मुंबई :** बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) ने बुधवार को जुहू इलाके में स्थित एक बार में अनधिकृत निर्माण को ध्वस्त कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि बीएमडब्ल्यू हिट एंड रन मामले के मुख्य आरोपित और शिवसेना (शिंदे) नेता के बेटे मिहिर शाह ने स्कूटी को टक्कर मारने से पहले इसी बार में अपने दोस्तों के साथ शराब पी थी। इस दुर्घटना में महिला कावेरी नखवा की मौत हो गई थी और उसका पति घायल हो गया था। मिहिर ने पुलिस के सामने स्वीकार किया है कि दुर्घटना के समय गाड़ी वही चला रहा था। अधिकारियों ने बताया कि वह जांच में सहयोग नहीं कर रहा है। इस बीच, अदालत ने मिहिर को 16 जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने उसके पिता राजेश शाह को अपनी पार्टी के उपनेता पद से भी हटा दिया है।


बीएमडब्ल्यू हिट एंड रन प्रकरण के बाद बुधवार को मुंबई के जुहू क्षेत्र में स्थित वाइस-ग्लोबल तापस बार के अनधिकृत निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया ● प्रेट्र

अधिकारियों ने बताया कि बीएमसी ने वाइस-ग्लोबल तापस बार के खिलाफ कार्रवाई की और इस दौरान 3,500 वर्ग फीट के अवैध निर्माण को गिरा दिया। 24 वर्षीय मिहिर ने रविवार तड़के कथित तौर पर अपनी बीएमडब्ल्यू कार से एक स्कूटी को टक्कर मार दी थी।

**मांगी हुई कार से हुआ हादसा :** आइएएनएस के अनुसार, क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय ठाणे के दस्तावेज का हवाला देते हुए कार्यकर्ता बीनू वर्गीज ने कहा है कि जिस बीएमडब्ल्यू कार से हादसा हुआ, वह न तो राजेश शाह की है और न ही मिहिर शाह की। यह कार राजेश वसंतराय दोशी नामक व्यक्ति की है।

## महायुति और आघाड़ी ने अपने विधायक को होटलों में टिकाए

ओमप्रकाश तिवारी ● जागरण

- कल होना है महाराष्ट्र विधान परिषद के लिए मतदान
- अपना पक्ष मजबूत करने के लिए दल सजाने लगे हैं फील्डिंग

**मुंबई:** महाराष्ट्र में विधान परिषद की 11 सीटों के लिए शुक्रवार को मतदान होना है। सभी दलों ने इसके लिए अपने-अपने विधायकों को सहेजना शुरू कर दिया है। प्रमुख दलों ने अपने विधायकों को बुधवार से ही मुंबई के पांच सितारा होटलों में एक साथ रखना शुरू कर दिया है।

भाजपा ने अपने विधायकों को दक्षिण मुंबई के कफ परेड स्थित होटल में बुला लिया है। शिवसेना शिंदे गुट के विधायक बांद्रा के एक होटल में रखे गए हैं। शिवसेना (यूबीटी) ने अपने विधायकों को बहुत उम्दा होटल में रखा है। राकांपा (अजीत पवार) के विधायक भी होटल पहुंच चुके हैं। कांग्रेस ने अपने विधायकों को किसी होटल में नहीं बुलाया है। राकांपा (शरदचंद्र पवार) के अध्यक्ष शरद पवार ने स्पष्ट कर दिया है कि उन्हें अपने विधायकों पर पूरा भरोसा है। वह कहीं नहीं जाने वाले हैं।

इस बार के विधान परिषद चुनाव में सदन में 11 सदस्यों का चुनाव होना है, लेकिन प्रत्याशी 12 हैं। शिवसेना (शिंदे), भाजपा व राकांपा (अजीत) के विधायकों की कुल संख्या 197 है। इन तीनों दलों की महायुति (गठबंधन) ने मिलकर नौ उम्मीदवार खड़े किए हैं। इनमें भाजपा के पांच, शिवसेना (शिंदे) के दो और राकांपा (अजीत) के भी दो उम्मीदवार हैं। इस चुनाव में सदन की वर्तमान सदस्य संख्या के आधार पर सभी उम्मीदवारों को जीतने के लिए कम से कम 23 मतों की आवश्यकता है। इस प्रकार महायुति के सभी नौ उम्मीदवारों की जीत के लिए 207 मतों की आवश्यकता होगी। जबकि, महायुति के मित्र दलों के विधायकों को जोड़ने के बावजूद उसके पास चार विधायक कम पड़ रहे हैं।

## 'भाजपा की शिक्षा विरोधी मानसिकता से युवाओं का भविष्य अधर में'

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि देश के युवा बेरोजगारी से पूरी तरह से परेशान हो गए हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा की शिक्षा विरोधी मानसिकता से उनका भविष्य अधर में है। उन्होंने यह टिप्पणी उस मीडिया रिपोर्ट के आधार पर की है, जिसमें दावा किया गया है कि 2024 में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों से स्नातक होने वाले इंजीनियरों के वेतन में गिरावट आई है। उन्होंने अपने वाट्सएप चैनल पर कहा कि आर्थिक मंदी का दुष्परिणाम अब देश के सबसे प्रतिष्ठित संस्थानों को भी भुगतना पड़ रहा है। आइआइटी से प्लेसमेंट में लगातार गिरावट आ रही है। वार्षिक पैकेज में गिरावट से युवाओं की स्थिति खराब हो रही है।


राहुल गांधी ● फाइल फोटो

उन्होंने दावा किया कि 2022 में 19 प्रतिशत छात्रों को कैंपस प्लेसमेंट नहीं मिल सका। यही दर इस साल दोगुनी होकर 38 प्रतिशत हो गई। कहा कि जब देश के सबसे प्रसिद्ध और प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों का यह हाल है तो बाकी संस्थानों की क्या दुर्दशा होगी। उन्होंने कहा कि विपक्ष अपनी पूरी ताकत से युवाओं की आवाज उठाना जारी रखेगा।

### भाजपा विधायक भरत शेट्टी के खिलाफ मामला दर्ज

**मंगलुरु, प्रेट्र :** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने को लेकर भाजपा विधायक भरत शेट्टी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मंगलुरु शहर पुलिस आयुक्त अनुपम अग्रवाल ने बताया कि मंगलुरु नगर निगम के कांग्रेस पार्षद के अनिल द्वारा शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। कांग्रेस पार्षद ने शिकायत में आरोप लगाया कि विधायक भरत शेट्टी ने राहुल गांधी का नाम लेते हुए एक भड़काऊ बयान दिया था। अग्रवाल ने कहा कि मामले की जांच जारी है।

## लोको पायलट का मनोबल गिराने के लिए विपक्ष कर रहा दुष्प्रचार : अश्विनी वैष्णव

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि लोको पायलट रेल परिवार के महत्वपूर्ण सदस्य हैं। विपक्ष उनका मनोबल गिराने के लिए दुष्प्रचार कर रहा है। लोको पायलट की ड्यूटी के घंटे पर सावधानीपूर्वक नजर रखी जाती है। ड्यूटी के बाद उन्हें आराम प्रदान किया जाता है। ड्यूटी के औसत घंटे निर्धारित समय सीमा के अंदर बनाकर रखे जाते हैं। इस साल जून माह में ड्यूटी की औसत अवधि आठ घंटे से कम रही। विषम परिस्थितियों में यात्रा अवधि निर्धारित घंटों से अधिक हो जाती है।

बता दें, पिछले सप्ताह लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने लोको पायलट के एक समूह के साथ बैठक की थी। इन लोको पायलट ने कम कर्मियों की वजह से पर्याप्त आराम नहीं मिलने की शिकायत की थी। गांधी ने उन्हें आश्वासन दिया था कि वह संसद में उनके मुद्दे उठायेंगे। वैष्णव के अनुसार ये पायलट लोको कैब से अपना इंजन (लोकोमोटिव) चलाते हैं तथा 2014 से पहले ये कैब बहुत बुरी दशा में थी। अब आरामदायक सीट के साथ इन कैब में सुधार किया गया है।

*********

## उत्तर रेलवे

### संविदा चिकित्सक की नियुक्ति करना (सीएमपी)

उत्तर रेलवे मंडल चिकित्सालय, दिल्ली मंडल में एक संविदा चिकित्सक पद के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। विज्ञापन की विस्तृत जानकारी, सेवा शर्तें आवेदन का प्रारूप आदि उत्तर रेलवे की वेबसाइट https://www.nr.indianrailways.gov.in दिल्ली मण्डल पर उपलब्ध है।

मण्डल कार्मिक अधिकारी/नई दिल्ली

पत्र सं.: एनआर–डीएलआईओपीईआरएस/466/2020/ब्लीपीओ/ए/डीएलआई/एनआर/22409/पी–9 दिनांक 10.07.2024 2097/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा आमंत्रित निविदा

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि. मंडल विद्युत अभियंता/परिचालन, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली में निम्नलिखित कार्य के लिये निर्धारित निविदा फार्म में ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम एवं स्थान | CRIS विशिष्टता संख्या के अनुसार No. 2007/CRIS/NDLS-HQ/CMS/project/Rollout-II/0030/pt-I dt. 27.12.2018 के अनुसार गाजियाबाद, तुगलकाबाद, आनंद विहार, पानीपत, पलवल और निजामुद्दीन क्रू लॉबी में क्रू प्रबंधन प्रणालियों की आपूर्ति, स्थापना, प्रवर्तन और परीक्षण संबंध कार्य हेतु निविदा। |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत | रुपये 22,05,205.24/- (जी.एस.टी. जोड़ के हुये) |
| 3 | बयाना राशि | रुपये 44,200/- |
| 4 | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | दिनांक 01.08.2024 को 15.00 बजे |
| 5 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | IREPS की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर |

निविदा सूचना सं. NIT-02-2024-25-Elect-RSO, दिनांक: 10.07.2024 2101/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## जन सूचना

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला पलवल में प्रकाश विहार व जवाहर नगर कैंप शहरी क्षेत्र में 2 शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाने के लिए भवन किराये पर लिए जाने हैं, भवन में शौचालय सहित करीब 5 कमरे बने हो। जो भी व्यक्ति अपना भवन स्वास्थ्य विभा को किराये पर देना चाहता है वह सिविल सर्जन, पलवल के कार्यालय में 5 दिनों के अंदर इस बारे अपना सहमति पत्र, भवन के विस्तृत ब्योरे सहित जमा कराएं ताकि समिति द्वारा भवन का निरीक्षण करके किराया तय किया जा सके।

सिविल सर्जन पलवल

PRDH-1058/11/845/2025/27665/67/7

## कार्यालय अधिशासी अधिकारी नगरपालिका परिषद, खुर्जा (बुलन्दशहर)

पत्रांक 367/सा0प0/2024–25 दिनाँक: 10 जुलाई, 2024

:- शुद्धि पत्र :-

अति अल्पकालीन ई–निविदा सूचना:-

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, खुर्जा जनपद–बुलन्दशहर द्वारा राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (N-CAP) योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 की द्वितीय किश्त से प्राप्त धनराशि से निर्माण कार्य कराये जाने हेतु इस कार्यालय के पत्र सं0–305/सा0प0/2024–25 दिनांक 26.06.2024 के द्वारा दिनांक 27.06.2024 से 11.07.2024 तक अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रित की गई थी परन्तु अपरिहार्य कारणों से निविदा अवधि दिनांक 18.07.2024 तक बढ़ाई जा रही है। निविदा का विवरण, शर्तें व निविदा से सम्बन्धित अन्य नियम उत्तर प्रदेश ई–प्रिक्योरमेन्ट की वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर अपलोड है। ई–निविदा के साथ निविदा प्रपत्र मूल्य नगर पालिका परिषद, खुर्जा के पंजाब नैशनल बैंक के खाता संख्या–0267002100048732 IFSC-PUNB0026700 में जमा करना तथा इस ट्रांजेक्शन की स्कैन कॉपी ई–निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य है।

नोट:– उक्त निविदा सूचना सम्बन्धी विस्तृत जानकारी नगर पालिका परिषद, खुर्जा के निर्माण अनुभाग से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

अधिशासी अधिकारी
नगरपालिका परिषद खुर्जा।

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधिकरण का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खोलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रुपये में | बोर्ड/निगम/प्राधिकरण की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/संपर्क विवरण/ईमेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन हरियाणा भिवानी | प्रयुक्त उत्तर पुस्तिकाओं, ओएमआर एवं अप्रयुक्त प्रश्न पेपर्स/बुकलेट्स/टैक्स्ट बुक्स की बिक्री। | 09.07.2024 16.07.2024 | 90 LACS | http://www.bseh.org.in | 9306383433 ascc@bseh.org.in |

PRDH-13/2025/40/27687/I/67/7 आगामी जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट पर जाएं : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधिकरण का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खोलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रुपये में | बोर्ड/निगम/प्राधिकरण की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/संपर्क विवरण/ईमेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हारट्रोन | एससीईआरटी (राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद), हरियाणा, गुरुग्राम के परिसर में सीसीटीवी सर्विलांस सिस्टम की आपूर्ति एवं स्थापना। | 10.07.2024 31.07.2024 | 30 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 1722704922 dhhardware.hartron@gmail.com |

PRDH-13/2025/40/27673/I/67/7 आगामी जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट पर जाएं : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधिकरण का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खोलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रुपये में | बोर्ड/निगम/प्राधिकरण की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/संपर्क विवरण/ईमेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका बावल | एक वर्ष हेतु वाहन बोलेरो/अर्टिगा कार की हायरिंग। | 08.07.2024 15.07.2024 | EMD 50000/- | https://etenders.hry.nic.in | 8901202433 secy.mc.bawal@gmail.com |
| 2 | नगर पालिका बावल | वर्ष 2024-25 हेतु नगर पालिका बावल में टॉयलेट एवं यूरिनल्स का संचालन एवं रखरखाव। | 08.07.2024 15.07.2024 | 7.55 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 8901202433 secy.mc.bawal@gmail.com |
| 3 | नगर पालिका बावल | वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान एम.सी. बावल में वार्ड सं.1 से 13 में वेस्ट की प्रोसेसिंग के साथ-साथ डोर टू डोर कलेक्शन, सेग्रिगेशन, ट्रांसपोर्टेशन हेतु आरएफपी। | 08.07.2024 18.07.2024 | | https://etenders.hry.nic.in | 8901202433 secy.mc.bawal@gmail.com |

PRDH-13/2025/60/27675/I/67/7 आगामी जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट पर जाएं : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

## MAHARSHI DAYANAND UNIVERSITY, ROHTAK

(A State University established under Haryana Act No. XXV of 1975)
'A+' Grade University Accredited by NAAC)

**University Institute of Engineering & Technology**

**Admission Notice 2024-25 B.Tech. Biotechnology** (Advt. PR No. 14 of 2024)

| B.Tech. (Biotech.) 1st Semester (40 seats) | Important dates | |
|---|---|---|
| **Eligibility :** The candidates who have passed 10+2 Examination with at least 45% marks (40% in case of candidate belonging to SC category) in the Physics, Chemistry and Biology/ Biotechnology as major subjects. **The inter-se-merit for the candidates shall be calculated on the basis of marks of Physics, Chemistry and Biology/ Biotechnology.** | Last date of application | 22-07-2024 |
| | Display of 1st merit list (categorywise) | 26-07-2024 |
| | 2nd merit list (categorywise) | 01-08-2024 |
| | 3rd merit list (open, if seats remain vacant) | 07-08-2024 |
| | 4th merit list (open, if seats remain vacant) | 12-08-2024 |

**For further information please visit www.mdu.ac.in or contact: 9034881374, 9416333872, 9813488148.**

PRDH-1235/11/133/2025/27682/C/67/7

## आबकारी एवं कराधान विभाग हरियाणा

हरियाणा सरकार

द्वारा

लंबित मामलों के निपटान के लिए

# विशेष अभियान

- लंबित कार्यवाही (जैसे सुधार/हटाना, रिमांड मामलों का न्यायनिर्णयन तथा पुनर्मूल्यांकन आदि) के निपटान के लिए विशेष अभियान
- 01.07.2017 को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में सम्मिलित सभी सात अधिनियमों के अंतर्गत 30.06.2017 तक की मूल्यांकन अवधि के लिए लागू।
- विशेष अभियान 3 जुलाई, 2024 को शुरू होगा तथा 31 जुलाई, 2024 को समाप्त होगा
- सभी करदाता तथा उनके अधिकृत प्रतिनिधि, जिनकी कार्यवाही लंबित है, लंबित कार्यवाही के निपटान के लिए अपने संबंधित सक्षम प्राधिकारियों से संपर्क करें।

संयुक्त आबकारी एवं कराधान आयुक्त, गुरुग्राम (रेंज)
संसाधन भवन, सेक्टर 32, गुरुग्राम

PRDH-1037/11/225/2025/27654/67/7

## मध्य रेल

**सामग्री प्रबंधन विभाग**
**शुद्धि-पत्र -06/2024**

कृपया ई-खरीद निविदा सूचना सं. ई- 20/2024 दि. 16.05.24, और दिनांक 19.05.24 पर प्रकाशित देखें। निविदा संख्या 27.24.4596 (पूर्व में 10.06.24)के लिए निविदा खुलने की तिथि अब 22.07.2024 हो गई है। विस्तृत विवरण के लिये वेबसाइट www.ireps.gov.in. देखें।

प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक/सीएसएमटी
AK-238

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है

## चितरंजन रेलइंजन कारखाना

### ई–निविदा सूचना

निविदा सूचना संख्याः पीसीएमएम/सीएलडब्ल्यू/एक्सब्ल्यूएच/ई–प्रोक्योरमेंट/24/42 दिनांक 06/07/2024। भारत के राष्ट्रपति की ओर से पीसीएमएम/सीएलडब्ल्यू/एक्सब्ल्यूएच निम्नलिखित की आपूर्ति के लिए स्थापित विश्वसनीय निर्माता से इलेक्ट्रॉनिक बोलियां आमंत्रित करता है। इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के निर्माण के लिए सामग्री की आपूर्ति के लिए निम्नलिखित ई–निविदाएं हैं। प्रत्याशित/संभावित आपूर्तिकर्ताओं से अनुरोध है कि वे विस्तृत निर्देशों के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें। ये ई–निविदायें हैं केवल इलेक्ट्रॉनिक प्रस्ताव बोलियां स्वीकार की जायेंगी। क्र. सं., निविदा संख्या, भण्डार का विवरण, मात्रा, नियत तारीख, निविदा लागत इस प्रकार है: [234]; 31242536; 1. सीएलडब्ल्यू एसपीईसीएन. नं. सीएलडब्ल्यू/ईएस/3/0459/सी के अनुसार मल्टीपल कोर केबल 2X0.5 एससीआर, 2. सीएलडब्ल्यू एसपीईसीएन. नं. सीएलडब्ल्यू/ईएस/3/0459/सी के अनुसार मल्टीपल कोर केबल 3X0.5 एससीआर, 3. सीएलडब्ल्यू एसपीईसीएन. नं. सीएलडब्ल्यू/ईएस/3/0459/सी के अनुसार मल्टीपल कोर केबल 2x2X0.5 एससीआर 4. सीएलडब्ल्यू एसपीईसीएन नं. सीएलडब्ल्यू/ईएस/3/0459/सी के अनुसार मल्टीपल कोर केबल 5X 0.5 एससीआर, 5. सीएलडब्ल्यू एसपीईसीएन नं. सीएलडब्ल्यू/ईएस/3/0459/सी के अनुसार मल्टीपल कोर केबल 9X 0.5 एससीआर, 6. सीएलडब्ल्यू एसपीईसीएन नं. सीएलडब्ल्यू/ईएस/3/0459/सी के अनुसार मल्टीपल कोर केबल 2X 1.0 एससीआर, 7. सीएलडब्ल्यू एसपीईसीएन नं. सीएलडब्ल्यू/ईएस/3/0459/सी के अनुसार मल्टीपल कोर केबल 2x2 X1.0 एससीआर, 8. सीएलडब्ल्यू एसपीईसीएन. नं. सीएलडब्ल्यू/ईएस/3/0459/सी के अनुसार मल्टीपल कोर केबल 3x4X 1.0 एससीआर निविदा/दस्तावेज के अनुसार 07/08/2024; ₹ 0.00। [235]; 29243551A; गर्मी अवशोषण और विकिरण की सुरक्षा हेतु एमआईजी वेल्डर के लिए चमड़े का पोंछा। सीएलडब्ल्यू के एसपीईसीएन नं. एमएमसी/33/जेनेरिक/बी–05/एमआईजी दिनांक 04.07.2024, आईएस 2573-1986 [एफएसएन कोड 42.03] (शेल्फ लाइफ 36 माह); निविदा/दस्तावेज के अनुसार 25/07/2024; ₹ 0.00।

PR2/514 पीसीएमएम/चिरेका/हावड़ा

"Like us on: www.facebook.com/clwrailways"

## पूर्वोत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना सं0: 04HQWORKS2024 दिनांक- 03.07.2024

प्रमुख मुख्य इंजीनियर पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए "खुली निविदा" ई-निविदा के माध्यम से वेबसाइट www.ireps.gov.in पर आमंत्रित करते हैं जो दिनांक 08.08.2024 को 15.00 बजे बन्द हो जायेगी। कार्य का विवरण: भारतीय रेल के रेल और वेल्ड के अल्ट्रासोनिक [illegible] निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु: 0.00) कार्य समापन अवधि: 36 (छत्तीस) माह। नोट: 1. वेबसाइट पर उपलब्ध करने की तिथि: दिनांक 03.07.2024, 2. निविदा बन्द होने की तिथि: दिनांक 08.08.2024 को 15.00 बजे, 3. विस्तृत निविदा सूचना, अर्हता शर्तें एवं अन्य शर्तें वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। 4. यदि वेबसाइट पर किसी प्रकार की परेशानी होती है तो IREPS से संपर्क कर सकते हैं अथवा नीचे उल्लिखित अधिकारियों से सम्पर्क किया जाय।

अधिशासी इंजीनियर/रेलपथ- 9794840233
सी0से0इ0जी0/कम्प्यूटर 9794840282
(अधिशासी इंजीनियर/रेलपथ)
मुजाधि/डब्लू-149 गोरखपुर

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

## एसजेवीएन लिमिटेड SJVN Limited

(भारत सरकार एवं हिमाचल प्रदेश सरकार का संयुक्त उपक्रम)
(A Joint Venture of Govt. of India & Govt. of H.P.)
CIN No. L40101HP1988GOI008409

प्रेस नोटिस/ई–निविदा संख्या पीसीडी–2886 (सिविल)/2024

संशोधन–I

एसजेवीएन लिमिटेड की ओर से "एसजेवीएन लिमिटेड के एनजेएचपीएस नाथपा बांध में डायनेमिक/फ्लेक्सीबल रॉकफॉल बैरियर/एरेस्टर की स्थापना" के लिए आमंत्रित पीसीडी–2886 (सिविल)/2024 के बोली दस्तावेज में निम्नलिखित संशोधन किए जाते हैं– बोली दस्तावेज डाउनलोड करने की अन्तिम तिथि 25.07.2024 (12:00 बजे) है। बोली जमा करने की अन्तिम तिथि 26.07.2024 (13:00 बजे) है। बोली खोलने की अन्तिम तिथि 26.07.2024 (14:00 बजे) है। अर्हता आवश्यकताओं में भी संशोधन किया गया है। विवरण और एनआईटी के सभी भविष्य के संशोधनों/शुद्धि पत्रों के लिए कृपया वेबसाइट https://etender.sjvn.co.in, www.sjvn.nic.in, और www.eprocure.gov.in पर जाएं। अन्य सभी नियम एवं शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

उप महाप्रबंधक, प्रा. एवं सं. विभाग
एनजेएचपीएस, एसजेवीएन लिमिटेड, झाकड़ी, जिला शिमला (हि.प्र.)–172201

## कार्यालय जिला पंचायत हापुड़

### मृत पशु शव निस्तारण वर्ष 2024-25 की हेतु निविदा आमंत्रित

पृष्ठांकन–545 दिनांक–10.07.2024

**विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को अवगत किया जाता है कि सामान्य लोकसभा निर्वाचन 2024 में लगी आचार संहिता के रोक लगाने के कारण दिनाँक 7.6.2024 में रोक हट जाने के पश्चात वर्ष 2024-25 की अवशेष अवधि हेतु शासनादेश संख्या 2232/33-2-202-420जी/20 दिनाँक 20 अक्टूबर 2020 के अनुपालन में जनपद हापुड़ के ग्रामीण क्षेत्रान्तर्गत साफाई एवं स्वास्थ्य व्यवस्था को दृष्टिगत करते हुए मृत पशु शव निस्तारण के कार्य/व्यवसाय एवं उद्देश्य हेतु समस्त पेत्रक व्यवसाइयों एवं समितियों (बकाया धन जमा करने के पश्चात) को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2024-25 की शेष अवधि के लिए दिनांक 01.07.2024 से 31.03.2025 तक समस्त विकास खण्ड/न्याय पंचायतों में मृत पशु शव निस्तारण एवं चर्म शोधन का लाइसेंस/ठेका हेतु दिनाँक 20.7.2024 को अपरान्ह 3 बजे तक टेण्डर के माध्यम से जिला पंचायत हापुड़ में निविदायें आमंत्रित की जा रही है, जो उसी दिन जिला पंचायत हापुड़ के निविदा बाक्स में डाली जायेंगी, तथा उसी दिनाँक को अपरान्ह 3 बजे उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष निविदा समिति द्वारा खोली जायेंगी। प्रत्येक निविदा के साथ प्रत्येक न्याय पंचायत हेतु निर्धारित धनराशि के सापेक्ष 25 प्रतिशत, की एफ.डी.आर जमानत के रूप मे जमा करानी होगी तथा निविदा शुल्क 118.00रू0 जी.एस.टी. सहित जमा कराना अनिवार्य होगा। जमानत एवं अन्य वाँछित अभिलेखों के अभाव में निविदा स्वतः निरस्त मानी जायेगी। निविदा प्रपत्र के साथ जमानत धनराशि का बैंक ड्राफ्ट/एफडीआर अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत हापुड़ के पदनाम से देय हो अथवा आर.टी.जी.एस./नकद के रूप में जिला पंचायत हापुड़ की जिला निधि खाता संख्या 30620201090 3342 में जमा करना होगा, जिसकी रसीद निविदा के साथ में संलग्न करना अनिवार्य होगा। यदि किसी न्याय पंचायत की निविदा प्राप्त नहीं होती है तो प्रत्येक शुक्रवार को निविदा आमंत्रित की जायेगी। अन्य शर्तों की जनकारी कार्यालय में आकर किसी भी कार्य दिवस में देखी/पढी जा सकती है। किसी भी ठेके को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार मा. अध्यक्ष महोदय जिला पंचायत हापुड़ में निहित होगा। अवगत कराना है कि उपर्युक्त टेण्डर प्रक्रिया मा. उच्च न्यायालय लखनऊ खण्ड पीठ में दर्ज रिट संख्या 6892(एम बी)/2021 मे. पशु शव छेदन बनाम स्टेट आफ उ.प्र. सरकार एण्ड अदर्स के निर्णय के अधीन होगी।

अभियंता जिला पंचायत हापुड़ — अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत हापुड़

## पं.बी.डी.शर्मा यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज, रोहतक

### चरण-1 अनुसूची (एमडीएस कोर्सेज) के लिए सार्वजनिक सूचना

सं. यूएचएसआर/ए-IV/2024/3657 दिनांक: 10.07.2024

शैक्षणिक सत्र 2024–25 के लिए हरियाणा राज्य में सभी सरकारी/प्राईवेट यूनिवर्सिटी – एसजीटी यूनिवर्सिटी, बुढेडा एवं पीडीएम यूनिवर्सिटी, बहादुरगढ़ सहित प्राईवेट अनऐडेड डेंटल इंस्टीट्यूट में एमडीएस कोर्सेज में प्रवेश प्राप्त करने के इच्छुक सभी पात्र उमीदवारों को सूचित किया जाता है कि काउंसलिंग के चरण–1 के लिए अस्थाई अनुसूची निम्नानुसार है:–

| क्र. सं. | काउंसलिंग अनुसूची (एमडीएस कोर्सेज चरण-1) | तिथि |
|---|---|---|
| 1. | ऑनलाइन वेब पोर्टल अर्थात https://hry.online-counseling.co.in/ पर पंजीकरण | 11.07.2024 से 14.07.2024 को 11.59 बजे तक |
| 2. | ऑनलाइन प्रस्तुत की गई सूचना का संपादन (यदि कोई हो) | 11.07.2024 से 11.07.2024 को 11.59 बजे तक |
| 3. | पसंद का प्रस्तुतिकरण और पसंद को ऑनलाइन लॉक करना | 11.07.2024 से 15.07.2024 को 11.59 बजे तक |
| 4. | सीटों का अस्थाई आवंटन | 18.07.2024 |
| 5. | अस्थाई आवंटन सूची पर शिकायतें, यदि कोई हो | 18.07.2024 |
| 6. | शिकायत निवारण के पश्चात आवंटन सूची का प्रदर्शन | 18.07.2024 |
| 7. | केवल प्रवेश वेब पोर्टल के माध्यम से ट्यूशन फीस को ऑनलाइन जमा करना | 18.07.2024 से 22.07.2024 को सायं 05.00 बजे तक |
| 8. | उम्मीदवारों के दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन, जिनको अस्थाई तौर पर सीटें आवंटित होगी और केवल प्रवेश वेब पोर्टल के माध्यम से शामिल अस्थाई ट्यूशन फीस का भुगतान करना | 23.07.2024 |
| 9. | सफल दस्तावेज सत्यापन के पश्चात अस्थाई प्रवेश पत्र की डाउनलोडिंग करना | 23.07.2024 से 25.07.2024 |
| 10. | आवंटित संस्थान में शामिल होने की अंतिम तिथि | 25.07.2024 |

टिप्पणी:

1. पं.भगवत दयाल शर्मा यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज, रोहतक में प्रवेश समिति के सामने सभी मूल दस्तावेजों के साथ उम्मीदवारों की व्यक्तिगत उपस्थिति अनिवार्य है, जिसमें असफल रहने पर उम्मीदवारी विचाराधीन नहीं होगी।
2. राज्य सरकार/भारत सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय/एमसीसी/डीजीएचएस द्वारा कोई संशोधन लागू होगा।
3. संशोधन (यदि कोई हुआ) प्रवेश वेब पोर्टल पर अधिसूचित किया जाएगा।
4. दस्तावेज सत्यापन विस्तृत श्रेणी वार अनुसूची प्रवेश पोर्टल एवं विश्वविद्याल की वेबसाइट पर पृथक तौर पर अपलोड की जाएगी।

यह अधिसूचित किया जाता है कि इच्छुक उमीदवार नियमित तौर पर पं. बी.डी.शर्मा यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज, रोहतक की वेबसाइट www.uhsr.ac.in और प्रवेश वेब पोर्टल अर्थात https://hry.online-counseling.co.in/ तथा चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग हरियाणा की वेबसाइट अर्थात www.dmerharyana.gov.in पर अद्यतन हेतु पधारें।

हस्ता/-
डीन अकादमिक मामले-सह
अध्यक्ष प्रवेश समिति

PRDH-1241/11/55/2025/27690/C/67/7

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | बंद होने की तिथि खोलने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रुपये में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/संपर्क विवरण/ईमेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ एवं म यमुनानगर | जगाधरी, जिला यमुनानगर में मिनी सचिवालय में मौजूदा मंजिला प्रशासनिक भवन के ऊपर अतिरिक्त तीसरी मंजिल। | 09.07.2024 18.07.2024 | 365.62 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01732237834 pwd-eepd-yamunanagar@hry.nic.in |
| 2 | पंचायती राज करनाल | गांव बाहरी ब्लॉक असंध, जिला करनाल में मेन फिरनी से शिव मंदिर (सतपाल के मकान के निकट) तक आईएलपीबी का निर्माण। योजना-वीएएनजीवाई | 08.07.2024 27.07.2024 | 2.16 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज करनाल | गांव बसतारा में स्वयं सहायता समूह (एसएचजी.) के प्रशिक्षण केन्द्र का निर्माण। | 09.07.2024 19.07.2024 | 209.12 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज कैथल | शादीपुरः- गांव शादीपुर ब्लॉक गुहला चीका, कैथल में श्मशान घाट में शैड का निर्माण +3 कार्य। | 08.07.2024 15.07.2024 | 73.94 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज कैथल | गांव जाजनपुर में बाल्मीकि श्मशान घाट की चारदीवारी का निर्माण +8 कार्य। | 08.07.2024 15.07.2024 | 58.03 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज कैथल | कठवारः- गांव कठवार में टीक रोड से एफ/ओ देशा तक सूखी ईंटों के रास्ते का निर्माण +2 कार्य। | 08.07.2024 15.07.2024 | 21.64 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज कुरूक्षेत्र | लोटनी 11.11- गांव लोटनी (इस्माईलाबाद) जिला केकेआर में श्मशान घाट में बरामदा शैड ब्लॉक का निर्माण +8 कार्य। | 10.07.2024 17.07.2024 | 75.99 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज पुनहाना नूह | गांव-बिसरू ब्लॉक पुनहाना, जिला नूह (हरियाणा) में परला मोहल्ला के निकट बरामदा और तीन कमरों का निर्माण +11 कार्य। | 09.07.2024 16.07.2024 | 51.40 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 8168771845 sdoprpunhana@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज यमुनानगर | जिला यमुनानगर के विभिन्न गांवों में 82 अदद निर्माण हेतु ई-निविदा। | 09.07.2024 16.07.2024 | 484.54 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9896419740 prexeen.ynr@hry.nic.in |
| 10 | स्वास्थ्य विभाग हरियाणा हिसार | दवाईयों, उपभोज्य, छोटे उपकरणों एवं एक्स-रे फिल्म की प्रोक्योरमेंट हेतु दर अनुबंध। | 10.07.2024 24.07.2024 | EMD 2 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9812343757 dhs.cshsr@hry.nic.in |
| 11 | स्वास्थ्य विभाग हरियाणा जींद | जिला जींद के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों हेतु ड्रग्स एवं अन्य वस्तुओं की खरीद करना। | 08.07.2024 22.07.2024 | EMD 2 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 8901777799 cds.jind@gmail.com |
| 12 | पंचायती राज सोनीपत | गावं खानपुर में फिरनी की आईपीबी टाइलों के साथ मरम्मत कार्य। | CLOSING DATE 15.07.2024 | 95.18 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 13 | पंचायती राज सोनीपत | गांव कथूरा ब्लॉक कथूरा में सामुदायिक हाल का निर्माण। | CLOSING DATE 15.07.2024 | 39.52 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 14 | पंचायती राज सोनीपत | गांव सेवली ब्लॉक राई में जयभगवान पुत्र लालचंद के क्षेत्र से सुरेश पुत्र मांगे के क्षेत्र तक आईपीबी रास्ते की पेवमेंट। | CLOSING DATE 15.07.2024 | 54.72 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 15 | पंचायती राज चंडीगढ़ | एक वर्ष की अवधि हेतु हरियाणा पंचायत भवन, सेक्टर 28-ए, चंडीगढ़ में सिक्योरिटी गार्ड स्टाफ, गार्डनिंग, पेस्ट कंट्रोल, जलापूर्ति, विद्युत सेवाओं एवं फायर फाइटिंग सहित हाउसकीपिंग सेवाएं प्रदान करने हेतु निविदा। | 10.07.2024 24.07.2024 | 3 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 8837773935 hrdfboard@rediffmail.com |
| 16 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव भागवी ब्लॉक एवं जिला चरखी दादरी में शिवधाम (कॉमन) की चारदीवारी का निर्माण (शिवधाम) भागवी +28 कार्य। | 05.07.2024 12.07.2024 | 188.67 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9416427275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 17 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव बलकारा ब्लॉक एवं जिला चरखी दादरी (एडब्ल्यूसी) में एडब्ल्यूसी का नवीनीकरण +6 कार्य। | 04.07.2024 12.07.2024 | 21.29 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9416427275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 18 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव रामनगर कपूरी ब्लॉक एवं जिला चरखी दादरी (फिरनी) मेंकपूरी में आईपीबी के साथ फिरनी की पेवमेंट। | 04.07.2024 12.07.2024 | 13.14 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9416427275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 19 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | स्टोर का विवरणः- क्रम सं.1 से 41 की सम्मिलित सूची (41 मदों का एकल लॉट) | 11.07.2024 12.08.2024 | | https://etenders.hry.nic.in https://dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 20 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | स्टोर का विवरणः- क्रम सं.1 से 06 की सम्मिलित सूची (06 मदों का एकल लॉट) | 11.07.2024 12.08.2024 | | https://etenders.hry.nic.in https://dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 21 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | स्टोर का विवरणः- क्रम सं.1 से 115 की सम्मिलित सूची (115 मदों का एकल लॉट) | 11.07.2024 12.08.2024 | | https://etenders.hry.nic.in https://dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 22 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | स्टोर का विवरणः- क्रम सं.1 से 30 की सम्मिलित सूची (30 मदों का एकल लॉट) | 11.07.2024 12.08.2024 | | https://etenders.hry.nic.in https://dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |

PRDH-11/2025/440/27688/I/67/7 आगामी जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट पर जाएं : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधिकरण का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खोलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रुपये में | बोर्ड/निगम/प्राधिकरण की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/संपर्क विवरण/ईमेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | 9.69- वार्ड सं.20, एम.सी. रोहतक में प्रीत नगर में जय प्रकाश जांगिर के मकान से सतबीर सिंह हुड्डा के मकान तक और सतबीर सिंह के मकान से देवेन्द्र डागर के मकान से इन्द्र कुमार के मकान तक सी.सी. गली का निर्माण। | 09.07.2024 16.07.2024 | 9.69 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9813082444 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | 12.44- नई अनुमोदित कालोनी सूर्य नगर एक्स.-04, वार्ड सं.01, एम.सी. रोहतक में आईपीबी गली का निर्माण +18 कार्य। | 09.07.2024 16.07.2024 | 532.07 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9813082444 xenmcrohtak@gmail.com |

PRDH-13/2025/60/27671/I/67/7 आगामी जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट पर जाएं : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

"Request For Proposal" through Electronic modes are hereby invited by the Tripura Bamboo Mission from the Company/Firm/Entrepreneurs/Society/Cooperative "To manage/run the five Mechanized Bamboo Round Sticks Manufacturing units at Kumarghat Industrial Estate, Kumarghat, Unakoti District by signing an Agreement/MOU for 4 (four) years (2nd Call)".

| | |
|---|---|
| Estimated cost of each shed to be leased out | Rs. 1,34,00,000/- (Rupees one crore thirty four lakh only) |
| Tender cost | Rs. 1,000/- (Rupees one thousand only) |
| Earnest Money Deposit (EMD) | Rs. 1,00,000/- (Rupees one lakh) only |

| e-tender No. | Last date & time of submission of e-tender | Opening date of e-tender | Details can be uploaded from | Period of lease |
|---|---|---|---|---|
| 01/TBM/KUM/2024-25 | 08.08.2024 upto 3.00 PM | 09.08.2024 at 5.00 PM (If possible) | https://tripuratenders.gov.in e-tender id : 2024_IC_50841_1 | 4 years |

Dated : 08.07.2024
Place : Agartala

Sd-
Mission Director
Tripura Bamboo Mission

ICA-C-881/2024-25

## कार्यालय : उपायुक्त (प्रशासन) राज्य कर, नोएडा

:: नीलामी सूचना ::

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि राज्य कर विभाग नोएडा अपने निष्प्रयोज्य वाहन को नीलाम करने जा रहा है, जिसका विवरण निम्न प्रकार है :-

| क्र. सं. | वाहन संख्या व प्रकार | निर्धारित न्यूनतम मूल्य | नीलामी की तिथि एवं समय | नीलामी स्थल | प्रतिभाग करे हेतु आवश्यक डिमांड ड्राफ्ट |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | UP 16 G 0261 महेन्द्रा बोलेरो | रु. 84700.00 | दिनांक 29-07-2024 समय 11.00 प्रातः | राज्य कर कार्यालय भवन सेक्टर-148 नोएडा निकट मेट्रो स्टेशन सेक्टर - 148 नोएडा | रु. 5000.00 In Favour Of - Deputy Commissioner Admin State Tax Noida |

उपरोक्त वाहन की नीलामी दिनांक 29-07-2024 दिन सोमवार को प्रातः 11.00 बजे से " जैसा है जहां है" के आधार पर की जायेगी। नीलामी मे भाग लेने वाले केवल रजिस्टर्ड व्यापारीगण / व्यक्ति नियत तिथि व नियत स्थल पर नीलामी हेतु वर्णित आवश्यक डिमांड ड्राफ्ट अपने साथ लेकर समय से प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। नीलामी की वस्तु पर GST / टैक्स अतिरिक्त देय होगा।

उपायुक्त (प्रशासन)
राज्य कर, नोएडा

*********

# वियना में मोदी



**41** वर्षों बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली आस्ट्रिया यात्रा है। इससे पहले 1983 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आस्ट्रिया की यात्रा की थी।



# भारत ने दुनिया को बुद्ध दिए, युद्ध नहीं : मोदी

## पीएम ने आस्ट्रिया में भारतीयों को किया संबोधित, कहा, भारत ने हमेशा दुनिया को शांति और समृद्धि दी

**वियना, प्रेट्र :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत ने दुनिया को बुद्ध दिए हैं, युद्ध नहीं। इसका अर्थ है कि भारत ने हमेशा शांति और समृद्धि दी है और इसलिए 21वीं सदी में भारत अपनी भूमिका मजबूत करने जा रहा है।

वियना में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए मोदी ने यह भी कहा कि भारत सर्वश्रेष्ठ बनने, सबसे उज्ज्वल बनने, सबसे बड़ी उपलब्धियां हासिल करने और सबसे ऊपर पहुंचने की दिशा में काम कर रहा है। भारत ने हजारों वर्षों से अपना ज्ञान और विशेषज्ञता साझा की है। उन्होंने अपनी पहली आस्ट्रिया यात्रा को सार्थक बताया और 'मोदी, मोदी' के नारों के बीच कहा, 'भौगोलिक दृष्टि से भारत और आस्ट्रिया दो अलग-अलग छोर पर हैं, लेकिन हमारे बीच कई समानताएं हैं। लोकतंत्र दोनों देशों को जोड़ता है। स्वतंत्रता, समानता, बहुलवाद और कानून के शासन के प्रति सम्मान हमारे साझा मूल्य हैं। हमारे समाज बहुसांस्कृतिक और बहुभाषी हैं। दोनों देश विविधता का जश्न मनाते हैं और इन मूल्यों को दर्शाने का एक बड़ा माध्यम चुनाव हैं।'



वियना में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पहुंचने पर आस्ट्रियाई आर्केस्ट्रा ने 'वंदे मातरम' प्रस्तुत किया ● एएनआइ

### मोदी ने साझा किया वंदे मातरम प्रस्तुति का वीडियो

आस्ट्रियाई संगीत संस्कृति की प्रशंसा करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 'वंदे मातरम' के अद्भुत प्रस्तुतीकरण को देखकर उन्हें इसकी झलक मिली। मोदी ने एक्स पर एक वीडियो साझा किया जिसमें आस्ट्रियाई कलाकार वियना के होटल में उनके स्वागत में 'वंदे मातरम' को नए तरीके से प्रस्तुत करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसमें प्रधानमंत्री प्रस्तुति के बाद कलाकारों की सराहना करते दिखाई दे रहे हैं। इस बीच, ग्रैमी पुरस्कार विजेता रिकी केज ने एक्स पर 'वंदे मातरम' प्रस्तुत करने वाले भारतीय संगीतकार विजय उपाध्याय की प्रशंसा करते हुए उन्हें मार्गदर्शक (कंडक्टर) बताया।

मोदी ने भारत के विश्वबंधु होने तथा वैश्विक प्रगति व कल्याण में योगदान देने पर जोर दिया। उन्होंने भारतीय समुदाय से आग्रह किया कि वे अपनी मातृभूमि के साथ अपने सांस्कृतिक और भावनात्मक संबंधों को पोषित करना जारी रखें, भले ही वे अपनी नई मातृभूमि में समृद्धि हासिल करें। प्रधानमंत्री ने कहा, 'मैंने हमेशा माना है कि दो देशों के बीच संबंध केवल सरकारें नहीं बनाती, संबंधों को मजबूत करने में सार्वजनिक भागीदारी बहुत महत्वपूर्ण है। इसलिए मैं इन संबंधों के लिए आप सभी की भूमिका को महत्वपूर्ण मानता हूं।'' उन्होंने भारतीय दर्शन, भाषाओं और विचारों में गहरी बौद्धिक रुचि का भी उल्लेख किया जो आस्ट्रिया में सदियों से मौजूद है। मोदी ने कहा, ''लगभग 200 साल पहले, वियना के विश्वविद्यालय में संस्कृत पढ़ाई जाती थी। 1880 में इंडोलाजी के लिए एक स्वतंत्र पीठ की स्थापना के साथ इसे और बढ़ावा मिला। यहां मुझे कुछ प्रतिष्ठित इंडोलाजिस्ट (भारत विशेषज्ञ) से मिलने का अवसर मिला, उनकी चर्चाओं से यह स्पष्ट था कि उन्हें भारत में बहुत रुचि थी।'' आस्ट्रिया के श्रम और अर्थव्यवस्था मंत्री मार्टिन कोचर भी कार्यक्रम में शामिल हुए। भारतीय दूतावास के अनुसार, आस्ट्रिया में 31,000 से अधिक भारतीय रहते हैं। देश में भारतीय छात्रों की संख्या 450 से अधिक है।

**राष्ट्रपति अलेक्जेंडर से की मुलाकात :** प्रधानमंत्री मोदी ने आस्ट्रिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वान डेर बेलेन से भी मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन से निपटने सहित कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को और बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। उन्होंने चार आस्ट्रियाई भारतविदों व भारतीय इतिहास एवं विचारों के विद्वानों से मुलाकात की। उनके साथ भारतीय विद्या व इतिहास, दर्शन, कला एवं संस्कृति पर विचारों का आदान-प्रदान किया। वह आस्ट्रियाई भौतिक विज्ञानी व नोबेल विजेता एंटोन जिलिंगर से भी मिले एवं समकालीन समाज में क्वांटम कंप्यूटिंग व क्वांटम तकनीक की भूमिका पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

**आस्ट्रियाई कंपनियों को निवेश के लिए किया आमंत्रित :** प्रधानमंत्री मोदी और चांसलर कार्ल नेहमर ने बुधवार को राउंड टेबल बिजनेस मीटिंग में प्रतिष्ठित आस्ट्रियाई एवं भारतीय सीईओ को संबोधित किया। इस बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने आस्ट्रियाई कंपनियों को भारत में निवेश के लिए आमंत्रित किया। प्रधानमंत्री मोदी और चांसलर नेहमर ने बुधवार को प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता भी की। इसमें विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, हरित ऊर्जा, एआइ, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन और स्टार्टअप्स के मुद्दों पर चर्चा हुई।

**चांसलर ने दिया रात्रिभोज :** चांसलर नेहमर ने पीएम का स्वागत करते हुए उन्हें रात्रिभोज दिया। बाद में प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट करके नेहमर को धन्यवाद दिया।

# शांति और स्थिरता के लिए भारत-आस्ट्रिया हरसंभव सहयोग को तैयार : पीएम मोदी

प्रथम पृष्ठ से आगे

मोदी ने कहा कि भारत और आस्ट्रिया, शांति और स्थिरता की जल्द से जल्द बहाली के लिए वार्ता एवं कूटनीति पर बल देते हैं। इसके लिए हम दोनों मिलकर हरसंभव सहयोग देने को तैयार हैं।'

इसी कान्फ्रेंस में आस्ट्रिया के चांसलर नेहमर ने कहा कि भारत एक प्रभावशाली देश है और इसकी अपनी साख है, जो यूक्रेन-रूस शांति प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। नेहमर ने कहा, 'हमने यूक्रेन के विरुद्ध रूसी आक्रामकता के बारे में बहुत गहन बातचीत (रात्रिभोज और द्विपक्षीय वार्ता में) की है। आस्ट्रिया के चांसलर के रूप में मेरे लिए भारत के आकलन को जानना-समझना और भारत को यूरोपीय चिंताओं व परेशानियों से परिचित कराना विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। इसके अलावा मध्य पूर्व में संघर्ष भी एक प्रमुख विषय था।'' उन्होंने कहा कि एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में आस्ट्रिया एक तटस्थ देश एवं यूरोपीय संघ के गैर-नाटो सदस्य के रूप में बातचीत के मंच के रूप में उपलब्ध रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि भारत-आस्ट्रिया के बीच बहुत अच्छे संबंध हैं। यह विश्वास का रिश्ता है जो 1950 के दशक में शुरू हुआ था। भारत ने आस्ट्रिया की मदद की और 1955 में आस्ट्रियाई राज्य संधि के साथ बातचीत सकारात्मक निष्कर्ष पर पहुंची थी।

उल्लेखनीय है कि भारतीय प्रधानमंत्री ने सितंबर, 2022 में समरकंद में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बैठक में सबसे पहले कहा था, 'यह युद्ध का समय नहीं है।' मोदी के इस बयान को दुनिया के तकरीबन हर बड़े नेता ने यूक्रेन-रूस युद्ध को लेकर उद्धृत किया। वर्ष 2022 के जी-20 के शिखर सम्मेलन के बाद जारी घोषणा पत्र में भी इस पंक्ति का उल्लेख किया गया। एक दिन पहले राष्ट्रपति पुतिन के साथ वार्षिक शिखर वार्ता में भी मोदी ने उनसे मुखातिब होकर कहा, 'जब मासूम बच्चों की मौत होती है तो हृदय छलनी हो जाता है और वह दर्द बहुत भयानक होता है। भावी पीढ़ी के भविष्य के लिए शांति बहुत जरूरी है। मैं यह भी जानता हूं कि युद्ध के मैदान में समाधान संभव नहीं है। हमें वार्ता से ही शांति का मार्ग अपनाना होगा।'

**संयुक्त घोषणा पत्र में किया यूक्रेन युद्ध के शांतिपूर्ण समाधान के लिए सामूहिक प्रयास का समर्थन :** भारत और आस्ट्रिया ने यूक्रेन संघर्ष के अंतरराष्ट्रीय कानून व संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुरूप शांतिपूर्ण समाधान के लिए किसी भी सामूहिक प्रयास का समर्थन किया और कहा कि इस देश में व्यापक व स्थायी शांति कायम करने के लिए सभी हितधारकों को एक साथ लाने की आवश्यकता है।

पीएम मोदी व चांसलर नेहमर के बीच हुई बातचीत के बाद संयुक्त बयान में कहा गया कि दोनों नेताओं ने यूरोप के साथ-साथ पश्चिम एशिया में हाल के घटनाक्रमों की गहन समीक्षा की। दोनों नेताओं ने अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय शांति व समृद्धि में योगदान देने के लिए भारत और आस्ट्रिया जैसे लोकतांत्रिक देशों के साथ मिलकर काम करने के महत्व को रेखांकित किया। दोनों नेताओं ने संयुक्त बयान में कहा कि उन्होंने संयुक्त राष्ट्र समुद्र विधि समझौते में परिलक्षित समुद्री अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार और 'संप्रभुता, क्षेत्रीयता के प्रति पूर्ण सम्मान' के आधार पर स्वतंत्र, मुक्त व नियम-आधारित हिंद-प्रशांत के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया ताकि समुद्री सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय शांति को बढ़ावा मिले।



वियना में एक प्राइवेट डिनर के अवसर पर आस्ट्रियाई चांसलर कार्ल नेहमर के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ● प्रेट्र

### भारत बना रहेगा रणनीतिक साझीदार : अमेरिका

अमेरिका ने कहा है कि रूस के साथ संबंधों को लेकर चिंता के बावजूद भारत अमेरिका का रणनीतिक साझीदार बना रहेगा। अमेरिका के राष्ट्रपति भवन व्हाइट हाउस, विदेश मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय पेंटागन तीनों ने मंगलवार को अलग-अलग समय पर प्रधानमंत्री मोदी की रूस यात्रा पर टिप्पणी की। यह बताता है कि मोदी की इस यात्रा पर अमेरिका की कितनी पैनी नजर है।

# यूक्रेन पर रूस से मतभेद को भारत ने नकारा

- विदेश सचिव ने कहा, पीएम की यात्रा के दौरान इस कारण कोई कार्यक्रम रद नहीं हुआ
- बोले, प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति पुतिन के बीच चर्चा तय समय से कहीं लंबी चली

**वियना, प्रेट्र :** यूक्रेन के मुद्दे पर रूस के साथ मतभेदों की खबरों को भारत ने बुधवार को तथ्यात्मक रूप से गलत बताकर खारिज कर दिया। खबरों में कहा गया था कि इन्हीं मतभेदों की वजह से पीएम मोदी की रूस यात्रा के दौरान प्रतिनिधिमंडल स्तर की बड़ी बैठक को रद कर दिया गया।

एक मीडिया ब्रीफिंग में भारत के विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने कहा, 'जहां तक मेरी जानकारी है, प्रधानमंत्री की मास्को यात्रा के दौरान किसी विशेष कार्यक्रम को रद नहीं किया गया।' उन्होंने ऐसी खबरों पर आश्चर्य जताते हुए कहा कि ये गुमराह करने वाली हैं। क्वात्रा ने कहा, 'वास्तव में प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति पुतिन के बीच चर्चा तय समय से कहीं लंबी चली। किसी भी तरह का कोई कार्यक्रम रद नहीं किया गया।' इससे पहले रूस की सरकारी समाचार एजेंसी ने क्रेमलिन के प्रवक्ता दमित्री पेश्कोव के हवाले से कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति पुतिन ने मंगलवार को मास्को में अपनी बैठक में चीजों को अपने बीच रखने का निर्णय लिया था तथा बड़े सत्र की आवश्यकता के बिना ही सभी विषयों पर सार्थक चर्चा की। भारत और यूरोपीय यूनियन के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को लेकर क्वात्रा ने कहा कि इस मुद्दे पर 23 वर्षों से वार्ता चल रही है और प्रधानमंत्री मोदी व आस्ट्रिया के चांसलर इस बात पर सहमत हुए हैं कि चर्चाओं को खींचने के लिए यह बहुत लंबा समय था। उन्होंने इस बात पर सहमति जताई कि इस पर भारत और आस्ट्रिया दोनों को तेज गति से आगे बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए।

उधर, नई दिल्ली में रूसी दूतावास ने बुधवार को स्पष्ट किया कि रूसी सेना में भारतीय नागरिकों की गलत तरीके से भर्ती के मुद्दे पर दोनों देशों में कोई मतभेद नहीं है।

# रूसी राजदूत रोमन बाबुश्किन बोले-अपनी सेना में नहीं चाहते भारतीय

- बाबुश्किन ने कहा- जो भारतीय वहां काम कर रहे, उन्हें जल्द भारत भेजने की व्यवस्था होगी
- मोदी-पुतिन के बीच वार्ता का फोकस भारत-रूस व्यापार व आर्थिक संबंधों को बढ़ाने पर रहा
- मोदी की मास्को यात्रा ऐतिहासिक थी, गेम चेंजर साबित होगी, विश्वभर की थी इस पर नजर

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** रूस ने इस बात से साफ तौर पर इन्कार किया है कि उसकी सेना में किसी अभियान के तहत भारतीयों की भर्ती की गई है। भारत में रूस के प्रभारी राजदूत रोमन बाबुश्किन का कहना है कि रूस अपनी सेना में भारतीयों को नहीं चाहता क्योंकि रूस को इसकी जरूरत नहीं है। लेकिन जिस भी स्थिति में भारतीय वहां की सेना में काम कर रहे हैं, उन्हें जल्द से जल्द भारत भेजने की व्यवस्था होगी। पीएम मोदी ने रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन के साथ अपनी बैठक में इस मुद्दे को उठाया था। इस पर पुतिन ने उन्हें आश्वस्त किया था कि सभी भारतीयों को स्वदेश भेज दिया जाएगा। वैसे भारत पिछले तीन महीनों से इस मुद्दे को उठा रहा है। रूसी राजदूत ने कहा कि मोदी की मास्को की दो दिवसीय यात्रा और राष्ट्रपति पुतिन के साथ उनकी शिखर वार्ता अशांत भू-राजनीतिक माहौल को देखते हुए ऐतिहासिक थी और यह गेम चेंजर साबित होगी। पीएम मोदी का रूस दौरा पूरे विश्व ने देखा और इससे यह साबित होता है कि उनका यह दौरा कितना महत्वपूर्ण था।



भारत में रूस के प्रभारी राजदूत रोमन बाबुश्किन ● एएनआइ

मोदी की रूस यात्रा को लेकर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बाबुश्किन ने कहा कि रूस कभी नहीं चाहता कि भारतीय उसकी सेना का हिस्सा बनें। इस बारे में न तो हमने कभी अभियान चलाया और न ही कभी विज्ञापन दिया है। हो सकता है कि अभी 50, 60 या अधिकतम सौ भारतीय वहां की सेना के साथ जुड़े हों लेकिन रूस की सेना के आकार को देखते हुए यह बहुत ही नगण्य है। उन्होंने कहा- 'इस मुद्दे पर हम पूरी तरह से भारत सरकार के साथ हैं। उम्मीद है कि जल्द ही इसका समाधान हो जाएगा। जहां तक भारतीयों के वहां जाने की बात है तो बहुत संभव है कि वह किसी वाणिज्यिक समझौते के तहत वहां पहुंचे हों क्योंकि वह कुछ पैसा कमाना चाहते थे। हम उन्हें भर्ती करना नहीं चाहते।' यह पूछे जाने पर कि जो भारतीय यूक्रेन-युद्ध में मारे गए हैं, क्या उन्हें रूस की तरफ से नागरिकता दी जाएगी तो उनका जवाब था कि ऐसा हो सकता है।

बाबुश्किन ने मोदी और पुतिन के बीच हुई 22वीं सालाना शिखर वार्ता में आर्थिक और ऊर्जा क्षेत्र में उठे मुद्दों को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं के बीच वार्ता का फोकस भारत-रूस व्यापार और आर्थिक संबंधों को बढ़ाने पर था। उन्होंने कहा कि वर्ष 2030 तक आपसी कारोबार को 100 अरब डालर तय करने के बाद भारत और रूस इसका लेन-देन स्थानीय मुद्रा में करने को प्राथमिकता देंगे।

# कलेजियम ने की दिल्ली हाई कोर्ट में तीन स्थायी न्यायाधीश की सिफारिश

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले सुप्रीम कोर्ट के कलेजियम ने स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के लिए दिल्ली हाई कोर्ट के तीन अतिरिक्त न्यायाधीशों के नामों की सिफारिश केंद्र से की है। कलेजियम में जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस बीआर गवई भी शामिल हैं। कलेजियम ने सिफारिश की है कि बांबे हाई कोर्ट के सात अतिरिक्त न्यायाधीशों को स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया जाए। सिफारिश में यह भी कहा कि जस्टिस संजय आनंदराव देशमुख और जस्टिस वृषाली विजय जोशी को सात अक्टूबर, 2024 से एक वर्ष की अवधि के लिए बांबे हाई कोर्ट के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया जाये। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड प्रस्तावों में कहा है कि जस्टिस गिरीश, जस्टिस मनोज व जस्टिस धर्मेश को दिल्ली हाई कोर्ट के स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया जाए।

# उपचुनाव में कहीं कम, कहीं ज्यादा मतदान, बंगाल में हिंसा

- तमिलनाडु की विक्रवंडी में सबसे अधिक तो उत्तराखंड की बद्रीनाथ सीट पर कम वोट पड़े
- जालंधर पश्चिम में नहीं दिखा उत्साह, 55 प्रतिशत मतदान, 13 जुलाई को होगी मतगणना

**जागरण टीम, नई दिल्ली :** देशभर के सात राज्यों के 13 विधानसभा क्षेत्रों में बुधवार को हुए उपचुनाव में कहीं मध्यम तो कहीं बहुत अधिक मतदान हुआ। चुनाव आयोग के अनुसार, तमिलनाडु की विक्रवंडी विधानसभा सीट पर सबसे अधिक तो उत्तराखंड की बद्रीनाथ सीट पर सबसे कम वोट पड़े। लोकसभा चुनावों के बाद हुए इस पहले चुनाव में कई दिग्गजों और कुछ नए उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा, जिनमें हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की पत्नी कमलेश ठाकुर भी शामिल हैं। मतगणनना 13 जुलाई को होगी।

उत्तराखंड, बिहार और बंगाल में हिंसा की छिटपुट घटनाओं को छोड़कर मतदान शांतिपूर्ण रहा। बंगाल की चार विस सीटों के लिए हुए मतदान के दौरान विभिन्न घटनाओं में 31 लोगों को गिरफ्तार किया है। बागदा, राणाघाट दक्षिण, मानिकतला व रायगंज सीटों पर शाम पांच बजे तक 62.71 प्रतिशत वोट पड़े। राणाघाट दक्षिण सीट के पायराडांगा इलाके में भाजपा की महिला पोलिंग एजेंट के घर पर बमबाजी की गई। आरोप तृणमूल कांग्रेस पर लगा है। इसी इलाके में गौतम विश्वास नामक भाजपा कार्यकर्ता की अज्ञात लोगों ने बुरी तरह पिटाई की। उन्हें गंभीर हालत में राणाघाट अस्पताल में भर्ती कराया। भाजपा के कैंप आफिस में भी लोगों ने तोड़फोड़ की। बागदा में भाजपा प्रत्याशी विनय कुमार विश्वास की गाड़ी में तोड़फोड़ की गई।



बंगाल के नदिया में बुधवार को रानाघाट दक्षिण विधानसभा सीट पर उपचुनाव के दौरान एक बूथ पर मतदान करने के लिए पंक्तिबद्ध महिलाएं ● प्रेट्र

बिहार में रूपौली सीट पर शाम छह बजे तक 52.75 प्रतिशत वोट पड़ चुके थे। 2020 के आम चुनाव में यहां 61.19 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। पथराव में चुनाव में ड्यूटी में तैनात एसएचओ सहित एक सिपाही घायल हो गए।

पंजाब में जालंधर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में 55 प्रतिशत मतदान हुआ। कई मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को पौधे उपहार में दिए गए। लोकसभा चुनाव के दौरान इस विस क्षेत्र में सबसे अधिक 64.4 प्रतिशत मतदान हुआ था। कम मतदान से बड़ा उलफेर होने की आशंका जताई जा रही है। उत्तराखंड में चमोली की बदरीनाथ सीट पर 51.43 और हरिद्वार की मंगलौर सीट पर 68.24 प्रतिशत मतदान हुआ।

मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले की अमरवाड़ा सीट पर मतदाताओं ने उत्साह दिखाया। शाम सात बजे तक 78.71 प्रतिशत से अधिक वोट पड़ चुके थे। यह आंकड़ा और बढ़ने का अनुमान है। इस सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ की प्रतिष्ठा लगी है। 2023 में इस सीट पर चुनाव जीतने वाले कांग्रेस के कमलेश शाह लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा में शामिल हो गए थे।

# चीन का नया षड्यंत्र, एलएसी के रास्ते लाया गया 108 किलोग्राम सोना बरामद

- पूर्वी लद्दाख में हुई बरामदगी, दो तस्करों सहित तीन गिरफ्तार, पूछताछ जारी
- लद्दाख के रास्ते कश्मीर में आतंकियों तक पहुंचाने की साजिश की हो रही जांच

**राज्य ब्यूरो, जागरण ● जम्मू :** पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर तनाव बढ़ा रहे चीन का नया षड्यंत्र सामने आया है। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आइटीबीपी) ने बुधवार को पूर्वी लद्दाख में एलएसी के पार से तस्करी कर लाया गया 108 किलोग्राम सोना बरामद किया। इस सोने को एक-एक किलोग्राम की छड़ों में ढाला गया था। अपनी तरह की इस पहली बरामदगी को सुरक्षा एजेंसियां हवाला से जोड़कर देख रही हैं, जो लद्दाख के रास्ते कश्मीर में आतंकियों तक पहुंचाने की साजिश का हिस्सा हो सकता है। सोने की छड़ों पर गल्फ गोल्ड रिफाइनरी की मुहर लगी है, जो शारजाह में है। इसलिए इस मामले के तार संयुक्त अरब अमीरात से भी जुड़ रहे हैं। सोने के साथ दो तस्करों व उनके पूछताछ के बाद एक अन्य व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया गया है। आइटीबीपी के इतिहास में सोने की बरामदगी की यह सबसे बड़ी खेप है।




पूर्वी लद्दाख में 108 किलो सोना व चीन निर्मित सामान के साथ गिरफ्तार दो तस्कर। ● सौजन्य: आइटीबीपी

आइटीबीपी की 21 बटालियन के जवानों को चांगथांग उप सेक्टर में तस्करी की सूचना मिली थी। डिप्टी कमांडेंट दीपक भट के नेतृत्व में 20 जवानों का दल एलएसी से एक किलोमीटर की दूरी पर सिरिगापले गांव में गश्त कर रहा था। दोपहर करीब डेढ़ बजे खच्चरों के साथ जा रहे दो लोगों को देखा गया। उनके सामान की तलाशी में 108 किलो सोना व अन्य सामान बरामद हुआ।

**चीन की साजिश की हो रही जांच :** आइटीबीपी ने पूछताछ के बाद दोनों तस्करों को आगे की कार्रवाई के लिए कस्टम विभाग के हवाले कर दिया। अब इन तस्करों से लद्दाख पुलिस, सुरक्षा एजेंसियां, स्पेशल ब्यूरो, आइटीबीपी की टीमें पूछताछ करेंगी।

# उत्तराखंड में अक्टूबर तक लागू हो जाएगी यूसीसी : धामी

**जागरण संवाददाता, पूर्वी दिल्ली:** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) कोई नया सोच नहीं है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 में इसका प्रविधान रहा है। समान नागरिक संहिता विधेयक पारित करने वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य है। इससे न्यायिक प्रक्रिया भी सरल होगी। महिलाओं के लिए अच्छा है। इससे मुस्लिम कुप्रथाओं का अंत होगा। इसे लागू करने में कई जटिलताएं हैं, बहुत से प्रविधानों को बदलने की जरूरत है। इसके लिए उत्तराखंड के मुख्य सचिव रहे शत्रुघ्न सिंह की अध्यक्षता में कमेटी काम कर रही है, उम्मीद है अक्टूबर तक इसका काम पूरा हो जाएगा। फिर इस कानून को लागू कर दिया जाएगा।



न्यू अशोक नगर में कार्यक्रम में बोलते उत्तराखंड के सीएम पुष्कर धामी ● जागरण

पुष्कर सिंह धामी बुधवार को न्यू अशोक नगर स्थित डीपीएमआइ में म्येरू पहाड़ फाउंडेशन के सम्मान कार्यक्रम में आए थे। धामी ने कहा कि उनके राज्य में यूसीसी को लागू करने से पहले नागरिकों की राय ली गई थी। सबको समाहित करते हुए यूसीसी का विधेयक तैयार किया गया। इससे हर वर्ग समान अधिकारी और न्याय मिलेगा।

# उत्तराखंड में भूस्खलन, उत्तर प्रदेश व बिहार में बाढ़ और वज्रपात का कहर

- पिथौरागढ़ व बागेश्वर के सीमांत क्षेत्रों में वर्षा से जनजीवन प्रभावित
- उप्र में वर्षा व बाढ़ से जनजीवन अस्त-व्यस्त, वज्रपात से 62 मौत

**जागरण टीम, नई दिल्ली :** पहाड़ से लेकर मैदान तक को सराबोर कर चुका मानसून बुधवार को भी झमाझम बरसा। उत्तराखंड के चमोली में भूस्खलन होने के कारण बदरीनाथ राजमार्ग जोगीधारा और पातालगंगा में अवरुद्ध है। जोशीमठ में मंगलवार सुबह साढ़े सात बजे से अवरुद्ध मार्ग को बुधवार को भी नहीं खोला जा सका, जबकि पातालगंगा में राजमार्ग पर भारी मात्रा में मलबा और बोल्डर गिरे हैं। करीब 1500 से अधिक तीर्थयात्री फंसे हुए हैं और मार्ग खुलने के इंतजार में हैं। उत्तर प्रदेश में बाढ़, वर्षा, वज्रपात से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। यूपी में वज्रपात से 46 और बिहार में 16 लोगों की मौत हो गई। वज्रपात से मरने वालों की कुल संख्या 62 तक पहुंच गई।



उप्र के गोंडा में मूसलधार वर्षा के बाद जलमग्न घर। इसके कारण निवासियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ● वीडियोग्रैब/प्रेट्र

उत्तराखंड के कुमाऊं मंडल के सीमांत जिलों में भारी वर्षा से जन-जीवन प्रभावित रहा। पिथौरागढ़ और बागेश्वर के सीमांत क्षेत्रों में मूसलधार वर्षा होने से जनजीवन प्रभावित है। हिमाचल प्रदेश में मानसून के कमजोर पड़ने के बावजूद कई स्थानों पर हल्की और कुछ स्थानों पर अधिक वर्षा हुई है। पंजाब में दिनभर उमस रही, लेकिन शाम को कई जिलों में हुई तेज वर्षा से राहत मिली। मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। उप्र में बुधवार को बाढ़ व वर्षा से तो कुछ राहत रही लेकिन वज्रपात व उमस ने उप्र में कहर ढाया। वज्रपात से 52 लोगों की मौत हो गई। पहाड़ों पर वर्षा से शारदा व देवहा नदी के किनारे पीलीभीत व लखीमपुर के बाढ़ पीड़ितों को सीएम योगी बुधवार को मरहम लगाने पहुंचे। उन्होंने जल, थल, नभ से बाढ़ से तबाही देखी।



सीएम योगी ने लखीमपुर खीरी में बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का निरीक्षण किया ● एएनआइ

********

हम जानते थे कि स्पेन की टीम बेहतरीन है और उन्होंने इसे साबित भी कर दिया। हमने शुरू में गोल कर दिया था लेकिन इसके बाद स्पेन ने हमारे लिए चीजों को मुश्किल बना दिया।
– दिदिएर डेशांप, कोच, फ्रांस

## कनाडा को हराकर अर्जेंटीना फाइनल में
# मेसी@109

**ईस्ट रदरफोर्ड, प्रेट्र :** कप्तान लियोन मेसी के रिकार्ड 109वें गोल की मदद से गत चैंपियन अर्जेंटीना ने कोपा अमेरिका कप के सेमीफाइनल में कनाडा को 2-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। अर्जेंटीना ने यह जीत अपने स्वतंत्रता दिवस पर हासिल की जिससे उसका अजेय अभियान 10 मैच तक पहुंच गया है। 2021 में कोपा अमेरिका और 2022 में विश्व कप ट्राफी जीतने वाली अर्जेंटीनी टीम लगातार तीसरा बड़ा खिताब जीतने से बस एक कदम दूर है। अगर ऐसा होता है तो वह स्पेन की बराबरी कर लेगी, जो लगातार तीन बड़े खिताब जीतने वाली एकमात्र टीम है। स्पेन ने 2008 में यूरो, 2010 में विश्व कप और 2012 में यूरो कप जीता था।

अर्जेंटीना की तरफ से जूलियन अल्वारेज ने 22वें मिनट में पहला गोल किया, जबकि मेसी ने 51वें मिनट में एन्जो फर्नांडीज के शाट को गोल में भेजकर उसकी बढ़त दोगुनी की। यह मेसी का इस टूर्नामेंट में पहला गोल है। मेसी ने अर्जेंटीना के लिए अपने पिछले 25 मैचों में 28 गोल किए हैं। वह कोपा अमेरिका में अब तक 14 गोल कर चुके हैं, जो रिकार्ड से तीन गोल कम हैं।

### मैं कब संन्यास लूंगा, ये भगवान ही जानते हैं: मेसी

मेसी ने कहा कि उनका अभी अंतरराष्ट्रीय फुटबाल से संन्यास लेने का कोई इरादा नहीं है और वह कोपा अमेरिका फाइनल के बाद भी अर्जेंटीना की तरफ से खेलते रहेंगे। मेसी ने मैच के बाद कहा, जैसा मैंने पहले कहा था कि मेरा आगे भी खेलने का इरादा है। मैं भविष्य के बारे में सोचने के बजाय हर दिन को जीना चाहता हूं। मैं अभी 37 वर्ष का हूं और मैं खेल को कब अलविदा कहूंगा इसके बारे में केवल भगवान ही जानते हैं।

अंतरराष्ट्रीय फुटबाल में मेसी से अधिक गोल पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो के नाम पर दर्ज हैं, जिन्होंने 130 गोल किए हैं। ईरान के अल देई के नाम 1993 से 2006 तक 108 या 109 गोल दर्ज हैं। इक्वाडोर के विरुद्ध 2000 में उनके गोल को लेकर विवाद है क्योंकि इस मैच के अंतरराष्ट्रीय दर्जे को लेकर मतभेद हैं। अर्जेंटीना रविवार को फाइनल में उरुग्वे या कोलंबिया में से किसी एक से भिड़ेगी, जहां उसकी नजरें रिकार्ड 16वां कोपा खिताब जीतने पर होंगी।

गेंद रखी: अर्जेंटीना 51% – कनाडा 49%

| अर्जेंटीना | | कनाडा |
|---|---|---|
| 11 | कुल शाट | 9 |
| 3 | आन टारगेट | 2 |
| 478 | कुल पास | 458 |
| 1 | येलो कार्ड | 3 |

**गोल**
अर्जेंटीना 2 – कनाडा 0
अल्वारेज 22वां मिनट
मेसी 51वां मिनट


लियोन मेसी ● एएफपी

# 16 वर्षीय यमाल का कमाल
## फ्रांस को हराकर स्पेन फाइनल में यमाल यूरो कप में गोल दागने वाले सबसे युवा

**म्यूनिख, एपी :** म्यूनिख के एलायंज फुटबाल एरिना में मंगलवार रात को स्पेन के युवा खिलाड़ी लामिन यमाल ने दुनिया को दिखाया कि क्यों उन्हें भविष्य का बड़ा सितारा माना जा रहा है। 16 वर्षीय यमाल ने मैच के 21वें मिनट में स्पेन के लिए न केवल बराबरी का गोल दागा, बल्कि वह यूरो कप के इतिहास में गोल करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी भी बन गए। यमाल के कमाल के दम पर तीन बार की चैंपियन स्पेन ने सेमीफाइनल में फ्रांस को 2-1 से हराकर यूरो कप के फाइनल में जगह बना ली। तीन दिन बाद 13 जुलाई को अपना 17वां जन्मदिन मनाने वाले यमाल से पहले यूरो में गोल करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी स्विट्जरलैंड के जोहान वोनलैंथन थे, जिन्होंने 2004 में फ्रांस के विरुद्ध गोल दागा था। स्पेन की नजरें अब अपने चौथे रिकार्ड पर हैं। स्पेनिश टीम यमाल के 17वें जन्मदिन के एक दिन बाद रविवार को बर्लिन में होने वाले फाइनल में इंग्लैंड या नीदरलैंड्स के बीच होने वाले सेमीफाइनल के विजेता से भिड़ेगी। स्पेन के कोच डे ला फुएंते ने इंग्लैंड और नीदरलैंड्स को कड़ी चेतावनी देते हुए, कहा कि उनकी टीम फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी।

फ्रांस के लिए, शुरुआत बेहद अच्छी रही, जब आठवें मिनट में रैंडल कोलो मुआनी ने बिना मास्क के खेल रहे कप्तान काइलियन एमबापे के संतुलित क्रास पर शानदार हेडर लगाकर गोल किया। हालांकि इसके बाद फ्रांस के लिए मैच में कुछ भी अच्छा नहीं रहा। मैच के 21वें मिनट में वह पल आया जब यमाल ने मोराता के पास पर बाक्स के बाहर से शानदार किक लगाकर गेंद को गोल पोस्ट में डालकर स्टेडियम में मौजूद स्पेनिश प्रशंसकों को झूमने का मौका दिया तो फ्रांस के प्रशंसकों को सदमे में भेज दिया। फ्रांस की टीम इससे उबरी भी नहीं थी कि चार मिनट बाद ही डैनी ओल्मो ने फ्रांस की बढ़त को दोगुना कर दिया और यही गोल निर्णायक साबित हुआ। हालांकि दूसरे हाफ में फ्रांस ने गेंद पर कब्जा बनाए रखा, लेकिन वह गोल नहीं कर पाई। यमाल ने मैच के बाद कहा, शुरुआत में गोल खाने के बाद हम मुश्किल स्थिति में थे। मैंने सिर्फ गेंद पर कब्जा किया और उसे सही तरह से गोल में डाला। मैं बहुत खुश हूं। मैं बहुत अधिक नहीं सोचता हूं। बस अपने खेल का आनंद लेता हूं और टीम की मदद करने की कोशिश करता हूं। मैं गोल करके और टीम की जीत से बहुत खुश हूं।

स्पेन यूरो 2024 में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीम रही है। यह एकमात्र टीम है जिसने अपने सभी मैच जीते हैं और 13 गोल किए हैं, जो यूरोपीय चैंपियनशिप में सबसे अधिक गोल करने के स्पेनिश रिकार्ड के बराबर और फ्रांस के 1984 में बनाए गए रिकार्ड के एक गोल कम है। फुएंते ने कहा, मुझे यकीन है कि फाइनल पूरी तरह से अलग होगा। यह ऐसे प्रतिद्वंदी के खिलाफ होगा जो हमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगा। भले ही यह सुनने में अच्छा नहीं लगता हो लेकिन अभी सुधार की गुंजाइश है।


लामिन यमाल ● एएफपी


यमाल के शाट को बचाने का प्रयास करते फ्रांस के गोलकीपर माइक मैगनन ● एएफपी

### काम नहीं आया एमबापे का चेहरे से मास्क उतारना

ग्रुप चरण में टूटी हुई नाक के बाद सभी मैच मास्क लगाकर खेलने वाले एमबापे सेमीफाइनल में मास्क के बिना उतरे, लेकिन यहां वंडरकिड यमाल ने उन्हें मात दे दी। फ्रांस की हार के साथ ही एमबापे के यूरो कप का भी निराशाजनक अंत हुआ और अब वह अपने नए क्लब रीयल मैड्रिड से जुड़ने से पहले छुट्टी पर जाएंगे। मैच के बाद एमबापे ने कहा, मेरा लक्ष्य टीम को यूरोपियन चैंपियन बनाना था, मेरा लक्ष्य अच्छा खेलना था, लेकिन मैं इनमें से कुछ भी नहीं कर पाया। यह निराशाजनक था। मास्क के बिना खेलने पर एमबापे ने कहा, मैं इससे तंग आ चुका था, मुझे ठीक से दिखाई नहीं दे रहा था। मैंने डाक्टर से बात की और उन्होंने निर्णय मुझ पर छोड़ा था।

गेंद रखी: स्पेन 59% – फ्रांस 41%

| स्पेन | | फ्रांस |
|---|---|---|
| 6 | कुल शाट | 9 |
| 2 | आन टारगेट | 3 |
| 500 | कुल पास | 339 |
| 2 | येलो कार्ड | 2 |

**गोल**
स्पेन 2 – फ्रांस 1
यमाल 21वां मिनट, डैनी ओल्मो 25वां मिनट
रैंडल मुआनी आठवां मिनट

# सपोर्ट स्टाफ के लिए बोनस छोड़ने को तैयार थे रोहित

**क्रिकेट डायरी**
अभिषेक त्रिपाठी ● जागरण

**नई दिल्ली :** भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ एक अच्छे कप्तान और कोच ही नहीं बल्कि उससे अच्छे इंसान भी हैं। जहां राहुल ने टी-20 विश्व कप में टीम की खिताबी जीत के बाद बीसीसीआइ द्वारा 2.5 करोड़ रुपये की अतिरिक्त बोनस राशि की पेशकश ठुकरा दी है, वहीं एक समय रोहित एक-दो सहयोगी स्टाफ के लिए अपनी पूरी बोनस राशि छोड़ने को तैयार हो गए थे। द्रविड़ को राष्ट्रीय टीम की सफलता के बाद पांच करोड़ रुपये बोनस राशि की पेशकश की गई थी लेकिन उन्होंने बल्लेबाजी कोच, क्षेत्ररक्षण कोच व गेंदबाजी कोच के समान 2.5 करोड़ रुपये लेने की इच्छा जताई है। जब हम विश्व कप जीतने वाली टीम के साथ उनके चार्टर पर बारबाडोस से नई दिल्ली आ रहे थे तो टीम से जुड़े एक सदस्य से रोहित को लेकर बात हो रही थी। उन्होंने कहा कि कप्तान कैसा हो सकता है ये कोई रोहित से सीखे। जब ये तय हो रहा था कि 125 करोड़ रुपये का कुल बोनस टीम के 15 सदस्यों, रिजर्व सदस्यों, मुख्य कोच, बल्लेबाजी कोच, गेंदबाजी कोच, क्षेत्ररक्षण कोच, मसाजर, फिजियो, अन्य सहयोगी स्टाफ के बीच कैसे बंटेगा तब कुछ सहयोगी स्टाफ को काफी कम पैसा मिल रहा था। उस समय रोहित ने कहा कि नहीं इनको भी ज्यादा पैसा मिलना चाहिए, चाहे मेरे व्यक्तिगत बोनस से इसे काट लिया जाए। उस सदस्य ने ये नहीं बताया कि रोहित ने किसके लिए ये कहा था लेकिन उन्होंने कहा कि ये एक अच्छे कप्तान के लक्षण हैं जो सिर्फ अपनी टीम ही नहीं सहयोगी स्टाफ के बारे में सोचता है।

बाद में बीसीसीआइ ने तय किया कि 15 मुख्य खिलाड़ियों को पांच-पांच करोड़ रुपये मिलेंगे। मुख्य कोच द्रविड़ को पांच करोड़ रुपये मिलने थे लेकिन उन्होंने बाकी कोचिंग स्टाफ की तरह 2.5 करोड़ रुपये लेने का निर्णय किया। कंडीशनिंग कोच, फिजियो और अन्य सहायक कर्मचारियों को दो-दो करोड़ रुपये मिलेंगे। टीम के साथ यात्रा करने वाले रिजर्व खिलाड़ियों रिंकू सिंह, शुभमन गिल, आवेश खान और खलील अहमद को एक-एक करोड़ रुपये मिलेंगे।


रोहित शर्मा ● फाइल फोटो, प्रेट्र

- 125 करोड़ रुपये में पहले कम राशि देने का प्रविधान था
- राहुल द्रविड़ ने 2.5 करोड़ की बोनस राशि लेने से इन्कार किया

### आइसीसी टी-20 रैंकिंग में सूर्य दूसरे स्थान पर बरकरार

**दुबई, प्रेट्र:** स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) की नई टी-20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। जिंबाब्वे में चल रही सीरीज में अच्छे प्रदर्शन के बाद रुतुराज गायकवाड़ की रैंकिंग में भी सुधार हुआ है। सूर्यकुमार 821 अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

### वहाब और रज्जाक बर्खास्त

**लाहौर, प्रेट्र:** पीसीबी ने टी-20 विश्व कप में निराशाजनक प्रदर्शन को देखते हुए पूर्व टेस्ट क्रिकेटर वहाब रियाज और अब्दुल रज्जाक को अपनी चयन समिति से बर्खास्त कर दिया। वहाब और रज्जाक एक ऐसी समिति का हिस्सा थे, जिसका कोई अध्यक्ष नहीं था।

# शुभमन-रुतुराज ने दिलाई 'सुंदर' जीत

## भारत ने तीसरे टी-20 में जिंबाब्वे को 23 रन से हराया, सीरीज में मेजबान पर बनाई 2-1 की बढ़त

**जागरण न्यूज नेटवर्क, नई दिल्ली :** कप्तान शुभमन गिल (66) और रुतुराज गायकवाड़ (49) की शानदार बल्लेबाजी के बाद वाशिंगटन सुंदर (3/15) की गेंदबाजी के दम पर भारत ने तीसरे टी-20 मुकाबले में जिंबाब्वे को 23 रन से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली। गिल के अर्धशतक की बदौलत भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 182 रन का स्कोर खड़ा किया था, जिसके जवाब में मेजबान टीम छह विकेट पर 159 रन ही बना सकी। पहला मैच गंवाने के बाद भारत ने दूसरे मैच में अभिषेक शर्मा के शतक के बल पर दूसरे मैच में 100 रन से जीत दर्ज की थी।

भारत ने इस मैच में तीन बदलाव किए थे। टी-20 विश्व कप टीम के सदस्य रहे यशस्वी, शिवम दुबे और संजू सैमसन को अंतिम एकादश में जगह दी गई। पिछले मैच में केवल दो रन बनाने वाले गिल ने 49 गेंद की पारी में सात चौकों और तीन छक्के जड़े और पहले यशस्वी (36) के साथ 67 और फिर रुतुराज के साथ 62 रन की साझेदारी करके टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। जिंबाब्वे के विरुद्ध टी-20 में बतौर कप्तान अर्धशतक लगाने वाले शुभमन दूसरे भारतीय बने। उनसे पहले साल 2010 में सुरेश रैना ने हरारे में ये कारनामा किया था। इतना ही नहीं बतौर कप्तान यह शुभमन का पहला अर्धशतक भी है।


शुभमन गिल ● एएफपी

**स्कोर बोर्ड**

भारत : 182/4 (20 ओवर)

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जायसवाल का. बेनेट बो. रजा | 36 | 27 | 4/2 |
| शुभमन का. रजा बो. मुजारबानी | 66 | 49 | 7/3 |
| अभिषेक का. मरुमानी बो. रजा | 10 | 09 | 1/0 |
| रुतुराज का. मधेवेरे बो. मुजारबानी | 49 | 28 | 4/3 |
| सैमसन अविजित | 12 | 07 | 2/0 |
| रिंकू सिंह अविजित | 01 | 01 | 0/0 |

अतिरिक्त : 8 (बा-4, लेबा-1, वा-2, नोबा-1)
गेंदबाजी : बेनेट 1-0-15-0, नगारवा 4-0-39-0, चतारा 3-0-30-0, मुजारबानी 4-0-25-2, रजा 4-0-24-2, मसाकाद्जा 3-0-25-0, मधेवेरे 1-0-19-0

जिंबाब्वे : 159/6 (20 ओवर)

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| मधेवेरे का. अभिषेक बो. आवेश | 01 | 02 | 0/0 |
| मरुमानी का. दुबे बो. खलील | 13 | 10 | 3/0 |
| बेनेट का. बिश्नोई बो. आवेश | 04 | 05 | 1/0 |
| डियोन मायर्स अविजित | 65 | 49 | 7/1 |
| सिकंदर का. रिंकू बो. सुंदर | 15 | 16 | 3/0 |
| जोनाथन सब बो. सुंदर | 01 | 02 | 0/0 |
| मदांडे का. रिंकू बो. सुंदर | 37 | 26 | 2/2 |
| मसाकाद्जा अविजित | 18 | 10 | 1/1 |

अतिरिक्त : 5 (बा-1, लेबा-2, वा-2)
गेंदबाजी : खलील 4-0-15-1, आवेश 4-0-39-2, बिश्नोई 4-0-37-0, वाशिंगटन 4-0-15-3, अभिषेक 2-0-23-0, दुबे 2-0-27-0

## राहुल द्रविड़ से ज्यादा हो सकता है गंभीर का वेतन

**विशेष संवाददाता, जागरण ● नई दिल्ली :** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच के तौर पर गौतम गंभीर की नियुक्ति की वित्तीय औपचारिकताएं अभी पूरी की जानी बाकी हैं लेकिन इस समय उनके लिए सबसे अहम चीज तीन वर्ष के कार्यकाल के दौरान आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार होने के मद्देनजर पसंदीदा सहयोगी स्टाफ रखना है। मंगलवार को बीसीसीआइ सचिव जय शाह ने गंभीर की नियुक्ति की घोषणा की। हालांकि पता चला है कि उनका वेतन अभी तय किया जाना बाकी है। हालांकि यह उनके पूर्ववर्ती राहुल द्रविड़ और रवि शास्त्री से थोड़ा ज्यादा हो सकता है। राहुल को मुख्य कोच के तौर पर करीब 12 करोड़ रुपये प्रति वर्ष मिलते थे।

बीसीसीआइ के एक सूत्र ने कहा, 'गौतम के लिए जिम्मेदारी संभालना ज्यादा महत्वपूर्ण था। अगले एक सप्ताह में वेतन और अन्य चीजों पर बात हो जाएगी। गंभीर के कोर सहयोगी स्टाफ में कौन होगा, इसको लेकर भी काफी दिलचस्पी बनी हुई है। केकेआर अकादमी के प्रमुख अभिषेक नायर बल्लेबाजी सलाहकार और एल. बालाजी व जहीर खान में से एक गेंदबाजी सलाहकार हो सकता है। क्षेत्ररक्षण कोच टी. दिलीप पद पर बने रहेंगे।

# न्यूयार्क के विश्व कप मैचों में घाटे से कई बोर्ड नाराज

अभिषेक त्रिपाठी ● जागरण

- श्रीलंका में होने वाली आइसीसी की वार्षिक कान्फ्रेंस में उठ सकता है मुद्दा
- न्यूयार्क में मैच कराने से आइसीसी को 20 मिलियन डालर के नुकसान का आरोप
- आइसीसी के एक अधिकारी ने किसी भी नुकसान से किया इन्कार



**नई दिल्ली:** न्यूयार्क में टी-20 विश्व कप कराने को लेकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) का उतावलापन उस पर भारी पड़ गया है। न्यूयार्क की नसाऊ काउंटी में भारत-पाकिस्तान सहित आठ मैच कराने को लेकर आइसीसी ने करोड़ों खर्च करके आइजनहवर पार्क में एक अस्थायी स्टेडियम और कैंटीगे पार्क में अभ्यास की अस्थायी सुविधाएं बनाईं। चूंकि अमेरिकी क्रिकेट संघ को आइसीसी ने निलंबित कर रखा था तो ये सारा काम आइसीसी ने अमेरिका में एक कंपनी बनाकर खुद किया। आइसीसी के बोर्ड सदस्यों को ये भरोसा दिलाया गया था कि महंगे दामों पर टिकट बेचकर घाटे को पूरा कर लिया जाएगा लेकिन ऐसा नहीं हो सका। बीसीसीआइ के कई बोर्ड सदस्य इससे नाराज हैं और 19 से 22 जुलाई तक श्रीलंका में होने वाली आइसीसी वार्षिक कान्फ्रेंस में यह मुद्दा उठ सकता है। इसको लेकर आइसीसी के कुछ अधिकारियों की भूमिका की जांच की मांग भी की जा सकती है।

आइसीसी के बोर्ड सदस्य ने कहा कि टी-20 विश्व कप के न्यूयार्क चरण से ही क्रिकेट की वैश्विक संस्था को 20 मिलियन डालर (करीब 167 करोड़ रुपये) का नुकसान हुआ है। न्यूयार्क में सभी निर्माण कार्य सहित मैचों का आयोजन कराने के लिए, लगभग 30 मिलियन डालर (करीब 250 करोड़ रुपये) का बजट रखा गया था जो बढ़कर 35 मिलियन डालर (करीब 292 करोड़ रुपये) हो गया। इन कामों को देख रहे कुछ अधिकारियों ने कहा था कि न्यूयार्क में महंगे टिकट बिकेंगे, खासतौर पर भारत-पाकिस्तान के मैच से आइसीसी को इतनी कमाई होगी कि चीजें ठीक हो जाएंगी लेकिन टिकट बिक्री में भी काफी गड़बड़ हुई जिससे घाटा बढ़ गया। आइसीसी ने बैलेट से कुछ टिकट पहले प्रशंसकों को दीं और फिर भारत-पाकिस्तान मैच की टिकट को सोल्ड आउट दिखाया गया। बाद में फिर टिकट कम दाम में मार्केट में डाली गईं। ऐसे व्यक्ति को न्यूयार्क में टिकट के काम की जिम्मेदारी दी गई जिसे पहले इसका अनुभव ही नहीं था। यही नहीं इस विश्व कप के अमेरिका में संचालन के लिए टी-20 विश्व कप यूएसए के नाम से बनाई गई कंपनी में एक ऐसे व्यक्ति को नियुक्त किया गया जिसे कुछ साल पहले आइसीसी से निकाला गया था। बोर्ड सदस्य ने कहा कि इसकी जांच होनी चाहिए कि किसकी गलती से आइसीसी को नुकसान हुआ है। इस नुकसान का आइसीसी से बोर्ड सदस्य के तौर पर जुड़े देशों को होगा क्योंकि इससे उनको मिलने वाली राशि में कमी आएगी। खासतौर पर छोटे देशों को जिनको पांच से 10 करोड़ रुपये क्रिकेट संचालन के लिए दिए जाते हैं, उनको फर्क पड़ेगा।

मालूम हो कि आइसीसी की कान्फ्रेंस के दौरान 20 जुलाई को चीफ एक्जक्यूटिव कमेटी की बैठक होगी। इसके एक दिन बाद आइसीसी की फाइनेंस और कमर्शियल अफेयर कमेटी की बैठक है। 22 जुलाई को आइसीसी और आइबीसी बोर्ड की बैठक है, जिसके बाद उसी दिन वार्षिक आम सभा (एजीएम) होगी। इन आरोपों को लेकर आइसीसी को ईमेल करके दैनिक जागरण ने जवाब मांगे थे। आइसीसी की एक शीर्ष अधिकारी ने 29 जून को जवाबी ईमेल में लिखा था कि हम आइसीसी के वाणिज्यिक मामले पर कोई टिप्पणी नहीं करते। उन्होंने घाटे की बात को गलत बताते हुए कहा कि हम लक्ष्य से कुछ ज्यादा प्राप्त करने के रास्ते पर हैं।

उन्होंने उस व्यक्ति के बारे में कहा कि उसे नौकरी से हटाया नहीं गया था बल्कि वह इस्तीफा देकर गया था। वहीं एक राष्ट्रीय क्रिकेट बोर्ड के शीर्ष पदाधिकारी ने कहा कि आइसीसी में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा। निश्चित तौर पर मैं मीडिया से कुछ नहीं कह सकता लेकिन आइसीसी की बैठक में इस मामले को जरूर उठाया जाएगा। इसके अलावा और भी कई मसले हैं जिनको आइसीसी की बैठक में उठाया जाएगा।

# विदेश में तैयारियों को अंतिम रूप देगी एथलेटिक्स टीम

**15 दिन शेष – पेरिस ओलिंपिक**

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** ओलिंपिक के लिए भारत की 30 सदस्यीय एथलेटिक्स टीम 28 जुलाई को पेरिस में एकत्रित होने से पहले अपने अंतिम चरण की तैयारियों के लिए तीन अलग-अलग स्थलों में ट्रेनिंग करेगी। पेरिस ओलिंपिक में ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धाएं टीम के पहुंचने के चार दिन बाद शुरू होंगी। अंतिम चरण की तैयारियों के अंतर्गत भारतीय खिलाड़ी पोलैंड के स्पाला में 'ओलिंपिक स्पोर्ट्स सेंटर', तुर्किये में अंताल्या और स्विट्जरलैंड में सेंट मोरिट्ज में तीन विदेशी स्थलों में ट्रेनिंग करेंगे।

मुख्य कोच राधाकृष्णन नायर ने कहा, राष्ट्रीय एथलेटिक्स टीम के सदस्य ओलिंपिक खेलों की तैयारी के लिए अलग अलग स्थलों पर ट्रेनिंग करेंगे, लेकिन 28 जुलाई को पेरिस में एकजुट हो जाएंगे। ओलिंपिक चैंपियन व विश्व चैंपियन भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा अंताल्या में अभ्यास करेंगे। नीरज पहले ही अंताल्या पहुंच चुके हैं और 28 जुलाई को पेरिस पहुंच जाएंगे। चार पैदल चाल एथलीट आकाशदीप सिंह, परमजीत सिंह बिष्ट, विकास सिंह और सूरज पवार तथा ट्रिपल जंप एथलीट अब्दुल्ला अबुबाकर इस समय बेंगलुरु में हैं जबकि अविनाश साबले और पारुल चौधरी स्विट्जरलैंड के सेंट मोरिट्ज में ट्रेनिंग करेंगे। नायर ने कहा, साबले और पारुल चौधरी 24 जुलाई को पोलैंड में खिलाड़ियों के ग्रुप से जुड़ेंगे और फिर पेरिस रवाना होंगे। चार गुणा 400 मीटर रिले टीम गुरुवार को पोलैंड के लिए रवाना होगी।

### रुबिना को ओलिंपिक कोटा

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** भारतीय पैरा निशानेबाज रुबिना फ्रांसिस और स्वरूप उन्हाल्कर ने बुधवार को 'वाइल्डकार्ड' के अंतर्गत पेरिस पैरालिंपिक का कोटा प्राप्त किया। रुबिना (महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच1) और स्वरूप (पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल एसएच1) के लिए कोटा प्राप्त किया।

## एंडरसन के अंतिम मैच में चमके गस एटकिंसन वेस्टइंडीज 121 पर ढेर

**लंदन, एपी :** इंग्लैंड ने पहले टेस्ट मैच में बुधवार को वेस्टइंडीज की पहली पारी महज 121 रन पर समेट दी। इंग्लैंड के दिग्गज गेंदबाज जेम्स एंडरसन का यह अंतिम टेस्ट मैच है, लेकिन पहला दिन पदार्पण कर रहे तेज गेंदबाज गस एटकिंसन के नाम रहा, जिन्होंने सात विकेट चटकाए। एंडरसन और क्रिस वोक्स के शुरुआती 10 ओवर में कोई विकेट न मिलने के बाद कप्तान बेन स्टोक्स ने सरे के इस गेंदबाज को गेंद सौंपी और अपने पहले ही ओवर की दूसरी गेंद पर एटकिंसन ने विंडीज के कप्तान क्रेग ब्रेथवेट को आउट किया और देखते ही देखते विंडीज की टीम 121 पर ढेर हो गई। एटकिंसन के अलावा स्टोक्स, एंडरसन और वोक्स ने एक-एक विकेट मिला।

दिन का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड ने तीन विकेट गंवाकर 182 रन बना लिए हैं और वेस्टइंडीज पर 68 रन की बढ़त ले ली है। उसकी ओर से जैक क्राबले ने 76 और ओली पोप ने 57 रन बनाए। जो रूट 15 और हैरी ब्रूक 25 रन बनाकर खेल रहे हैं।

# जोकोविक को वाकओवर, मुसेत्ती जीते

**लंदन, एपी:** विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविक ने कूल्हे की चोट के कारण बुधवार को एलेक्स डि मिनोर के हटने पर विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष सिंगल्स के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अब अंतिम-4 में उनका मुकाबला इटली के लोरेंजो मुसेत्ती से होगा, जिन्होंने क्वार्टर फाइनल में अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को हराया।

डि मिनोर ने कहा, 'सोमवार को चौथे दौर में आर्थर फिल्स पर 6-2, 6-4, 4-6, 6-3 की जीत के दौरान उन्होंने 'क्रैक' की आवाज सुनी थी। जब वह मैच समाप्त हुआ तो डि मिनोर सावधानी से नेट की ओर गए लेकिन बाद में मीडिया से बात करते समय उन्होंने स्थिति की गंभीरता को कम करके आंका। इस वाकओवर से जोकोविक ने 13वीं बार विंबलडन सेमीफाइनल में जगह बनाई और इस तरह से उन्होंने पुरुष सिंगल्स में रोजर फेडरर के रिकार्ड की बराबरी की। दूसरे वरीयता प्राप्त जोकोविक ने पुरुष सिंगल्स में रिकार्ड 24 ग्रैंड स्लैम खिताबों में से सात विंबलडन में जीते हैं। फाइनल में जगह बनाने के लिए जोकोविक का सामना शुक्रवार को टेलर फ्रिट्ज और लोरेंजो मुसेत्ती के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। वहीं, मुसेत्ती ने 13वीं वरीयता प्राप्त फ्रिट्ज को 3-6, 7-6(5) 6-2, 3-6, 6-1 से हराकर अपने पहले ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

- जोकोविक ने 13वीं बार सेमीफाइनल में जगह बनाकर फेडरर के रिकार्ड की बराबरी की
- नोवाक ने रिकार्ड 24 ग्रैंड स्लैम खिताबों में से सात विंबलडन में जीते हैं


नोवाक जोकोविक ● फाइल फोटो, रायटर

### स्वितोलिना को हराकर रिबाकिना सेमीफाइनल में

पूर्व चैंपियन एलिना रिबाकिना ने बुधवार को यहां एलीना स्वितोलिना को सीधे सेट में हराकर विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के महिला सिंगल्स के सेमीफाइनल में जगह बनाई। वर्ष 2022 की चैंपियन रिबाकिना ने 21वीं वरीय स्वितोलिना को क्वार्टर फाइनल में 6-3, 6-2 से हराया। रिबाकिना सेमीफाइनल में 31वीं वरीय बारबरा क्रेसिकोवा से भिड़ेंगी, जिन्होंने दो पूर्व फ्रेंच ओपन चैंपियन के बीच हुए मुकाबले में 13वीं वरीय येलेना ओस्टापेंको को 6-4, 7-6 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। क्रोएशिया की डोना वेकिक ने न्यूजीलैंड की लुलु सन को 5-7, 6-4, 6-1 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंचीं। वह किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में 43वीं बार भाग ले रही है लेकिन इससे पहले कभी अंतिम चार में नहीं पहुंची थीं।

# भारतीय क्रिकेट को 'सुनहरे दिन' देने वाले गावस्कर 75 वर्ष के हुए

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** अपने जमाने में विश्व के कुछ सबसे खतरनाक तेज गेंदबाजों का सामना करने वाले दिग्गज बल्लेबाज और पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर बुधवार को अपना 75वां जन्मदिन मना रहे हैं। आज के युवा क्रिकेट प्रेमियों के लिए गावस्कर जैसे दिग्गज की महानता को सही मायने में समझना बहुत मुश्किल है क्योंकि वे आइपीएल जैसी ताबड़तोड़ लीग को देखते हुए बड़े हुए हैं।

विश्व के सबसे खतरनाक तेज गेंदबाजों में से कुछ का सामना करने वाले गावस्कर के लिए समकालीन खिलाड़ियों की नजरों में उनकी महानता जस की तस है, जो दाएं हाथ के इस महान खिलाड़ी की महानता को बयां करते थकते नहीं। पूर्व भारतीय बल्लेबाज चंदू बोर्डे ने कहा, 'मैंने उनसे बेहतर स्टांस नहीं देखा और वह गेंद को इतनी बारीकी से देखते थे। निश्चित रूप से वह ज्यादातर शाट्स खेल सकते थे, लेकिन उन्होंने इनका समझदारी से इस्तेमाल किया। वह बहुत ही व्यावहारिक बल्लेबाज थे।'



सुनील गावस्कर ● फाइल फोटो, प्रेट्र

'जन्मदिन की शुभकामनाएं, सुनील गावस्कर। आपकी बल्लेबाजी तकनीक इतनी बेहतरीन थी कि आप आक्रामक और रक्षात्मक दोनों तरह से समान रूप से खेल सकते थे। हर चीज़ के लिए शुभकामनाएं।'
– **जय शाह**, भारतीय क्रिकेट बोर्ड, सचिव

सन्नी का 'फुटवर्क' शानदार था और वह स्पिन के खिलाफ हल्के हाथ से बल्लेबाजी करता था। वह गेंद को बहुत ध्यान से देखा करता था जिससे वह स्पिनरों को देर से खेलता था और कभी भी उनके खिलाफ असहज हालत में नहीं पहुंचा।
– **मोहिंदर अमरनाथ**, पूर्व भारतीय बल्लेबाज

********


### आजादी तक काला कपड़ा पहनने की कसम खाई थी बाबा कांशीराम ने



स्वतंत्रता सेनानी बाबा कांशीराम का जन्म 1882 में आज ही हिमाचल के कांगड़ा जिले में हुआ था। कम उम्र में ही पहाड़ी भाषा में कविताएं लिखने लगे। 1919 में जलियांवाला बाग हत्याकांड देखकर स्वतंत्रता संग्राम में कूद पड़े। कविताएं लिखकर लोगों को स्वतंत्रता संग्राम में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। उनकी प्रसिद्ध कविता अंग्रेज सरकार दा टिग्गा पर ध्याड़ा की वजह से उन्हें जेल भी जाना पड़ा था। उन्होंने आजादी हासिल होने तक काले कपड़े पहनने का संकल्प लिया था। 15 अक्टूबर, 1943 को उन्होंने अंतिम सांस ली।


### व्यक्तिगत ओलिंपिक स्वर्ण जीतने वाली पहली महिला बनीं चार्लोट

1900 में आज ही ब्रिटिश टेनिस चैंपियन चार्लोट कूपर व्यक्तिगत ओलिंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाली दुनिया की पहली महिला बनी थीं। इसी वर्ष महिलाओं ने पहली बार ओलिंपिक में भाग लिया था। चार्लोट ने महिला टेनिस सिंगल्स टूर्नामेंट में फ्रांसीसी खिलाड़ी हेलेन प्रीवोस्ट को हराया था।



### पहली बार रोबोट सर्जिकल सिस्टम को अमेरिका में मिली स्वीकृति

2000 में आज ही पहली बार दा विंची रोबोट सर्जिकल सिस्टम को अमेरिका के फूड एंड ड्रग्स एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) ने स्वीकृति दी थी। चार भुजाओं वाले सर्जिकल रोबोट को पित्ताशय की थैली एवं स्त्री रोग संबंधी शल्य चिकित्सा में उपयोग के लिए मंजूरी दी गई थी।



# कड़े सुरक्षा घेरे में अमरनाथ श्रद्धालु और लंगर

## कठुआ में हमले के बाद बदनोता में घने जंगल में बारिश के बीच आतंकियों को मार गिराने के लिए अभियान जारी

**जागरण टीम, कठुआ:** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के बदनोता में सैन्य वाहनों पर आतंकी हमले के बाद लखनपुर से सांबा तक श्री अमरनाथ श्रद्धालुओं के लिए लगे लंगर स्थलों व श्रद्धालुओं की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। जम्मू-पठानकोट नेशनल हाईवे पर वाहनों को रोककर गहनता से तलाशी ली जा रही है। इसके साथ ही बदनोता में पुलिस, सेना व अन्य सुरक्षाबल आतंकियों को मार गिराने के लिए जंगल और पहाड़ों में सघन तलाशी अभियान चला रहे हैं। खोजी कुत्तों, हेलीकाप्टर व ड्रोन से भी तलाशी जारी है, लेकिन घने जंगल और वर्षा तलाशी अभियान में बाधा बन रही हैं। पूरे कठुआ जिले में हाई अलर्ट है। अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पहले से सुरक्षाबल अधिक सतर्क हैं। तीन दिन से अभियान चल रहा है, लेकिन सुरक्षाबल अभी खाली हाथ हैं। इस बीच, 24 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। खुफिया एजेंसियों के अधिकारियों के साथ एनआइए टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।



पौड़ी गढ़वाल जिले में बुधवार को हवलदार कमल सिंह को पूरे सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। कमल सिंह भी कठुआ में हुए आतंकी हमले में बलिदान हो गए थे ● प्रेट्र

बीते आठ जुलाई को बदनोता गांव में सेना के वाहन पर हमले के बाद आतंकी भाग निकले थे। इनका अब तक कोई सुराग नहीं लगा है। पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण लोहार मल्हार के बदनोता में देवदार के घने जंगल हैं। जंगली क्षेत्र होने के कारण यहां पर प्राकृतिक गुफाएं भी हैं। ये गुफाएं काफी लंबी हैं। पहाड़ों पर लगातार धुंध भी है। इससे दृश्यता कम होने के चलते तलाशी अभियान में दिक्कतें आ रही हैं। बुधवार को तीसरे दिन बदनोता समेत लोहाई मल्हार, मशेड़ी, किंडली, कमलोह गलां और बनी के ढग्गर तक फैले पहाड़ों और जंगलों में तलाशी अभियान और कर दिया गया है। तलाशी अभियान में पुलिस के अलावा सेना, सीआरपीएफ और एसओजी भी शामिल है। खोजी कुत्तों, ड्रोन और हेलीकाप्टर का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। सेना ने बदनोता और मशेड़ी में वर्षा और धुंध के बीच हेलीकाप्टर से कमांडो को उतारने का ट्रायल भी किया गया। डीआइजी डा. सुनील गुप्ता और कठुआ के एसएसपी बदनोता में ही रहकर आपरेशन की निगरानी कर रहे हैं।

**आतंकियों को स्थानीय मददगारों का साथ मिलने की आशंका:** सुरक्षाबल एजेंसियों को हमले से पहले और में आतंकियों को शरण देने में कुछ स्थानीय मददगारों का हाथ होने की आशंका है। इसी के चलते वहां पर स्थानीय कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। ये भी माना जा रहा है कि आतंकियों ने हमले के पहले सेना की वहां की गतिविधियों की रेकी की थी। इसके बाद स्थान चिह्नित कर हमला किया और फिर भाग निकले। बता दें कि बदनोता से 25 किलोमीटर दूर बनी के ढग्गर में इसी वर्ष मई में छह आतंकियों के दल को हथियारों सहित दो दिन में अलग-अलग जगह देखा गया था, लेकिन सुरक्षाबल के तलाशी अभियान के बाद उनका कोई पता नहीं चल पाया था।

### कठुआ में बलिदान हुए वीर सपूतों को सैन्य सम्मान के साथ विदाई

**जागरण टीम, देहरादून:** जम्मू-कश्मीर के कठुआ में बीते सोमवार को आतंकी हमले में बलिदान हुए उत्तराखंड के पांचों सपूतों नायब सूबेदार आनंद सिंह रावत, हवलदार कमल सिंह, राइफलमैन अनुज नेगी व आदर्श नेगी और नायक विनोद सिंह भंडारी को सैन्य सम्मान के साथ अश्रुपूर्ण विदाई दी गई। नायब सूबेदार आनंद सिंह रावत को उनके पैतृक घाट सूर्यप्रयाग में सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। हवलदार कमल सिंह और राइफलमैन अनुज नेगी के बलिदान से टिहरी की मंदाल घाटी में हर आंख नम थी। कमल सिंह का मंदाल नदी के तट पर अंतिम संस्कार किया गया। अनुज नेगी की पार्थिव देह जैसे ही उनके आवास पहुंची, उनकी मां, पिता, पत्नी और बहन बेसुध हो गए। राइफलमैन आदर्श नेगी को हजारों लोगों ने कीर्तिनगर घाट पर अंतिम विदाई दी। देहरादून निवासी नायक विनोद सिंह भंडारी का अंतिम संस्कार मुनिकीरेती स्थित पूर्णानंद घाट पर सैन्य सम्मान के साथ किया गया। दून स्थित निवास अटूरवाला में बलिदानी के आवास पर हजारों लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।



### राष्ट्रपति ने साइना नेहवाल के साथ खेला बैडमिंटन...

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का खेलों के प्रति स्वाभाविक प्रेम बुधवार को तब देखने को मिला, जब उन्होंने बहुचर्चित खिलाड़ी साइना नेहवाल के साथ बैडमिंटन खेला। राष्ट्रपति भवन के बैडमिंटन कोर्ट में द्रौपदी मुर्मु ने साइना नेहवाल के साथ खेलते हुए खूब कुशलता दिखाई। राष्ट्रपति का यह कदम बैडमिंटन जगत में भारत के एक पावर हाउस के रूप में उभरने के अनुरूप है, जिसमें महिला खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय मंच पर बड़ा प्रभाव डाल रही हैं। पद्म पुरस्कार विजेताओं की 'उनकी कहानी-मेरी कहानी' व्याख्यान श्रृंखला के भाग के रूप में पद्मश्री एवं पद्मभूषण सम्मानित साइना नेहवाल गुरुवार को राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में एक व्याख्यान देंगी एवं दर्शकों से बातचीत करेंगी ● प्रेट्र


**Uttar Pradesh Medical Supplies Corporation Limited**
(CIN: U85310UP2018SGC102425) (A Government of U.P. Undertaking)
Address: SUDA Bhawan, 7/23, Sector-7, Gomti Nagar Extension, Lucknow
Website: www.upmsc.in E-Mail: gm.scm@upmsc.in, Contact No.: 0522-2838182

Ref No- UPMSCL/[illegible]/2024/ — Date: 08.07.2024

**GEM Tender for procurement of Equipments for District Drug Warehouse**

Uttar Pradesh Medical Supplies Corporation Limited, Lucknow invites tenders on GeM Portal from eligible and qualified Bidders to supply Equipments for 4 UPMSCL district drug warehouses (Sitapur, Barabanki, Raebareli, Shahjahanpur). The schedules of Tendering activities are as here under:

| Sl. No. | Description of Item for tender | Equipments Name as on GeM | Tender Reference no | Commencement of Downloading of Tender Document | Date & Time of Pre-Bid Meeting | Last Date & Submission of Online Bids | Date & Time of Opening of Technical Bids | Technical Evaluation Result | Date & Time of Opening of Financial Bids | Financial Evaluation Result |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RO with water cooler | Potable Water Purification System with inbuilt Water Cooler (Q2) | GEM/2024/ B/5095945 | 05-07-2024 | 12-07-2024 12:00:00 in conference hall of UPMSCL HQ, Lucknow | 24-07-2024 14:00:00 | 24-07-2024 14:30:00 | To be declared on GeM Portal | To be declared on GeM Portal | To be declared on GeM Portal |
| 2. | Generator 125 KVA | Power Generator - DG Set (up to 900 KVA) (Q2) | GEM/2024/ B/5117365 | 05-07-2024 | 12-07-2024 12:00:00 in conference hall of UPMSCL HQ, Lucknow | 25-07-2024 18:00:00 | 25-07-2024 18:30:00 | To be declared on GeM Portal | To be declared on GeM Portal | To be declared on GeM Portal |
| 3. | Plastic Pallets | HDPE / PE Plastic Pallets (Injection Moulded) (Q3 Category) | GEM/2024/ B/5142807 | 08-07-2024 | 15-07-2024 12:00:00 in conference hall of UPMSCL HQ, Lucknow | 30-07-2024 18:00:00 | 30-07-2024 18:30:00 | To be declared on GeM Portal | To be declared on GeM Portal | To be declared on GeM Portal |

The details of tender notice are given on GeM Portal & UPMSCL website www.upmsc.in. Kindly check GeM Portal & UPMSCL website for any detail & updates.

**Managing Director, UPMSCL**

Department of Medical Health & Family Welfare, Uttar Pradesh



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

**भवन निर्माण विभाग,**

**भवन संरचना प्रमंडल, दरभंगा**

केवल ई. निविदा पद्धति के अनुसार वेबसाईट एवं www.eproc2.bihar.gov.in पर

**ई0- निविदा आमंत्रण सूचना (SBD)**

**(अल्पकालीन) ई0-पुनर्निविदा सूचना संख्या- 04/BCD /DARBHANGA /2024-25)**

**कार्य की विवरणी :-**

| क्र0 | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य। (Internet payment Gateway/Chalan के माध्यम से) | बिड प्रोसेसिंग शुल्क | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | दरभंगा जिला अंतर्गत बहेड़ी प्रखंड के बलिगांव, बिठौली, गंगदह शिवराम, हथौड़ी दक्षिणी पंचायत में 04 अदद पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य। (विद्युतीकरण सहित) | 11,46,07,359.00 | 21,46,074.00 | 10000.00 | देय राशि का ई-पेमेंट करना है। | 12 माह। |
| 02 | दरभंगा जिला अंतर्गत बहेड़ी प्रखंड के पघारी, ठाठेपुर, पोहद्दी नारायण, निमैठी पंचायत में 04 अदद पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य। (विद्युतीकरण सहित) | 11,46,07,359.00 | 21,46,074.00 | 10000.00 | देय राशि का ई-पेमेंट करना है। | 12 माह। |
| 03 | दरभंगा जिला अंतर्गत बिरौल प्रखंड के रोहार महम्मा, कछुआ, पड़री, सोनपुर पघारी, अकबरपुर बैक पंचायत में 05 अदद पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य। (विद्युतीकरण सहित) | 14,32,59,203.00 | 24,32,592.00 | 10000.00 | देय राशि का ई-पेमेंट करना है। | 12 माह। |
| 04 | दरभंगा जिला अंतर्गत बिरौल प्रखंड के कुमरी, ललही, मनौर भीघम, पटनिया पंचायत में 04 अदद पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य। (विद्युतीकरण सहित) | 11,46,07,359.00 | 24,32,592.00 | 10000.00 | देय राशि का ई-पेमेंट करना है। | 12 माह। |
| 05 | दरभंगा जिला अंतर्गत बिरौल प्रखंड के पोखराम दक्षिणी, सहसराम, साहो, बैरमपुर पंचायत में 04 अदद पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य। (विद्युतीकरण सहित) | 11,46,07,359.00 | 21,46,074.00 | 10000.00 | देय राशि का ई-पेमेंट करना है। | 12 माह। |
| 06 | दरभंगा जिला अंतर्गत सिंहवाड़ा प्रखंड के भवानीपुर, कटका, मखुल्ली एवं अर्राई-विरौपुर पंचायत में 04 अदद पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य। (विद्युतीकरण सहित) | 11,46,07,359.00 | 21,46,074.00 | 10000.00 | देय राशि का ई-पेमेंट करना है। | 12 माह। |
| 07 | दरभंगा जिला अंतर्गत बेनीपुर प्रखंड के गणेश बनौल बलनी, हरिपुर, ब्रह्मि नौआर, शिवराम एवं पोहद्दी प0 पंचायत में 05 अदद पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य। (विद्युतीकरण सहित) | 14,32,59,203.00 | 24,32,592.00 | 10000.00 | देय राशि का ई-पेमेंट करना है। | 12 माह। |
| 08 | दरभंगा जिला अंतर्गत गौड़ाबौराम प्रखंड के बघरासी आसारपुर एवं बौराम पंचायत में 03 अदद पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य। (विद्युतीकरण सहित) | 8,59,55,520.00 | 17,19,110.00 | 10000.00 | देय राशि का ई-पेमेंट करना है। | 12 माह। |
| 09 | दरभंगा जिला अंतर्गत बहादुरपुर प्रखंड के सिमरा नेहालपुर, ओझौल, कुशोथर एवं कुआरा पंचायत में 04 अदद पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य। (विद्युतीकरण सहित) | 11,46,07,359.00 | 21,46,074.00 | 10000.00 | देय राशि का ई-पेमेंट करना है। | 12 माह। |

1. विज्ञापदाता का पदनाम एवं पता :-कार्यपालक अभियंता, भवन सं0 प्रमंडल, दरभंगा।
2. निविदा आमंत्रण की तिथि :-09.07.2024
3. निविदा कागजात डाउनलोड/ अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय :- 23.07.2024 से 14.08.2024 को 03:00 बजे अप0 तक।
4. टेक्नीकल बीड खोलने कि तिथि एवं समय :- 16.08.2024 के 3:30 बजे अप0 ।
5. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय :- तकनीकी बीड निष्पादन के पश्चात्
6. निविदा बिक्री, प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :- वेबसाईड www.eproc2.bihar.gov.in पर।
7. प्रीबीड मिटिंग की तिथि समय एवं स्थान :- दिनांक-30.07.2024 को 03:00 बजे अप0 अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, दरभंगा का कार्यालय एवं दिनांक-06.08.2024 को 03:00 बजे अप0 मुख्य अभियंता, उत्तर उपभाग, भवन निर्माण विभाग, पटना का कार्यालय।
8. निविदा कागजात जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :- 16.08.2024 के 3:00 बजे अपराह्न तक। 1)कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भ0सं0प्र0, दरभंगा। 2)अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, दरभंगा। 3)मुख्य अभियंता (उ0), भ0नि0वि0, बिहार, पटना।
9. निविदा वैधता की अवधि :- 120 दिन।

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
PR- 003668 ( BCD ) 2024-25 — भवन निर्माण विभाग, संरचना प्रमंडल, दरभंगा

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।



क्लासीफाइड

सूचना

I Ruby W/o Rafiq Ahmad R/o 241/44, 2nd floor, Gali No.22B, Zakir Nagar, Okhla, Delhi-25 have severed all relations with my son Zeeshan Ahmad and disowned him from my all movable & immovable properties due to his bad behavior & irresponsibility. I shall not be responsible for any of his activities or transactions with any person, Only Zeeshan Ahmad will be responsible.

मेरे मुवक्किल इन्द्र राज गुप्ता S/o प्यारे लाल गुप्ता और उनकी पत्नी रीता गुप्ता R/o H.No- C 13, जवाहर पार्क देवली, खानपुर नई दिल्ली 62, ने अपने पुत्र अभिषेक गुप्ता के गलत आचरण व व्यवहार से तंग आकर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद करते हैं। अपने कृत्यों का यह स्वयं जिम्मेदार होगा। मदनलाल (Adv)

Public is hereby informed that my clients Vinay Kumar S/o Vishwnath Bhagat R/o E-104/1, Sanjay Colony, Bhatti Mines, Fateh Pur Beri, South Delhi, Delhi-110074 has renounced disowned and severed all their relations with their son Gautam Kumar and His wife named Sandhya on account of their misdeeds from all the self-acquired movable as well as immovable properties belonging to my clients. Gautam Kumar and Sandhya shall not stake for any claim of any nature whatsoever in the said properties of my clients any person dealing with Gautam Kumar and Sandhya will do so at his own risks and perils. (RAMESH KUMAR) ADVOCATE

**सार्वजनिक सूचना**

यह कि, याचिकाकर्ता, श्री ज्योति मसंद ने भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, 1925 की धारा 276 के तहत एक याचिका के माध्यम से, पीसी संख्या 16/2024 के वसीयत 28.03.2018 की वसीयत के संबंध में प्रशासन के पत्र, या प्रोबेट या उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए आवेदन किया है, जो मृतक स्वर्गीय श्री मोती बुलचंद मसंद आत्मज स्वर्गीय श्री बुलचन्द मसंद, निवासी बी-1/22, प्रथम तल, सफदरजंग एन्क्लेव, नई दिल्ली-110029, जिनकी मृत्यु 13.10.2023 को हो गई थी द्वारा छोड़ी गई संपत्ति है। (मृतक द्वारा छोड़ी गई संपत्ति की अनुसूची - संपत्ति संख्या बी-1/22, प्रथम तल, सफदरजंग एन्क्लेव, नई दिल्ली-110029 पर स्थित) इसके द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त नामित मृतक की संपत्ति के प्रशासन पत्र/उत्तराधिकार प्रमाण पत्र में कोई भी रुचि रखने वाला व्यक्ति यदि चाहे तो 26-07-2024 को प्रातः 10:00 बजे डॉ. यादवेंद्र सिंह, जिला न्यायाधीश-02 (दक्षिण), कमरा संख्या 15, नई कोर्ट ब्लॉक 1, तृतीय तल साकेत कोर्ट, नई दिल्ली की अदालत में उपस्थित हो सकता है और प्रशासन पत्र/प्रोबेट/उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रदान किए जाने से पूर्व कार्यवाही में भाग ले सकता है या यदि वह पूर्वोक्त याचिकाकर्ता के आवेदन का विरोध करना चाहता है तो वह पूर्वोक्त तिथि को इस अदालत में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हो और दस्तावेज और मौखिक साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए तैयार रहे जिसे वह अपने दावे के समर्थन में एवं याचिकाकर्ता के आवेदन के विरोध में प्रस्तुत करना चाहता हो।

डॉ. यादवेंद्र सिंह
जिला न्यायाधीश - 02,
दक्षिण, साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं, मधु देवी पत्नी राकेश कुमार निवासी मकान नंबर ई-3सी ब्लॉक-ई, रूप नगर, हर्ष विहार, हरि नगर एक्सटेंशन भाग-3, जयपुर बदरपुर, दिल्ली-110044, मैं अपने पति राकेश कुमार और उनकी गोद ली हुई बेटी कुमारी निकिता के साथ अपने सभी संबंध समाप्त कर रही हूँ। और दोनों को अपनी सभी चल और अचल संपत्ति से बेदखल करती हूँ। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य एवं लेनदेन के लिए मैं जिम्मेदार नहीं रहूँगी।


### इधर-उधर की

### अमेरिका में पालतू कुत्ते ने घर में लगा दी आग



कुत्ते ने गलती से चालू कर दिया था ओवन ● इंटरनेट मीडिया

**वाशिंगटन, एजेंसी:** अमेरिका के कोलोराडो में पालतू कुत्ते की वजह से एक घर में आग लग गई। घर के मालिक ने बताया कि रात को एपल होमपाड का हाई हीट नोटिफिकेशन सुनकर जब उनकी नींद खुली तो उन्होंने देखा कि उनके किचन में आग लग गई। इसके बाद अग्निशामक विभाग को सूचित किया गया। कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया गया। अग्निशामक विभाग ने जब आग के कारणों का पता लगाने के लिए सीसीटीवी फुटेज देखा तो पता चला कि इन सबके पीछे घर का पालतू कुत्ता जिम्मेदार है। फुटेज में देखा जा सकता है कि कुत्ता किचन में अपने पिछले पैरों पर खड़ा होकर एक बाक्स का निरीक्षण कर रहा है। तभी गलती से उसने ओवन चालू कर दिया, जिससे आग लग गई।

# यूक्रेन की मदद करने के लिए बाइडन और नाटो आए साथ

**वाशिंगटन, रायटर :** नाटो शिखर सम्मेलन में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और नाटो सदस्य देशों के नेता यूक्रेन के साथ खड़े नजर आए। उन्होंने नए फंड और नाटो सदस्यता की प्रतिबद्धता दोहराई। 32 देशों के गठबंधन की बैठक के लिए तैयार किए गए एक मसौदे में कहा गया है कि सहयोगी दल यूक्रेन को अगले वर्ष के भीतर सैन्य सहायता के रूप में 40 अरब यूरो (43.28 अरब डालर) की धनराशि प्रदान करने का इरादा रखते हैं। वहीं, नाटो के संयुक्त मसौदे में रूस के युद्ध प्रयासों को समर्थन देने के लिए चीन की आलोचना की गई है। उससे सभी समर्थन बंद करने का आह्वान किया गया है।

प्रेट्र के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने नाटो शिखर सम्मेलन में यूक्रेन के लिए बड़ी घोषणा की। उन्होंने यूक्रेन को वायु सुरक्षा उपकरण दान में देने का एलान करते हुए नाटो देशों से कहा कि कोई गलती न करें, रूस इस युद्ध में विफल हो रहा है। वहीं, रूस के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने यूक्रेन को एफ-16 लड़ाकू विमान देने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा है कि इससे पता चलता है कि अमेरिका रूस से लड़ने वाले एक युद्ध गिरोह का नेतृत्व कर रहा है।



बाइडन ने नाटो महासचिव जेंस स्टोलटेनबर्ग को अमेरिका का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'प्रेसिडेंशियल मेडल आफ फ्रीडम' प्रदान किया ● एएफपी

### रूस को विफल करने के लिए न करें नवंबर तक इंतजार: जेलेंस्की

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की का कहना है कि दुनिया को उनके देश के खिलाफ रूस के आक्रामक हमले को रोकने के लिए नवंबर का इंतजार नहीं करना चाहिए। जेलेंस्की ने यह टिप्पणी शिखर सम्मेलन में भाग लेने के दौरान की।

### यूक्रेन को छह एफ-16 देगा नार्वे

**डेनमार्क, एपी :** नार्वे छह एफ-16 लड़ाकू जेट यूक्रेन को दान देगा। यूक्रेन लंबे समय से इसकी मांग कर रहा है। हालांकि, इसकी कोई तारीख घोषित नहीं की, लेकिन प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोर ने कहा है कि 2024 में ही इसकी शुरुआत हो जाएगी।

### सफेदपोश अपराध न्यायिक व आर्थिक प्रणाली के लिए बड़ी चुनौती : जस्टिस हिमा

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश जस्टिस हिमा कोहली ने बुधवार को कहा कि सफेदपोश अपराध न्यायिक प्रणाली और आर्थिक व्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती पेश करते हैं। इसके लिए बहुआयामी और सूक्ष्म दृष्टिकोण की जरूरत है। शीर्ष अदालत की जज ने ऐसे अपराधों को रोकने के लिए उन्नत तकनीकों के इस्तेमाल की वकालत की। उन्होंने कहा कि डाटा एनालिटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ब्लाकचेन जैसी उन्नत तकनीकों का लाभ उठाने से सफेदपोश अपराधों का पता लगाने, जांच करने और उन पर मुकदमा चलाने की क्षमता बढ़ेगी।

जस्टिस कोहली 'न्यायिक दृष्टिकोण में आर्थिक अपराध और कारपोरेट दुराचार पर दूसरा संवाद' कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि सफेदपोश अपराध भारत की न्यायिक और आर्थिक व्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती पेश कर रहे हैं। इससे निपटने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है। मजबूत विधायी ढांचे और समर्पित संस्थागत तंत्र द्वारा समर्थित न्यायपालिका इन अपराधों से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। पारंपरिक और सफेदपोश अपराधों के बीच अंतर करते हुए उन्होंने कहा कि पारंपरिक अपराध अक्सर क्रोध या बदला लेने जैसी भावनाओं से उत्पन्न होते हैं या कभी-कभी पेशेवर अपराधियों की मदद लेकर अंजाम दिए जाते हैं। इसके विपरीत, सफेदपोश अपराध लालच से प्रेरित होते हैं। ये साजिशन अंजाम दिए जाते हैं। सफेदपोश अपराध प्रतिष्ठा को ठेस या वित्तीय नुकसान पहुंचाते हैं। पारंपरिक अपराधों के परिणामस्वरूप शारीरिक नुकसान और भावनात्मक क्षति होती है।

### आप नेता संजय सिंह ने किया समर्पण, तीन घंटे बाद रिहा

**जागरण संवाददाता, संतकबीरनगर :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी में मुकदमा होने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) से राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने बुधवार को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चेतना त्यागी की कोर्ट में समर्पण किया। न्यायालय ने उन्हें अभिरक्षा में ले लिया। 25-25 हजार रुपये की दो जमानत दाखिल करने के बाद उन्हें रिहा किया गया। संजय सिंह करीब साढ़े तीन घंटे न्यायिक अभिरक्षा में रहे।



संजय सिंह

बखिरा थाना के बभनी गांव निवासी राधेश्याम मौर्य ने 13 अगस्त 2020 को आप संजय सिंह के खिलाफ मुकदमा कराया था। उनका आरोप था कि 12 अगस्त 2020 को सांसद संजय सिंह ने उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के बारे में अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया। इससे मौर्य समाज के साथ ही अन्य जाति व धर्म के लोगों में नाराजगी रही।



मुंबई में बुधवार को रोशनी में जगमगाता रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी का आवास एंटीलिया। इसे मुकेश अंबानी के छोटे पुत्र अनंत अंबानी के विवाह के दृष्टिगत भव्य रूप से सजाया गया। अनंत अंबानी 12 जुलाई को राधिका मर्चेंट के साथ विवाह बंधन में बंधने जा रहे हैं ● रायटर

### 'भारत से बेहतर संबंध चाहता है पाकिस्तान'

**इस्लामाबाद, आइएएनएस :** पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने कहा कि उनकी सरकार भारत सहित अन्य पड़ोसी देशों से बेहतर संबंध चाहती है। विदेश मंत्री ने कहा, "पाकिस्तान अपने पड़ोसियों को नहीं बदल सकता, इसलिए पड़ोसियों के साथ रिश्ते सुधारना ही बेहतर होगा।"



इशाक डार ● फाइल/एएनआइ

नवीनतम ब्रीफिंग में भारत के साथ संबंधों को सामान्य बनाने का संकेत पहली बार सामने नहीं आया है। विदेश मंत्री बनने के बाद से ही डार ने भारत के साथ विश्वास बहाली के उपायों और वार्ता के माध्यम से व्यापार संबंधों को फिर से शुरू करने का आह्वान किया था। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत और अफगानिस्तान के साथ संबंधों पर डार का रुख पड़ोसी देशों के प्रति शहबाज शरीफ की लोकतांत्रिक गठबंधन सरकार के नरम रुख का संकेत देता है। हालांकि, ऐसा नहीं लग रहा कि सरकार की विदेश नीति के रुख को सैन्य प्रतिष्ठान से मंजूरी मिल सकती है।

### हालात ठीक करने के लिए भारत संग काम करना चाहता है चीन

**बीजिंग, प्रेट्र :** चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने सीमावर्ती क्षेत्रों में जमीनी हालात से जुड़े मुद्दों को ठीक करने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ काम करने की इच्छा जताई है। भारत-चीन सीमा मुद्दे के लिए विशेष प्रतिनिधि के रूप में डोभाल की पुनर्नियुक्ति पर वांग ने उन्हें बधाई दी। वांग ने कहा कि दुनिया में दो सबसे अधिक आबादी वाले विकासशील देशों और उभरती अर्थव्यवस्थाओं के रूप में चीन और भारत एक ऐसा रिश्ता साझा करते हैं, जो द्विपक्षीय सीमाओं से परे है और वैश्विक महत्व रखता है।

वांग का संदेश कजाकिस्तान में शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन के मौके पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ हालिया मुलाकात के बाद आया है। भारत में नई सरकार के गठन के बाद यह भारतीय और चीनी अधिकारियों के बीच पहली उच्च स्तरीय बैठक थी। भारत-चीन सीमा के विवाद को व्यापक रूप से संबोधित करने के लिए 2003 में गठित विशेष प्रतिनिधि तंत्र का नेतृत्व भारत के एनएसए और चीनी विदेश मंत्री करते हैं। इसकी 19 बार बैठक हो चुकी है।

### लाल बत्ती लगाकर चलने वाली प्रशिक्षु आइएएस अफसर का स्थानांतरण

**राज्य ब्यूरो, मुंबई:** महाराष्ट्र की एक प्रशिक्षु आइएएस अधिकारी पूजा खेडकर का स्थानांतरण पुणे से एक छोटे जिले वाशिम में कर दिया गया है, क्योंकि वह समय से पहले ही सारी सुविधाएं चाहती थीं, जो किसी प्रशिक्षु प्रशासनिक अधिकारी को नहीं दी जातीं।

पूजा खेडकर 2023 बैच की आइएएस अधिकारी हैं। यूपीएससी परीक्षा में ओबीसी नान क्रीमी लेयर से उनकी रैंक 821 थी। उनकी पोस्टिंग पुणे के कलेक्टर आफिस में प्रशिक्षु के रूप में हुई थी। पुणे में पोस्टिंग के दौरान उन्होंने अपनी निजी आडी कार पर लाल-नीली बत्ती लगाकर चलना शुरू कर दिया। इस कार पर उन्होंने महाराष्ट्र शासन की प्लेट भी लगवा ली थी। पुणे के कलेक्टर डा. सुहास दिवसे ने उनकी शिकायत पत्र लिखकर मुख्य सचिव से की। इसके बाद उनका स्थानांतरण सुपर न्यूमरेरी असिस्टेंट कलेक्टर के पद पर कर दिया गया।


Classifieds — दैनिक जागरण

YOU CAN BOOK CLASSIFIED ADVT. OVER PHONE In Delhi-NCR

For More Details Contact
- Delhi : Pawan Kapoor- 9717062904
- Noida & Gr. Noida : Vijay Kumar- 9717062904, Prince Pandey 9711633798
- Ghaziabad : Vijay-7838093223
- Gurugram : Chandan- 9815833300
- Faridabad : Manish Jha- 9650229089



ncrtc — राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम लि.
(भारत सरकार एवं प्रतिभागी राज्य सरकारों का एक संयुक्त उपक्रम)

ई-निविदा सूचना

बोली संख्या: डीएम/सीओआर-ओएन/245, पैकेज 20बी — निविदा आईडी: 2024_एनसीआरटीसी_197310_1

एनसीआरटीसी के दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर में 25 वर्ष की अवधि के लिए आरईएससीओ मॉडल पर 4.9 MWp रूफ टॉप सोलर पीवी परियोजना और संबंधित सहायक संरचना कार्यों के डिजाइन, इंजीनियरिंग, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, कमीशनिंग और व्यापक संचालन व मेंटेनेंस के लिए ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

विस्तृत जानकारी एवं अनुवर्ती परिशिष्ट/शुद्धिपत्र यदि कोई हो, सम्पर्क के लिए एनसीआरटीसी वेबसाइट www.ncrtc.in या सीपीपी पोर्टल [illegible] को 11.07.2024 से 12.08.2024 (1500 बजे तक) देखें। जीएम/प्रोक्योरमेंट



इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड — IRCON
(भारत सरकार का उपक्रम)
वेबसाइट : www.ircon.org, CIN - L45203DL1976GOI008171

ई-प्रोक्योरमेंट सूचना (राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी निविदा)

निम्नलिखित कार्यों के लिए योग्यता आवश्यकताओं को पूरा करने वाले निविदादाताओं से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं
ई-निविदा सं. : IRCON/ELECT/[illegible]/NCRTC/BIM/OT/128 दिनांक : 10.07.2024
"एनसीआरटीसी (लॉट-1 एवं लॉट-2) की दिल्ली-मेरठ आरआरटीएस परियोजना की बिल्डिंग इंफॉर्मेशन मॉडलिंग (बीआईएम) का डिजाइन एवं परामर्शी सेवाएं।"

| | |
|---|---|
| कार्य की अनुमानित लागत | रु. 83,86,745/- |
| ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि और समय | 31.07.2024 को 15:00 बजे |

अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट : https://etenders.gov.in/eprocure/app देखें। शुद्धि पत्र, यदि कोई होगा तो, केवल वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा। मुख्य महाप्रबंधक/विद्युत, सी-4, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, साकेत, नई दिल्ली-110017


*********

SAMSUNG

# Galaxy Z Fold6 | Z Flip6

## Galaxy AI is here



## Pre-order Galaxy AI at ₹ 79999**

| | |
|---|---|
| Retail price of Galaxy Z Fold6 (256 GB) | ₹ 164999# |
| Exchange value of old device | ₹ 70000~ |
| Upgrade bonus | ₹ 15000^ |
| Effective price | ₹ 79999** |

Galaxy Z Assurance. Ultimate innovation. Ultimate peace of mind.

Two screen/parts replacements worth ₹ 14999*

+



Get ₹ 18000 off^^ on new Galaxy Watch Ultra

Samsung Care+ | Samsung Upgrade | HDFC BANK | BAJAJ FINSERV | Samsung Finance+™

Offer valid till July 23, 2024

samsung.com

Please dispose of e-waste and plastic waste responsibly. Customers can WhatsApp on 180057267664 for information on e-waste/plastic waste.

Image simulated for illustrative purpose only. Actual UX/UI may differ. Color subject to availability. Flex mode is supported at angles between 75º and 115º. Samsung login is required for certain AI features. Samsung does not make any promises, assurances or guarantees as to the accuracy, completeness or reliability of the output provided by AI features. Samsung promotes responsible use of AI features. Offer may be revised or withdrawn. **Offer price shown above is upon pre-order of 1 unit of Galaxy Z Fold6 8GB|256GB, shown inclusive of exchange value of old device and upgrade bonus. Final price at sole discretion of dealer. #Retail price shown for 1 unit of Galaxy Z Fold6 8GB|256GB. Price is inclusive of taxes. ~Approximate value on exchange of 1 unit of Galaxy Z Fold5 8GB|256GB. Exchange value varies basis model and condition of old device. Exchange at discretion of retailer. ^Upgrade bonus provided by brand at its sole discretion, upon exchange of select smartphones. Upgrade bonus may vary basis the device exchanged. Exchange at the discretion of dealer and exchange value varies basis model and condition of old device. *Samsung Care+ T&C apply. 1 unit of Samsung Care+ Accidental Damage & Liquid Damage Plan worth ₹ 14999 available at ₹ 999, only when purchased with Galaxy Z Fold6, subject to pre-order. Customers eligible for 2 claims under Accidental Damage & Liquid Damage Plan within one year of plan activation date, as per the applicable terms of Samsung Care+. Reach out to dealer for more details. ^^Discount amount of ₹ 18000 applicable only when purchasing 1 unit of Galaxy Watch Ultra together with 1 unit of any variant of Galaxy Z Fold6 or Galaxy Z Flip6. All third party logos/brands are trademarks /registered trademarks of the respective brand/company.

Scan and experience Galaxy AI


Or WhatsApp "Hi" to 9870 494949 to pre-order at Samsung Exclusive Store

Chell-20866/24

*********

जागरण सिटी

दैनिक जागरण
दिल्ली





बनाना है सुखी, समृद्ध व भय मुक्त भारत : नितिन गडकरी

तेहखंड में बिजलीघर का सब स्टेशन शुरू : सहीराम पहलवान

www.jagran.com

## ॥ प्रणाम ॥

● इंडिया हैबिटेट सेंटर में चित्रकार अपूर्वा विश्वास की चित्रकला प्रदर्शनी। कनवेंशन सेंटर फायर, सुबह 11 से शाम सात बजे तक। प्रदर्शनी 15 जुलाई तक लगी रहेगी।

**दैनिक जागरण कार्यालय**

**स्थानीय ब्यूरो**
प्यारेलाल भवन, बहादुरशाह जफर मार्ग, आईटीओ, दिल्ली

**प्रिय पाठकगण,**
आप एक जागरूक शहरी के रूप में दैनिक जागरण अखबार व अपने समाज की आंख व कान बन सकते हैं। अपने शहर की जिन समस्याओं, मुद्दों व बातों को जिम्मेदार लोगों तक पहुंचाना चाहते हैं हमें बताएं। हम समाचार पत्र के माध्यम से आपकी आवाज को उन लोगों तक ले जाएंगे जो इसके लिए जिम्मेदार हैं। संपर्क करें: 8175813532 ईमेल: reporter@nda.jagran.com

अगर आपको अपना प्रिय समाचार पत्र दैनिक जागरण मिलने में कोई परेशानी हो रही है तो कृपया हमें जरूर बताएं।
9873067812

# नो डिटेंशन पालिसी हटने के बाद फेल विद्यार्थी बढ़े



**11** वीं में 50 हजार व नौवीं के एक लाख से अधिक छात्र हुए फेल

● आरटीआइ अधिनियम के तहत पीटीआइ भाषा को मिले आंकड़े

| कुल फेल | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ● कक्षा | 2023-24 | 2022-23 | 2021-22 | 2020-21 |
| ● नौवीं | 1,01,331 | 88,409 | 28,351 | 31,450 |
| ● 11वीं | 51,914 | 54,755 | 7,246 | 2,169 |

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** राजधानी के सरकारी स्कूलों में बीते वर्ष आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए नो डिटेंशन पालिसी हटा दी गई है। लेकिन इसके हटने के बाद विद्यार्थियों के परिणामों में काफी गिरावट देखी गई है। शैक्षणिक सत्र 2023-24 के परिणाम बताते हैं कि सरकारी स्कूलों में आठवीं में 46,622 विद्यार्थी वार्षिक परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर पाए हैं। ये आंकड़े सूचना के अधिकार (आरटीआइ) अधिनियम के तहत पीटीआइ भाषा को मिले हैं।

आरटीआइ के तहत नौवीं में पढ़ने वाले एक लाख से अधिक और 11वीं में 50 हजार से अधिक विद्यार्थी वार्षिक परीक्षा में फेल हो गए। दिल्ली में 1,050 सरकारी स्कूल और 37 डा. बीआर अंबेडकर स्कूल आफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस स्कूल हैं। शिक्षा निदेशक से शैक्षणिक सत्र 2023-24 में आठवीं, नौवीं और 11वीं में कुल नामांकित विद्यार्थियों की जानकारी मांगी लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। शिक्षा निदेशालय से मिले आंकड़ों के मुताबिक शैक्षणिक सत्र 2021-22 में नौवीं में 2,48,031 विद्यार्थी नामांकित थे। दिल्ली शिक्षा विभाग के एक अधिकारी के मुताबिक दिल्ली सरकार की नो डिटेंशन पालिसी हटने के बाद पांचवीं से आठवीं कक्षा के विद्यार्थी यदि वार्षिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो जाते हैं तो उन्हें अगली कक्षा में प्रोन्नत नहीं किया जाएगा। लेकिन उन्हें दो माह के अंदर फिर से परीक्षा देकर अपने प्रदर्शन में सुधार करने का एक और मौका मिलेगा। इस परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए प्रत्येक विषय में 25 प्रतिशत अंक लाना जरूरी है, ऐसा न करने पर विद्यार्थी को रिपीट श्रेणी में डाल दिया जाएगा, जिसका मतलब है कि विद्यार्थी को अगले सत्र तक उसी कक्षा में रहना होगा।

# डीयू में एक अगस्त से शुरू होंगी कक्षाएं





**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** दिल्ली विश्वविद्यालय ने स्नातक के तीसरे, चौथे, पांचवें और छठवें सेमेस्टर के लिए अपना अकादमिक कैलेंडर जारी किया है। इसमें नवीन सत्र में प्रवेश लेने वाले छात्रों के बारे में जानकारी नहीं है। डीयू पहले ही सीयूईटी परिणाम देरी से आने के चलते सत्र में देरी होने की बात कह चुका है। उधर, अकादमिक कैलेंडर पर शिक्षकों ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। सीयूईटी के जरिये डीयू की प्रवेश प्रक्रिया को कठघरे में खड़ा किया है।

कैलेंडर के मुताबिक एक अगस्त से कक्षाओं की शुरुआत होगी। 27 अक्टूबर से तीन नवंबर के बीच सेमेस्टर ब्रेक होगा। चार नवंबर से दोबारा कक्षाएं शुरू होंगी। 28 नवंबर से प्रायोगिक परीक्षाएं शुरू होंगी। 29 दिसंबर से एक जनवरी के बीच सर्दियों की छुट्टियां होंगी। दो जनवरी से दोबारा कक्षाएं शुरू होंगी। नौ से 16 मार्च तक मिड सेमेस्टर ब्रेक होगा। 17 मार्च से दोबारा कक्षाएं शुरू होंगी। 30 अप्रैल से प्रायोगिक परीक्षाएं शुरू होंगी। 13 मई से सेमेस्टर परीक्षाओं की शुरुआत होगी। एक जून से 20 जुलाई तक गर्मियों की छुट्टियां होंगी। डीयू की ओर से कैलेंडर जारी होने के बाद इंडियन नेशनल टीचर्स कांग्रेस ने कहा है कि कक्षाएं एक अगस्त से शुरू होनी हैं, लेकिन पहले सेमेस्टर के लिए कोई कैलेंडर जारी नहीं किया गया है, जो फिर से कालेजों में भ्रम और अराजकता पैदा करने वाला है। डीयू को दिल्ली विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा के जरिये प्रवेश लेने चाहिए। डेमाक्रेटिक टीचर्स फ्रंट की सचिव प्रो. आभा देव हबीब ने कहा कि देश के केंद्रीय विश्वविद्यालयों में सीयूईटी और एनटीए ने प्रवेश प्रक्रिया को ठप कर दिया गया है। छात्र इसका खामियाजा भुगत रहे हैं।

# 136 उड़ानों के प्रस्थान में विलंब

## टर्मिनल 2 व 3 पर सुरक्षा जांच की कतार हो रही लंबी, यात्रियों को झेलनी पड़ रही परेशानी

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली :** आइजीआइ एयरपोर्ट पर यात्रियों को इन दिनों दोतरफा परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है। एक ओर विलंबित उड़ानें उनके लिए परेशानी का कारण बन रही हैं तो दूसरी ओर टर्मिनल 1 के बंद होने के बाद टर्मिनल 2 व 3 पर यात्रियों के बढ़े दबाव से डिजियात्रा से लेकर सुरक्षा जांच की कतार लंबी होती जा रही है। यात्रियों की शिकायत है कि डिजियात्रा जिसे सहज यात्रा का पर्याय कहा जाता है, अब वहां कतार में बारी आने की प्रतीक्षा सामान्य कतार के मुकाबले अधिक करनी पड़ती है।

बुधवार को फिर विलंबित उड़ानों की संख्या में भारी उछाल की स्थिति रही। विलंबित उड़ानों की संख्या जो पिछले कई दिनों से दो अंकों में थी, वह तीन अंकों में पहुंच गई। करीब 136 उड़ानें निर्धारित समय से आधे से दो घंटे की देरी से गंतव्य के लिए रवाना हुईं। सबसे अधिक मुंबई की उड़ानों में विलंब की स्थिति देखने को मिली। इसके अलावा श्रीनगर, हैदराबाद, अहमदाबाद, बड़ोदरा, पुणे, वाराणसी, जयपुर, चंडीगढ़, गोवा, बेंगलुरु, विशाखापट्टनम सहित अनेक शहरों की उड़ानों में देरी हुई।



आइजीआइ एयरपोर्ट के टर्मिनल 3 पर जांच के लिए यात्रियों की लगी कतार ● जागरण

### एसी नहीं कर रहा काम

अंकित नामक यात्री ने एक्स पर बागडोगरा जाने वाली इंडिगो की उड़ान में एसी के काम नहीं करने की बात कही है। उनका आरोप है कि प्रस्थान से पहले खड़े विमान में यात्री जब सवार हुए तो काफी देर तक एसी नहीं चलाया गया। इससे कई यात्रियों को घुटन का सामना करना पड़ा। इस प्रकरण पर इंडिगो ने कोई उत्तर नहीं दिया।

### यात्री एक्स हैंडल पर कर रहे शिकायत

दिलप्रीत ने एक्स हैंडल पर लिखा है कि दिल्ली एयरपोर्ट पर सर्वत्र अव्यवस्था की स्थिति है। उड़ानों के लिए लंबे इंतजार के बीच हर जगह लंबी कतार नजर आ रही है। यह कतार टर्मिनल के अंदर व बाहर दोनों जगह नजर आती है। इस समय एयरपोर्ट की क्षमता को बढ़ाने की जरूरत है। देव नामक यात्री ने एक्स पर पोस्ट में कहा है कि सिक्योरिटी चेकइन में काफी समय लग रहा है। इसमें 45 मिनट का समय लग रहा है। रवि कहते हैं कि डिजियात्रा व सामान्य कतार में आप लगें तो काफी परेशानी हो रही है।

### कई उड़ानों को रद करना पड़ा

रद उड़ानों की बात करें तो एअर इंडिया एक्सप्रेस की बागडोगरा, श्रीनगर, जयपुर, इंडिगो की इंदौर, एअर इंडिया की विशाखापट्टनम, गोवा, मुंबई, एअर एशिया की पुणे, एलायंस एयर की बिलासपुर व धर्मशाला की उड़ान रद हुई।

### व्हीलचेयर की व्यवस्था न होने पर नाराजगी

बिनोद नामक व्यक्ति ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा है कि उनकी मां व दादी को बोर्डिंग गेट तक जाने के लिए व्हील चेयर की जरूरत थी। एयर विस्तारा को उन्होंने बार बार इस जरूरत से अवगत कराया। करीब 45 मिनट दोनों स्टाफ से मदद का इंतजार करती रहीं, लेकिन मदद नहीं मिली। उन्होंने आगे लिखा है कि लंबे इंतजार के बाद जब उन्हें मदद नहीं मिली तो दोनों बोर्डिंग गेट पर किसी तरह पहुंची। हालांकि बाद में विस्तारा ने उन्हें बताया कि दोनों को व्हील चेयर मुहैया करा दिया गया है। उनके स्टाफ उन्हें बोर्डिंग गेट तक साथ में लाए हैं। बाद में इस पूरे प्रकरण में डायल भी कूदा। डायल ने बिनोद से उड़ान की पूरी जानकारी मांगी है। एक अन्य मामले में वर्षा अग्निहोत्री ने एअर इंडिया को टैग करते हुए लिखा है कि व्हील चेयर अटेंडेंट यात्रियों की मदद नहीं कर रहे हैं।

# मोहल्ला बस का ट्रायल कार्यक्रम टला, अब नए सिरे से तय होगा रूट

**राब्यू, जागरण ● नई दिल्ली:** मोहल्ला बसों की पहली खेप मिलने के बाद तय हुआ इनका ट्रायल कार्यक्रम फिलहाल टल गया है। अब डीटीसी के यातायात अनुभाग ने आपरेशन अनुभाग को नई फाइल भेजकर नए सिरे से ट्रायल तय करने को कहा है। जल्द ही इसकी मंजूरी मिल सकती है। ऐसे में अगले सप्ताह से मोहल्ला बसों का ट्रायल शुरू हो सकता है।

परिवहन विभाग की सहमति के बाद डीटीसी ने बीते सोमवार से मोहल्ला बस का ट्रायल शुरू करने की तैयारी कर ली थी। इसके लिए अक्षरधाम मेट्रो स्टेशन से मयूर विहार फेज एक, त्रिलोकपुरी, राजबीर कॉलोनी होते हुए मयूर विहार फेज तीन तक बस को चलाया जाना था। इसके बाद ट्रायल रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जाती, जिसके आधार पर इन बसों के नियमित संचालन का रास्ता साफ होता। फिलहाल डीटीसी ने मोहल्ला बस का ट्रायल टाल दिया है। डीटीसी अधिकारी का कहना है कि ट्रायल का शेड्यूल नए सिरे से तय होगा। इसके रूट में भी परिवर्तन हो सकता है। उम्मीद है कि अगले सप्ताह में ट्रायल शुरू हो जाएगा। ट्रायल की अवधि पूरी हो जाने के बाद रिपोर्ट तैयार होगी और इसके बाद नियमित संचालन शुरू किया जाएगा।

# भारी वर्षा और जलभराव से निपटने के लिए डीडीए तैयार





किशनगंज रेलवे अंडरपास में नाले का पानी जमा होने से खराब हुआ वाहन ● ध्रुव कुमार

**राज्य ब्यूरो, जागरण ● नई दिल्ली:** इस मानसून में भारी वर्षा एवं जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने समय रहते तैयारी शुरू कर दी है। एलजी वीके सक्सेना के निर्देश पर डीडीए ने अपने सभी इंजीनियरिंग जोन को तैयार रहने और तमाम एहतियाती एवं निवारक उपाय करने का निर्देश दे दिया है। उन्हें उपकरणों व जनशक्ति के साथ तैयार रहने को कहा गया है। साथ ही छुट्टी पर गए सभी अधिकारियों को वापस ड्यूटी पर आने के लिए भी संदेश दे दिया गया है।

इसके अलावा लैंडस्केप और बागवानी विभागों को यमुना के स्तर की निगरानी करने और किसी भी जल भराव की समस्या को रोकने के लिए एहतियातन कदम उठाने का निर्देश दिया गया है। यह भी कहा गया है कि सब-वे और अंडरपास के लिए पानी के पंप सभी चालू हालत में होने चाहिए और उन्हें 24 घंटे सातों दिन चलाने के लिए जन शक्ति तैनात होनी चाहिए। साथ ही ईंधन एवं बिजली की आपूर्ति भी सुनिश्चित की जानी चाहिए।

यह निर्देश भी जारी किया गया है कि सड़कों की मरम्मत और रखरखाव टीम तैनात की जानी चाहिए। बरसात के दौरान क्षति की जांच के लिए सड़कों इत्यादि का निरीक्षण किया जाना चाहिए।

## एक नजर में

### दैनिक जागरण के पत्रकार को पितृशोक

**नई दिल्ली:** दैनिक जागरण के नोएडा कार्यालय में दिल्ली डेस्क पर कार्यरत प्रकाश मणि त्रिपाठी के 74 वर्षीय पिता शिवेंद्र कुमार त्रिपाठी का बुधवार की शाम को निधन हो गया। प्रयागराज में चार जुलाई को सड़क हादसे में घायल होने के बाद से वह आइसीयू में भर्ती थे। वह स्वास्थ्य विभाग से सेवानिवृत्त थे और परिवार में दो बेटे और तीन बेटियां हैं। उनका अंतिम संस्कार बृहस्पतिवार को किया जाएगा।



शिवेंद्र कुमार त्रिपाठी

### 'संविदा कर्मियों के भुगतान पर हर माह दें जानकारी'

**जागरण ● नई दिल्ली:** लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने अपने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि दिल्ली सरकार के विभिन्न विभागों में काम करने वाले संविदा व आउटसोर्स कर्मचारियों के भुगतान की जानकारी हर माह की 15 तारीख तक निर्धारित प्रपत्र में दें। आदेश में यह भी कहा गया है कि मांगी गई जानकारी या तो समय पर नहीं भेजी जा रही है या अधूरी जानकारी भेजी जा रही है, क्योंकि इसमें ठेकेदारों के माध्यम से अनुबंध पर रखे गए श्रमिक/कर्मचारी शामिल नहीं हैं। ऐसे में इस आदेश को गंभीरता से लिया जाए। मुख्य अभियंता इसका पालन कराने के लिए उत्तरदायी होंगे। (राब्यू)

### परम सत्संग में कास्मिक इंटेलिजेंस का बताया महत्व

**नई दिल्ली:** श्री सत्य साईं आडिटोरियम में आोजित सत्संग में गुरु रत्ना प्रभु ने बताया कि कास्मिक इंटेलिजेंस सृजनात्कम और उद्देश्यपूर्ण अस्तित्व को प्रेरित करती है, जिससे हम गहरे संबंधों की तलाश करते हैं, परिवर्तन को अपनाते हैं और सद्भावना विकसित करते हैं। इस प्रकार यह हमें ब्रह्मांड की विशाल और परोपकारी सत्ता के साथ समरस होने और तालमेल बिठाने के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने कहा कि इससे हमारे जीवन में निर्भयता, प्रसन्नता, सकारात्मक ऊर्जा, संतुलन, अपनेपन की भावना, संघर्ष में संतुलन, मुक्ति और सही लोगों का आगमन होता है। श्रीमद राजचंद्र मिशन फाउंडेशन ने इसका आयोजन किया। (वि.)

### स्कूल निर्माण में लागू होगा सीपीडब्ल्यूडी वर्क मैन्युअल

**जागरण ● नई दिल्ली:** स्कूलों में कमरों के निर्माण में अनियमितताएं सामने आने पर सरकार सख्त हो गई है। लोक निर्माण विभाग ने आदेश जारी कर कहा है कि स्कूल निर्माण में सीपीडब्ल्यूडी वर्क मैन्युअल का सख्ती से पालन होगा। बता दें कि राजधानी के स्कूलों में कमरों के निर्माण में कई खामियां मिली हैं। इसको लेकर मुख्य सचिव नरेश कुमार के निर्देश पर गठित उच्च स्तरीय समिति ने छह स्कूलों की जांच की थी। जांच में कमेटी ने पाया कि सीपीडब्ल्यूडी वर्क मैन्युअल का ठीक से पालन नहीं हो रहा है। (राब्यू)

# मंदिर का ढांचा हटाने गई टीम का विरोध

**जागरण संवाददाता, बाहरी दिल्ली:** मंगोलपुरी के जी-ब्लाक में आबादी के बीच बने मंदिर के ढांचे को हटाने पहुंची नगर निगम की टीम को लोगों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। बड़ी संख्या में महिलाएं मंदिर के आगे बैठ गईं। लोगों के भारी जमावड़े और हंगामे के बाद नगर निगम की टीम को कार्रवाई किए बिना ही लौटना पड़ा। मौके पर पहुंचे कई हिंदू संगठनों के लोगों ने नगर निगम अधिकारियों से बात की और अपना पक्ष रखा। इस बीच, मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त ने मौके का जायजा लिया और लोगों से बात की। बाद में निगम के एक अधिकारी ने बताया कि मंदिर परिसर के विस्तार कार्य के दौरान निगम के पार्क पर अतिक्रमण किया जा रहा था, बाद में स्थानीय लोगों ने खुद अतिक्रमण हटा लिया।

बुधवार सुबह साढ़े नौ बजे भारी पुलिस बल के साथ नगर निगम रोहिणी जोन की टीम मंगोलपुरी के जी-ब्लाक पहुंची। नगर निगम की कार्रवाई की सूचना पाकर बड़ी संख्या में महिला-पुरुष मंदिर परिसर के इर्द-गिर्द जमा हो गए। निगम कार्रवाई शुरू करता, इससे पहले बड़ी संख्या में महिलाएं मंदिर परिसर के बाहर बैठ गईं। लोगों की भीड़ और हंगामा बढ़ता देख बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त जिमी चिराम और पुलिस अधिकारी ने लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कहा।



मंगोलपुरी जी ब्लाक में मंदिर के आगे विरोध में बैठीं महिलाएं ● जागरण

> नगर निगम के पार्क में अतिक्रमण हटाने के लिए टीम गई थी। मंदिर परिसर के विस्तार कार्य के दौरान निगम के पार्क पर अतिक्रमण किया जा रहा था। लोगों ने खुद ही अतिक्रमण हटाने का आश्वासन दिया, अब किसी तरह की कार्रवाई नहीं होगी। -**वी. सतीश, उप निदेशक,** उद्यान विभाग, नगर निगम, रोहिणी जोन

# एनएसयूआइ ने डूसू अध्यक्ष पर साधा निशाना

**जासं, नई दिल्ली:** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआइ) ने दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डीसू) अध्यक्ष पर एक बार फिर निशाना साधा है। एक प्रेसवार्ता कर उन्होंने उनकी 12वीं की मार्कशीट को फर्जी बताते हुए डूसू अध्यक्ष के रूप में उनकी वैधता पर सवाल उठाए। हालांकि, डूसू अध्यक्ष तुषार डेढ़ा स्पष्ट कर चुके हैं कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के मुताबिक उनकी मार्कशीट नियमों के अनुरूप ही है। उन्होंने सिविल लाइंस थाने में एनएसयूआइ के पदाधिकारियों के विरोध में शिकायत भी दर्ज कराई है।

एनएसयूआइ के राष्ट्रीय सचिव अक्षय लाकड़ा ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा, प्रवेश से लेकर डूसू अध्यक्ष बनने में उन्होंने फर्जीवाड़ा किया है। इसलिए इस पर तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय में हुई शिक्षक भर्तियों में नियमों को ताख पर रखा गया है। इसकी भी व्यापक जांच होनी चाहिए।

# फोरेंसिक विज्ञान के छात्रों को अपराध स्थल का दौरा कराने की मांगी अनुमति

● प्रस्ताव को अकादमिक परिषद की बैठक में रखा जाएगा
● मानव विज्ञान विभाग दिल्ली पुलिस से संपर्क की योजना बना रहा है

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** सबकुछ ठीक रहा तो जल्द दिल्ली विश्वविद्यालय के फोरेंसिक विज्ञान के छात्र प्रशिक्षुओं के रूप में अपराध स्थलों का दौरा करेंगे। मानव विज्ञान विभाग दिल्ली पुलिस से संपर्क करने की योजना बना रहा है ताकि छात्रों को जांचकर्ताओं के साथ घटनास्थलों का दौरा करने की अनुमति मिल सके।

डीयू के मानव विज्ञान विभाग ने एक प्रस्ताव तैयार किया है जिसे मंजूरी के लिए विश्वविद्यालय की अकादमिक परिषद के समक्ष रखा जाएगा, जिसकी बैठक 12 जुलाई को होगी। एक अधिकारी ने कहा कि विभाग अपने छात्रों को फील्ड एक्सपोजर हासिल करने में मदद करने के लिए जिलों के पुलिस उपायुक्तों (डीसीपी) को एक सिफारिश पत्र (एलओआर) लिखेगा। प्रस्ताव में अंतिम सेमेस्टर के छात्रों के लिए एमएससी फोरेंसिक साइंस पाठ्यक्रम में मामूली संशोधन की मांग की गई है ताकि पुलिस स्टेशनों के माध्यम से अपराध स्थलों का दौरा शामिल किया जा सके। एक अधिकारी ने कहा, अंतिम वर्ष के छात्र एक तरह से दिल्ली पुलिस के अधीन इंटर्नशिप करेंगे, ताकि जब वे अपराध स्थलों का दौरा करेंगे और फोरेंसिक साक्ष्यों का संग्रह देखेंगे तो उन्हें फील्ड का अनुभव मिलेगा। प्रस्ताव के बारे में अधिक जानकारी देते हुए एक अन्य अधिकारी ने कहा कि छात्रों को फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला में प्रशिक्षण दिया जाएगा। कोर्ट रूम और मानव विज्ञान के केसों में उनके प्रदर्शन के आधार पर एक परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए कहा जाएगा। इससे पहले, एमएससी फोरेंसिक साइंस के अंतिम सेमेस्टर के छात्र अपने दम पर अपराध स्थल पर जाने की अनुमति लेने में कामयाब रहे, जो उनके पाठ्यक्रम का एक हिस्सा है। अधिकारी ने कहा, हमने एमएससी फोरेंसिक साइंस के पाठ्यक्रम में कोई बदलाव नहीं किया है।

उनकी योजना के हिस्से के रूप में विश्वविद्यालय का मानव विज्ञान विभाग अपने छात्रों को केस स्टडी प्रदान करने के लिए प्रतिष्ठित अधिवक्ताओं से भी संपर्क करेगा, इससे उन्हें अधिक अनुभव प्राप्त करने में मदद मिलेगी। दिल्ली विश्वविद्यालय में मानव विज्ञान विभाग की स्थापना 1947 में हुई थी और छात्रों के पहले बैच को एक साल बाद प्रवेश दिया गया था।

# स्थायी समाधान के बजाय 'शंकर' के दूसरे पैर में बांधा पट्टा

रीतिका मिश्रा ● जागरण

**नई दिल्ली:** विश्व चिड़ियाघर और एक्वेरियम संघ (वाजा) दिल्ली के राष्ट्रीय प्राणी उद्यान (चिड़ियाघर) में रह रहे अफ्रीकी हाथी शंकर की दयनीय स्थिति को देखते हुए चिड़ियाघर के निदेशक डा. संजीत कुमार को तलब कर चुका है। लेकिन फिर भी चिड़ियाघर प्रशासन शंकर के लिए कोई भी स्थायी समाधान ढूंढ़ने में असफल है। बीते एक वर्ष से चिड़ियाघर प्रशासन शंकर के आक्रामक व्यवहार को देखते हुए उसे जंजीर में बांध कर रख रहा है, जिससे उसके बाएं पैर में घाव हो गया है। अब वाजा के तलब करने के बाद चिड़ियाघर ने आनन-फानन में खानापूरी करते हुए उसके पैर के घाव को ठीक करने के लिए जंजीर हटा ली है और घाव पर मलहम लगाया है। लेकिन साथ में ही दूसरे पैर में जंजीर के बजाय एक पट्टा बांध दिया है। जानवरों से जुड़े विशेषज्ञों के मुताबिक हाथी के पैर में लगातार 30-40 दिन तक जंजीर बंधने से जो घाव हुआ था वो पट्टे से भी होगा बशर्ते अगर इसे 40-50 दिन में बदला नहीं गया। विशेषज्ञों के मुताबिक जंजीर, पट्टा या रस्सी किसी भी चीज से लगातार बांधा जाएगा तो घाव होना ही है।

चिड़ियाघर के निदेशक डा. संजीत कुमार से शंकर के लिए स्थायी समाधान ढूंढ़ने को लेकर सवाल पूछा गया तो उन्होंने जवाब नहीं दिया। वाजा नैतिकता उपसमिति के अध्यक्ष व पशु कल्याण विज्ञान के उपाध्यक्ष लांस मिलर शंकर को जंजीरों में बांधने को लेकर स्पष्टीकरण मांग चुके हैं फिर भी चिड़ियाघर उसे लगातार बांधने को मजबूर है। हाथी को अभी तक प्रशासन खुले बाड़े में नहीं छोड़ रहा है और न ही उसके आक्रामक व्यवहार को शांत करने को हल ढूंढ रहा है। चिड़ियाघर प्रशासन ने हाथी के इलाज के लिए मंगलवार को बाहर से डाक्टर बुलाए थे।



नई दिल्ली चिड़ियाघर के बाड़े में बीमार अफ्रीकी हाथी शंकर ● जागरण आर्काइव

### देश में भी है अफ्रीकी हथिनी

वर्ष 2005 में अपनी साथी बाम्बेई की मृत्यु के बाद से शंकर हाथी अकेला है। लेकिन बीते पांच वर्षों से शंकर काफी अकेला महसूस कर रहा है जिससे उसके व्यवहार में भी परिवर्तन आने लगा है। हाथी आक्रामक होने लगा है और कई बार महावत पर भी हमला कर चुका है। चिड़ियाघर प्रशासन हाथी के लिए बीते पांच वर्षों से देश-विदेश में साथी ढूंढ़ने का दावा कर रहा है। लेकिन अभी तक कोई विकल्प नहीं ढूंढ पाया है। शंकर 29 वर्ष का हो गया है, उसका वजन भी काफी ज्यादा है, ऐसे में उसे विदेश के किसी चिड़ियाघर या जंगल में भेजना संभव नहीं है। चिड़ियाघर के कुछ अधिकारियों ने बताया कि परिवहन नियमों के तहत विदेश में जानवर जहाज या विमान से भेजा या लाया जाता है। इसमें जानवरों की उम्र पांच से छह वर्ष होनी चाहिए। शंकर की उम्र और वजन को देखते हुए चिड़ियाघर प्रशासन के लिए विदेश के किसी भी चिड़ियाघर में उसे भेजना मुश्किल है। साथ ही विदेश से उसके लिए कोई साथी भी लाना मुश्किल है। क्योंकि जो भी साथी आएगा वो परिवहन नियमों के तहत उसकी उम्र से काफी छोटा होगा। जिससे उसके व्यवहार में कोई परिवर्तन नहीं आएगा।

# पैसे लेकर केस वापस लेने जा रहे दोषी को कोर्ट की फटकार

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली :** दिल्ली हाई कोर्ट ने अवमानना के एक मामले में दोषी व्यक्ति को सजा के तौर पर अदालत की कार्यवाही पूरी होने तक अदालत में रहने का निर्देश दिया। याचिकाकर्ता को दिल्ली हाई कोर्ट विधिक सेवा समिति के खाते में एक लाख रुपये जमा करने को भी कहा गया है। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता एक तरफ अनधिकृत निर्माण का आरोप लगा रहा है और दूसरी ओर अपना मामला वापस लेने के लिए दूसरे पक्ष से पैसे लेने को तैयार है। न्यायमूर्ति प्रतिबा एम सिंह की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि 62 वर्षीय याचिकाकर्ता ने अपने निजी लाभ के लिए न्यायिक प्रणाली का फायदा उठाने की कोशिश में याचिका दायर की। अदालत ने कहा कि वह अवमानना करने वाले की चिकित्सा स्थिति और उम्र के कारण सजा पर नरम रुख अपना रही है। दोषी ने अपने आचरण के लिए माफी भी मांगी है।






अदालत ने याचिकाकर्ता को अदालत की अवमानना अधिनियम की धारा 12 के तहत दोषी ठहराते हुए कहा कि जब कोई व्यक्ति अदालत के कामकाज में बाधा डालता है तब अवमानना कानून अदालत के अधिकार और गरिमा की रक्षा करता है। पीठ ने कहा कि यह तथ्य कि याचिकाकर्ता अपनी याचिका वापस लेने के लिए प्रतिवादियों से बातचीत करने और उनसे पैसे ऐंठने के लिए तैयार था, पूरी तरह से अवमाननापूर्ण है।

********

दैनिक जागरण सप्तरंग
तकनीक की दुनिया का
गुरुवार, 11 जुलाई, 2024



## फोन स्लो हो जाए तो ऐसे बढ़ाएं स्पीड

### टेक अपडेट

फोन स्लो होने से एप्स को ओपन करने और फोटो व मीडिया फाइल सेव करने में परेशानी होने लगती है। कई बार तो काम करना मुश्किल हो जाता है। अपनाएं ये उपाय :



- अनावश्यक एप्स व गेम को अनइंस्टाल कर दें। इसके लिए फोन की सेटिंग में एप आप्शन पर जाएं और एप को सेलेक्ट करके डिसेबल कर दें।
- कैशी और ब्राउजर हिस्ट्री को क्लीन करते रहें। ब्राउजर सेटिंग में इसे क्लियर कर सकते हैं।
- एनिमेशन सेटिंग में बदलाव कर फोन की स्पीड और बैटरी की क्षमता बढ़ा सकते हैं।
- एंड्रायड एप के अपडेट को नियमित रूप से चेक करते रहें, एप्स के पुराने वर्जन के कारण भी फोन स्लो हो जाता है।
- फोन स्लो हो रहा है या सही ढंग से काम नहीं कर रहा है तो फोन को रि-स्टार्ट कर सकते हैं।

### इंटरनेट मीडिया: एडिट कर सकेंगे फोटो भी



मेटा एआइ चैटबाट की मदद से अब प्राम्प्ट देकर फोटो एडिट कर सकेंगे। फेसबुक, इंस्टाग्राम और वाट्सएप में यह प्रश्नों का जवाब देने, कैप्शन सुझाने और यूजर के साथ संवाद में उपयोगी टूल्स साबित हो रहा है। डब्ल्यूएबीटा इन्फो के अनुसार, वाट्सएप नए अपडेट से फोटो एडिटिंग क्षमता को जोड़ने जा रहा है। वाट्सएप मेटा एआइ में कैमरा बटन को भी जोड़ने की तैयारी में है, जिससे यूजर पिक्चर साझा कर सकेंगे। इससे यूजर फोटो के कंटेंट, किसी वस्तु या लोकेशन को चिह्नित करने में एआइ की मदद ले सकेंगे। इससे पहले मेटा ने सेल्फी से एआइ अवतार बनाने के लिए 'इमेजिन मी' फीचर पर काम शुरू किया था।

## वेब सिक्योरिटी

# ब्राउजर का प्रयोग हो सही और सुरक्षित

**क्लाउड आधारित एप्लीकेशन और हाइब्रिड कार्य व्यवस्था के इस दौर में वेब ब्राउजर की सुरक्षा चिंताएं बेहिसाब बढ़ गई हैं। हमारे प्रतिदिन प्रयोग में आने वाले टूल्स की सुरक्षा अब पारंपरिक साइबर सिक्योरिटी उपायों के भरोसे संभव नहीं है। वेब ब्राउजर से जुड़ते कुछ नए फीचर्स और जरूरी सुरक्षा उपायों पर चर्चा कर रहे हैं ब्रह्मानंद मिश्र**



फोटो : फ्रीपिक

जब आप अपने ब्राउजर से किसी वेबसाइट को ओपन करते हैं तो अक्सर एक पाप-अप के जरिए नोटिफिकेशन की अनुमति या वेबसाइट में साइन-इन करने का संदेश प्राप्त होता है, अगर वेबसाइट के पीछे मंशा ठीक नहीं हुई तो यह जोखिम भरा हो सकता है। प्राइवेसी में सेंध, मैलिसियस साफ्टवेयर, अनावश्यक विज्ञापन जैसे हथकंडे तो ब्राउजर की सुरक्षा के लिए पहले से खतरा बनते आ रहे हैं। पर अब जिस तरह नए-नए एप्लीकेशन को आपके डिवाइस के टूल्स (कैमरा, माइक्रोफोन, लोकेशन आदि) के सपोर्ट की जरूरत होती है, उससे सुरक्षा को लेकर अधिक सतर्क होने की आवश्यकता है। कुल मिलाकर कहें तो आपका ब्राउजर ही तमाम साइबर खतरों के लिए सुरक्षा का पहला मोर्चा (फर्स्ट लाइन आफ डिफेंस) है। गूगल डाटा सुरक्षा और प्राइवेसी के लिए अपने ब्राउजर क्रोम में कुछ नए फीचर जोड़ने जा रहा है जो वेबसाइट को दी जा रही परमिशन को स्वतः खारिज कर देगा। हालांकि, डेस्कटाप वर्जन में ऐसी सुविधाएं पहले से हैं, अब एंड्रायड वर्जन में भी यह व्यवस्था सुरक्षा को बेहतर बनाने में सहायक हो सकती है।

**ब्राउजर सुरक्षा से जुड़ी चिंताएं:** कुछ ही दिनों पहले इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम (सीईआरटी-इन) ने गूगल क्रोम और अब माइक्रोसाफ्ट एज यूजर्स के लिए हाइ रिस्क सुरक्षा चेतावनी जारी की थी। इसमें अनेक सुरक्षा खामियों को चिह्नित किया गया था, जिससे हैकर यूजर की डिवाइस का आसानी से नियंत्रण ले सकते थे। दरअसल, जब ब्राउजर से किसी वेबसाइट पर जाते हैं तो केवल कुकीज के माध्यम से ही यूजर के बारे में जानने का प्रयास नहीं होता, बल्कि वेबकैम, माइक्रोफोन और कई तरह के फंक्शन या डाटा की अनुमति देना भी यूजर को भारी पड़ सकता है। लेकिन, अच्छी बात यह है कि लगभग सभी ब्राउजर आपको किसी वेबसाइट को अपनी डिवाइस पर कंट्रोल करने की सुविधा देते हैं।

### क्या एक्सेस होता है साइट के जरिए

वेबसाइट और वेब एप के एडवांस होने के साथ-साथ उसे डिवाइस पर काम करने के लिए कई टूल्स के एक्सेस की आवश्यकता होती है, जैसे वीडियो कान्फ्रेंसिंग एप के लिए वेबकैम और माइक्रोफोन का एक्सेस आवश्यक है। इसी तरह अनेक वेबसाइट अपनी आवश्यता अनुसार कैमरा, माइक्रोफोन, डिस्प्ले, लोकेशन डाटा, इमेज और मीडिया फाइल्स, कांटैक्ट और डिवाइस एक्टिविटी को एक्सेस करने का प्रयास करती हैं। चूंकि, ब्राउजर में इन सभी टूल्स को एक्सेस देने या ब्लाक करने की व्यवस्था होती है, जिससे आप अपने डाटा की सुरक्षा को पुख्ता कर सकते हैं। साथ ही अपने ब्राउजर के लिए डिफाल्ट परमिशन सेटिंग को एनेबल कर सकते हैं।

### कैसे मैनेज करें परमिशन

अगर गूगल क्रोम यूजर हैं तो पहली बार ओपन हो रही वेबसाइट को आपकी डिवाइस के वेबकैम या माइक के एक्सेस के लिए अनुमति की आवश्यकता होती है। यूआरएल में बाईं तरफ परमिशन देने या उसे ब्लाक करने का विकल्प होता है :

- यूआरएल बार के बाएं आइकन पर क्लिक करें। सुरक्षित साइट (https://) के लिए पैडलाक और असुरक्षित साइट (http://) पर ट्राएंगल का आइकन दिखेगा।
- साइट को दी जा रही परमिशन को जांचने के लिए सेटिंग आप्शन को चुनें।
- ड्राप डाउन लिस्ट से कैमरा या माइक्रोफोन आदि के एक्सेस के लिए यहां 'आस्क', 'अलाउ' और 'ब्लाक' तीन आप्शन में से कोई चुन सकते हैं।
- आप साइट म्यूट या अनम्यूट भी कर सकते हैं।
- इसी तरह माइक्रोसाफ्ट एज, एपल सफारी और मोजिला फायरफाक्स में जाकर परमिशन सेटिंग में बदलाव कर सकते हैं।


### कुछ उपयोगी टिप्स

- कुकीज, कैशी और हिस्ट्री आदि को क्लियर करते रहना चाहिए। इससे गलत साइट और ट्रैकिंग से बचने में मदद मिलेगी।
- संदिग्ध लिंक क्लिक करने, अनजान स्रोत से अटैचमेंट डाउनलोड करने से बचना चाहिए।
- आटोमैटिक अपडेट को एनेबल करें, इससे एप को सिक्योरिटी पैच मिल जाता है।
- सिक्योरिटी एक्सटेंशन से कनेक्शन सुरक्षित होगा, अवांछित कंटेंट ब्लाक करने और मालवेयर से भी सुरक्षा मिलेगी।
- अनावश्यक ब्राउजर प्लगइन या एक्सटेंशन डिसेबल करते रहना चाहिए।
- ब्राउजर कितना भी सुरक्षित होने का दावा करे, बेसिक सिक्योरिटी प्रोटोकाल का पालन नहीं करने पर सुरक्षा दांव पर होगी।
- एंटीमालवेयर का प्रयोग करें और अकाउंट के लिए मजबूत पासवर्ड बनाएं।

## वर्ग पहेली - 2687

**बाएं से दाएं**
1. वादा, प्रतिज्ञा (3)। 3. पुराने जमाने में राजा लगाते थे ...(4)। 7. तनाव, खिंचाव (4)। 10. मेघ, नीरद (3)। 11. वसंत ऋतु, खिलती हुई जवानी (3)। 12. लालसा, इच्छा (4)। 14. गुस्से से पैर पटकना (4)। 18. लड़ाई-झगड़ा, युद्ध (3)। 19. रखवाली (3)। 20. अनुपयुक्त, अनुचित, बेढब (4)। 22. नहीं आया हुआ (4)। 23. व्याकुल, भय से युक्त (3)।

**ऊपर से नीचे**
2. जवाहर के नाती (3)। 4. बार बार (4)। 5. इकट्ठा किया हुआ (4)। 6. विघ्न, बाधा (3)। 8. आपस में भिड़ जाना, भिड़ंत (3)। 9. ओस को यह भी कहते हैं (4)। 13. अधीन (4)। 15. घटाना, कम करना, उपार्जन करना (3)। 16. एकटक, बिना पलक झपकाए (4)। 17. स्वप्न (3)। 18. दर्द होने पर निकलने वाली आवाज (4)। 21. प्रत्येक माह (3)।



© Bird Features & Writing Agency

**कल का हल**



## जागरण सुडोकू-2687

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 5 | | 1 | | 2 | | |
| | 9 | | | 7 | | | 5 | 4 |
| 7 | | | 5 | | | 6 | | |
| | | | | 8 | | 9 | | 7 |
| | | 7 | 9 | | 1 | | | |
| 4 | | | | 2 | | | 1 | |
| 2 | | 3 | 7 | | | 4 | 9 | |
| | | 1 | | 6 | | | | 2 |
| 8 | | | 1 | | 2 | 5 | 6 | |

**कल का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 6 | 3 | 5 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 5 | 4 | 7 | 2 | 1 |
| 8 | 3 | 6 | 4 | 9 | 5 | 1 | 7 | 2 |
| 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 6 |
| 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 5 | 8 |
| 9 | 7 | 3 | 5 | 6 | 8 | 2 | 1 | 4 |
| 2 | 6 | 5 | 3 | 4 | 1 | 9 | 8 | 7 |
| 1 | 8 | 4 | 9 | 7 | 2 | 5 | 6 | 3 |

## टेक टिप्स

**नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के साथ असाइनमेंट, प्रोजेक्ट, क्लासेज और प्रोग्रामिंग के लिए अच्छे लैपटाप की जरूरत महसूस होने लगती है। अगर आप भी इन्हें लेना चाहते हैं तो आइए जानते हैं कुछ जरूरी फीचर्स के बारे में...**

# लैपटाप खरीद रहे हैं तो जान लें जरूरी बातें



### कौन-सा आपरेटिंग सिस्टम बेहतर

**साफ्टवेयर सपोर्ट से लेकर, सिस्टम सिक्योरिटी और फंक्शनिंग तक आपरेटिंग सिस्टम (ओएस) की केंद्रीय भूमिका होती है। ज्यादातर लैपटाप लोकप्रिय ओएस 'विंडोज' आधारित होते हैं, जो अधिकांश एप्स और साफ्टवेयर को स्पोर्ट करते हैं। अगर एपल इकोसिस्टम पसंद करते हैं तो यूजर फ्रेंडली इंटरफेस के लिए मैकओएस देख सकते हैं। हल्के और सस्ते विकल्प के रूप में क्रोम ओएस अच्छा विकल्प है। इस तरह के लैपटाप सामान्य तरह के टास्क के लिए उपयोगी होते हैं।**



जब आप लैपटाप खरीदने जाते हैं तो दो बातें महत्वपूर्ण होती हैं, पहली किन-किन जरूरतों के लिए इसे ले रहे हैं, दूसरी प्रयोग करने का क्या तरीका होगा। इसीलिए, टेक्निकल स्पेसिफिकेशन के बारे में जानना आवश्यक हो जाता है। जैसे- ब्राउजिंग, एडिटिंग और वीडियो स्ट्रीमिंग जैसे सामान्य कार्यों के लिए, लैपटाप ले रहे हैं या फिर वीडियो एडिटिंग, ग्राफिक डिजाइन, गेमिंग या प्रोग्रामिंग आपकी प्राथमिकता है। आखिर में बजट का भी ध्यान रखना होता है। इन सभी बातों पर स्पष्ट हैं तो बेहतर लैपटाप खरीद पाएंगे।

**जरूरी बातों का रहे ध्यान:** लैपटाप चाहे आनलाइन क्लासेज, असाइनमेंट या रिसर्च प्रोजेक्ट के लिए ले रहे हों या फिर प्रोग्रामिंग या वीडियो एडिटिंग के लिए, सबसे अधिक स्पीड और परफार्मेंस मायने रखता है। डिस्प्ले, बैटरी का भी ध्यान रखना होता है।

**कितनी रैम और स्टोरेज की जरूरत:** पर्याप्त रैम होने से अलग-अलग कार्यों में सहजता होती है यानी रैम सिस्टम की क्षमता निर्धारित करता है। अगर आपकी जरूरत ब्राउजिंग, राइटिंग और वीडियो स्ट्रीमिंग तक सीमित है तो आठ जीबी तक रैम पर्याप्त होगी, लेकिन साफ्टवेयर, मल्टीटास्किंग और कंटेंट क्रिएशन आदि के लिए, 16 जीबी तक और प्रोफेशनल साफ्टवेयर या प्रोग्रामिंग आदि के लिए कम से कम 32 जीबी का रैम देखना होगा। इसी तरह मल्टीमीडिया फाइलों, एप्लीकेशन आदि के लिए पर्याप्त स्टोरेज होना चाहिए। सिस्टम का प्रदर्शन बेहतर रहे, इसके लिए एसएसडी (सालिड स्टेट ड्राइव) हार्ड ड्राइव बेहतर होती है। छात्रों के लिए, 256/512 जीबी स्टोरेज पर्याप्त होता है, वहीं एडिटिंग और गेमिंग आदि के लिए एक टीबी तक का स्टोरेज चुन सकते हैं।

**कौन-सा प्रोसेसर (सीपीयू) बेहतर:** एक अच्छा सीपीयू मल्टीटास्किंग, विभिन्न तरह के एप और साफ्टवेयर को सहजता से हैंडल करता है। प्रतिदिन के कार्यों के लिए इंटेल के नवीनतम वर्जन को देख सकते हैं। सामान्य कार्यों के लिए इंटेल कोर आइ3 या आइ5 प्रोसेसर या एएमडी राइजेन5, वहीं हाइ एंड गेमिंग, कनेक्टिविटी, सिक्योरिटी आदि के लिए इंटेल कोर आइ7 या आइ9 प्रोसेसर देख सकते हैं।

**डिस्प्ले, साइज और रिजोल्यूशन:** स्पष्ट और हाइ रिजोल्यूशन स्क्रीन होने से काम करने में सहजता होती है। लैपटाप की औसतन स्क्रीन साइज 14 इंच होती है, मिनी की थोड़ी कम और बड़े आकार वाले लैपटाप की साइज 14 से 17 इंच तक होती है। लैपटाप का रिजोल्यूशन फुल एचडी (1920x1080) स्टैंडर्ड होता है। वहीं क्यूएचडी (2560x1440) या 4के (3840x2160) शार्प विजुअल और क्रिएटिव प्रोफेशनल के लिए बेहतर होती हैं।

**कितनी कीमत का हो लैपटाप:** बजट लैपटाप 25,000 से 35000 रुपये तक और मिड रेंज में 35,000 से 55,000 रुपये तक देख सकते हैं। अच्छी परफार्मेंस, एडिटिंग, प्रोग्रामिंग के लिए 16 जीबी रैम में 60,000 रुपये से ऊपर के लैपटाप चुन सकते हैं।


**ब्रह्मानंद मिश्र**

## आज का भविष्यफल- 11 जुलाई, 2024 गुरुवार

के.ए. दुबे पद्मेश

आज की ग्रह स्थिति: आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष पंचमी। आज का राहुकाल: दोपहर 01 बजकर 30 मिनट से 03 बजे तक। आज का दिशाशूल: दक्षिण। पर्व एवं त्योहार: कुमार षष्ठी।

कल 12 जुलाई, 2024 का पंचांग
कल का दिशाशूल: पश्चिम
विशेष: मंगल वृष राशि में
विक्रम संवत 2081 शके 1946 उत्तरायण, उत्तरगोल, ग्रीष्म ऋतु आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष की षष्ठी 12 घंटे 34 मिनट तक, तत्पश्चात सप्तमी उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र तत्पश्चात हस्त नक्षत्र परिघ योग तत्पश्चात शिव योग कन्या में चंद्रमा।



- मेष: सुख में व्यवधान आएगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना होगा।
- वृष: संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। शिक्षा के क्षेत्र में सफलता मिलेगी।
- मिथुन: आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। पारिवारिक तनाव मिल सकता है।
- कर्क: शिक्षा में सफलता मिलेगी। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी।
- सिंह: आर्थिक सफलता मिलेगी। धन, सम्मान, यश में वृद्धि होगी।
- कन्या: कर्मक्षेत्र में बाधा आएगी। अपनों से ही तनाव मिल सकता है।
- तुला: वाहन चलाने में सावधानी बरतें। लेन-देन में सतर्क रहना होगा।
- वृश्चिक: मंगल का परिवर्तन सुखद होगा। व्यावसायिक सफलता मिलेगी।
- धनु: मंगल परिवर्तन से मन अशांत रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।
- मकर: संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। आर्थिक मामलों में प्रगति होगी।
- कुंभ: संपत्ति के मामलों में धन व्यय होगा। व्यर्थ की उलझनें रहेंगी।
- मीन: पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा।

## जागरण सिटी दिल्ली

# ग्राम विकास बोर्ड ने 411 करोड़ रुपये की 480 विकास परियोजनाओं को दी मंजूरी : गोपाल राय

**राज्य ब्यूरो, जागरण . नई दिल्ली:** ग्राम विकास बोर्ड ने गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए बुधवार को 411 करोड़ रुपये की 480 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। बोर्ड की बैठक विकास मंत्री गोपाल राय की अध्यक्षता में दिल्ली सचिवालय में हुई। इसके तहत गांवों के अंदर सड़क, नाली, जल निकायों, सामुदायिक केंद्र, पार्क, श्मशान, खेल मैदान आदि से जुड़े विकास कार्य किए जाएंगे। मंत्री ने सभी अधिकारियों को परियोजनाओं को तय समयसीमा के अंदर पूरा करने के निर्देश दिए।



प्रेसवार्ता करते मंत्री गोपाल राय ● सौ: दिल्ली सरकार

बोर्ड की बैठक में सदस्यों ने लंबित और नए प्रस्तावों का मामला उठाया। जिहाजा सभी विभागों के अधिकारियो को ग्राम विकास से जुड़ी परियोजना की फाइलों को समय सीमा के भीतर काम पूरा करने के निर्देश दिए गए है। विकास मंत्री ने बताया कि सरकार शहरी क्षेत्रों में रहने वाले दिल्ली के लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को भी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। विकास विभाग से जुड़े इन विकास कार्यों को सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग, एमसीडी सहित अन्य सरकारी विभागों के माध्यम से किया जा रहा है।

### ग्राम विकास परियोजना के कार्य

- दिल्ली के गांवों में संपर्क सड़कों और ग्रामीण सड़कों का निर्माण
- तालाबों/जलाशयों का विकास
- गावों में सामुदायिक केंद्र, पार्क, श्मशान, खेल मैदान, व्यायामशाला का विकास
- जल निकासी संरचनाओं का निर्माण
- चौपालों, बारात घर, सामुदायिक केंद्र आदि का निर्माण और मरम्मत का कार्य जैसे अन्य आवश्यकता आधारित कार्य

## पिता ने लगाए स्कूटी में ब्रेक, गिरकर बेटी की मौत

**जासं, गाजियाबाद :** बुधवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे लालकुआं के पास स्कूटी सवार युवती की सड़क हादसे में मौत हो गई। घटना के समय युवती अपने पिता के साथ स्कूटी पर पीछे बैठी थी। अचानक ब्रेक लगाने के कारण वह स्कूटी से नीचे गिर गई। पुलिस के मुताबिक शास्त्री नगर निवासी प्रदीप झा अपनी 19 वर्षीय बेटी ईशा झा (19) के साथ स्कूटी से छपरौला की ओर जा रहे थे। उन्होंने पुलिस को बताया कि जैसे ही वह लालकुआं पर एक अस्पताल के पास पहुंचे तो उनकी स्कूटी के सामने एक वाहन आ गया। जिस कारण उन्हें स्कूटी के ब्रेक लगाने पड़े। ऐसे में स्कूटी का संतुलन बिगड़ गया और ईशा नीचे गिर गई। गंभीर हालत में ईशा को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने ईशा को मृत घोषित कर दिया।

## फिल्म रिव्यू: वाइल्ड वाइल्ड पंजाब ★★★

**कलाकार:** वरुण शर्मा, मनजोत सिंह, सनी सिंह, जस्सी गिल, इशिता राज, पत्रलेखा
**निर्देशक:** सिमरप्रीत सिंह
**अवधि:** 1 घंटा 50 मिनट
**प्रसारण प्लेटफार्म:** नेटफ्लिक्स

# टुकड़ों में हंसाएगी फिल्म



चित्र सौ. : फिल्म टीम

लड़खड़ाने के बाद भी फिल्म अपने कामेडी जानर के साथ खुद को जोड़े रखती है।

दिल चाहता है, जिंदगी ना मिलेगी दोबारा ऐसी कुछ यादगार फिल्में रही हैं, जिनमें दोस्ती, दोस्तों के साथ रोड ट्रिप को खास अंदाज में पेश किया गया। वाइल्ड वाइल्ड पंजाब की कहानी भी चार दोस्तों के बीच बुनी गई है। कहानी शुरू होती है खन्ने यानी राजेश खन्ना (वरुण शर्मा) के दिल टूटने के साथ। वह जान देने की सोच रहा है। उसके दोस्त गौरव जैन (जस्सी गिल), मान अरोड़ा (सनी सिंह) और हनी सिंह (मनजोत सिंह) उसे समझाते हैं कि यदि वह लड़की के सामने जाकर कहेगा कि आइ एम ओवर यू (मैंने तुम्हें भुला दिया है) तब वह आसानी से इस रिश्ते से निकल आएगा। खन्ने की गर्लफ्रेंड की शादी होने वाली है। चारों पटियाला से पठानकोट के लिए निकलते हैं, पर यह सफर आसान नहीं होता। इसमें जहां मान की शादी नशे में राधा (पत्रलेखा) से हो जाती है तो वहीं कालेज में पढ़ने से ज्यादा ड्रग्स की तस्करी करने वाली मीरा (इशिता राज) भी उनसे जुड़ जाती है। कहानी में विलेन और पुलिस के लिए भी जगह है।

फिल्म का अंत ऐसा नहीं है, जिसकी कल्पना दर्शकों ने नहीं की होगी। फिल्म की लंबाई कम करके समझदारी का काम तो किया गया है, लेकिन कुछ घिसी-पिटी चीजें डालकर थोड़ा बोरिंग भी बना दिया गया है। पंजाब की बात होते ही शराब और ड्रग्स का जिक्र मानो जरूरी हो जाता है। इससे लेखक व निर्माता लव रंजन बच सकते थे। प्यार का पंचनामा और सोनू के टीटू की स्वीटी जैसी फिल्में लिख चुके लव से दोस्ती की बेहतर कहानियों की उम्मीद होती है। फिल्म की शुरुआत में ही हर पात्र के बारे में संक्षिप्त जानकारी दे दी गई है। उसके आगे फिल्म उनकी गहराई में नहीं जाती। अब सनी सिंह का पात्र बाडी बिल्डर न भी होता तो कोई फर्क नहीं पड़ता। हरमन वडाला और संदीप जैन के लिखे संवाद ऐसे नहीं कि छाप छोड़ पाएं। दहेज प्रथा और पंजाब में नशे के हालात जैसे मुद्दों पर सतही तौर पर बात करते हुए फिल्म आगे बढ़ जाती है। खैर, लड़खड़ाने के बाद भी अपने कामेडी जानर के साथ फिल्म खुद को जोड़े रखती है। ब्रेकअप में दोस्त को हौसला देने वाला दृश्य हो या पेट्रोल पंप पर अपने दोस्त के भरोसे दूसरों को पीटने वाला सीन, दोस्तों के बीच बुने गए कुछ सीन पर हंसी आएगी। दो घंटे के भीतर बनी इस फिल्म में तर्क न ढूंढ़ा जाए तो इसे घर बैठकर देखना अखरेगा नहीं।

अभिनय की बात करें तो मनजोत को फिल्म में चमकने का मौका मिला है। वह अपनी पुरानी छवि को तोड़ते हैं और फ्रंटफुट पर खेलते हैं। वरुण शर्मा अपने चिर-परिचित अंदाज में दिखे हैं। वह अपनी भूमिका में कुछ नयापन भले नहीं ला पाए हैं, लेकिन हंसाने में कामयाब होते हैं। सनी सिंह और जस्सी गिल अपनी-अपनी भूमिकाओं में ठीक लगे हैं, हालांकि उसे और बेहतर लिखा जा सकता था। पत्रलेखा अच्छी अभिनेत्री हैं, लेकिन इस फिल्म में उनकी प्रतिभा का उपयोग नहीं हो पाया है। इशिता राज का किरदार भी अधूरा सा है। वह कालेज में धड़ल्ले से ड्रग्स क्यों और कैसे बेचती हैं, उसका कोई कारण नहीं दिखाया गया है।

**प्रियंका सिंह**

★★★★★ उत्कृष्ट | ★★★★ बहुत अच्छी | ★★★ अच्छी | ★★ औसत | ★ औसत से कम

अपनी राय हमें जरूर बताएं : feature@jagran.com

## मनोरंजन

# आम नागरिक की तरह देश सेवा करने की कोशिश करता हूं





वेब सीरीज कमांडर करण सक्सेना में शीर्षक भूमिका में हैं गुरमीत ● टीम गुरमीत

देश की सुरक्षा में हमेशा मुस्तैद रहने वाले खुफिया विभाग के कर्मियों और फौजियों की जिंदगी की राहें आसान नहीं होतीं। उनकी जिंदगी रहस्यमयी भी होती है। सिनेमा उन रहस्यों के साथ समय-समय पर अपनी कल्पना को जोड़कर पर्दे पर उतारता आया है। अब रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रा) एजेंट की शीर्षक भूमिका निभाकर अभिनेता गुरमीत चौधरी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने डिज्नी प्लस हाटस्टार पर हाल ही में प्रसारित हुई वेब सीरीज कमांडर करण सक्सेना में शीर्षक भूमिका निभाई है। यह शो अमित खान द्वारा इसी नाम (कमांडर करण सक्सेना) से लिखे गए उपन्यास के नायक से प्रेरित है। गुरमीत के पिता सैन्य अधिकारी थे, क्या उनके मन में भी कभी सेना या रा से जुड़ने का ख्याल आया? इसपर दैनिक जागरण से बातचीत में गुरमीत बताते हैं, 'मुझे तो एक्टिंग के कीड़े ने बचपन में ही काट लिया था, लेकिन दिल में हमेशा से यही था देश के लिए कुछ कर सकूं। बड़े होने के बाद मुझे समझ में आया कि आप सिर्फ फौज में रहकर ही देश की सेवा नहीं कर सकते हैं। आम नागरिक भी देश की सेवा कर सकते हैं। मैं आम नागरिक के तौर पर ही देश की सेवा करने की कोशिश करता हूं।'

### देबिना हैं घर की कमांडर

शो में तो गुरमीत ने कमांडर की भूमिका निभाई है। घर में किसका कमांड चलता है? इस पर गुरमीत कहते हैं, 'घर में देबिना (गुरमीत की पत्नी) का ही कमांड चलता है। उस पर तो हम बहस भी नहीं करते हैं। वह बहुत जगह पर सही भी होती हैं। कभी-कभी जब मैं उनसे कुछ बहस करने की कोशिश करता हूं तो मेरे मन में आता है कि मैं थोड़ा देसी हूं, मेरा दिमाग शायद उनकी चीजों को समझ नहीं पाता है। ऐसे में अक्सर मैं ही गलत होता हूं।'



देबिना के साथ गुरमीत

### प्रोजेक्ट चले या न चले, एक्टर चलना चाहिए

गुरमीत ने पहले फिल्म द वाइफ में गंभीर भूमिका निभाई, वहीं आगामी शो महाराणा में महाराणा प्रताप की भूमिका में नजर आएंगे। लगातार भूमिकाओं में विविधिता को लेकर वह कहते हैं, 'अगर अलग-अलग भूमिकाएं मिले तो उन्हें करने में भी मजा आता है। बतौर कलाकार चुनौतीपूर्ण भी यही होता है। जब कुछ अच्छा मिल जाता है तो उसमें अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करता हूं। मेरा मानना है कि फिल्में चलें या न चलें एक्टर चलना चाहिए।'

### जरूरी है सेंसरशिप

डिजिटल प्लेटफार्म पर बढ़ती अश्लीलता और गाली गलौज के देखते हुए इस पर भी सेंसरशिप लागू करने की चर्चा है। इस पर गुरमीत कहते हैं, 'फिल्में हों या वेब सीरीज या टीवी शो, सभी हमारे समाज को बहुत प्रभावित करती हैं। अगर डिजिटल प्लेटफार्म पर अच्छी चीजें बनेगी तो वह लोगों को बहुत प्रेरित कर सकती हैं। इसलिए डिजिटल प्लेटफार्म पर सेंसरशिप होनी चाहिए। हालांकि, उसके साथ एक संतुलन भी होना चाहिए कि इससे फिल्मकारों में डर न हो।'

## हिंदुस्तानी 2 में नया प्रयोग किया है

**हर कलाकार अपनी** कला के साथ प्रयोग करने में यकीन रखता है। सरफरोश, लगान और रेडी फिल्मों के अभिनेता अखिलेंद्र मिश्रा 12 जुलाई को प्रदर्शित हो रही कमल हासन, सिद्धार्थ और रकुलप्रीत सिंह अभिनीत फिल्म हिंदुस्तानी 2 में नजर आएंगे। इस फिल्म के बारे में दैनिक जागरण से बातचीत में अखिलेंद्र बताते हैं, 'इस फिल्म में मैंने एक नया प्रयोग करने की कोशिश की है। ऐसा प्रयोग हम कलाकार अक्सर नाटकों में करते हैं। फिल्मों में इस तरह का प्रयोग नहीं होता है। इस फिल्म के लिए निर्देशक शंकर ने मुझसे साल 2019 में संपर्क किया था। उन्हें इस भूमिका के लिए कोई उत्तर भारतीय कलाकार चाहिए था। उन्होंने मुझसे कहा कि मैं चाहता हूं कि यह भूमिका आप निभाएं। पहले वह इस फिल्म के लिए मुझसे मिलने मुंबई आने वाले थे, लेकिन बाद में योजनाएं बदली और उन्होंने मुझे ही मिलने के लिए चेन्नई बुला लिया। मैंने भूमिका निभाई तो है, लेकिन अभी तक मैंने फिल्म देखी नहीं है। इसलिए मुझे नहीं पता कि मेरा काम पर्दे पर कैसा दिख रहा है। शंकर और कमल हासन दोनों अपने आप में कमाल के निर्देशक और अभिनेता हैं। दोनों ने ही इस फिल्म में विषयवस्तु के साथ प्रयोग किया है।'



अभिनय के साथ किताबें भी लिख रहे हैं अखिलेंद्र ● फेसबुक

## रूह बाबा लौट आए आखिरी शेड्यूल में

**चंदू चैंपियन की** रिलीज के बाद अभिनेता कार्तिक आर्यन का पूरा ध्यान फिल्म 'भूल भुलैया 3' पर है। फिल्म में रूह बाबा की भूमिका निभाने वाले कार्तिक अब इसके आखिरी शेड्यूल की शूटिंग कर रहे हैं। फिल्म से जुड़े सूत्रों के अनुसार जब कार्तिक चंदू चैंपियन के प्रमोशन में व्यस्त थे, तब फिल्म के निर्देशक अनीस बज्मी ने अपनी टीम के साथ मध्य प्रदेश जाकर रेकी कर ली थी। उन्होंने रेकी के बाद ओरछा को चुना था और तीन जुलाई से आखिरी शेड्यूल की शूटिंग भी शुरू कर दी। पिछले सप्ताह कार्तिक, माधुरी दीक्षित और राजपाल यादव ने वहां के राम राजा मंदिर में एक नाटकीय सीन भी शूट किया है। फिलहाल कार्तिक और तृप्ति डिमरी के एक गाने और कुछ रोमांटिक सीन की शूटिंग जहांगीर महल में चल रही है। उसके बाद क्लाइमेक्स की शूटिंग होगी, जिसमें विद्या बालन भी जुड़ेंगी। अगले सप्ताह तक फिल्म की शूटिंग पूरी तक लेने की योजना है, ताकि फिल्म को दिवाली के मौके पर रिलीज किया जा सके।



फिल्म भूल भुलैया 3 में होंगी विद्या बालन ● मिडडे आर्काइव

********

एक अच्छी कार्ययोजना शहर के विकास का आईना बनती है। यह कार्ययोजना बनाने और उस पर क्रियान्वयन करने की जिम्मेदारी उस शहर के स्थानीय निकाय पर होती है। देखा जाए तो देशभर के अधिकांश निकाय इस पर खरे नहीं उतरते हैं। यही वजह है कि ये हमेशा धन के अभाव का रोना रोते हैं। अपने खर्चे चलाने के लिए राज्य और केंद्र से आर्थिक मदद की दरकार रखते हैं। निकायों की अव्यवस्था, अधिकारियों की संलिप्तता से फलता-फूलता भ्रष्टाचार उसे आत्मनिर्भर नहीं बनने देता। यह हाल किसी एक निकाय का नहीं, बल्कि एनसीआर के सभी निकायों की यही स्थिति है। हाल ही में दिल्ली नगर निगम ने टैक्स के जरिये कुछ कमाई की। इसकी सराहना की भी जानी चाहिए। लेकिन ये निराशाजनक है कि आय के तमाम माध्यम होते हुए भी निगम आत्मनिर्भर बनाने की राह पर क्यों नहीं बढ़ता? इसी की पड़ताल करना हमारा आज का मुद्दा है :

# कर के "कर्म" में भ्रष्टाचार की कुंडली



**25** लाख है जल बोर्ड के कनेक्शन की संख्या दिल्ली में

**60** लाख है बिजली कनेक्शन की संख्या

**12** लाख 78 हजार लोग देते हैं दिल्ली नगर निगम को संपत्तिकर

**2,400** करोड़ रुपये की आय अभी दिल्ली में निगम को संपत्तिकर से हो रही है

# राजनीति और भ्रष्टाचार में उलझे नगर निगम



फरहाद सूरी
पूर्व महापौर, एमसीडी

दिल्ली नगर निगम राजनीति और भ्रष्टाचार का केंद्र बना हुआ है, जिस कारण कभी गौरवशाली इतिहास वाला यह नगर निकाय वर्तमान में बड़े आर्थिक संकट से जूझ रहा है। स्थिति यह कि बकाया वेतन भुगतान को लेकर कर्मचारियों को अक्सर ही सड़क पर आंदोलन करना पड़ता है। यह स्थिति वर्ष 2012 में एमसीडी को तीन भागों में विभाजित करने के बाद से है। वर्ष 2013 में दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार आई, जिसकी भाजपा शासित एमसीडी से राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता चली। उसकी कोशिश थी कि एमसीडी को पंगु दिखाया जाए। दिल्ली सरकार द्वारा तीनों नगर निगमों को धन का असमान वितरण किया गया। अमीर नगर निगम को अधिक, जबकि पूर्वी दिल्ली जैसे कम आय वाले नगर निगम को कम पैसे दिए गए। इसके कारण वहां वेतन भुगतान को लेकर समस्या हुई। वहीं, जब फिर से तीनों निगम को एक किया गया तो पिछला साल कर्मचारियों और कानूनों को समायोजित करने में ही लग गया।

वैसे, चौथे वित्त आयोग की सिफारिशों में दिल्ली सरकार को अपने कुल बजट का 12.5 प्रतिशत का भुगतान एमसीडी को करने को कहा गया था, लेकिन यह बमुश्किल नौ प्रतिशत के आस-पास रहा था। अगर यह मद पूरा मिले तो एमसीडी आराम से चले। अभी तक नए वित्त आयोग का गठन नहीं हुआ है, जबकि, इसे 2021 तक सुझाव दे देना था। राजनीतिक उठापटक के चलते एमसीडी में वार्ड कमेटियों समेत विभिन्न कमेटियों का गठन नहीं हुआ है। ऐसे में इस निकाय को आयुक्त व अन्य अधिकारी चला रहे हैं। यह स्थिति जब तक दूर नहीं होगी, तब तक निगम से कुछ बेहतर की उम्मीद करना बेमानी होगा। ऊपर से भ्रष्टाचार की स्थिति जगजाहिर है। पार्किंग संचालन, होर्डिंग्स व विभिन्न प्रकार के लाइसेंसिंग प्रक्रिया के साथ अवैध निर्माण में भ्रष्टाचार खुले आम है। मध्याहन भोजन योजना, किताब-कापियों के वितरण, कूड़े के उठान, नालों की सफाई जैसे मामलों की तह में जाएंगे तो वहां भी बड़े भ्रष्टाचार निकलेंगे।

वैसे, जब हम बात नगर निगम को आत्मनिर्भर बनाने की करते हैं तो यहां एक बात समझनी होगी कि यह नागरिक सुविधा देने वाला प्रमुख निकाय है। जिसे, पार्क, सामुदायिक भवन, सफाई, सड़क, शौचालय, पार्किंग स्थल, कूड़े का निस्तारण समेत अन्य सुविधाएं देने का कार्य है। कानून के अनुसार राज्य सरकार को अपनी कुल आय का एक हिस्सा निकायों को देना चाहिए। यह इसलिए कि निकायों के पास आय के कोई बड़े साधन नहीं होते हैं। वहीं, केंद्र सरकार योजनाओं के जरिये निगम की वित्तीय मदद करती है।

इन सब झंझावतों के बीच देखा जा रहा है कि एमसीडी की आय बीते वर्षों में बढ़ रही है। निगम के आंकड़े बताते हैं कि संपत्तिकर से लेकर विज्ञापन और ट्रेड लाइसेंस आदि की श्रेणी में निगम के राजस्व में ठीक-ठाक बढ़ोतरी हो रही है। साथ ही हर वर्ष ज्यादा से ज्यादा आय बढ़ाने के प्रयास हो रहे हैं, लेकिन इनका परिणाम खर्च बढ़ोतरी के अनुकूल नहीं है। वेतन और पेंशन पर हर वर्ष बढ़ोतरी होती है।

एमसीडी राजधानी के 1,397 किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है। राजधानी में तेजी से आबादी बढ़ रही है साथ ही संपत्तियों की संख्या भी बढ़ रही है। पर यह सच है कि नियमित क्षेत्र से अधिक अनधिकृत कालोनियों में संपत्तियों की संख्या बढ़ रही है। इससे निगम से लेकर दूसरी एजेंसियों को राजस्व का नुकसान होता है। एमसीडी को 12 लाख 78 हजार के करीब लोग संपत्तिकर जमा करते हैं, लेकिन दिल्ली में सक्रिय जल बोर्ड के कनेक्शन की संख्या 25 लाख के करीब है। इसी प्रकार बिजली कनेक्शन की संख्या करीब 60 लाख है। यानी जितनी संख्या में संपत्ति मालिक हैं उतनी संख्या में निगम को कर नहीं मिल रहा है। ये हाल सिर्फ दिल्ली का नहीं एनसीआर के हर शहर का है। जल बोर्ड के कनेक्शन प्राप्त उपभोक्ताओं से ही संपत्तिकर आ जाए तो निगम की आय में बहुत वृद्धि हो सकती है। अभी दिल्ली में 2,400 करोड़ रुपये की आय निगम को संपत्तिकर से हो रही है जबकि 12 लाख 78 हजार ही लोग संपत्तिकर दे रहे हैं। अनुमान है कि 40 लाख संपत्तियां तो दिल्ली की अनधिकृत कालोनियों में ही हैं। इन सभी संपत्तियों के ही संपत्तिकर आ जाए, तो आठ हजार करोड़ रुपये का राजस्व आ सकता है। इसी तरह, होर्डिंग, लाइसेंसिंग प्रक्रिया व पार्किंग में भ्रष्टाचार पर लगाम लगाकर राजस्व को बढ़ाया जा सकता है। इसी तरह राजनीतिक, कारोबार व अन्य मामलों के पोस्टर लगाने के स्थान चिन्हित कर उससे नई आय पैदा की जा सकती है। कुल मिलाकर यह तब होगा जब निगम की इस ओर प्रतिबद्धता होगी।

**जैसी कि लेखक ने नेमिष हेमंत को बातचीत में बताया**

# प्रापर्टी टैक्स और विज्ञापन मद की समीक्षा व सख्ती से बढ़ेगी आय



एनसी वधवा
पूर्व मुख्य आयुक्त, नगर निगम फरीदाबाद

नगर निगमों पर हमेशा आर्थिक रूप से कमजोर होने का ही ठप्पा लगा रहता है और विकास की योजनाएं बनाकर उन्हें मूर्तरूप देने की बात आती है तो फिर बजट के लिए सरकार की तरफ मुंह ताकते हैं। सरकार अनुदान के रूप में निगमों को बड़ी रकम समय-समय पर जारी करती है, पर इसकी भी एक सीमा होती है। आज से करीब पांच साल पहले हरियाणा शहरी निकाय विभाग के तत्कालीन प्रधान सचिव ने फरीदाबाद नगर निगम को आर्थिक रूप से मजबूत करने के उद्देश्य से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से निगम अधिकारियों के साथ संवाद किया था। आय के साधन क्या हैं, खर्चे क्या हैं? इस बारे में हिसाब लिया था, साथ ही आदेश दिए थे कि निगम अपनी आय बढ़ाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर काम करें। अपने सोर्स बढ़ाएं। इस बारे में विस्तार से प्लानिंग की जाए, पर यह बात होकर रह गई और इस पर बेहतर तरीके से कोई काम हुआ नहीं। वर्तमान में नगर निगम के पास स्टांप ड्यूटी, प्रापर्टी टैक्स, सीवर-पानी के बिल, सीएलयू, विज्ञापन आय के माध्यम हैं। अब सरकार भी बार-बार अनुदान नहीं दे सकती। अर्बन स्कीम को मूर्तरूप के लिए धन देना सरकार की अंतिम प्राथमिकता होती है। अगर केंद्र सरकार की ओर से कोई योजना आती है और फंडिंग आती है तो राज्य सरकार भी अपना योगदान डाल देती है। इसलिए, निगम को अपने ही आय के साधनों को बेहतर करने पर काम करना होगा। नगर निगम को स्वयं ही आत्मनिर्भर होना होगा। सरकार यह अपेक्षा भी रखती है कि उनके आय के जो साधन हैं, उन पर पकड़ ठीक से हो। इसमें सबसे बड़ा आय का साधन तो हाउस टैक्स यानी प्रापर्टी टैक्स पर ध्यान देने की जरूरत है। प्रापर्टी टैक्स की जो पुरानी रिकवरी है, उस पर गंभीरता से विचार करना होगा। अगर इसकी ठीक से रिकवरी हो जाए तो नगर निगम को धन की कोई कमी ही न रहे। इतनी बड़ी संख्या में ऐसे स्थान हैं जो चल तो वाणिज्यिक संस्थानों के रूप में रहे हैं, पर उनसे टैक्स रिहायशी दर पर वसूला जा रहा है। इसमें उदासीनता बरती जा रही है। अभी तो निगम प्रापर्टी टैक्स की विसंगतियों को ही नहीं दूर कर पा रहा है। लोग रुपये हाथ में लेकर टैक्स भरने के लिए, निगम मुख्यालय आते हैं, पर उन्हें भेजे गए, बिलों की विसंगतियां ही दूर नहीं करते अधिकारी। नंबर दो में यह काम जरूर हो जाता है। इसका अगर ईमानदारी से आडिट की जाए और समीक्षा की जाए, कमियों को दूर किया जाए, तो निगम का खजाना भर सकता है।

दूसरा विषय विज्ञापन से आय का है। करोड़ों रुपये विज्ञापन के माध्यम से कमाए जा सकते हैं, पर इसमें माफिया सक्रिय हैं। जो धन निगम के खजाने में आना चाहिए वो माफिया की जेब में जा रहा है। फरीदाबाद नगर निगम विज्ञापन की 174 साइट से मात्र 10-12 करोड़ रुपये ही कमा रहा है। वित्त वर्ष 2021-22 में यह 10 करोड़ रुपये था, अगले वर्ष 14 करोड़ और पिछले वित्त वर्ष यह बढ़ने की बजाय कम होकर 13 करोड़ रह गया। इसके इतर गुरुग्राम ने वित्त वर्ष 2022-23 में 26.82 करोड़ रुपये का राजस्व विज्ञापन मद से जुटाया गया था और 2023-24 में 27 करोड़ रुपये जुटाए। यह फरीदाबाद नगर निगम से सीधा दोगुना है। गुरुग्राम नगर निगम की आय भी कम है। दोनों नगर निगम के अधिकारी इस मामले में गंभीर हों तो आय बढ़ सकती है।

**-जैसी कि लेखक ने सुशील भाटिया को बातचीत में बताया**

## आमदनी अठन्नी, खर्चा रुपैया

नगर निगम के संपतिकर संग्रहण में इस वर्ष 252 करोड़ का उछाल आया है। इसके लिए एमसीडी के अधिकारी अपनी पीठ स्वयं ठोक रहे हैं और इसकी सराहना की भी जानी चाहिए। लेकिन ये निराशाजनक ही है कि एमसीडी सहित एनसीआर के नगर निगम आर्थिक मामले में अब तक आत्मनिर्भर नहीं हो पाए हैं और विकास कार्य तो दूर, उन्हें कर्मचारियों के वेतन व अन्य आवश्यक खर्चों के लिए भी प्रदेश सरकारों का मुंह ताकना पड़ता है।



**एमसीडी की आय के प्रमुख स्रोत**

**पार्किंग:** इसका राजस्व निगम के पास लाभकारी परियोजना सेल (आरपी सेल) की मद में आता है

संपत्तिकर

टोल

विज्ञापन

लाइसेंस

| श्रेणी | वित्त वर्ष 2023-24 का बजट | 2023-24 का संशोधित बजट | 2024-25 का बजट अनुमान |
|---|---|---|---|
| प्रारंभिक जमा | 508.23 | 1275.52 | 1004 |
| आय | 15,523.96 | 15,952.52 | 15,686.99 |
| व्यय | 16,024.46 | 16,224.05 | 16,683.02 |
| जमा शेष | 7.73 | 1,004 | 7.97 |

(नोट : राशि करोड़ रुपये में)

**कर सकते हैं दोगुना**


**4,300** करोड़ रुपये संपत्तिकर से आना चाहिए

**1,206** करोड़ रुपये टोल से आय


**500** करोड़ रुपये लाभकारी परियोजना कर से

**847** करोड़ रुपये प्रति वर्ष टोल टैक्स से आय


### मुख्य करदाता : संपतिकर से आय




### विज्ञापन




### लाभकारी परियोजना कर





नोट : (पार्किंग, भवन किराया समेत अन्य) करोड़ रुपये में

### दिल्ली सरकार द्वारा आवंटन




### गुरुग्राम : नगर निगम का व्यय




### सर्वाधिक कर संग्रहण






**250** करोड़ रुपये नगर निगम अपना खर्च पूरा करने के लिए केंद्र सरकार, प्रदेश सरकार या अन्य किसी सरकारी एजेंसी से प्रति वर्ष लेता है।

### गाजियाबाद : नगर निगम का खर्च मीटर





**आय के स्रोत**





**न्यूनतम कर संग्रहण** नामांतरण, विज्ञापन और दुकान से।

**300** करोड़ रुपये केंद्र सरकार और राज्य सरकार से मांग रहती है गाजियाबाद नगर निगम की।

### सर्वाधिक कर संग्रहण पांच वर्षों में





### फरीदाबाद में खर्च और आय की स्थिति




**न्यूनतम कर संग्रहण**

सीवर और पानी कनेक्शन से होने वाली आय, कंपलीशन फीस, सरकारी जमीन पर किराए से आय




**150** करोड़ नगर निगम ने 2022-23 में प्रदेश सरकार से अनुदान में लिए थे

जागरण इन्फो

## तेहखंड में बिजलीघर का सब स्टेशन शुरू

**जांस, दक्षिणी दिल्ली :** दक्षिणी दिल्ली के तुगलकाबाद विधानसभा के तेहखंड गांव के वाल्मीकि मोहल्ले में नए बिजलीघर के सब स्टेशन का शुभारंभ किया गया। विधायक सहीराम पहलवान ने स्थानीय लोगों से इसका उद्घाटन कराया। तुगलकाबाद से विधायक सहीराम ने कहा कि इस सब स्टेशन से तेहखंड गांव में बिजली के कट नहीं लगेंगे। यहां पर गर्मियों में मुलतानी क्षेत्र में पावर हाउस में ओवर लोड हो जाने की वजह से कट लगते थे।



सहीराम पहलवान

## 'बनाना है सुखी, समृद्ध व भय मुक्त भारत'

**कमानी आडिटोरियम में भारत विकास परिषद के 62वें स्थापना दिवस समारोह को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने किया संबोधित**

**जासं, नई दिल्ली:** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने देशवासियों का आह्वान करते हुए कहा कि सुखी, समृद्ध, आतंकवाद व भय से मुक्त भारत बनाने के लिए सभी को अपने-अपने हिस्से की जिम्मेदारी निभानी होगी। वह मंडी हाउस स्थित कमानी आडिटोरियम में भारत विकास परिषद के 62वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे।



नितिन गडकरी

उन्होंने कहा कि ई-रिक्शा के शुरुआत से सामाजिक मानवीय शोषण की प्रथा का भारत में अंत हुआ। भारत विकास परिषद की सराहना करते हुए कहा कि इससे जुड़े लोग मानवता की सेवा में लगे हुए हैं। उन्होंने दीनदयाल उपाध्याय, राम मनोहर लोहिया, स्वामी विवेकानंद व गौतम बुद्ध जैसे महापुरुषों को याद करते हुए कहा कि सभी का सपना देश को महान बनाने का था। समारोह की अध्यक्षता करते हुए भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष व उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश आदर्श कुमार गोयल ने कहा की केवल विकास और संपत्ति जरूरी नहीं है। जरूरत है अपनी संस्कृति और मानवता के विकास को समझने की। इस मौके पर भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुरेश जैन ने संगठन के कार्यों व उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। जबकि राष्ट्रीय चेयरमैन व कार्यक्रम के संयोजक कर्नल सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## 'रामदरश मिश्र साहित्य के हिमालय पुरुष'

**जासं, नई दिल्ली:** रामदरश मिश्र साहित्य के हिमालय पुरुष हैं। उनके संपूर्ण लेखन में समय का इतिहास प्रभावित होता है और उस सबका मिजाज गंगा जमुनी है। उनकी कविताओं में नए जमाने का बोध तो है ही उनका गद्य भी बहुत प्रभावशाली है। उनकी हर विधा में आम-आदमी ही केंद्र में है। यह बात प्रख्यात हिंदी लेखक प्रकाश मनु ने कही। वे साहित्य अकादमी की ओर प्रतिष्ठित कवि कथाकार रामदरश मिश्र के जन्मशती संगोष्ठी के मौके पर संबोधित कर रहे थे।

## जीएमआर समूह ने सिएटल ओर्कास के साथ की साझेदारी

**वि, पश्चिमी दिल्ली:** जीएमआर समूह ने मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) सीजन में सिएटल ओर्कास अमेरिकी टी-20 क्रिकेट टीम से मुख्य प्रायोजक के रूप में साझेदारी की है, वहीं इस पर जीएमआर के कार्पोरेट अध्यक्ष जी किरण कुमार ने कहा कि यह सहयोग केवल सामुदायिक जुड़ाव के लिए नहीं है। यह विश्व स्तर पर खेल को बढ़ावा देने के प्रति हमारे समर्पण को रेखांकित करता है। सिएटल ओर्कास के साथ हमारा जुड़ाव महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। जीएमआर ग्रुप की सहायक कंपनी जीएमआर स्पोर्ट्स के प्रयास से इस प्रायोजन समझौते के बाद के बाद खिलाड़ी अपने बाजू पर समूह का लोगो लगाएंगे। साथ ही पूरे सीजन में सिएटल ओर्कास की जर्सी, एलईडी बोर्ड डिस्प्ले, अवार्ड प्रजेंटेशन आदि पर भी प्रचार होगा। इसके अलावा भारत में जियो टीवी ब्राडकास्टर के रूप में काम करेगा, जो जीएमआर ग्रुप के पास होगा।

## बिना जीपीएस ट्रैकिंग के सड़क पर ट्रक राशन लेकर न उतरें : इमरान

**राब्यू, जागरण • नई दिल्ली:** खाद्य-आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन ने बुधवार को दिल्ली राज्य नागरिक आपूर्ति निगम (डीएससीएससी) के महा प्रबंधक के साथ भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के गोदामों से राशन की दुकानों तक सुचारू और पारदर्शी तरीके से खाद्यान्नों के ट्रांसपोर्टेशन व समय पर वितरण की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम के साथ ही दिल्ली में राशन के ट्रक सड़कों पर उतरें।

इमरान हुसैन ने डीएससीएससी के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे हर महीने समय पर एफसीआइ गोदामों से खाद्यान्न उठाने और संबंधित राशन दुकानों तक खाद्यान्न को सुचारु और निर्बाध तरीके से राशन का ट्रांसपोर्टेशन सुनिश्चित करें। डीएससीएसस अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से राशन दुकानों पर ट्रांसपोर्टेशन की मानीटरिंग करने का निर्देश दिया। साथ ही राशन की आपूर्ति एवं वितरण के संबंध में नियमित रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि वर्षा के मौसम को ध्यान में रखते हुए राशन से भरे ट्रक को वाटर प्रूफ तिरपाल से ढकना आवश्यक है ताकि दुकानों तक वितरण के लिए सूखा राशन उपलब्ध हो सके।

## महिला का हार्निया का सफल आपरेशन

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** बीस वर्ष से गलत सर्जरी होने से इंशीजनल हार्निया से जूझ रहीं एक 46 वर्षीय महिला की गंगाराम अस्पताल में सफल सर्जरी हुई है। उन्हें दूसरे बच्चे के जन्म के बाद समस्या हुई थी। लगातार हर्निया का आकार बढ़ता रहा।

सर गंगा राम हास्पिटल में लेपरोस्कोपिक सर्जरी विभाग के वरिष्ठ सलाहकार डा. आशीष देय ने बताया कि जब ऐसा हर्निया होता है तो पेट की दीवार में कमजोरी होती है और पेट के विभिन्न अंगों, विशेष रूप से छोटी और बड़ी आंतों और ओमेंटम (वसा का पर्दा) की सामग्री बाहर निकलने लगती है। बड़ी जटिल हर्निया में यह सामग्री सामान्य पेट की खाली जगह से बाहर निकल सकती है। मरीज को पिछले दो साल में हर्निया की समस्या बढ़ती रही, जिससे पेट में दर्द और भराव महसूस होने लगा। इस दर्द के चलते उन्हें व्यायाम छोड़ना पड़ा। इससे उनका वजन बढ़ गया और वह डायबिटीज का शिकार हो गईं। हर्निया के अधिक बढ़ने पर वह टायलेट जाने में असमर्थ हो गईं। इसके बाद उन्हें गंगाराम हास्पिटल लाया गया, जहां उनकी सर्जरी की गई। डा. आशीष ने बताया कि महिला ईडब्ल्यूएस श्रेणी में आती थीं और अस्पताल ने उनसे कोई चार्ज नहीं लिया है। वह अब सामान्य हैं। डाक्टर ने कहा कि बड़ा हर्निया मरीजों के लिए बहुत कष्टदायक हो सकता है।

KRISHNA PUBLIC SCHOOL
Shani Bazar, Sehatpur, Nehar Paar
Near Sector-37 Faridabad
Required Teachers
•TGT- English, Maths, Science, Hindi, P.T.I
•PRT- All Subjects
•Co-ordinator-All wings
Vice Principal
Cont-kps01947@gmail.com
# 9958403241

Branded
T.SHIRT SALE
MEN, WOMEN & KIDS
upto 60% off
Introducing huge range of Shorts & Lowers
By Economy Sales: 9212758425
ARROW PARK AVENUE ColorPlus SMART CASUALS LOUIS PHILIPPE Levi's Reebok
• GURUGRAM 306, City Center, Sector 29 (Near Hotel Pllazio)
• PUNCHKUIAN ROAD, Garwal Bhawan, (Near Jhandewalan, Gole Chkr.)
• WAZIRPUR A-5, Near Richi Rich Banquet (Opp. Shalimar Bagh)
• JANAKPURI B-1/2, Main Najafgarh Road, Opp. Metro Pillar 543
• NOIDA, Nirula's Sec-2, Near Metro Station, Sec-15, Noida, UP
• LAJPAT NAGAR, 49, Main Ring Road, Adj. Haldi Ram, Near Moolchand Crossing

********

# प्राइड of दिल्ली एन.सी.आर.

विज्ञापन परिशिष्ट

## दिल्ली के छात्र ने अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान ओलंपियाड में कई स्वर्ण पदक जीतकर भारत का गौरव बढ़ाया

दिल्ली के एक युवा और असाधारण प्रतिभाशाली छात्र आदित्य ने कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ओलंपियाड में उत्कृष्टता हासिल करके लगातार देश को गौरवान्वित किया है। उन्होंने डीएल डीएवी मॉडल स्कूल, पीतमपुरा से पढ़ाई की।



प्रतिभाशाली युवा आदित्य विज्ञान और गणित के क्षेत्र में समर्पण, कड़ी मेहनत और जुनून का प्रतीक बन गया है। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ओलंपियाड में उनका प्रशंसनीय प्रदर्शन, न केवल व्यक्तिगत जीत हैं, बल्कि पूरे भारत में अनगिनत युवा छात्रों के लिए प्रेरणा है।

2021 मे आदित्य ने संयुक्त अरब अमीरात द्वारा आयोजित इंटरनेशनल जूनियर साइंस ओलंपियाड (IJSO) में भारत का प्रतिनिधित्व किया और स्वर्ण पदक जीतकर देश को गौरवान्वित किया। आइजेएसओ मे चार चरण शामिल हैं, यानी, इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजिक्स टीचर्स (IAPT) द्वारा आयोजित जूनियर साइंस (NSEJS) में राष्ट्रीय मानक परीक्षा, होमी भाभा सेंटर फॉर साइंस एजुकेशन (HBCSE), ओरिएंटेशन कम सलेक्शन कैंप (OCSC) तथा इंडियननेशनलजूनियरसाइंसओलंपियाड जैसीकठिन प्रतिस्पर्धाओं के बाद वैश्विक स्तर पर प्रतिभागियों के बीच अंतिम प्रतियोगिता के लिए अंतर्राष्ट्रीय जूनियर साइंस ओलंपियाड (IJSO) में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए केवल छह छात्रों की एक टीम का चयन किया जाता है। आदित्य उस टीम के प्रतिभाशाली प्रतिभागी थे।

2023 में उन्होंने जापान के टोक्यो में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय भौतिकी ओलंपियाड (आइपीएचओ) में स्वर्ण पदक जीता। आदित्य ने आइएपीटी द्वारा आयोजित भौतिकी में राष्ट्रीय मानक परीक्षा (NSEP), एचबीसीएसई, मुंबई द्वारा आयोजित भारतीय राष्ट्रीय भौतिकी ओलंपियाड (INPhO), एचबीसीएसई द्वारा फिर से आयोजित ओसीएससी में स्वर्ण पदक जीता।

आदित्य की अन्य उत्कृष्ट उपलब्धियों में शामिल हैः • सीएसआईआर-आईआईसीटी, हेदराबाद, 2019 में आयोजित विद्यार्थी विज्ञान मंथन (वीवीएम) में राष्ट्रीय रैंक हासिल की। • मई 2021 में मुख्यमंत्री विज्ञान प्रतिभा परीक्षा (एमवीपीपी) दिल्ली में टॉप किया। • गणित में अपनी योग्यता का प्रदर्शन करते हुए एचबीसीएसई द्वारा आयोजित 2021, 2022, 2023 और 2024 में भी आईएनएमओ को उत्तीर्ण किया। • वर्ष 2022 एवं 2023 में एशियन पैसिफिक मैथमेटिक्स ओलंपियाड (एपीएमओ) में पदक प्राप्त किया। • 2023 में उलानबटार, मंगोलिया में आयोजित एशियाई भौतिकी ओलंपियाड (एपीएचओ) में पदक जीता। • फिजिक्लानी (प्राग, चेक गणराज्य में होने वाली एक भौतिकी प्रतियोगिता) श्रेणी बी में प्रथम स्थान जीता। • 2024 में पेराक, मलेशिया में आयोजित एपीएचओ में पदक जीता।

उन्होंने जेईई एडवांस्ड (इंजीनियरिंग ke liye भारत की सबसे कठिन परीक्षा) 2024 में ऑल इंडिया रैंक (एआईआर) 2 भी सफलतापूर्वक हासिल किया है, साथ ही इसमें फिजिक्स और गणित में भी परफेक्ट स्कोर हासिल किया है।

आदित्य कहते हैं कि मेरी यात्रा विज्ञान और गणित के प्रति गहरे जुनून के साथ शुरू हुई। इन वर्षों मे यह जुनून और भी मजबूत हुआ है, जिससे मुझे कड़ी मेहनत करने और अपनी पढ़ाई के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया है। इंटरनेशनल जूनियर साइंस ओलंपियाड (आईजेएसओ), इंटरनेशनल फिजिक्स ओलंपियाड (आईपीएचओ) और एशियन फिजिक्स ओलंपियाड (एपीएचओ) जैसे ओलंपियाड में प्रतिस्पर्धा करना चुनौतीपूर्ण लेकिन अविश्वसनीय रूप से लाभप्रद रहा है। इन अनुभवों ने मुझे दृढ़ता, अनुशासन और निरंतर सीखने का मूल्य सिखाया है। उनकी कठिन शैक्षणिक यात्रा में भारत के प्रमुख कोचिंग संस्थान - फिटजी का साथ रहा है, जिसने उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि में महत्वपूर्ण और प्रतीकात्मक भूमिका निभाई है इन प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं के माध्यम से आदित्य की यात्रा उनकी बुद्धिमता और उत्कृष्टता निरंतर खोज का प्रमाण है। उनकी उपलब्धियां विज्ञान और गणित के क्षेत्र में भारत के युवाओं की क्षमता को उजागर करती है।

आदित्य ने कहा कि में अपनी बहन लावण्या, जो आईआईटी दिल्ली की छात्रा है, मेरे माता-पिता, शिक्षकों और गुरुओं के समर्थन के लिए बहुत आभारी हू जिन्होंने इस यात्रा में मेरा मार्गदर्शन किया है। उनका प्रोत्साहन और मेरी क्षमता पर विश्वास मेरी सफलता में सहायक रहा है। मैं अपने साथियों और दोस्तों का भी आभारी हू जो इस यात्रा के उतार-चढ़ाव को साझा करने के लिए हमेशा मौजूद रहे हैं।

आदित्य के पिता पवन कुमार ने कहा कि उनकी उपलब्धियां न केवल उनकी बुद्धिमत्त और कड़ी मेहनत का परिणाम हैं, बल्कि उनके समर्पित शिक्षकों और गुरुओं के मार्गदर्शन और समर्थन का भी परिणाम हैं। पवन कुमार ने कहा, हम उसकी प्रतिभा को निखारने और उसकी क्षमता का एहसास कराने मे मदद करने के लिए आभारी हैं।






## नौकरी के लिए करें नर्सिंग कोर्स-आकांशा इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग, दिल्ली

लड़कियों के लिए नर्सिंग कोर्स एक ऐसा कोर्स है जिसको करने के बाद नौकरी शत-प्रतिशत मिल जाती है। इस कोर्स को किसी भी साइड से 12वीं पास करने वाली लड़कियां कर सकती हैं। चाहे वह साइंस से पास हो या आर्ट या फिर कामर्स से 12वीं पास किया हो। आकांशा इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग, गोपाल नगर नजफगढ़, नई दिल्ली में स्थित है। इसे दिल्ली सरकार दिल्ली नर्सिंग काउंसिल एवं इंडियन नर्सिंग काउंसिल से मान्यता प्राप्त है। यहां पर नर्सिंग के जीएनएम एवं एएनएम कोर्स कराया जाता है। जीएनएम 3 वर्ष की अवधि वाला डिप्लोमा कोर्स है तथा एएनएम 2 वर्ष की अवधि का डिप्लोमा कोर्स है। दोनों के लिए ही 12वी पास की योग्यता चाहिए। आकांशा इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग के पास प्रैक्टिकल ट्रेनिंग के लिए खुद का ऑर्थोप्लस हॉस्पिटल भी है तथा वह कई सरकारी तथा मल्टीनेशनल अस्पताल के साथ एफिलिएशन प्राप्त किए हुए हैं। इंस्टीट्यूट में पूरी तरह ट्रेंड तथा अनुभवी शिक्षकों द्वारा तथा अत्याधुनिक लैब के द्वारा नर्सिंग की पूरी जानकारी तथा ट्रेनिंग कराई जाती है। इंस्टीट्यूट के पास अपना खुला व सुरक्षित होस्टल भी है।

## वेम्बले पेंट्स और केमिकल्स: एक प्रगति की कहानी

**परिचय**

वेम्बले पेंट्स और केमिकल्स उत्तरी भारत का अग्रणी ब्रांड है, जिसकी स्थापना 1961 में हुई थी। इस कंपनी का उद्देश्य आम आदमी के जीवन में रंगों को एक नया अर्थ देना था। वेम्बले पेंट्स और केमिकल्स ने इन वर्षों के दौरान दृढ़ संकल्प और प्रतिबद्धता के साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त किया है। वर्तमान में, यह कंपनी पूरे उत्तरी भारत में लकड़ी के कोटिंग सेगमेंट में अग्रणी स्थान पर है, और इसकी वार्षिक वृद्धि दर 25% से अधिक है। यह उल्लेखनीय वृद्धि वर्तमान प्रबंधन द्वारा अपनाए गए साहसिक पहलों और आक्रामक विपणन रणनीतियों का परिणाम है। 1993 में वेम्बले का नियंत्रण संभालने वाले उच्च योग्य और आत्म-प्रेरित व्यक्तियों के समूह ने कंपनी को सफलता के नए शिखरों पर पहुंचाया है, और अब इसका लक्ष्य भारतीय पेंट उद्योग में एक प्रमुख नाम बनना है।

**इतिहास और विकास**

वेम्बले पेंट्स और केमिकल्स की यात्रा 1961 में शुरू हुई थी, और तब से यह कंपनी लगातार उन्नति कर रही है। प्रारंभ में, कंपनी ने छोटे पैमाने पर कार्य करना शुरू किया था, लेकिन उच्च गुणवत्त वाले उत्पादों और सेवा के कारण इसे तेजी से पहचान मिली। 1993 में, एक नए प्रबंधन समूह ने कंपनी का नियंत्रण संभाला, जिसने इसके विकास को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाया। इस समूह ने कंपनी की विकास रणनीति में कई साहसिक पहलें की और आक्रामक विपणन रणनीतियों को अपनाया, जिससे कंपनी की वार्षिक वृद्धि दर 25% से अधिक हो गई। इस प्रकार, वेम्बले पेंट्स और केमिकल्स ने भारतीय पेंट उद्योग में अपनी पहचान बनाई है।

**उत्पाद और सेवाएँ**

वेम्बले पेंट्स और केमिकल्स की उत्पाद श्रृंखला मे उच्च गुणवत्त वाले लकड़ी के कोटिंग शामिल हैं। कंपनी की उत्पाद श्रृंखला में निरंतर नवाचार और उन्नति होती रहती है, ताकि ग्राहकों की बदलती आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके। वेम्बले की विनिर्माण सुविधा ISO 9001:2000 प्रमाणित है, जो कि इसके उत्पादों की गुणवत्त की गारंटी है। कंपनी का आर एंड डी कार्यक्रम अपने उत्पाद प्रसाद को और बढ़ाने पर केंद्रित है, जिससे यह नए बाजारों में प्रवेश कर सके और अपने उपभोक्ता आधार को और विस्तारित कर सके।

**विपणन रणनीति**

वेम्बले पेंट्स और केमिकल्स की विपणन रणनीति आक्रामक और साहसिक है। कंपनी ने विभिन्न विपणन चैनलों का उपयोग करके अपने उत्पादों को बढ़ावा दिया है और ग्राहकों के साथ एक मजबूत संबंध स्थापित किया है। कंपनी की विपणन रणनीति में नवाचार और गुणवत्त पर जोर दिया गया है, जिससे यह प्रतिस्पर्धी बाजार में अपने प्रतिद्वंद्वियों से आगे रह सके। वेम्बले की विपणन टीम लगातार नए और प्रभावी विपणन अभियान विकसित करती रहती है, जिससे कंपनी की ब्रांड पहचान और ग्राहक संतुष्टि में वृद्धि होती है।

**कंपनी का दृष्टिकोण**

वेम्बले पेंट्स और केमिकल्स का दृष्टिकोण गुणवत्त में प्रगति के माध्यम से निरंतर नवाचार की दिशा में विकसित होता है। कंपनी का मानना है कि शीर्ष तक पहुचने की यात्रा का मतलब केवल नए बाजारों में बढ़ना नहीं है, बल्कि मौजूदा बाजारों में नई उत्पादों और सेवाओं के माध्यम से अपनी उपस्थिति बनाए रखना भी है। वेम्बले का दृष्टिकोण यह दर्शाता है कि यह कंपनी हमेशा अपने उत्पादों की गुणवत्त और रेंज को उन्नत करती रहेगी, ताकि यह प्रतिस्पर्धियों से आगे बनी रहे।

**कंपनी का मिशन**

वेम्बले पेंट्स और केमिकल्स का मिशन ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण पर आधारित है। कंपनी का लक्ष्य भारत और विदेशों में अपने उत्पादों के लिए सबसे बड़े बाजार हिस्सेदारी पर कब्जा करना है। इसके साथ ही, वेम्बले हमेशा उच्चतम स्तर की ग्राहक संतुष्टि प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करेगा, ताकि यह ग्राहक प्रिय ब्रांड के रूप में उभर सके। वेम्बले का मिशन यह दर्शाता है कि यह कंपनी न केवल अपने उत्पादों की गुणवत्त पर ध्यान देती है, बल्कि अपने ग्राहकों की संतुष्टि पर भी जोर देती है।

**प्रबंधन और नेतृत्व**

वेम्बले पेंट्स और केमिकल्स का प्रबंधन और नेतृत्व उच्च योग्य और आत्म-प्रेरित व्यक्तियों के समूह द्वारा किया जाता है। इस समूह ने 1993 में कंपनी का नियंत्रण संभाला और तब से यह कंपनी सफलता के नए शिखरों पर पहुंच रही है। प्रबंध निदेशक हरकंवर सिंह लांबा की अगुवाई में, वेम्बले का प्रबंधन टीम कंपनी के दृष्टिकोण और मिशन को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस टीम ने कंपनी की विकास रणनीति में कई साहसिक पहलें की हैं और आक्रामक विपणन रणनीतियों को अपनाया है, जिससे कंपनी की वार्षिक वृद्धि दर 25% से अधिक हो गई है।

**आर एंड डी और नवाचार**

वेम्बले पेंट्स और केमिकल्स का आर एंड डी कार्यक्रम अपने उत्पाद प्रसाद को और बढ़ाने पर केंद्रित है। कंपनी का मानना है कि नवाचार ही सफलता की कुंजी है। इसलिए, वेम्बले लगातार अपने उत्पादों में नवाचार करता रहता है, ताकि यह ग्राहकों की बदलती आवश्यकताओं को पूरा कर सके। कंपनी का आर एंड डी विभाग नए और उन्नत उत्पादों को विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे वेम्बले अपने प्रतिद्वंद्वियों से आगे रह सके।

**गुणवत्ता और प्रमाणन**

वेम्बले पेंट्स और केमिकल्स की विनिर्माण सुविधा ISO 9001:2000 प्रमाणित है, जो कि इसके उत्पादों की गुणवत्त की गारंटी है। कंपनी का मानना है कि गुणवत्त ही सफलता की कुंजी है, इसलिए वेम्बले अपने उत्पादों की गुणवत्त में कोई समझौता नहीं करता। कंपनी का लक्ष्य उच्च गुणवत्त वाले उत्पादों को वितरित करना है, जो कि ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करें और उन्हें पार भी करें। वेम्बले का मानना है कि गुणवत्त में प्रगति ही निरंतर नवाचार की दिशा में पहला कदम है।

**ग्राहक संतुष्टि**

वेम्बले पेंट्स और केमिकल्स का मिशन ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण पर आधारित है। कंपनी का लक्ष्य उच्चतम स्तर की ग्राहक संतुष्टि प्राप्त करना है, ताकि यह ग्राहक प्रिय ब्रांड के रूप में उभर सके। वेम्बले का मानना है कि ग्राहक संतुष्टि ही सफलता की कुंजी है, इसलिए यह कंपनी अपने ग्राहकों की संतुष्टि पर विशेष जोर देती है। कंपनी का लक्ष्य भारत और विदेशों में अपने उत्पादों के लिए सबसे बड़े बाजार हिस्सेदारी पर कब्जा करना है, लेकिन इसके साथ ही, वेम्बले हमेशा उच्चतम स्तर की ग्राहक संतुष्टि प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करेगा।

**भविष्य की योजनाएँ**

वेम्बले पेंट्स और केमिकल्स की भविष्य की योजनाएँ भारतीय पेंट उद्योग में एक प्रमुख नाम बनने की दिशा में हैं। कंपनी का लक्ष्य अपने उत्पाद प्रसाद को और बढ़ाना है और भारत के अधिक क्षेत्रों के साथ-साथ एशिया और दुनिया के अन्य हिस्सों में अपनी पहुंच बढ़ाना है।

वेम्बले का मानना है कि नवाचार और गुणवत्त ही सफलता की कुंजी है, इसलिए यह कंपनी अपने उत्पादों में निरंतर नवाचार और उन्नति करती रहेगी। वेम्बले का लक्ष्य अगले दशक में भारतीय पेंट उद्योग में एक प्रमुख नाम बनना है, और इसके लिए यह कंपनी अपने आर एंड डी कार्यक्रमों पर मजबूत जोर दे रही है।

**निष्कर्ष**

वेम्बले पेंट्स और केमिकल्स उत्तरी भारत का अग्रणी ब्रांड है, जिसकी स्थापना 1961 में हुई थी। इस कंपनी का उद्देश्य आम आदमी के जीवन में रंगों को एक नया अर्थ देना था। वेम्बले पेंट्स और केमिकल्स ने इन वर्षों के दौरान दृढ़ संकल्प और प्रतिबद्धता के साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त किया है। वर्तमान में, यह कंपनी पूरे उत्तरी भारत में लकड़ी के कोटिंग सेगमेंट में अग्रणी स्थान पर है, और इसकी वार्षिक वृद्धि दर 25% से अधिक है। यह उल्लेखनीय वृद्धि वर्तमान प्रबंधन द्वारा अपनाए गए साहसिक पहलों और आक्रामक विपणन रणनीतियों का परिणाम है।

वेम्बले पेंट्स और केमिकल्स का दृष्टिकोण और मिशन ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण पर आधारित है, और यह कंपनी हमेशा उच्चतम स्तर की ग्राहक संतुष्टि प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करेगी। वेम्बले का लक्ष्य भारतीय पेंट उद्योग में एक प्रमुख नाम बनना है, और इसके लिए यह कंपनी अपने आर एंड डी कार्यक्रमों पर मजबूत जोर दे रही है। इस प्रकार, वेम्बले पेंट्स और केमिकल्स आने वाले वर्षों में अगले स्तर पर पहुंचने के लिए तैयार है।

हरकंवर सिंह लांबा,
प्रबंध निदेशक






********